www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 4 दिसंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –229 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



भाजपा की सफलता से ज्यादा कांग्रेस की विफलता : टीएमसी

■ उत्तर भारत में भाजपा नहीं जीती कांग्रेस हारी
■ इतनी नफ़रत इतना ज़हर?
पृष्ठ 6

■ इजरायल के खान यूनिस पर हवाई हमले में करीब 193 फिलीस्तीनी मारे गए
पृष्ठ 7

एक कप्तान के तौर पर पैट कमिंस मेरी उम्मीदों से कहीं आगे निकले : इयान चैपल
पृष्ठ 8

# भरोसे की सरकार का बंटाधार

## छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार

## तेलंगाना कांग्रेस के हवाले

रायपुर, 3 दिसंबर( देशबन्धु )। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव परिणाम के नतीजे अप्रत्याशित और चौंकाने वाले हैं। एग्जिट पोल से उत्साहित कांग्रेस जहां रात भर सरकार बनाने के सपने देख रही थी वह गिनती के हर घंटे ध्वस्त होते चला गया। शुरुआती रूझान में जहां कांग्रेस के पक्ष में आंकड़े दिख रहे थे वह बाद में बहुत तेजी से पलटते हुए भाजपा के पक्ष में चला गया जो निरंतर शाम तक बढ़ता ही रहा। लेकिन दोपहर में ही राजस्थान और मध्यप्रदेश में भाजपा की ज्यादा बढ़त से उनकी सरकार सुनिश्चित हो गई थी। छत्तीसगढ़ में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे का संघर्ष चल रहा था पर दोपहर बाद प्रदेश में भी भाजपा की जीत सुनिश्चित हो गई। तीनों राज्यों में भाजपा की इतनी भारी जीत का अंदाजा बिल्कुल नहीं था। छत्तीसगढ़ में प्रदेश के 9 मंत्री धराशायी हो गए। पाटन सीट से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी 11 बजे तक पीछे चल रहे थे बाद में कुछ बढ़त बनाकर अपनी विधायकी बचा पाए। भतीजे ने चाचा को खूब छकाया। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल अपने जीवन में आठवीं बार जीत हासिल किए। छालीवुड फिल्मों के नायक अनुज शर्मा भी चुनाव जीत गए।

प्रदेश के सभी पांच संभागों में भाजपा ने बढ़त बनाई है और सरगुजा संभाग में तो मानो कांग्रेस पर बुलडोजर ही चल गया। सरगुजा संभाग के 14 में 14 सीटों पर भाजपा छा गई है। डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव भी अपनी सीट नहीं बचा पाए। बस्तर संभाग में जहां 12 के 12 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा था, वहां आठ सीटों को भाजपा ने हथिया लिया यहां तक कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज चित्रकोट सीट से 8 हजार से अधिक वोटों से हार गए। रायपुर जिले की सातों सीट पर भाजपा ने कब्जा कर लिया। भाजपा को 54 सीट पर सफलता मिली है और कांग्रेस 71 से 35 सीट पर सिमट गई है। 1 सीट गणतंत्र गोंडवाणा पार्टी ने पाली तानाखार से जीत लिया है।

यही स्थिति मध्यप्रदेश और राजस्थान में है। एग्जिट पोल ने जहां कांग्रेस की सरकार बता रही थी वहां जमकर भाजपा को वोट पड़े हैं। राजस्थान में 116 सीटों पर आगे है तो मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान 163 सीट में आगे होकर लाड़ली बहनों में छा गए हैं। सफलता का श्रेय देख पीएम मोदी भी फोन करके बधाई देने से नहीं रह सके।

आज चार राज्यों में हुए गिनती में सिर्फ तेलंगाना ही कांग्रेस के हवाले हुआ है जहां वह बीआरएस को मात देकर 64 सीटें हासिल कर सकी है और बीआरएस को 39 पर रोक दिया है। लेकिन यहां भी बीजेपी एक से 8 में आ गई है। बीजेपी के इस पूरी जीत के पीछे कोई स्थानीय संघर्ष नहीं रहा केवल पीएम मोदी के चेहरे को ही सामने रखकर चुनाव प्रचार हुआ है। निःसंदेह यह सत्य है कि अंत में मोदी का फेका पांसा 'मोदी की गारंटी' काम कर गया। तूफान की तरह आई गारंटी कांग्रेस का डेरा उड़ा ले गई।

### विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी : राहुल



तेलंगाना में मतदाताओं का आभार जताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में पार्टी को बहुमत से जीतने के लिए वहां की जनता का आभार व्यक्त किया लेकिन कहा कि वह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मिले जनादेश को विनम्रता पूरक स्वीकार करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी लड़ाई विचारधारा की है और यह लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने तेलंगाना में कांग्रेस को बहुमत देने के लिए वहां के मतदाताओं का आभार जताया और कहा 'तेलंगाना के लोगों को मेरा बहुत धन्यवाद – प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम ज़रूर पूरा करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया।' इस बीच कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने कहा कि जिन राज्यों में पार्टी को हार मिली है वहां जल्द ही पार्टी फिर मजबूती के साथ खड़ी होगी। उन्होंने कहा, ठीक 20 साल पहले भी कांग्रेस को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हुए विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। उस वक्त हमें सिर्फ दिल्ली में जीत मिली थी। लेकिन कुछ ही महीनों में ज़ोरदार ढंग से वापसी करते हुए कांग्रेस लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और केंद्र में सरकार बनाई। आशा, विश्वास, धैर्य और दृढ़ संकल्प साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनावों के लिए तैयारी करेगी।

■ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के डिप्टी सीएम सिंहदेव सहित नौ मंत्री धराशायी
■ प्रदेश के पांचों संभाग में भाजपा को बढ़त, सरगुजा संभाग में चला बुलडोजर
■ तूफान की तरह आई मोदी की गारंटी कांग्रेस का घर उजाड़ गई

**छत्तीसगढ़ (90)**
भाजपा : 54
कांग्रेस : 35
अन्य : 01

**मध्य प्रदेश (230)**
भाजपा : 164
कांग्रेस : 65
अन्य : 01

**राजस्थान (199)**
भाजपा : 115
कांग्रेस : 69
अन्य : 16

**तेलंगाना (119)**
भाजपा : 08
कांग्रेस : 64
बीआरएस : 39
एआईएमआईएम : 07
अन्य : 01



### मध्य प्रदेश में पांचवी बार भाजपा सरकार



मध्यप्रदेश में भाजपा 2018 के चुनाव में करीब एक साल कांग्रेस के हाथों सत्ता गवांने को छोड़कर लगातार पांचवी बार सरकार बनाने जा रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में मध्यप्रदेश में कांग्रेस को 114 सीटें मिली थीं जबकि भाजपा 109 सीटों पर विजयी हुयी थी, बाद में श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में पार्टी विधायक दल के एक धड़े के भाजपा में मिलने से कमलनाथ सरकार गिर गयी थी।

पिछले चुनाव में राजस्थान कांग्रेस को 100, भाजपा को 73 सीटें मिली थीं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को 68 पर विजय हुई थी और भाजपा 15 सीटों पर सिमट गयी थी। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### सार संक्षेप

#### 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दस्तक दे सकता है तूफान

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी और दक्षिण अंडमान सागर में बन रहे चक्रवात मिचौंग तूफान को लेकर बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने इस तूफान के मजबूत होने की जानकारी देते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। चक्रवात मिचौंग चेन्नई को छोड़कर नेलोर और मछलीपट्टनम में मंगलवार को 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से भारी तूफान के साथ दस्तक दे सकती है। दक्षिणी रेलवे ने तमिलनाडु में तीन से छह दिसंबर तक 118 ट्रेनों को रद्द कर दिया है।

#### कांग्रेस ने 6 दिसम्बर को बुलाई इंडिया गठबंधन की बैठक

**नई दिल्ली।** चार राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों के बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अगले साल होने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं। खबर है कि मल्लिकार्जुन खरगे ने इंडिया गठबंधन की बैठक बुलाई है। ये बैठक 6 दिसम्बर को राजधानी दिल्ली में होगी। इस बैठक में पूरे घटक दलों के बजाए समन्वय समिति में शामिल दलों के नेता शामिल होंगे। जिसमें लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। माना जा रहा हा कि चार राज्यों के नतीजों का असर इंडिया गठबंधन के समीकरण पर भी पड़ सकता है।

#### मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती आज

**आइजोल।** मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती सोमवार सुबह शुरू होगी जिसके लिए सभी 11 जिलों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच. लियानजेला ने कहा कि महिलाओं सहित चार हजार से अधिक अधिकारियों को लगाया गया है जो रविवार सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती के लिए राज्य भर के 13 केंद्रों पर तैनात रहेंगे। उन्होंने आईएएनएस को बताया, विभिन्न जिलों में लगभग 40 मतगणना हॉल बनाए गए हैं।

### आज आत्मनिर्भर भारत की जीत हुई : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के चुनाव को लेकर लोगों को धन्यवाद करते हुए विपक्ष पर रविवार को जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि ये लोग समाज को जाति के नाम पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं। पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में समाज को जातियों में बांटने की खूब कोशिश हुई। लेकिन मैं लगातार कह रहा था कि मेरे लिए देश में चार जातियां ही सबसे बड़ी जातियां हैं. ये हैं हमारी नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और गरीब परिवार। इन चार जातियों को सशक्त करने से ही देश सशक्त होने वाला है। आज बड़ी संख्या में ओबीसी और आदिवासी इसी जाति में आते हैं। दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज की विजय ऐताहिसिक है। सबका साथ, सबका विकास की भावना की जीत हुई है। विकसित भारत के आह्वान की जीत हुई है। आत्मनिर्भर भारत की जीत हुई है। आज भारत के विकास के लिए राज्यों के विकास की सोच की जीत हुई है। आज ईमानदारी की जीत हूई है।

#### राजस्थान में 17 मंत्री चुनाव हारे गहलोत ने इस्तीफा राज्यपाल को सौंपा

राजस्थान में भाजपा को बड़ी जीत मिली है। यह जीत कितनी बड़ी है कि इसे इस बात से समझा जा सकता है कि राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार के 25 मंत्री में से 17 मंत्री चुनाव हार चुके हैं। यहां की 21 हॉट सीट में से 10 से ज्यादा सीटों पर बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है। इस हार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने राजस्थान के राज्यपाल से मिलकर अपना इस्तीफा सौंप दिया है। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष और दिग्गज कांग्रेस नेता सीपी जोशी खुद चुनाव हार गए हैं। इस तरह की हार भाजपा के खेमे में भी हुई है। भले ही भाजपा की राजस्थान में शानदार जीत हुई है लेकिन इसके कई बड़े नेता हार गये हैं। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे राजेंद्र राठौर और प्रतिपक्ष के उपनेता सतीश पूनिया भी हार चुके हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी हार को कबूल करते हुए कहा है कि काम करने के बाद भी हम कामयाब नहीं हुए है। इसका मतलब यह नहीं है कि वे काम न करें। यह अप्रत्याशित परिणाम है। राजस्थान में भाजपा की इस जीत पर पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की नेता वसुंधरा राजे ने कहा है कि राजस्थान की शानदार जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दी हुई गारंटी की जीत है। उन्होंने इसका श्रेय पीएम मोदी और भाजपा शीर्ष नेतृत्व को दिया है।

#### कांग्रेस ने कहा, हार से हताश नहीं

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तेलंगाना के मतदाताओं को अपनी पार्टी के प्रति विश्वास जताने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि पार्टी तीन राज्यों में अपनी हार से हताश हुए बगैर अगला लोकसभा चुनाव इंडिया गठबंधन के दलों के साथ दोगुने जोश के साथ लड़ेगी। कांग्रेस के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फिर से ईवीएम का मुद्दा उठाया और पार्टी के कुछ कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय पर ईवीएम के खिलाफ तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते देखे गए।

#### केसीआर ने दिया इस्तीफा

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने अपनी पार्टी की हार को स्वीकार करते हुए पद से इस्तीफा दे दिया है। इन चार राज्यों के साथ मिजोरम विधानसभा के लिये हुए चुनाव की मतगणना सोमवार को होगी।

#### मप्र में लहर में हारे कई दिग्गज

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे आ गए हैं। प्रदेश की करीब 164 सीटों पर बीजेपी ने बढ़त बनाई है। वहीं, पार्टी की लहर के बावजूद कई दिग्ग्ज नेता चुनाव हारे हैं। इनमें फग्गन सिंह कुलस्ते, कमल पटेल, माया सिंह और सिंधिया की करीबी इमरती देवी जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं। वहीं, नरोत्तम मिश्रा चुनाव की दतिया क्षेत्र में री काउंटिंग की खबर सामने आई है ।बीजेपी के प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, सिंधिया की मामी ग्वालियर पूर्व से बीजेपी प्रत्याशी माया सिंह को हार मिली है।

#### जीते



#### हारे



## भूपेश बघेल ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा



**रायपुर।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली करारी पराजय के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रात राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को इस्तीफा सौंप दिया। हालांकि नए मुख्यमंत्री के शपथ लेने तक श्री बघेल कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम करते रहेंगे।

श्री बघेल ने इस्तीफा सौंपने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि वे जनादेश को स्वीकार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हितों के लिए निरंतर संघर्षरत रहेगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अब पार्टी हार के कारणों की समीक्षा करेगी।

## सिंहदेव, चौबे,अकबर, डहरिया, भगत सहित 9 मंत्री हारे

इस बार के चुनाव नतीजे काफी चौकाने वाले रहे है। भाजपा की ऐसी आंधी चली कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,मंत्रि कवासी लखमा,उमेश पटेल,अनिल भेड़िया ही अपनी सीट बचाने में सफल रहे है ।वही

उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव सहित नौ दिग्गज मंत्री चुनाव हार गए है ।आठ बार के विधायक रहे मंत्री रविंद्र चौबे को पहली बार चुनाव लडने वाले ईश्वर साहू से पराजित किया है। पिछले दिनों हुए दंगे में ईश्वर साहू के पुत्र की मौत हुई है ।भाजपा ने माहोल की गंभीरता को देखते हुए ईश्वर पर दाव लगाया था ।साम्प्रदायिक तनाव के चलते कांग्रेस के मो अकबर को भी हार का सामना करना पड़ा ।विधान सभा क्षेत्र बदलकर चुनाव लडने वाले मंत्री और सतनामी समाज के गुरु रुद्र कुमार भी चुनाव हार गए ।कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटने के बाद कुछ समय के लिए मंत्री बने मोहन मरकाम भी अपनी सीट नहीं बचा पाए। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत,नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया,गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, मंत्री जयसिंह अग्रवाल को भी चुनाव में शिकस्त मिली है।

### कांकेर में मात्र 16 मतों के अंतर से जीती भाजपा

कांकेर विधानसभा चुनाव का परिणाम काफी दिलचस्प रहा जब भाजपा प्रत्याशी आशा राम नेताम ने 67980 मत पाकर कांग्रेस प्रत्याशी शंकर ध्रुव (67964) को पराजित किया। गौर करने वाली बात है पराजित मतों का अंतर केवल 16 रहा। अधिकृत रुप से यहां विजयी प्रत्याशी की घोषणा हो गई है।

## 64 हजार मतों से जीते ओपी चौधरी



**रायपुर।** रायगढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी 66 हजार वोट से जीत गए हैं ।जीत के बाद ओपी चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस जीत के लिए मैं रायगढ़ की जनता को धन्यवाद देता हूं। ये सबके आशीर्वाद से संभव हुआ है। रायगढ़ की जनता, प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व और हमारे कार्यकर्ताओं ने ये चुनाव जीताया है। इसके लिए मैं रायगढ़ की जनता के लिए जितना भी करूं फिर भी उनका ये ऋण नहीं चुका पाउंगा। मुख्यमंत्री पद को लेकर उन्होंने कहा कि मैं बहुत छोटा कार्यकर्ता हूं, मुझसे ऐसे बड़े-बड़े सवाल ना पूछें। मुझसे पहले कई बड़े नेता हैं ।मैं एक छोटा सा कार्यकर्ता हूं। वहीं ओपी चौधरी हैं जिनके रोड शो में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने जनता से कहा था कि आप ओपी को विधायक बनाइए, इसको बड़ा आदमी बनाने की जिम्मेदारी मेरी है।

## लोरमी से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने मारी बाजी, मुंगेली में पुन्नूलाल मोहले ने 7वीं बार दर्ज की जीत



**रायपुर।** लोरमी विधानसभा से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष 45891 मतों से चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने कांग्रेस के थानेश्वर साहू को हरा दिया है ।वहीं मुंगेली विधानसभा में पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले भी 11781 मतों से चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने कांग्रेस के संजीत बनर्जी को पछाड़ दिया है ।.पुन्नूलाल मोहले ने 7वीं बार विधानसभा का चुनाव जीतकर रिकॉर्ड बना लिया है. वे 2 बार मंत्री और 4 बार सांसद भी रह चुके हैं। प्रदेश में भाजपा 55 सीटों पर आगे चल रही है ।वहीं कांग्रेस 34 सीटों पर आगे चल रही है. इसके साथ ही पाली तानाखार से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने जीत दर्ज की है।

## कांग्रेस को 22 विधायको की टिकट काटना मंहगा पड़ गया

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव चुनाव में कांग्रेस को सिटिंग एमलए की टिकट काटना मंहगा पड़ गया। जिसका फायदा भाजपा को मिला है। जिन 22 विधायकों की टिकट काटी गई थी, वे सभी विधायक 2018 के चुनाव में जीतकर आए थे। ऐसे में कांग्रेस को विधायकों का टिकट काटना और नए चेहरों पर दांव लगाना भारी पड़ गया है। जिन 22 सीटों पर कांग्रेस ने विधायकों की टिकट काटी थी, उसमें से 14 सीटों पर भाजपा ने कब्जा किया है। वहीं कांग्रेस केवल 8 सीट पर ही वापसी कर पाई है ।वहीं 1 सीट पर गोडवाना गणतंत्र पार्टी ने कब्जा किया 2018 चुनाव में कांग्रेस ने 15 साल बाद सत्ता में वापसी की थी ।कांग्रेस ने 68 सीटों के साथ अपनी सरकार बनाई थी। वहीं भाजपा 15 सीट पर ही सिमट कर रह गई थी। 2018 में भाजपा के कई बड़े चेहरों को हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा वापसी करते हुए अपनी सरकार बना रही है।



CMYK

# देश

उवाच

"मध्य प्रदेश में कमलनाथ ने भाजपा की बी टीम की तरह व्यवहार किया इस पराजय के लिए कांग्रेस नेतृत्व दोषी है। कांग्रेस पार्टी को अपनी गलतियों से सीखना चाहिए और सभी को एक साथ लेकर चलना चाहिए।

-पिनाराई विजयन, केरल के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 25.0 | 14.0 |
| मुंबई | 33.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 21.0 |
| चेन्नई | 25.0 | 26.0 |

# तेलंगाना में लोकतंत्र को करेंगे पुनर्जीवित : कांग्रेस

## बीआरएस सरकार पर लगाया लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का आरोप

**हैदराबाद,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत को तेलंगाना के शहीदों को समर्पित करते हुए तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने रविवार को कहा कि पार्टी राज्य में लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम करेगी। कांग्रेस नेता ने पार्टी मुख्यालय गांधी भवन में मीडियाकर्मियों से कहा कि राज्य सचिवालय को जनता के लिए खोल दिया जाएगा, जबकि मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास प्रगति भवन का नाम बदलकर अंबेडकर प्रजा भवन रखा जाएगा। सीएम पद के प्रबल दावेदार रेवंत रेड्डी ने आश्वासन दिया कि सरकार गरीबों की मदद करने और तेलंगाना को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए काम करेगी। यह आरोप लगाते हुए कि बीआरएस सरकार ने लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर दिया है, टीपीसीसी प्रमुख ने कहा कि कांग्रेस इसे पुनर्जीवित करने के लिए काम करेगी और मानवाधिकारों की रक्षा में सबसे आगे रहेगी। तेलंगाना के कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि केटीआर ने कांग्रेस की सरकार का स्वागत किया है। अब जब हमारी सरकार आएगी यह जज्बा जारी रहेगा। तेलंगाना में कांग्रेस के जीत पर प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यालय के बाहर जश्न मना रहे कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार जताया।

**प्रदेश में मिली बड़ी जीत पर कांग्रेस पार्टी के समर्थकों का जताया आभार**



गरीबों की मदद करने व तेलंगाना को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए काम करेगी सरकार : रेवंत रेड्डी

**विपक्ष के विचारों को भी महत्व देते हैं हम**

तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि 10 वर्षों तक बीआरएस पावर में रही अब वह विपक्ष में बैठेगी। हम विपक्ष के विचारों को भी महत्व देते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि यह 3 दिसम्बर 2009 को श्रीकांत चारी ने तेलंगाना के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया था। राज्य के लोगों द्वारा दिया गया जनादेश 3 दिसम्बर 2023 को उनके प्रति एक उपयुक्त श्रद्धांजलि है। रेवंत रेड्डी ने कांग्रेस को चुनावी जीत पर बधाई देने के लिए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि पार्टी विपक्षी दलों का सम्मान करेगी और सरकार चलाने में उन्हें साथ लेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि बीआरएस भविष्य में भी ऐसा ही जज्बा दिखाएगा। यह कहते हुए कि लोगों का जनादेश मिलने के बाद कांग्रेस की जिम्मेदारी बढ़ गई है, उन्होंने आश्वासन दिया कि पार्टी अपने सभी वादे पूरे करेगी। उन्होंने कहा, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा, जिसने 21 दिनों तक तेलंगाना को कवर किया, ने उन्हें और राज्य के सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। रेवंत रेड्डी ने कांग्रेस की सहयोगी पार्टी भाकपा को भी धन्यवाद दिया और वादा किया कि पार्टी प्रभावी तरीके से सरकार चलाने के लिए माकपा, तेलंगाना जन समिति और अन्य दलों की मदद लेगी। तेलंगाना पुलिस ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने 4 दिसम्बर और 9 दिसम्बर को शपथ ग्रहण समारोह के लिए सुरक्षा इंतजाम करने के लिए कहा है। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी ने शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर रविवार को पुलिस महानिदेशक अंजनी कुमार, अतिरिक्त महानिदेशक (कानून व्यवस्था) संजय कुमार जैन और अतिरिक्त महानिदेशक (सीआईडी) महेश भागवत के साथ चर्चा की। बैठक के दौरान रेड्डी ने बताया कि वह जल्द ही राज्यपाल से मिलने की योजना बना रहे हैं।

## केसीआर ने राज्यपाल को भेजा इस्तीफा



**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने 119 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस द्वारा बहुमत सीटें जीतने के बाद रविवार को राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन को अपना इस्तीफा भेज दिया। जब साफ हो गया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सत्ता बरकरार नहीं रखेगी, केसीआर ने एक अधिकारी के माध्यम से राजभवन को अपना इस्तीफा भेज दिया। उम्मीद थी कि केसीआर अपना इस्तीफा सौंपने राजभवन खुद जाएंगे। वह निजी कार में चुपचाप मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास प्रगति भवन से निकल गए, लेकिन राजभवन नहीं पहुंचे। बाद में पता चला कि उन्होंने अपना इस्तीफा एक अधिकारी के माध्यम से भेजा है। बताया गया है कि मुख्यमंत्री मेडक जिले के एर्रावल्ली गांव स्थित अपने फार्महाउस के लिए रवाना हो गए हैं। केसीआर के इस रुख ने कई लोगों को चौंका दिया, वो काफिले में नहीं गए और यहां तक कि मार्ग की मंजूरी के बिना एक आम व्यक्ति के रूप में चले गए।

## कामारेड्डी में भाजपा उम्मीदवार ने केसीआर व रेवंत रेड्डी दोनों को हराया



**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंदशेखर राव और राज्य कांग्रेस प्रमुख ए. रेवंत रेड्डी, जिनके अगले मुख्यमंत्री होने की संभावना है, कामारेड्डी निर्वाचन क्षेत्र में दोनों भाजपा के उम्मीदवार से हार गए। भाजपा के वेंकट रमना रेड्डी जायंट किलर साबित हुए। उन्होंने के. चंद्रशेखर राव को 5,156 वोटों के अंतर से हराया। रेवंत रेड्डी तीसरे स्थान पर रहे। सुबह गिनती शुरू होने के बाद से ही कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले। शुरुआत में भाजपा प्रत्याशी ने बढ़त बना ली थी। इसके बाद रेवंत रेड्डी आगे रहे। कुछ राउंड में केसीआर भी आगे चल रहे थे। लेकिन जब वोटों की गिनती खत्म हुई तो नाटकीय अंदाज में बीजेपी के वेंकट रमना रेड्डी जीत गए। वो यहां के स्थानीय नेता माने जाते हैं। केसीआर जहां अविभाजित मेडक जिले से हैं, वहीं रेवंत रेड्डी अविभाजित महबूबनगर जिले से आते हैं। हालांकि, केसीआर और रेवंत रेड्डी दोनों क्रमशः अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र गजवेल और कोडंगल से चुने गए हैं। जहां केसीआर लगातार तीसरी बार गजवेल से चुने गए, वहीं रेवंत रेड्डी कोडंगल में विजयी हुए। 2018 में उन्हें इस सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। वहीं भाजपा के उम्मीदवार टी राजा सिंह गोशामहल सीट से जीत गए हैं। बीआरएस के नंद किशोर व्यास को 21457 वोटों से हराया। भाजपा ने तेलंगाना में आर्मूर निर्वाचन क्षेत्र से पहली जीत दर्ज की। पैदी राकेश रेड्डी ने 29669 वोटों के अंतर से यह सीट जीती। वहीं भाजपा के पैदी राकेश रेड्डी ने रविवार को कांग्रेस उम्मीदवार प्रोद्दुतुरी विनय कुमार रेड्डी को 29,669 मतों के अंतर से हराकर तेलंगाना में आर्मोर विस सीट जीत ली। मतगणना शुरू होने के बाद से ही भाजपा प्रत्याशी ने 16 राउंड की समाप्ति तक अच्छी बढ़त बना रखी थी। आयोग ने आर्मोर विस क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार पेदी राकेश रेड्डी को निर्वाचित घोषित किया है।

## राजस्थान, छग व मध्य प्रदेश में नजीतों से कांग्रेस को झटका



■ हार के साथ हिमाचल को छोड़कर हिंदी बेल्ट से कांग्रेस का हुआ सफाया

**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। आक्रामक अभियान चलाने के बावजूद कांग्रेस राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में हार गई और इसके साथ ही 2024 के महत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों से हिमाचल प्रदेश को छोड़कर पार्टी का मुख्य हिंदी बेल्ट में लगभग सफाया हो गया है। इस बड़े झटके ने लोकसभा चुनाव के लिए अधिक सीटों की सौदेबाजी के लिए भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (इंडिया) में भी कांग्रेस को झटका दिया है। पार्टी के एक नेता ने, जो अभी तक तीन राज्यों में हार के सदमे से उबर नहीं पाए हैं, नाम न छापने की शर्त पर कहा कि नतीजे हमारे लिए बहुत बड़ा झटका हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी को उम्मीद थी कि वह छत्तीसगढ़ में अपनी सरकार बनाएगी, जहां उसे पिछले पांच वर्षों में कोई समस्या नहीं हुई और न ही कोई सत्ता विरोधी लहर दिखी और न ही पार्टी नेतृत्व के पास कोई रिपोर्ट आई। मप्र के नतीजों पर टिप्पणी करते हुए पार्टी नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि राज्य की रिपोर्ट के आधार पर हमें राज्य में 150 सीटें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि हालांकि, चीजें हमारे अनुरूप नहीं रहीं और हम इस चुनाव में बहुत कम सीटों पर सिमट गए, जो काफी आश्चर्यजनक है। पार्टी नेता ने बताया कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में सफलता का स्वाद न चख पाने का मुख्य कारण यह था कि पार्टी के रणनीतिकार सुनील कनुगोलू और उनकी टीम को कमल नाथ और अशोक गहलोत जैसे नेताओं द्वारा खुली छूट नहीं दी गई थी। पार्टी नेता ने कहा, हालांकि, उन्हें तेलंगाना में पार्टी को उचित रिपोर्ट देने और अभियानों के लिए तरीके सुझाने की पूरी आजादी थी और राज्य नेतृत्व उनसे सहमत था और उन्हें आवश्यक सभी मदद दी। उन्होंने कहा, यहां तक कि राज्य नेतृत्व ने कनुगोलू की टीम द्वारा किए गए आंतरिक सर्वेक्षणों पर कार्रवाई की, जो कि राजस्थान और मध्य प्रदेश में नहीं था, जहां वरिष्ठ कांग्रेस नेता उनके साथ नहीं आए, जिसके कारण मूड अनुकूल होने के बावजूद इतनी बड़ी हार हुई। पार्टी नेता ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि राजस्थान में कनुगोलू की टीम के बीच मतभेद तब सामने आए जब उन्होंने पार्टी के आंतरिक सर्वेक्षण में सुझाव दिया कि कई मौजूदा विधायक और मंत्री रेगिस्तानी राज्य में जीत नहीं पाएंगे। हालांकि, पार्टी नेता ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी रणनीति टीम डिजाइनबॉक्स्ड द्वारा किए गए सर्वेक्षणों के आधार पर अपने विधायकों और मंत्रियों के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर से इनकार किया है। यही वह जगह है जहां अंतर है। कनुगोलू की टीम द्वारा तैयार किया गया सर्वेक्षण एक ईमानदार सर्वेक्षण था जिसने समस्याओं को उजागर किया था, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया। पार्टी नेता ने कहा कि अब हिंदी पट्टी में पूरी तरह से सफाये के बाद 2024 के महत्वपूर्ण लोकसभा चुनाव से पहले की राह आसान नहीं होगी।

## सार संक्षेप

### बीएपी ने मध्य प्रदेश में पहली जीत की हासिल

**भोपाल।** भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) ने मध्य प्रदेश में डेब्यू करते हुए रविवार को रतलाम जिले की सैलाना सीट जीती है। चुनाव आयोग के अनुसार, पार्टी के कमलेश्वर डोडियार ने सैलाना निर्वाचन क्षेत्र में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के हर्ष विजय गहलोत को 4,618 मतों के अंतर से हराया। यह पहली बार है कि राजस्थान में मुख्यालय वाली बीएपी ने मध्य प्रदेश के किसी चुनाव में जीत दर्ज की है। रतलाम जिले की सैलाना सीट राजस्थान की सीमा पर स्थित है। साल 2020 में भारतीय ट्राइबल पार्टी से उभरी बीएपी आदिवासी-आधारित पार्टी है और विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही इसे मध्य प्रदेश में औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया था। पार्टी ने मध्य प्रदेश में आदिवासी बहुल क्षेत्रों में 25 उम्मीदवार उतारे थे।

### तेलंगाना में समर्थन पर शाह ने लोगों को दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने विधानसभा चुनाव में उत्साहजनक समर्थन के लिए तेलंगाना के लोगों का आभार जताया। शाह ने एक्स पर एक ट्वीट में कहा, समर्थन को प्रोत्साहित करने के लिए तेलंगाना के लोगों का आभार। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा तेलंगाना के विकास के लिए काम करना जारी रखेगी। लोगों के सहयोग से हम निश्चित रूप से तेलंगाना को एक समृद्ध राज्य बनाएंगे। तेलंगाना भाजपा के कार्यकर्ताओं और प्रदेश अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी को उनके अथक प्रयासों के लिए हार्दिक धन्यवाद। तेलंगाना में कांग्रेस 63 सीटों पर, बीआरएस 40 सीटों पर, भाजपा आठ सीटों पर और सीपीआई एक सीट पर आगे चल रही है।

### लोस चुनाव में 350 से ज्यादा सीटें जीतने में मदद मिलेगी : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि तीन राज्यों में जीत से भाजपा को अगले साल के लोकसभा चुनाव में 350 से ज्यादा सीटें जीतने में मदद मिलेगी। उन्होंने तीन राज्यों मध्य प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में भाजपा के पक्ष में स्पष्ट जनादेश देने के लिए लोगों को धन्यवाद दिया।

## विरोधी दल की जिम्मेदारी निभाएगी कांग्रेस : कमलनाथ



**भोपाल,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिल रही भारी बढ़त के बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने अपनी हार स्वीकार ली है और कहा है कि विरोधी दल के नाते कांग्रेस अपने कर्तव्य का निर्वहन करेगी। कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में कमल नाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला की मौजूदगी में कहा कि उन्हें मध्य प्रदेश के मतदाताओं पर पूरा भरोसा था और आगे भी यही भरोसा रहेगा। कमलनाथ ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि राज्य में नौजवानों के भविष्य, रोजगार और कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है और कांग्रेस इस दिशा में अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करेगी।

तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों पर बोली टीएमसी

## भाजपा की सफलता से ज्यादा कांग्रेस की विफलता



देश में भाजपा को हराने की लड़ाई में नेतृत्व प्रदान कर सकती है टीएमसी : कुणाल घोष

**कोलकाता,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार पर टीएमसी ने कहा यह नतीजे भाजपा की सफलता से ज्यादा कांग्रेस की विफलता है। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की सफलता की कहानी से ज्यादा कांग्रेस की विफलता है।

कांग्रेस तेलंगाना में पहले से ही बीआरएस को हटाने के लिए तैयार थी। उन्होंने दावा किया कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनावों के नतीजों का आम चुनावों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट करके कहा कि टीएमसी वह पार्टी है जो देश में बीजेपी को हराने की लड़ाई में नेतृत्व प्रदान कर सकती है। टीएमसी नेता ने दावा किया कि इन राज्यों में चुनाव जीतने के लिए अन्य पार्टियों ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कल्याणकारी योजनाओं को आत्मसात कर लिया है। वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए रविवार को कहा कि 'भगवा लहर' पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत दिलाने में मदद करेगी और 2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी सरकार को सत्ता से बेदखल करेगी।

नंदीग्राम विधायक ने कहा कि भाजपा सोमवार को राज्य विधानसभा के बाहर से विजय रैली आयोजित करेगी और दोपहर दो बजे के बाद पूरे बंगाल की पूरी गलियों में लड्डू बांटेगी। अधिकारी ने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भगवा लहर के लिए नरेंद्र मोदी को भगवा शुभकामनाएं।

## तीनों राज्यों में फेल हुई आम आदमी पार्टी

### आप उम्मीदवारों को मिले नोटा से भी कम वोट, जमानत जब्त




**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। अरविंद केजरीवाल घरेलू मोर्चे पर कड़ी लड़ाई का सामना कर रहे हैं। उनके नेता संजय सिंह और मनीष सिसोदिया जेल में हैं, तो स्वयं उनके भी जेल जाने की संभावना जताई जा रही है। लेकिन इसी बीच अरविंद केजरीवाल को तीनों राज्यों में करारी हार का सामना करना पड़ा है। आम आदमी पार्टी ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों में अपनी किस्मत आजमाने का काम किया था, लेकिन उसके ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। कई विधानसभा में आम आदमी पार्टी उम्मीदवारों को नोटा से भी कम वोट मिले हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि अब राजधानी दिल्ली की जनता भी अरविंद केजरीवाल से छुट्टी चाहती है और केजरीवाल की विदाई तय है। इसके पहले आम आदमी पार्टी ने गुजरात और गोवा के विधानसभा चुनावों में अपनी किस्मत आजमाने का काम किया था, जहां उसे कई सीटों पर जीत मिली, तो कुछ सीटों पर उसके उम्मीदवार दूसरे नंबर पर भी आए। इसकी बदौलत ही आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय स्तर की पार्टी होने का गौरव हासिल किया। लेकिन इस बार आम आदमी पार्टी उतनी सफल नहीं रही और तीनों ही महत्वपूर्ण राज्यों में उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान के लोगों ने मोदी गारंटी पर अपना विश्वास व्यक्त किया है। यही कारण है कि इन राज्यों में भाजपा को शानदार जीत मिली है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना ने भी भाजपा के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं। इसका वे स्वागत करते हैं। आने वाले चुनावों में भाजपा तेलंगाना में भी अपनी सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि तीनों राज्यों की जनता ने अरविंद केजरीवाल की गंदी राजनीति को खारिज कर दिया है।

## लोकतंत्र में जीत व हार स्वाभाविक : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने चार में से तीन राज्यों में कांग्रेस को मिली हार को लेकर प्रतिक्रिया दी है। सीएम का कहना है कि लोकतंत्र में जीत और हार स्वाभाविक है। सिद्दारमैया ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि राजनीतिक दलों को हार से सीख लेने की जरूरत है। हम हार से निराश नहीं होते और न ही सफलता से उत्साहित होते हैं। तेलंगाना में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिल गया है। जबकि मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पार्टी को झटका लगा है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना हमारा पड़ोसी राज्य है और कर्नाटक सरकार की गारंटी योजनाओं की सफलता में इसकी बड़ी भूमिका है। प्रदेश के कांग्रेस नेताओं ने भी खूब मेहनत की है। किसी को उम्मीद नहीं थी कि कांग्रेस तेलंगाना में सत्ता तक पहुंचेगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया।

## विस चुनाव के परिणाम कर्नाटक में कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी : बोम्मई



**बेंगलुरु,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को कहा कि चार राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम 2024 के लोकसभा चुनावों के संभावित परिणाम का संकेतक हैं, जिससे दो राज्यों में भाजपा के जीतने और सत्ता बरकरार रखने की संभावना बढ़ गई है। इन नतीजों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को और निखारा है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए बोम्मई ने कहा कि ये परिणाम कर्नाटक कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी हैं। इन चार विधानसभा चुनावों के नतीजों को सेमीफाइनल कहा गया है, क्योंकि ये महत्वपूर्ण लोकसभा चुनाव से पहले आए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कई बार बयान दिया है, जो गलत साबित हुए। विधानसभा चुनाव के नतीजों ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए स्पष्ट संदेश दिया है। बोम्मई ने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा को दो-तिहाई बहुमत मिला है और राजस्थान और छत्तीसगढ़ में स्पष्ट बहुमत मिला है, साथ ही तेलंगाना में भाजपा की सीटें एक से बढ़कर ग्यारह हो गई हैं।

बोम्मई ने कहा, चार राज्यों में भाजपा के प्रदर्शन के लिए पीएम मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान जैसे वरिष्ठ भाजपा नेताओं को बधाई दी जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद इंडिया गठबंधन बिखर जाएगा, क्योंकि सहयोगी दल कांग्रेस से दूर हो जाएंगे।

उम्मीद | कांग्रेस के दिमाग में बीस साल पहले वाला मैजिक

## लोकसभा चुनाव के लिए अपनी हार को शुभ मान रही कांग्रेस

**नई दिल्ली, 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा को प्रचंड बहुमत हासिल हुआ है। कांग्रेस पार्टी को इन तीनों राज्यों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। करारी हार के बाद कांग्रेस पार्टी को 20 साल पहले वाले चमत्कार पर भरोसा है। कांग्रेस को लगता है कि तीन राज्यों की हार उसके लिए** शुभ है। पार्टी नेता जयराम रमेश ने अपने ट्वीट में साफ कर दिया है। उन्होंने लिखा, बीस साल पहले कांग्रेस पार्टी, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में चुनाव हार गई थी। इसके कुछ माह बाद ही लोकसभा चुनाव में, कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। कांग्रेस ने तब केंद्र में सरकार बनाई थी। इस आशा, विश्वास, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन की भावना के साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनावों के लिए तैयारी कर रही है। जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और स्टार प्रचारक राहुल गांधी ने तीन राज्यों में हुई पार्टी की हार के बाद कहा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं। विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी। तेलंगाना के लोगों को मेरा बहुत धन्यवाद। प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम जरूर पूरा करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया। राहुल गांधी ने इस हार के बावजूद यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस अपनी विचारधारा से दूर नहीं जाएगी। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर विश्वास और भरोसा जताने के लिए मैं तेलंगाना के मतदाताओं का धन्यवाद करता हूं। मैं उन सभी का भी धन्यवाद करता हूं जिन्होंने हमें छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में वोट दिया। ये चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहे हैं, परंतु हमें विश्वास है कि हम मेहनत एवं दृढ़निश्चय से मजबूती से वापसी करेंगे। कांग्रेस पार्टी ने पूरे दम खम के साथ इन चार राज्यों के चुनाव में भाग लिया। मैं अपने अनगिनत कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। हमें इस हार से हताश हुए बगैर इंडिया दलों के साथ, दोगुने जोश से लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाना है। कांग्रेस को छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सत्ता में वापसी की उम्मीद थी और मध्य प्रदेश में भी भाजपा से सत्ता छीनने की उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि लेकिन नतीजे उम्मीद से बिल्कुल अलग आए हैं। यह हमारे लिए कठिन समय है, लेकिन हम 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए कुछ तरीके ढूंढेंगे।



■ आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर एकजुट होगी पार्टी

कांग्रेस पिछले साल पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में हार गई थी। बिहार में कांग्रेस राजद और जदयू के महागठबंधन का हिस्सा है और झारखंड में कांग्रेस झामुमो के साथ गठबंधन सरकार का हिस्सा है।

## 'द डर्टी पिक्चर' को दिल के करीब मानते हैं इमरान हाशमी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी सुपरहिट फिल्म द डर्टी पिक्चर को दिल के करीब मानते हैं। मिलन लुथरिया निर्देशित फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' के प्रदर्शन के 12 साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में विद्या बालन, नसीरुद्दीन शाह, इमरान हाशमी औरतुषार कपूर ने मुख्य भूमिका निभायी थी। इमरान हाशमी ने कहा कि द डर्टी पिक्चर फिल्म मेरे दिल के बेहद करीब है। मैं गर्व महसूस करता हूं कि इस फिल्म का मैं हिस्सा बना। 2011 में 'द डर्टी पिक्चर' जैसी फिल्म बनाना एक साहसी डिसिजन था। इस फिल्म की कहानी अपने समय से बहुत आगे थी। मिलन लुथरिया ने बताया कि फिल्म द डर्टी पिक्चर की कास्टिंग को लेकर भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था।

# तेजी से चलने से काफी कम हो सकता है टाइप 2 मधुमेह का खतरा

### 4 किमी/घंटा की न्यूनतम सीमा पुरुषों के लिए 87 कदम/मिनट व महिलाओं के लिए 100 कदम/मिनट के बराबर

**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक अध्ययन से पता चला है कि प्रति घंटे 4 किमी या इससे तेज रफ्तार से चलने से टाइप 2 मधुमेह का खतरा काफी कम हो जाता है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन में ऑनलाइन प्रकाशित निष्कर्षों से पता चलता है कि 4 किमी/घंटा से ऊपर की गति जितनी तेज होगी, जोखिम उतना ही कम होगा, गति में प्रत्येक 1 किमी की वृद्धि के साथ जोखिम में 9 प्रतिशत की कमी होती है। ईरान में सेमनान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज के शोधकर्ताओं ने कहा कि टाइप 2 मधुमेह वाले वयस्कों की वैश्विक संख्या वर्तमान में 53.7 करोड़ है, लेकिन 2045 तक यह संख्या 78.3 करोड़ तक पहुंचने की आशंका है। इसलिए एक सरल और सस्ती शारीरिक गतिविधि जो कई अन्य सामाजिक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभों से भी जुड़ी है,



बीमारी से बचने में मदद करने के आसान तरीके में से एक हो सकती है।

यह अध्ययन 1999 और 2022 के बीच प्रकाशित 10 दीर्घकालिक अध्ययनों के विश्लेषण पर आधारित है। इनमें अमेरिका, जापान और ब्रिटेन के कुल 5,08,121 वयस्कों के लिए तीन से 11 साल तक की निगरानी अवधि शामिल थी। दो मील या 3 किमी/घंटा से धीमे चलने की तुलना में, 2-3 मील या 3-5 किमी/घंटा की औसत या सामान्य चलने की गति टाइप 2 मधुमेह के 15 प्रतिशत कम जोखिम से जुड़ी थी, इस बात की परवाह किए बिना की व्यक्ति कितनी देर चलता है। इसी तरह, 3-4 मील/घंटा या 5-6 किमी/घंटा की गति से काफी तेज चलने से टहलने की तुलना में टाइप 2 मधुमेह का खतरा 24 प्रतिशत कम होता है। तेजी से चलने या 4 मील या 6 किमी/घंटा से अधिक की गति से चलने से जोखिम लगभग 39 प्रतिशत कम हो गया, जो कि प्रत्येक 100 लोगों में टाइप 2 मधुमेह के 2.24 मामलों के बराबर है।

निष्कर्षों से पता चलता है कि चलने की गति में प्रत्येक 1 किमी/घंटा की वृद्धि टाइप 2 मधुमेह के नौ प्रतिशत कम जोखिम से जुड़ी थी, 4 किमी/घंटा की न्यूनतम सीमा पुरुषों के लिए 87 कदम/मिनट और महिलाओं के लिए 100 कदम/मिनट के बराबर है।

# बॉलीवुड नेपोटिज्म पर खुलकर बोलीं अभिनेत्री अनीशा मधोक

**मुंबई,** 3 नवम्बर (एजेंसियां)। 'बुली हाई' में अपने काम से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री अनीशा मधोक ने कहा कि उन्हें इसकी परवाह नहीं है कि सभी भूमिकाएं स्टार किड्स को मिलती हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने लिए मौके खुद बनाएंगी। मनोरंजन उद्योग में जब सही अवसर पाने की बात आती है तो नेटवर्किंग और संदर्भ मायने रखते हैं। योग्यता के साथ भाग्य का भी अपना मूल्य है, लेकिन प्राथमिकता के अनुसार संपर्क वाले अभिनेता को अक्सर अवसर मिलता है।

अभिनेत्री ने कहा कि यदि प्रतिभा कड़ी मेहनत नहीं करती तो कड़ी मेहनत प्रतिभा को हरा देती है। हालांकि मुझे अपने देश के बजाय वैश्विक फिल्म उद्योगों में अधिक अवसर मिले हैं। मुझे नहीं लगता कि यहां मेरी प्रतिभा को महत्व दिया जाता है और मैंने उससे समझौता कर लिया है। मुझे इसकी परवाह नहीं है कि सारी भूमिकाएं भाई-भतीजावाद के पास चली जाएंगी, मैं अपने अवसर खुद बनाऊंगी।


अनीशा ने साझा किया कि मुझे भाई-भतीजावाद के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहना है। यह बॉलीवुड में हर जगह है। मुझे लगता है कि मैं किसी से भी दोस्ती कर सकती हूं, इसलिए मैं कई स्टार किड्स हूं, लेकिन मुझे लगता है कि बॉलीवुड को सीमित कलात्मक प्रयासों तक सीमित रहने के बजाय प्रतिभा खोज के वैश्विक स्तर पर कूदना चाहिए और जब तक ऐसा नहीं होता, मैं वैश्विक फिल्म उद्योगों पॉलीवुड और टॉलीवुड से जुड़ी रहूंगी। उन्होंने हाल ही में उमराव जान फेम मुजफ्फर



अली के लिए एक म्यूजिकल प्ले 'आनंद' भी किया था। उन्होंने कहा कि मैं लॉस एंजिल्स में एक नाटक में अभिनय कर रही थी और दर्शकों के बीच बैठे फिल्म निर्माता बिल मैकएडम्स जूनियर की नजर मुझ पर पड़ी। उन्होंने मुझे मेरी पहली स्वतंत्र हॉलीवुड फिल्म में मुख्य भूमिका में लिया।

# हीरो तो आते-जाते रहते हैं, फिल्में निर्देशकों का माध्यम हैं : शाहरुख खान

**मुंबई,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अपकमिंग कॉमेडी ड्रामा 'डंकी' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने राजकुमार हिरानी की फिल्म का हिस्सा बनने पर अपना उत्साह साझा किया। 'डंकी' 'डंकी फ्लाइट' नामक अवैध आव्रजन तकनीक पर आधारित है, जिसमें शाहरुख, तापसी पन्नू, विक्की कौशल और बोमन ईरानी ने अभिनय किया है।



एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर हाल ही में 'आस्क एसआरके' सेशन के दौरान, एक यूजर ने लिखा, सॉरी सर, लेकिन मैं डंकी के लिए ज्यादा एक्साइटिड हूं। आपकी वजह से नहीं बल्कि राजकुमार हिरानी की वजह से। उसी का जवाब देते हुए शाहरुख ने कहा कि और, यह सही कारण है। मैं राजू की फिल्म में काम करने को लेकर भी उत्साहित हूं। फ़िल्में निर्देशकों का माध्यम हैं हीरो तो आते-जाते रहते हैं।

एक अन्य फैन ने पूछा कि सर चूंकि फिल्म पंजाब में सेट है। आपका पसंदीदा पंजाबी फूड कौन सा है?

'कुछ कुछ होता है फेम अभिनेता ने कहा कि मैं परांठे खाता हूं... और, छोले भटूरा भी मेरे पसंदीदा हैं। एक यूजर ने पूछा, सर आपको दिल्ली की याद आती है क्या? अपने बचपन के बारे में बताइये?

शाहरुख ने जवाब दिया कि मैं तो अभी भी बच्चा हूं। मेरा बचपन बहुत प्यारा था और मुझे अपने माता-पिता की बहुत याद आती है।

सुपरस्टार निर्देशक राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित 'डंकी' जियो स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स की प्रस्तुति है, जो राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित है, फिल्म अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका

# 'सैम बहादुर' में विक्की के अभिनय से बेहद प्रभावित हैं सचिन तेंदुलकर

**मुंबई,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। सचिन तेंदुलकर के फिल्म 'सैम बहादुर' देखने को लेकर अभिनेता विक्की कौशल ने कहा कि वह अपने 'बचपन के हीरो' सचिन तेंदुलकर की फिल्म को लेकर की गई प्रतिक्रिया को जीवन भर याद रखेंगे।



'सैम बहादुर' महान फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर आधारित है। फिल्म में फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग के दौरान सचिन को एक वीडियो में पपराजी से यह कहते हुए देखा जा सकता है, बहुत अच्छी फिल्म है, जरूर देखियेगा। मैं विक्की के अभिनय से बहुत प्रभावित हुआ। देख के ऐसा लगा कि असल में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ हमारे सामने हैं। बॉडी लैंग्वेज अविश्वसनीय थी। अगर आप हमारे देश का इतिहास जानना चाहते हैं तो आपको यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह हर पीढ़ी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विक्की ने इंस्टाग्राम पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन के साथ एक खुशनुमा फोटो साझा की, जिसमें अभिनेता को काली लंबी आस्तीन वाली टी शर्ट और डेनिम में देखा जा सकता है। सचिन ने नीली शर्ट और क्रीम रंग की पैंट पहनी हुई है। विक्की ने पोस्ट को कैप्शन दिया, 'मेरे बचपन के हीरो ने आज मेरी फिल्म देखी। आपके शब्दों के लिए धन्यवाद सचिन तेंदुलकर सर, मैं उन्हें जीवन भर याद रखूंगा।' एक्टर ने अपने पोस्ट को %बंदा% गाने का म्यूजिक दिया है। सैयामी खेर ने पोस्ट पर टिप्पणी की और कहा कि सबसे खास। कॉमेडियन जाकिर खान ने पोस्ट पर लाल दिल वाले इमोजी डाले।

# पहली बार गर्भावस्था के दौरान गर्भाशय में हुए छेद का इलाज

**बेंगलुरु,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक चिकित्सीय उपलब्धि हासिल करते हुए डॉक्टरों ने पहली बार एक मामले में गर्भावस्था के दौरान एक महिला के गर्भाशय में हुए छेद का सफलता पूर्वक इलाज किया। आंध्र प्रदेश के एक दूरदराज के शहर की रहने वाली 22 वर्षीय महिला को गर्भावस्था के छठे महीने के दौरान गंभीर पेट दर्द और सदमे के लक्षणों के साथ बेंगलुरु के 'रेनबो चिल्ड्रेन्स हॉस्पिटल' मराठाहल्ली में भर्ती कराया गया था। उसकी नाड़ी तेज थी और रक्तचाप बहुत कम था। उसके स्कैन से चौंकाने वाले नतीजे सामने आए। मां के पेट में काफी खून इकट्ठा हो गया था और गर्भाशय में भी थोड़ा खून बह रहा था। हालांकि, बच्चे के दिल की धड़कन ठीक थी और उस पर कोई असर नहीं पड़ा। इसके अलावा गर्भाशय में छेद और डिम्बग्रंथि मरोड़ (आंतरिक रक्तस्राव और उसकी गर्भाशय की दीवार को क्षति) का पता चला।

बच्चे और मां को बचाने के लिए, रेनबो में मेघना रेड्डी के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम लैप्रोस्कोपी के लिए गई, जो पेट के अंदर के अंगों की जांच



### नाड़ी तेज और रक्तचाप बहुत कम

करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक सर्जिकल प्रक्रिया है। टीम ने मरीज के ऊपरी गर्भाशय में एक तेज छिद्र पाया, जो एक अनोखी चुनौती थी। हालांकि, डॉक्टर इस स्थिति के पीछे का कारण नहीं बता सके। यह महिला की पहली गर्भावस्था थी और उसकी पहले कोई सर्जरी नहीं हुई थी।

वरिष्ठ सलाहकार, प्रसूति, स्त्री रोग और लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, बर्थराइट रेड्डी ने बताया कि यह अब तक का पहला मामला है। हमें इसका कोई कारण नहीं मिला है क्योंकि यह किसी तेज चाकू से किए गए घाव जैसा लग रहा था और मरीज के गर्भाशय में पहले कोई सर्जरी नहीं हुई थी। आमतौर पर गर्भाशय छिद्र के मामलों में गर्भधारण समाप्त कर दिया जाता है। हालांकि, मेडिकल टीम ने छिद्र को ठीक करने और गर्भावस्था को आगे बढ़ने देने के लिए लैप्रोस्कोपी और फेटोस्कोपिक के साथ-साथ लेप्रोस्कोपिक टांके लगाने का निर्णय चुना। रेड्डी ने कहा कि हम बच्चे या मां को खोना नहीं चाहते थे, इसलिए हमने बहु-विषयक दृष्टिकोण अपनाने का फैसला किया। सीमित पेट की जगह को नेविगेट करने की चुनौती से जुड़ी लेप्रोस्कोपिक प्रक्रिया की जटिलताओं ने मेडिकल टीम की विशेषज्ञता और संसाधनशीलता को दिखाया। डॉक्टर ने बताया कि सावधानीपूर्वक उपायों और समय पर कार्रवाई के माध्यम से उन्होंने रक्तस्राव को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया और मरीज की स्थिति को स्थिर कर उसके और उसके बच्चे के लिए आशा की किरण जगाई। महिला को 37वें सप्ताह में प्रसव पीड़ा शुरू हुई और उसने सामान्य प्रसव के जरिए बच्चे को जन्म दिया। फिलहाल मां और बच्चा दोनों ठीक हैं। रेड्डी ने कहा कि यह मामला अमेरिकन जर्नल ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी सहित विभिन्न पत्रिकाओं में रिपोर्ट किया गया है।

# जब मुझे उस तरह की भूमिकाएं नहीं मिलतीं, जिसकी मैं हकदार हूं तो मैं उदास हो जाती हूं : इवांका दास

**मुंबई,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर इवांका दास, जो 'बॉम्बे बेगम', 'हड्डी', 'घूमर' जैसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रही हैं, ने साझा किया कि कैसे एक ट्रांस अभिनेता होने के नाते, उन्हें अक्सर सीमित भूमिकाएं मिलती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए, और समान अवसर दिए जाने चाहिए। इवांका ने कहा कि यह वास्तव में निराशाजनक होता है, जब मुझे अपनी प्रतिभा के अनुसार उस तरह की भूमिकाएं नहीं मिलती हैं, जिनकी मैं हकदार हूं और जिस तरह के अवसर मैं चाहती हूं। लेकिन, कहीं न कहीं मुझे खुद के लिए काम करना है और अपना घर



चलाना है, बहुत सारे खर्चे हैं, जो मुझे देने पड़ते हैं, इसलिए मुझे जो काम मिलता है, वह करना पड़ता है। मैं अब भी उस तरह के काम के बारे में सोचने और छांटने की कोशिश करती हूं जो मेरे लिए उपयुक्त हो और मुझे आगे बढ़ने में मदद करे, क्योंकि अगर मैं कुछ भी ऐसा करूंगा जो मेरे रास्ते में आएगा, तो मैं शायद आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

'माजा मा' फेम ने कहा कि लोग आपको वही काम देंगे जो आप अब तक करते आए हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह व्यक्ति इस तरह की भूमिकाएं कर रहा है, इसलिए बड़ी भूमिकाएं उपयुक्त नहीं होंगी। ये सब बहुत निराशाजनक हैं। मेरे पास कोई बैकअप नहीं है। यदि मेरे पास एक अच्छा स्टेटस सिंबल है और मैं ऐसे काम चुनती हूं जो मेरी प्रोफाइल के अनुकूल हों, तभी यह काम करेगा।

# कला व साहित्य महोत्सव 'जल उत्सव' की धूम

**झांसी,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। झांसी में नगर निगम, स्मार्ट सिटी लिमिटेड, और झांसी विकास प्राधिकरण में चल रहे तीन दिवसीय कला एवं साहित्य महोत्सव (जल उत्सव) इन दिनों धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां गंगाधर राव सभा मंच और दीनदयाल सभागार में इस उत्सव के तहत लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जहां एक ओर कला और साहित्य के क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ और युवाओं की प्रतिभाओं को आमजन तक पहुंचाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर इन क्षेत्रों से जुड़े विख्यात लोगों को सम्मानित भी किया जा रहा है। इन्हीं कार्यक्रमों की कड़ी में आज सुबह जानी मानी लेखिका पूर्वा नरेश के नाटक 'रंगमंच में महिलाएं' का मंचन किया और इस भावपूर्ण प्रस्तुति से मौजूद लोग आह्लादित नजर आए। जाने माने लेखक दिव्य प्रकाश दुबे ने 'तेरी मेरी कहानी' कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। इसके बाद बुंदेलखंड की धरती से साहित्य का



उद्भव विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कला एवं साहित्य उत्सव को जल उत्सव का नाम दिया गया है और इसके तहत विश्व प्रसिद्ध नाट्यकला, लेखकों और प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां तथा कार्यशालाओं को आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जनपदवासियों को झांसी की कला और साहित्य की समृद्ध परंपरा से रूबरू कराया जा रहा है।


# पारिवार में पीढ़ी-दर पीढ़ी फेफड़ों के कैंसर के रोगियों के रहने से बढ़ा खतरा

**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। तम्बाकू युक्त धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है, वहीं एक नए शोध से पता चलता है कि इसके लिए जीन भी एक जोखिम फेक्टर हो सकता है। जर्नल द लैंसेट में प्रकाशित शोध-निष्कर्ष में धूम्रपान न करने वाले व्यक्तियों में फेफड़ों के कैंसर के पारिवारिक इतिहास के प्रमाण दिखाए गए हैं। शोध के क्रम में ताइवान के 12,011 लोगों के स्वास्थ्य का अध्ययन किया गया और फेफड़ों का कैंसर धूम्रपान न करने वालों में भी पाया गया। उनमें से लगभग 60 प्रतिशत में निदान (डायग्नोसिस) के समय रोग के पहले चरण का पता चला।

ताइपे में नेशनल ताइवान यूनिवर्सिटी सहित शोधकर्ताओं ने कहा कि जो व्यक्ति धूम्रपान नहीं करते हैं, हमारे निष्कर्ष बताते हैं कि प्रथम डिग्री के रिश्तेदारों में फेफड़ों के कैंसर का पारिवारिक इतिहास फेफड़ों के कैंसर के खतरे के साथ-साथ बढ़ती उम्र के साथ आक्रामक फेफड़ों के कैंसर की दर को काफी बढ़ा देता है।

टीम का लक्ष्य धूम्रपान न करने वालों के बीच लो-डोज सीटी (एलडीसीटी) स्क्रीनिंग की प्रभावकारिता का आकलन करना था, जिनमें फेफड़ों के कैंसर के अन्य जोखिम फेक्टर थे। 2015 और 2019 के बीच उन्होंने 12,011 लोगों की जांच की, जिनमें से 6,009 लोगों का पारिवारिक इतिहास फेफड़ों के कैंसर का था।

फेफड़ों के कैंसर के पारिवारिक इतिहास वाले प्रतिभागियों (6,009 प्रतिभागियों में से 161 यानी 2 से 7 प्रतिशत) की तुलना में आक्रामक फेफड़ों के कैंसर की व्यापकता उन प्रतिभागियों में अधिक थी, जिनके



(6,002 प्रतिभागियों में से 96 यानी 1से 6 प्रतिशत) परिवार में फेफड़ों का कैंसर नहीं था ।

जिन प्रतिभागियों में फेफड़ों के कैंसर का पारिवारिक इतिहास रहा है, उनमें प्रथम-डिग्री के रिश्तेदारों की संख्या जितनी अधिक होगी, फेफड़ों के कैंसर का खतरा उतना ही अधिक होगा। जिन प्रतिभागियों की मां या भाई-बहन को फेफड़ों का कैंसर था, उनमें भी जोखिम बढ़ गया। फेफड़ों के कैंसर के पारिवारिक इतिहास वाले प्रतिभागियों में आक्रामक फेफड़ों के कैंसर का पता लगाने की दर उम्र के साथ काफी बढ़ गई, जबकि एडेनोकार्सिनोमा का पता लगाने की दर स्थिर रही। एडेनोकार्सिनोमा ऐसे कैंसर हैं जो ग्रंथियों के ऊतकों में शुरू होते हैं जो फेफड़े, स्तन, प्रोस्टेट या बृहदान्त्र जैसे बलगम या तरल पदार्थ बनाते हैं।

बहुपरिवर्तनीय विश ?लेषण में, महिला लिंग, फेफड़ों के कैंसर का पारिवारिक इतिहास और 60 वर्ष से अधिक उम्र फेफड़ों के कैंसर और आक्रामक फेफड़ों के कैंसर के बढ़ते जोखिम से जुड़े थे।

शोधकर्ताओं ने कहा कि इस आबादी में फेफड़ों के कैंसर के जोखिम कारकों पर और शोध की जरूरत है, खासकर उन लोगों के लिए, जिनके परिवार में फेफड़ों के कैंसर के रोगियों का इतिहास नहीं है।

### बिहार में फिर चर्चा में लौटा 'पकड़ौआ विवाह'

# लड़के को अगवा कर करा दी जाती है शादी

**पटना,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। बिहार में इन दिनों पकड़ौआ विवाह फिर चर्चा में है। वैसे, बिहार में इस विवाह का इतिहास काफी पुराना रहा है। इस विवाह के बाद कई जोड़े सफल वैवाहिक जीवन गुजार रहे हैं तो कई की शादियां टूट भी गई हैं।

दरअसल, बिहार में 'पकड़ौआ विवाह' का चलन काफी पुराना है। पकड़ौआ विवाह के लिए न लड़के की सहमति ली जाती है और न ही लड़की की। इस विवाह में लड़कों को अगवा कर या बहला-फुसलाकर बंधक बना लिया जाता है और फिर रीति-रिवाज के साथ लड़की से विवाह करवा दिया जाता है। इसमें दूल्हा और दुल्हन बने लड़का और लड़की की मर्जी की कोई अहमियत नहीं रहती। हाल ही में बिहार के वैशाली जिले के पातेपुर थाना क्षेत्र में एक सरकारी स्कूल से नव नियुक्त शिक्षक को जबरन उठाकर शादी करने का मामला सामने आया है। इसके पहले हालांकि पटना उच्च न्यायालय ने एक फैसले में पकड़ौआ विवाह के



विरोध में फैसला दिया है। बताया जाता है कि 1970 और 80 के दशक में बिहार में इस तरह की शादी बड़ी तेजी से कराई जाती थी। बिहार के कई ऐसे जिले थे, जहां पर इस विवाह का चलन खूब था। ऐसे इलाकों में बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, जहानाबाद, नवादा का नाम शामिल है। आंकड़ों पर गौर करे तो पुलिस रिकार्ड में पिछले सालों में एक साल में ऐसे दो से तीन हजार मामले दर्ज किए जाते थे। इनमे हालांकि कई मामले प्रेम प्रसंग के भी शामिल हैं। सामाजिक बुजुर्गों की मानें तो इसका मुख्य कारण बेटी की शादी में दहेज देने में

- **दूल्हा और दुल्हन बने लड़का और लड़की की मर्जी की कोई अहमियत नहीं**
- **बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, जहानाबाद, नवादा का नाम शामिल**

असक्षम होने के कारण लोग नौकरीपेशा लड़कों से शादी करने में असमर्थ होते थे या अच्छे घर में अपनी बेटी की शादी करना चाहते थे। उनके द्वारा इस प्रकार की शादी की शुरुआत की गई। पहले पकड़ौआ विवाह सामाजिक पहल से संपन्न होती थी, लेकिन बाद में इसमें अपराधी गिरोहों की घुसपैठ हो गई। लोग अपराधियों की मदद से लड़कों का अपहरण करवाने लगे और लड़कियों की शादियां होने लगी। बताया जाता है कि 1990 के करीब में यह प्रचलन पूरी तरह अपराधियों के चंगुल में था। गोपालगंज की रहने वाली बीएचयू में समाजशास्त्र की शोधार्थी अन्नू कुमारी आईएएनएस से कहती हैं कि पकड़ौआ विवाह का सबसे बड़ा कारण दहेज की मांग और लड़कियों में अशिक्षा है। ऐसे में अभिभावक नहीं चाहते हुए भी ऐसे विवाह की ओर उन्मुख होते हैं। उन्होंने कहा कि आज गिने चुने मामले सामने आते हैं। आज लड़कियां भी पढ़ी लिखी हैं और जीवन के फैसला खुद ले भी रही हैं। इधर, आईटीआई बिहटा कॉलेज की मनोविज्ञान की प्रोफेसर कुमारी शालिनी का मानना है कि इस तरह का विवाह सामंती विचारधारा की उपज रही है। इसका चलन बिहार में देखा जाता है। वे कहती है दूसरी तरफ इसे विकृति भी मानी जाएगी जहां लोग लड़की की शादी कर अपना बोझ उतरना समझते हैं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि अब यह विकृति कम हो रही हैं। पुलिस के अधिकारी भी इसे अपराधिक घटना ही मानते हैं। एक पुलिस अधिकारी बताते हैं कि जो भी मामले सामने आते हैं इस पर कारवाई की जाती है। वे भी मानते हैं कि शादी विवाह के मौसम कुछ मामले सामने आते हैं।

रायपुर, सोमवार 4 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# क्यों हारी कांग्रेस

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में चार के नतीजे 3 दिसंबर को आ गए। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक चार में से तीन राज्य भाजपा के खाते में और एक कांग्रेस के खाते में जा रहा है। यानी मुकाबला बीजेपी के नाम ही रहा है। तीन में से दो राज्य, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पिछले पांच साल कांग्रेस की सरकार रही और अब अगले पांच साल के लिए सत्ता भाजपा के खाते में जा रही है। वहीं मध्यप्रदेश की सत्ता इस बार नैतिक तरीके से भाजपा के पास आ गई है। पिछली बार कांग्रेस के हाथों से भाजपा ने छल के जरिए सत्ता हथिया ली थी और विधानसभा चुनावों में यह बड़ा मुद्दा भी बना था। लेकिन जनता को शायद सरकार चुराने के इस खेल से खास फर्क नहीं पड़ा या फिर अन्य कारण कांग्रेस के खिलाफ काम कर गए और सत्ता पूरी तरह से भाजपा के हाथ में आ गई है। ये तीनों हिंदी पट्टी के राज्य हैं, और यहां भाजपा बरसों से कांग्रेस से मजबूत रही है। हिंदी पट्टी राज्यों में धर्म का कार्ड कैसे चलना है, इस की विशेषज्ञ भाजपा है। जबकि कांग्रेस उसकी नकल करने के चक्कर में पिट गई। जब लोगों को धर्म के आधार पर ही वोट देना है, तो वो असली छोड़, नकली माल की ओर क्यों देखेंगे। कांग्रेस पता नहीं कब इस बात को समझेगी कि सॉफ्ट हिंदुत्व से वो बीजेपी का मुकाबला नहीं कर पाएगी। बागेश्वरधाम जैसे बाबा के चरणों में सिर नवाने में किसी कांग्रेस नेता की निजी श्रद्धा हो सकती है, और ऐसा करके वह अपनी और अपने परिवार की जीत सुनिश्चित कर सकता है, लेकिन यहां पार्टी आलाकमान की जिम्मेदारी है कि वे पूछें कि इससे कांग्रेस का भला कैसे हो सकता है। जाहिर है कमलनाथ जैसे नेताओं की इस तरह की मनमर्जी पर आलाकमान रोक नहीं लगा पाया और इसका नतीजा कांग्रेस को भुगतना पड़ा है।

इन नतीजों में भाजपा के लिए दक्षिण के दरवाजे एक बार फिर बंद हो गए हैं। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है। इन नतीजों की एक और व्याख्या ये है कि देश में दक्षिण और उत्तर भारत की मानसिकता का फर्क पूरी तरह सतह पर आ गया है। कांग्रेस ने जैसी गारंटियां कर्नाटक में दी थीं, वैसी ही तेलंगाना और छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी दी थीं। लेकिन इन गारंटियों का असर दक्षिण भारत में अलग हुआ और उत्तर भारत में अलग रहा। रोजगार, नौकरियों के लिए परीक्षाएं, सस्ता परिवहन, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, किसानों, मजदूरों के हित, ओबीसी का हक ऐसे तमाम मुद्दों पर उत्तर और दक्षिण भारत की जनता की सोच अलग नजर आई। कर्नाटक के बाद तेलंगाना के लोगों ने कांग्रेस की विकासपरक सोच को धर्म के ऊपर तरजीह दी, लेकिन हिंदी पट्टी में धर्म बाजी मार गया। इन नतीजों में क्षत्रपों के रवैये ने भी कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया है। तेलंगाना में कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी का कहना है कि 20 साल की राजनीति में 15 साल वो विपक्ष में रहे हैं और इसने उन्हें जनता से जोड़ा है, नयी पहचान दी है। गौरतलब है कि एबीवीपी से राजनीति की शुरुआत करने वाले रेवंत रेड्डी टीडीपी में भी रहे और फिर कांग्रेस में आए। दो साल पहले ही उन्हें कांग्रेस की राज्य ईकाई की कमान मिली और अपने पर दिखाए इस भरोसे को उन्होंने गलत साबित नहीं होने दिया। तेलंगाना में बीआरएस, एआईएमआईएम और भाजपा की मिली-जुली घेराबंदी को तोड़ते हुए उन्होंने कांग्रेस को आगे निकाला। जाहिर है ये काम एक अकेले के बस का नहीं है, बल्कि पूरे संगठन को साथ लेकर चलने की क्षमता की जरूरत होती है। रेवंत रेड्डी ने इसी क्षमता का परिचय दिया। लेकिन छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश में तीन की जगह केवल एक प्रतिद्वंद्वी यानी भाजपा से ही कांग्रेस को मुकाबला करना था, उसमें भी छत्तीसगढ़ और राजस्थान में तो उसकी अपनी सरकारें थीं, मगर फिर भी कांग्रेस यहां फेल हो गई, क्योंकि उसके क्षत्रपों ने पार्टी की जगह खुद को जरूरत से अधिक तवज्जो दे दी। पार्टी आलाकमान इन्हें साध नहीं पाया या इन क्षत्रपों का अहंकार पार्टी से बढ़कर हो गया, इसकी विवेचना खुद कांग्रेस को करनी होगी। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान, तीनों जगह कांग्रेस में बड़े पदों पर बैठे नेता भाजपा से अधिक एक-दूसरे से लड़ने में व्यस्त रहे। इस तरह कहा जा सकता है कि इन क्षत्रपों का अहंकार जीत गया, और पार्टी की हार या जीत से इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि फर्क पड़ता होता तो चुनाव के करीब आने पर एकता का दिखावा करने की जगह वे ईमानदारी से अपनी दरारें भरते, ताकि पार्टी को जीत मिलती। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता न आलाकमान के भरोसे पर खरे उतरे, न स्थानीय कार्यकर्ताओं के। वे केवल अपने अहंकारों की कसौटी पर खरे उतरे। अब ये कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के विचार करने का सवाल है कि इसके बाद इन राज्यों में कांग्रेस को सही अर्थों में वे कैसे पुनर्जीवित करेंगे और कैसे बेलगाम हो चुके नेताओं को काबू में रखेंगे।

कांग्रेस की तीन राज्यों में हार का असर क्या अब इंडिया गठबंधन पर पड़ेगा या 2024 के चुनाव इससे किसी तरह प्रभावित होंगे, अभी ऐसे कुछ सवालों पर चर्चा चलेगी। हालांकि पिछले चुनाव के अनुभव यही बताते हैं कि राज्य जीतने के बावजूद कांग्रेस आम चुनाव हार गई थी। मुमकिन है इस हार से कांग्रेस की तंद्रा भंग हो और वो 2024 की रणनीति तैयार करने में इस बार हुई भूलों से सबक ले सके। अगर कांग्रेस तीन राज्यों में जीत जाती, तो शायद उसके क्षत्रपों की मनमानी और बढ़ जाती और 2024 में उसका अच्छा असर नहीं होता। इस लिहाज से ठीक ही हुआ कि कांग्रेस ने हिंदी पट्टी के राज्यों में हार का स्वाद चख लिया है। देश की असल पहचान और संविधान बचाने के लिए जरूरी है कि उन सामाजिक मूल्यों की पुनर्स्थापना हो, जो बीते दशक में तेजी से दफन कर दिए गए हैं। जिन बातों को न्यू नॉर्मल कहकर सहज स्वीकृति मिल चुकी हैं, वे दरअसल भारत की जड़ों को खोखला कर रही हैं। इसलिए सत्ता का केन्द्रीकरण और व्यक्तिकेन्द्रित राजनीति दोनों को खत्म करना होगा। इंडिया गठबंधन की जीत से यह मुमकिन हो सकता है, इसलिए 2024 के चुनावों पर अब कांग्रेस और गठबंधन के बाकी दलों का फोकस होना चाहिए। हालांकि भाजपा की पूरी कोशिश रहेगी कि मोदी मैजिक जैसे जुमले को वो भारतीय राजनीति का सच बनाने की कोशिश करे।

फिलहाल इस बार के बाद अब यह देखना है कि भाजपा का अहंकार और कितना बढ़ता है, गांधी परिवार पर उसके हमलों में कितनी तेजी आती है और ये भी देखना है कि कांग्रेस कब ईमानदारी से आत्ममंथन कर अपनी गलतियों को सुधारती है। कांग्रेस को यह समझना होगा कि मोहब्बत के कारोबार का जिम्मा केवल राहुल गांधी के कंधों पर नहीं डाला जा सकता, इसमें सबको अपनी हिस्सेदारी निभानी होगी।

# उत्तर भारत में भाजपा नहीं जीती कांग्रेस हारी

उत्तर भारत के क्षत्रपों ने कांग्रेस को फिर डुबो दिया। जबकि तेलंगाना के नायक रेवंत रेड्डी ने कर्नाटक के सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार की तरह दक्षिण में कांग्रेस की नैया पार लगा दी।

राहुल गांधी का रोल हर जगह समान रहा। खूब मेहनत की। निश्चित ही रूप से उनके साथ पार्टी अध्यक्ष खरगे जी और प्रियंका गांधी की भी पूरी मेहनत रही। मगर उनके नेता कमलनाथ, गहलोत, पायलट, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव सब अपनी ढपली अपना राग बजाते रहे। किसी को न पार्टी की चिन्ता थी और न ही राहुल की।

नतीजा सबके सामने है। जबकि दक्षिण में कर्नाटक भी और फिर तेलंगाना भी कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने अपना अहं छोड़कर पार्टी के लिए लड़ा। और वहां का नतीजा भी सामने है।

अब फैसला कांग्रेस नेतृत्व को करना है। उसे उत्तर भारत के इन क्षत्रपों पर लगाम लगाना है या फिर ऐसा ही ढीला ढाला रवैया चलते रहने देना है।

राजस्थान में पांच साल से ज्यादा कांग्रेस में भयंकर गुटबाजी चली। 2018 के चुनाव में जाने से पहले गहलोत और पायलट में तलवारें खिंच चुकी थीं। और उसके बाद 2023 में रिजल्ट आने के बाद तक वे म्यानों में वापस नहीं गईं। हमने शायद दो साल पहले लिखा था कि वोट कांग्रेस को मिलते हैं। उसके नेताओं सोनिया गांधी राहुल के नाम पर। उसकी नीतियों को लोग पसंद करते हैं। मगर चुनाव जीतने के बाद क्षत्रप यह समझने लगते हैं कि वोट उन्हें मिले। लोकप्रियता उनकी है और वे अपनी मनमानी करने लगते हैं। हमारी यह बात उस समय कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं की समझ में आई थी। एकाध ने सार्वजनिक रूप से उसका समर्थन कर दिया। बड़ा हंगामा मचा। कांग्रेस के क्षत्रप लाल-पीले हो गए। मगर बात सच थी और आज नुकसान उठाकर कांग्रेस की समझ में आई है।

हमने यह भी लिखा था कि कांग्रेस को राजस्थान में गहलोत और पायलट दोनों को भूलकर तीसरा नेतृत्व तैयार करना चाहिए। मगर कांग्रेस कभी सुनती है? याद रखना चाहिए कि राजस्थान में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां की सबसे बड़ी नेता वसुंधरा राजे को किनारे करके चुनाव लड़ा। मगर कांग्रेस गहलोत और पायलट के बीच झूलती रही। जिस समय पायलट अपने विधायकों को लेकर मानेसर गए कांग्रेस क्या कर रही थी? क्यों नहीं पायलट के खिलाफ एक्शन लिया गया? और फिर जब पार्टी अपना सबसे बड़ा डिसिजन ले रही थी। परिवार के बाहर का अध्यक्ष बनाने का तो गहलोत ने राजस्थान की कहावत के अनुसार मुट्ठी भर बाजरे के लिए हिन्दुस्तान की बादशाहत ठुकरा दी।

कांग्रेस गहलोत को अध्यक्ष बना रही थी। मगर राजस्थानी भाषा के अनुसार गहलोत नट गए। मतलब इन्कार कर दिया। और उसके साथ ही उन्होंने भी पार्टी का अनुशासन तोड़ने का एक बड़ा काम भी कर दिया। कांग्रेस ने वहां विधायक दल की बैठक बुलाई थी। उसमें आब्जर्वर के तौर पर उस समय के राजस्थान इंचार्ज अजय माकन और खरगे जी जिनका नाम उस समय अध्यक्ष पद की रेस में दूर-दूर तक नहीं था गए थे। मगर गहलोत ने अपने समर्थक विधायकों को उसे बैठक में जाने से रोक दिया। कांग्रेस इस पर कोई एक्शन नहीं ले पाई। नतीजा आज राजस्थान के रिजल्ट हैं।

मध्य प्रदेश की कहानी तो और भी खराब है। वहां तो कमलनाथ ने अपने आपको भावी मुख्यमंत्री ही लिखवाना शुरू कर दिया था। ये तो सबको मालूम था कि वे किसी से मिलते-जुलते नहीं हैं। मगर यह नहीं मालूम था कि वे समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री पूरे टर्म के अखिलेश यादव के लिए ऐसे भी बोल सकते हैं कि अरे छोड़िए भी अखिलेश वखिलेश! और इससे भी आगे जाकर दस साल मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह और उनके विधायक पुत्र जयवर्द्धन सिंह जिनका टिकट बंटवारे से कोई लेना-देना नहीं के लिए यह बोल सकते हैं कि जाकर उनके कपड़े फाड़ो।

दिग्विजय ने एक कार्यक्रम में इस पर कमलनाथ की मौजूदगी में ही हल्के व्यंग्य के साथ एक कमेंट भी किया। मगर पार्टी की एकता बनाए रखने को ध्यान में रखते हुए ज्यादा तूल नहीं दिया। इसके साथ ही बेमतलब की फिल्मी डायलगबाजी की गई। वहां कांग्रेस इन्चार्ज के तौर पर अच्छा-भला बैकग्राउंड में रहकर काम कर रहे वरिष्ठ नेता जयप्रकाश अग्रवाल को अचानक प्रेस नोट जारी करते पद से हटा दिया गया। इतने वरिष्ठ नेता को पहले से जानकारी देना भी कांग्रेस ने उचित नहीं समझा। जिस समय उन्हें हटाने की विज्ञप्ति आई वे कांग्रेस मुख्यालय के अपने आफिस में पत्रकारों को भाजपा पर बाइट दे रहे थे। बता रहे थे कि कांग्रेस कैसे मध्य प्रदेश से भाजपा को हटाएगी मगर उसी समय उन्हीं को हटा दिया गया। उनकी जगह आए रणदीप सुरजेवाला ने उनकी चुपचाप काम करने वाली स्टाइल के विपरीत धूम-धड़ाका शुरू कर दिया। कमलनाथ और दिग्विजय को फिल्म शोले की जय-वीरू की जोड़ी बता दिया। बीजेपी तो इसी के इंतजार में थी। उसने फौरन सवाल किया की फिल्म खत्म होने से पहले एक खत्म हो गया था। वह कौन है? और वह अब कमलनाथ निकले।

कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ ने तारीख तो मध्यप्रदेश में उनके शपथ ग्रहण की बताई थी मगर किस को पता था कि उनकी राजनीति ही खत्म हो जाएगी। कमलनाथ किसी की सुनते नहीं थे। इंडिया गठबंधन ने जिस एंकर का बायकाट किया था उसे वे अपने जहाज में घुमाते हुए इंटरव्यू दे रहे थे। अपने आसपास के लोगों द्वारा रोज सुबह-शाम जय जय कमलनाथ सुनकर उन्हें लगने लगा था कि वे मुख्यमंत्री बन ही गए हैं।

अब बात छत्तीसगढ़ की। जहां कांग्रेस सबसे ज्यादा अपनी जीत सुनिश्चित मान रही थी। भाजपा को दस से ज्यादा सीटें न देने की बात कही जा रही थी। वहां मुख्यमंत्री बघेल, कमलनाथ जैसे अहंकार में तो नहीं थे मगर आत्ममुग्ध थे। उनके आसपास भी ऐसे लोगों की भीड़ जुट गई थी जो करते-धरते तो कुछ नहीं थे मगर रोज आकर बघेल को कहानियां सुनाते थे कि उनकी लोकप्रियता इतनी बढ़ गई है।

तीनों राज्यों में एक बात कॉमन थी कि दो के मुख्यमंत्री गहलोत और बघेल को और तीसरे के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ को चापलूस लोगों ने घेर रखा था। सत्ताधारियों का चाटुकारों और दलालों से घिरा होना कोई खास बात नहीं मगर खास बात यह है कांग्रेस के नेता इनके अलावा किसी और से कोई संपर्क ही नहीं रखते थे।

यहां एक बात और कह दें कि दिल्ली भी अब अपने नेताओं पर निगाह नहीं रख पाती है। इन्दिरा गांधी के समय तक कांग्रेस में एक निगरानी की व्यवस्था थी। बाद में बीच के लोगों ने खुद ही सबकुछ देख लेने की जिम्मेदारी लेकर सब कुछ व्यक्तिगत बना दिया। सिस्टम खत्म कर दिया।

2023 कांग्रेस के लिए निराशा का साल बन गया। मगर एक अवसर है। अगर कांग्रेस सीख सके तो। क्षत्रपों पर कंट्रोल। दलाल नेताओं की पहचान। खाली दफ्तर में बैठकर मीडिया के जरिए अपना फोटो चमकाने वालों को तत्काल पदों से हटाना।

और अच्छी बात अभी यह है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने अभी अपनी नई टीम घोषित नहीं की है। उसे लिस्ट में से उन सब लोगों को निकालकर बाहर कर देना चाहिए जो केवल बातें करते हैं। जिनका कोई काम नहीं है। नए लोगों को जिम्मेदारियां देना चाहिए। गणेश परिक्रमा करने वाले कांग्रेस के सबसे बड़े दुश्मन हैं।



शकील अख्तर

**2023 कांग्रेस के लिए निराशा का साल बन गया। मगर एक अवसर है। अगर कांग्रेस सीख सके तो। क्षत्रपों पर कंट्रोल। दलाल नेताओं की पहचान। खाली दफ्तर में बैठकर मीडिया के जरिए अपना फोटो चमकाने वालों को तत्काल पदों से हटाना। और अच्छी बात अभी यह है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने अभी अपनी नई टीम घोषित नहीं की है।**

# इतनी नफ़रत इतना ज़हर ?

■ तनवीर जाफ़री

हमारे भारतीय समाज में धार्मिक सद्भावना की जड़ें इतनी गहरी हैं कि दुनिया भारत के इस सद्भवना पूर्ण इतिहास की मिसालें पेश करती है। भारत को 'अनेकता में एकता' रखने वाले देश के रूप में जाना जाता है। जिस देश में हिन्दू देवी देवताओं के प्रशंसक कवि रहीम, रसखान और जायसी जैसे अनेक कवि हों, जिस देश में अकबर के सेनापति मान सिंह और महाराणा प्रताप के सेनापति हाकिम ख़ान सूर रहे हों, जिस देश में छत्रपति शिवाजी महाराज के कई सेनापति, नेवल कमाण्डर से लेकर उनके गुप्त दस्तावेज़ पढ़ने व उसका जवाब देने वाले मुस्लिम रहे हों, जिस देश की आज़ादी की लड़ाई में कुर्बान होने वाले लाखों हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई शहीदों के नाम से पोर्ट ब्लेयर जेल की दीवारें तथा नई दिल्ली के इण्डिया गेट की शिलायें पटी पड़ी हों, जिस देश की सेना में शहीद होकर ब्रिगेडियर उस्मान व वीर अब्दुल हमीद जैसे हज़ारों शहीदों ने अपनी राष्ट्रभक्ति व कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश की हो। जिस देश की मिसाइल व परमाणु सुरक्षा प्रणाली का जनक भारत रत्न मिसाइल मैन ए पी जे अब्दुल कलाम जैसा महान वैज्ञानिक हो, उसी देश में नफ़रत और ज़हर से भरा हुआ संकीर्ण मानसिकता रखने वालों का एक छोटा सा वर्ग ऐसा भी है जो न केवल उपरोक्त तथ्यों को नज़र अंदाज़ करने की कोशिश करता रहता है बल्कि इसके विपरीत साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने तथा नफ़रत के प्रचार प्रसार के काम में भी व्यस्त रहता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि इन स्वयंभू राष्ट्रवादियों के पुरखों का न तो देश के स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान है न ही देश की आज़ादी के लिये लाठियां-गोलियां खाने वालों में इनका कोई ज़िक्र है। परन्तु दुर्भाग्यवश अंग्रेजों की जी हुज़ूरी करने वाले इसी मानसिकता के लोग नफ़रत और साम्प्रदायिक दुर्भावना के सहारे, ख़ासकर देश में हिन्दू-मुस्लिम के मध्य खाई गहरी कर सत्ता में ज़रूर आ गए हैं। और सत्ता में आते ही इनको यह एहसास हो गया है कि चूंकि हमारी सत्ता का आधार ही साम्प्रदायिकता है लिहाज़ा इसे निरंतर 'धार' देते रहना सत्ता में बने रहने के लिये जरूरी है। इसी मकसद के तहत कहीं जिलों, शहरों, कस्बों व स्टेशन्स के नाम बदले जा रहे हैं, मदरसों के खिलाफ कार्रवाइयां हो रही हैं, हलाल का मुद्दा उठाया जा रहा है, जिहाद, लव जिहाद, अज़ान और हिजाब जैसे विषय उछाले जाते हैं, इतिहास बदले जा रहे हैं। नये इतिहास गढ़े जा रहे हैं। हद तो यह है कि धार्मिक पहचान देखकर मॉब लिंचिंग की जाती है, ट्रेन में धर्म विशेष के यात्रियों को गोली मार दी जाती है, संतों जैसे दिखाई देने वाले व्यक्ति द्वारा मुस्लिम महिलाओं का बलात्कार करने की धमकी लाऊड स्पीकर पर दी जाती है।

पिछले दिनों ऐसी ही ग्रुण मानसिकता के मुट्ठी भर लोगों ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर ज़िले के साम्या माता मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के बाद अपनी नफरती हरकतों से विवाद खड़ा कर दिया। दरअसल उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के बलवा गांव के साम्या माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस यज्ञ के मुख्य आयोजक पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला थे जिन्होंने यज्ञ में स्थानीय समाजवादी पार्टी विधायक सैय्यदा खातून को यज्ञ आयोजन की मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया था। हालांकि यह आयोजन पूरी श्रद्धा के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और विधायक सैय्यदा ख़ातून ने भी इसमें पूरी श्रद्धा व सम्मान के साथ शिरकत की। परन्तु आयोजन समाप्ति के एक दिन बाद नियोजित तरीक़े से इसी आयोजन में नफ़रत का 'एंगल' साम्प्रदायिकतावादियों द्वारा ढूंढ कर इसे विवादित बना दिया गया। एक स्थानीय छुटभैय्ये भाजपा नेता द्वारा अपनी पार्टी व हिंदू संगठन के अपने चंद साथियों के साथ उसी साम्या माता मंदिर में पहुंचकर मंदिर को गंगाजल से धुलवाया गया। नफ़रत के इन सौदागरों का कहना था कि 'विधायक सैय्यदा खातून और उनके समाज को जब मंदिर से कुछ लेना-देना नहीं हैं तो फिर वह हमारे धार्मिक स्थल पर क्या करने आई थीं? हम लोग हर मंगलवार यहां पर पूजा करते हैं। वो लोग मांस खाने वाले हैं, पता नहीं क्या खाकर यहां आए और मंदिर को अपवित्र कर गए ?'

जबकि साम्या माता मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के मुख्य आयोजक और मंदिर प्रमुख पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला का इस विषय पर कहना है कि 'वह मंदिर मेरा है, और आज से नहीं सदियों से हिंदू और मुसलमान इस मंदिर में आते जाते थे। अलग-अलग धर्म के लोग आज भी मंदिर में जाते हैं। ये विवाद किस बात को लेकर फैला रहे हैं हम?' वे सवाल उठाते हैं, 'अगर एक मुसलमान के मंदिर जाने पर मंदिर अपवित्र हो जाता है तो हिंदू भी तो मुसलमानों के तीर्थ स्थानों पर जाते हैं। तो उन्हें भी उनके स्थलों पर नहीं जाना चाहिए? ' पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला कहते हैं, 'हमारे लिए कोई अपवित्र नहीं है. ग्रन्थों में भी यही लिखा है कि मंदिर में जात-पात का कोई भेदभाव नहीं होता है। मंदिर तो धार्मिक स्थल है, वहां कोई भी जाकर के अपना शीश झुका सकता है।' सपा विधायक के निमंत्रण पर 'कृष्णदत्त शुक्ला ने बताया कि जब मंदिर में हमने शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया तो हमारे डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र में जितने भी प्रत्याशी थे हमने सभी को न्यौता दिया था। सबको न्यौता देने के बाद जो हमारे पास आया उसका हमने स्वागत किया। पंडित शुक्ला ने स्पष्ट कहा कि - मंदिर हमारा है, हमारा था और हमारा ही रहेगा। वहां आने वालों में हिंदू और मुसलमान का कोई भेदभाव नहीं है। पहले भी जैसे लोग मंदिर आते-जाते थे, आगे भी वैसे ही आएंगे। उधर विधायक प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश उपाध्याय का इस पूरे मामले पर कहना था कि साम्या माता के शतचंडी यज्ञ में विधायक को न्यौता दिया गया था। विधायक वहां गईं, वहां के पुजारियों ने विधायक का स्वागत सत्कार किया। फिर वहां कुछ दान करके वह वापस चली आईं। जबकि विधायक सैय्यदा ख़ातून इस विषय पर कहती हैं कि विवाद खड़ा करने वालों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। सोशल मीडिया में और क्षेत्र की जनता के बीच शोहरत पाने के लिए वह ऐसा करते हैं। इन जैसे लोगों की बातों और काम पर मैं ध्यान नहीं देती। ऐसे लोगों को ज़्यादा तवज्जो देने की ज़रूरत नहीं है। विधायक ने कहा कि अगर मेरे क्षेत्र की जनता मुझे बुलाएगी तो मैं ज़रूर जाऊंगी। मेरे लिए मंदिर और मस्जिद, सब खुदा के घर हैं।

ऐसे साम्प्रदायिकता वादियों और समाज में जहर घोलने वाले नफरत के सौदागरों को उनके इस छिछोरेपन का जवाब देने के लिये बातें तो बहुत की जा सकती हैं। परन्तु क्या यह बता सकते हैं कि 6 नवंबर 2005 को देश के सबसे बड़े मंदिरों में से एक दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन जिस समय अक्षरधाम मंदिर के प्रमुख द्वारा देश के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम द्वारा कराया गया था उस समय यह नफ़रत के सौदागर कहां मुंह छुपाये बैठे थे ? क्या उनकी अब भी दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर को शुद्ध करने की कोई योजना है ? दूसरी बात यह कि मंदिरों या हवन में प्रवेश करने व शामिल होने के लिये क्या शाकाहारी होना जरूरी है ? यदि जरूरी है, तो फितना फैलाने वाली इसी पार्टी व विचारधारा के तमाम नेता न केवल माँसाहारी हैं बल्कि गोभक्षक भी हैं। देश में सभी धर्मों व जातियों में तमाम मांसाहारी लोग पाये जाते हैं। स्वयं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई माँसाहारी थे। देश के गृह मंत्री किरण रिजिजू तो गोभक्षक हैं। इन सबसे किसी को कोई तकलीफ नहीं ? भाजपाई मुस्लिम नेता किसी भी मंदिर में जाएँ तो कोई आपत्ति नहीं परन्तु सपा मुस्लिम नेता यज्ञ में गयीं तो आपत्तिजनक? इस अवसरवादी दोहरे चरित्र को देखकर अक्सर यह ख़याल आता है कि इतनी नफ़रत, इतना ज़हर यह लोग आख़िर लाते कहाँ से हैं ?

**ऐसे साम्प्रदायिकता वादियों और समाज में जहर घोलने वाले नफरत के सौदागरों को उनके इस छिछोरेपन का जवाब देने के लिये बातें तो बहुत की जा सकती हैं। परन्तु क्या यह बता सकते हैं कि 6 नवंबर 2005 को देश के सबसे बड़े मंदिरों में से एक दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन जिस समय अक्षरधाम मंदिर के प्रमुख द्वारा देश के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम द्वारा कराया गया था उस समय यह नफ़रत के सौदागर कहां मुंह छुपाये बैठे थे ?**

## गुरुवाणी विचार

### तीरथ शब्द विचार अंतर ज्ञान है

बानी गुरु गोविंद सिंहजी की त्वैप्रसादि सव्यै
कहां गयो जो दोऊ लोकन मंद के
बैठ रहियो बक धियान लगाइओ
लोक गयो परलोक गवाइयो
बास कीओ बिखियन सों बैठ के
अैसे ही अैसे सुबांस बिताइओ
साच कहों सुनि लेह सभै
जिन प्रेम कीओ तिन से प्रभु पाओ।

दसम गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा रचित त्वैप्रसाद सवयै नामक वाणी से ये कुछ पंक्तियां ली गईं पैं। इसमें गुरुदेवजी समझा रहे हैं कि अधिकांश लोग प्रभु परमात्मा की प्राप्ति हेतु दोनों आंखें मूंदकर ध्यान लगाये रहते हैं। तपस्या करते रहते हैं पर किसी विरले का ही ध्यान परमात्मा में लग पाता है। जो प्रभु की प्राप्ति करना तो चाहते हैं पर मन तो उनका भी भटकता ही रहता है। किसी विरले का ही मन प्रभु परमात्मा की बंदगी में जुड़ पाता है। कुछ लोग सात समुद्रों की यात्रा कर तीर्थों में स्नान भी करते हैं यह सोचकर कि इससे प्रभु परमात्मा की प्राप्ति हो पाएगी। पर तीर्थ स्नान करने मात्र से मन तो पवित्र नहीं हो जाता। लौकी (तुम्बी) को अड़सठ तीर्थों में गंगा में डुबो कर ले आओ पर रहती तो कड़वी की कड़वी ही है। तुम्बी अड़सढ़ तीरथ नावें कड़ुआन तो न जावे। तीर्थ स्नान करने मात्र से मन शुद्ध नहीं हो सकता बल्कि तीर्थ सही मायने में प्रभु का नाम सिमरन बंदगी करने पर ही है-

तीरथ नावन जावो तीरथ नाम है।
तीरथ शब्द विचार अंतर ज्ञान है।।

इस तरह बगुले की तरह ध्यान लगाने से, तीर्थों में स्नान करने से आंख बंद कर प्रभु बंदगी ध्यान लगाने से आप अपने आपको धार्मिक तो दिखला सकते हो पर इन बातों से प्रभु परमात्मा की प्राप्ति किसी विरले को ही अगर हमने सही मायने में प्रभु की सिमरन परमात्मा की की प्राप्तिकरनी हैतो मन को सिमरन साची रूपी मथनी से मथना पड़ोग। प्रभु परमात्मा से साची प्रीति लगानी पड़ेगी। जैसे भकत रविदास ने लगाई थी-

साची प्रीत हम तुम सिंओ जोड़ी।
तुम सिंओ जोर अवरसंग तोड़ी।।

इस तरह उपरोक्त किसी भी तरह का कर्मकांड करना प्रभु प्राप्ति का साधन नहीं है बल्कि प्रभु परमात्मा की प्राप्ति हेतु इन कर्मकांडों के साथ साची प्रीत प्रभु परमात्मा से लगानी पड़ेगी। विषय विकारों से मोह भंग करना पड़ेगा। तभी हमें प्रभु की प्राप्ति होगी। हम सांसारिक मोह माया में फंसकर विषय विकारों में गलतान होकर अपने हीरे जैसे मानव जीवन को जो हमें पूर्व जनम के किसी अच्छे पुण्य कर्म के कारण प्राप्त हुआ है। जिसको व्यर्थ ही गंवा रहे हैं। अंतिम पंक्तियों में आप समझा रहे हैं कि सही मायने में जिसने भजन बंदगी कर साध संगत में जाकर प्रभु कथा कीर्तिन में मन रमाकर प्रभुबंदगी की है उसी ने प्रभु परमात्मा से साची प्रीति लगाई है। जिन्होंने प्रभु सिमरन कर अपने मन में विराजमान प्रभु परमात्मा के दर्शन कर लिए हैं। जिसने प्रभु द्वारा बनाए प्रत्येक मानव से प्रेम किया है जरूरतमंदों की मदद की है। नेक कमाई कर उसका दसबंध निकाल दीन दुखियों की सेवा में लगाया है। इस तरह मानव जीवन पाकर हमारा एक सूत्रीय कार्यक्रम होना चाहिए। ऊबर पोषण हेतु कार विहार भी करते रहना है पर मन हमहर वक्त निरंकार से जुड़ा रहना चाहिए। तभी हमारा मानव जीवन पाकर इस धरा पर आना सफल हो सकेगा और तभी हम अपन`जीवन नौका को सुचारू रूप से खेकर इससंसार सागर से पार उतर कर प्रभु की साची दरगाह में स्थान प्राप्त कर पाएंगे। इस लिए- कर बंदे तू बंदगी जिचर घटि में साहो।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### एक्जिट पोल और हकीकत

एक दौर था जब चुनाव सम्पन्न होने के बाद लोग खुलकर बोलने लगते थे तब उनकी बात से जो कयास लगाया जाता वह अधिकांशत: सच के बहुत करीब होता था। जैसे-जैसे मतदाता को यह भान हो गया कि इसे गोपनीय रखना चाहिए उसने अपने दिल की बात कहना कम कर दिया लेकिन एक्जिट पोल का धंधा जोरों से चल पड़ा। जबकि ये आमतौर पर सही साबित नहीं होते। कभी कभार ही किसी की चांदी हो जाती है।

इससे पहले ज़मीन से जुड़े पत्रकार ही इस तरह की अनुमानित विवेचना देते थे जो बहुत कुछ सही साबित होती रही थीं लेकिन जब से मोदी मीडिया उदित हुआ उसने जमीनी सच्चाई से मुख मोड़ लिया है वह आसमान से हाथ हिलाती सत्ता का मुखापेक्षी बन गया है। अब तो एक रणनीति के तहत यह पूरी तरह सरकारी व्यवसाय बन गया है। कुछ सटोरिए भी इस वक्त अच्छी कमाई कर लेते हैं। ये एक्जिट पोल वाले कब, कहां किससे संपर्क करते हैं ये बताने वाला एक भी व्यक्ति मुझे आज तक नहीं मिला। जैसे सब मनगढ़ंत हो इसलिए इन पर विश्वास नहीं किया जा सकता है। ऊंट किस करवट बैठेगा यह मुहावरा इसलिए अंत में जोड़ा जाता है ताकि अपनी इज्जत बचाई जा सके।

यह पहली बार इस चुनाव में देखा गया कि सरकार विरोधी वोट देने के बावजूद लोग इस भय से कि 'जीतेगा मोदी ही' चुप साध लिए या जबरिया बोलने कहा गया तो उन्होंने मौजूदा सरकार का ही नाम लिया। ईवीएम का खतरा भी वे जानते हैं इसलिए ऊंट किस करवट बैठेगा आसान नहीं रहा है इसलिए ये पोल कांटे की टक्कर या जीत में दस-पच्चीस सीट का अंतर दिखा रहे हैं ताकि चित भी मेरी और पट भी मेरी हो।

बहरहाल जो हालात राजनैतिक नेताओं के चेहरे बता रहे हैं, उसके मुताबिक मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ कांग्रेस जीत रही है। इस जीत की वजह कांग्रेस के दो राज्य राजस्थान और छत्तीसगढ़ ऐसे हैं उनमें मुख्यमंत्रियों ने जो कहा कर दिखाया चाहे चिरंजीवी योजना हो, पेंशन बहाली या एमएसपी और किसान ऋण वापसी जैसे महत्वपूर्ण काम हों।

मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार गिराई गई इस बात से आमजन, किसान परेशान रहे वरना उन्हें भी ये लाभ मिले होते। मौका आया तो वे हाथ के साथ हो लिए। कांग्रेस पर उनका विश्वास बढ़ा है। कहा जाता शिवराज सरकार ने एक करोड़ लाडली बहना को जो राशि तीन माह से दी है उसका भाजपा को लाभ मिलेगा। सत्य यह है कि महिलाओं का एक बड़ा समूह उमा भारती के समय से भाजपा के साथ है। शिवराज की जीत भी इन्हीं की वजह से हुई इसलिए उसमें वृद्धि नहीं बल्कि जिन्हें नहीं शामिल किया गया वे घट गई है। तेलंगाना में राव और भाजपा की तकरार के बीच कांग्रेस विजय पथ पर अग्रसर है। मिजोरम में कांग्रेस दूसरी बड़ी पार्टी बनती नज़र आ रही है संभावित है वह सत्ता में सहभागी हों।

**-सुसंस्कृति परिहार**

# देश विदेश

## पेरू खदान पर हमला, नौ की मौत

**लीमा।** उत्तरी पेरू के ला लिबर्टाड विभाग में पोडेरोसा खदान पर सशस्त्र हमलावरों के हमले में करीब नौ लोग मारे गए और 15 घायल हो गए। आंतरिक मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना स्थानीय समयानुसार शनिवार करीब छह बजे हुयी। मंत्रालय ने बयान में कहा कि सशस्त्र अपराधियों के एक समूह ने खदान पर हमला किया। बाद में, सुरक्षा गार्डों पर भी हमला किया और चार को बंधक बना लिया। इसमें से नौ लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए।

### हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी जानकारी

# इजरायल के खान यूनिस पर हवाई हमले में करीब 193 फिलीस्तीनी मारे गए

**गाजा,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। इजरायल ने दक्षिणी गाजा में खान यूनिस पर रविवार को हवाई हमले किये जिसमें करीब 193 फिलीस्तीनी मारे गए। गाजा के हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार शहर के पूर्वी इलाकों के लोगों को इजरायली सेना ने दक्षिण की ओर खाली करने के लिए कहा है। इजरायली हमलों में करीब 193 लोग मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गाजा में हमास के खिलाफ अपना आक्रमण फिर से शुरू कर दिया, जो इजरायल में सात अक्टूबर के हमलों के जवाब में शुरू किया गया था।



इसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। शुरुआती दिनों से अब तक गाजा में मारे गए लोगों की संख्या अब 15,200 से अधिक हो गई है। शुक्रवार को अस्थायी युद्धविराम समाप्त होने के बाद गाजा पर इजरायल की बमबारी फिर से शुरू हो गई।

आईडीएफ ने कहा कि उसने नए सिरे से शुरू किए गए ऑपरेशन के पहले दिन हमास के 400 से अधिक आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया। लड़ाई फिर से शुरू होने के बाद से गाजा से इजरायल पर नियमित रूप से रॉकेट दागे गए हैं, जिसमें शनिवार शाम को तेल अवीव और मध्य इजराइल के आसपास के इलाके को निशाना बनाकर हवाई हमले किए गए। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के उप प्रमुख सालेह अल-अरौरी ने शनिवार को अल जज़ीरा को बताया कि अब इजरायल के साथ कोई बातचीत नहीं है और युद्ध समाप्त होने तक इज़रायल के साथ और कैदियों की अदला-बदली नहीं की जाएगी।

## इजरायल ने 7 अक्टूबर से गाजा पर 1,00,000 बमों, रॉकेटों से हमला किया

**गाजा।** गाजा में हमास-नियंत्रित सरकार के मीडिया कार्यालय (जीएमओ) ने कहा कि 7 अक्टूबर से जारी युद्ध के बाद से इजरायल ने घिरे इलाके पर लगभग 1,00,000 बमों और रॉकेटों से हमला किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, जीएमओ के निदेशक इस्माइल अल-थवाबतेह ने शनिवार रात बताया कि कुछ बमों का वजन 2,000 पाउंड था, जो नागरिकों को निशाना बनाने के लिए जानबूझकर और क्रूर इरादे से बनाए गए थे। इजरायल के हमलों के कारण फिलीस्तीन लोगों की मौत का आंकड़ा शनिवार दोपहर तक 15,207 हो गया है।

## हमास ने बंधक बनाए गए सभी महिलाओं, बच्चों को किया रिहा



**काहिरा।** हमास ने गाजा पट्टी में बंधक बनाई गई सभी महिलाओं और बच्चों को रिहा कर दिया है। आंदोलन के राजनीतिक ब्यूरो के उप प्रमुख सालेह अल-अरौरी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने शुक्रवार सुबह गाजा में संघर्ष फिर से शुरू होने के तुरंत बाद कहा था कि हमास ने सभी महिला बंधकों को रिहा करने की अपनी प्रतिबद्धता पूरी नहीं की है। अल-अरौरी ने अल जज़ीरा प्रसारक को बताया, कब्जा [इज़रायल] इस बात पर जोर देता है कि कई महिलाओं और बच्चों को हमने बंधक बना रखा है, लेकिन हमने कहा है कि ऐसा नहीं है। हमने अपने पास मौजूद सभी महिलाओं और बच्चों को रिहा कर दिया है। यदि कोई मामला है, तो हम ऐसा करेंगे उनके बारे में नहीं जानते हैं या हम उन तक नहीं पहुंच सकते। अल-अरौरी ने कहा कि शेष बंधक इजरायली सैनिक और पुरुष हैं जो पहले इजरायली सेना में कार्यरत थे, उन्होंने कहा कि जब तक गाजा पट्टी के खिलाफ आक्रामकता बंद नहीं हो जाती, तब तक उनकी रिहाई पर कोई बातचीत नहीं होगी। पिछले हफ्ते, कतर ने इज़राइल और हमास के बीच एक अस्थायी संघर्ष विराम और कुछ कैदियों और बंधकों की अदला-बदली के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के समझौते में मध्यस्थता की थी।

## सुडोकू 6395

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 3 | 7 | | 4 |
| | | | | | 4 | | | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | | |
| | 2 | | | 1 | | | | |
| | 1 | 8 | 6 | | 7 | 3 | 9 | |
| | | | | 8 | | | 5 | |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| 6 | | | 4 | | | | | |
| 9 | | 1 | 7 | 2 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 4 दिसम्बर, 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 7

### राशिफल

मेष - आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद्दी व्यवहार पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। परिश्रम के बाद निर्धारित सफलता नहीं मिलने से मन में खिन्नता रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी कमजोर रहेगा। यात्रा के लिए योग्य समय नहीं है।

वृषभ - आज आपकी कार्य सफलता में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास की भूमिका होगी। पितृपक्ष की तरफ से लाभ होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में रुचि बनाए रख सकेंगे। सरकारी काम में सफलता या लाभ मिलेगा।

मिथुन - दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे। नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

कर्क - आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। धन खर्च होगा।

सिंह - आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी, व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ इगो का टकराव होने की संभावना है। पिता या बुजुर्गों से लाभ प्राप्त होगा।

कन्या - शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा। दांपत्यजीवन में परेशानी आ सकती है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य खराब होगा।

तुला - गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा। पदोन्नति मिलने के योग हैं। पारिवारिक सदस्य तथा मित्र मंडल के साथ खुश रहेंगे।

वृश्चिक - आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा। अधिकारियों और बुजुर्गों की कृपादृष्टि रहेगी।

धनु - आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग- उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे। नौकरी- धंधे में तकलीफ और अवरोध उत्पन्न होंगे।

मकर - आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा। चिकित्सा के पीछे खर्च होने की संभावना है। व्यापार में भागीदारों के साथ मतभेद बढ़ेंगे।

कुंभ - प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ भोजन करने जाने का अवसर आएगा। उत्तम वस्त्र, आभूषण और वाहन प्राप्ति का योग है।

मीन - दैनिक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। घर में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव में उग्रता रहेगी। वाणी और व्यवहार में संभलकर काम करें। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## जिनपिंग ने लियांगझू फोरम को भेजा बधाई पत्र

**बीजिंग,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रविवार को पहले लियांगझू फोरम को बधाई पत्र भेजा। श्री जिनपिंग ने कहा, लियांगझू प्राचीन शहर के खंडहर चीनी सभ्यता के 5,000 साल के इतिहास का प्रदर्शन और विश्व सभ्यताओं का खजाना है। उन्होंने कहा, चीनी सभ्यता खुली और समावेशी रही है, लगातार खुद को समृद्ध कर रही है और अन्य सभ्यताओं के सार को अपनाकर विश्व सभ्यताओं को समृद्ध करने में अपना योगदान दे रही है। उन्होंने मानव सभ्यता के विकास के लिए आपसी सम्मान, एकता, सद्भाव और सह-अस्तित्व को सही रास्ता बताया और सभी पक्षों से लिआंगझू फोरम के मंच का सर्वोत्तम लाभ उठाने, बेल्ट एंड रोड पहल के भागीदार देशों के साथ बातचीत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने विभिन्न सभ्यताओं को सद्भाव में रहने और एक-दूसरे को मजबूत करने में मदद करने के साथ-साथ विभिन्न देशों के लोगों के बीच दोस्ती तथा आपसी समझ एवं स्नेह को बढ़ाने के लिए समानता, पारस्परिक शिक्षा, संवाद व पारस्परिक आवास की दृष्टि को बढ़ावा देने के प्रयासों का भी आह्वान किया। संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय और पूर्वी चीन के झेजियांग की प्रांतीय सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पहला लिआंगझू फोरम, वैश्विक सभ्यता पहल को लागू करना, सभ्यताओं के बीच आदान-प्रदान और पारस्परिक शिक्षा को बढ़ावा देना की थीम के साथ रविवार को प्रांत की राजधानी शहर हांगझोउ में खोला गया।

## पाकिस्तान में यात्री बस पर आतंकियों ने की अंधाधुंध गोलीबारी, 10 की मौत



**गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र की है घटना**

**रावलपिंडी,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में काराकोरम राजमार्ग पर आतंकियों ने एक यात्री बस पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डायमेर के डिप्टी कमिश्नर कैप्टन (सेवानिवृत्त) आरिफ अहमद ने कहा कि घटना शनिवार शाम 6:30 बजे चिलास के हुदुर इलाके में हुई, जब आतंकवादियों ने बस पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू की, जिससे चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। अधिकारी ने कहा कि हमले में मारे गए अधिकांश यात्री देश भर से थे, जिनमें कोहिस्तान, पेशावर, गिज़र, चिलास, राउंडु, स्कर्दू, मनसेहरा, स्वाबी और सिंध के एक या दो लोग शामिल थे। डायमेर के डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि हमले में मारे गए लोगों में दो सैनिक भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्पेशल प्रोटेक्शन यूनिट का एक सदस्य भी घायल हो गया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, डायमर के पुलिस अधीक्षक सरदार शहरयार ने कहा कि घटनास्थल पर सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले लोग काराकोरम हाईवे (केकेएच) पुलिस कर्मी थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने शवों और घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया। एसपी ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद अन्य वाहनों को काफिले के रूप में वहां से ले जाया गया। उन्होंने आगे कहा कि जिस जगह पर हमला हुआ था, वहां सबूत इकट्ठा करने के लिए घेराबंदी कर दी गई है। घायल लोगों को क्षेत्रीय मुख्यालय अस्पताल चिलास में भर्ती कराया गया है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, किसी भी समूह ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है और गोलीबारी का मकसद स्पष्ट नहीं है। मुख्यमंत्री हाजी गुलबार खान ने घटना की निंदा की और यात्री बस पर हुए हमले को आतंकवाद की कायरतापूर्ण कार्रवाई करार दिया।

## पाकिस्तानी मूल के मुस्लिम परिवार के चार सदस्यों की हत्या के दोषी को सजा

**ओटावा,** 3 (एजेंसियां)। कनाडा में ओंटारियो के लंदन में पिकअप वैन से जून 2021 में पाकिस्तानी मूल के मुस्लिम परिवार के चार सदस्यों को कुचलकर हत्या करने के मामले में दोषी करार दिए गए नाथनियल वेल्टमैन को अदालत चार और पांच जनवरी 2024 को सजा सुनाएगी। विंडसर अदालत ने एक संक्षिप्त सुनवाई के दौरान निर्णय लिया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार वेल्टमैन शुक्रवार को दक्षिण-पश्चिमी ओंटारियो शहर के साउथवेस्ट डिटेंशन सेंटर से आभासी माध्यम से विंडसर अदालत में पेश हुए। उल्लेखनीय है कि वेल्टमैन को छह जून, 2021 को सैर के लिए निकले अफ़ज़ाल परिवार को पिक-अप वैन से कुचल दिया था। पिछले महीने जूरी द्वारा प्रथम-डिग्री हत्या के चार मामलों और हत्या के प्रयास के मामले में उन्हें दोषी पाया था। इस घटना में 46 वर्षीय सलमान अफ़ज़ाल, उनकी 44 वर्षीय पत्नी मदीहा सलमान, उनकी 15 वर्षीय पुत्री युमना और उनकी 74 वर्षीय दादी तलत अफ़ज़ल की मौत हो गयी थी, जबकि नौ वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बाद में मौत हो गयी थी। जनवरी 2024 में दो दिवसीय सजा की सुनवाई लंदन सुपीरियर कोर्ट में न्यायमूर्ति रेनी पोमेरेंस के समक्ष होगी। न्यायमूर्ति पोमेरेन्स ने विंडसर में 11 सप्ताह के मुकदमे की भी निगरानी की, जबकि मुकदमा विंडसर में एक जूरी के समक्ष हुआ था। पीड़ितों के परिवार के सदस्यों के अनुरोध पर सजा लंदन में सुनायी जाएगी।



उल्लेखनीय है कि अफ़ज़ाल परिवार पर हुए हमले की पूरे कनाडा में निंदा की गयी। पुलिस ने इसे घृणित अपराध करार दिया है और इस हमले से कनाडा में इस्लामोफोबिया से निपटने के उपायों की मांग बढ़ गयी है। मुकदमे की सुनवाई के दौरान वेल्टमैन ने कहा था कि वह ब्रेंटन हैरिसन टैरंट के लेखन से प्रभावित था, जिसने 2019 में न्यूजीलैंड की दो मस्जिदों में 51 मुस्लिम उपासकों की सामूहिक हत्याएं की थीं।

## फिलीपींस विश्वविद्यालय के जिम में विस्फोट में चार की मौत

**मनीला,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत लानाओ डेल सुर में स्थित मिंडानाओ स्टेट यूनिवर्सिटी के एक जिम के अंदर रविवार सुबह हुए विस्फोट में करीब चार लोग मारे गए और 50 घायल हो गए। सेना के प्रथम इन्फेंट्री डिवीजन के कमांडर मेजर जनरल गेब्रियल विरे ने कहा कि मरने वालों में तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष


**मध्य प्रदेश में पांचवी बार ...**

तेलंगाना में 2018 में बीआरएस 88 सीटें पर जीती थी और कांग्रेस को 19 सीटें मिली थीं। भाजपा ने इस जीत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति मजबूत जनास्था और भाजपा सरकारों की जन कल्याण की नीतियों और विकास कार्यक्रमों का परिणाम बताया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर चुनावनतीजों पर अपनी प्रारम्भिक टिप्पणी में कहा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम बता रहे हैं कि भारत की जनता का भरोसा सिर्फ और सिर्फ सुशासन और विकास की राजनीति में है। उसका भरोसा भाजपा में है।

**सिंधिया की समर्थक इमरती भी हारीं**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को बड़ा झटका लगा है। उनकी कट्टर समर्थक कही जाने वाली इमरती देवी को एक बार फिर हार का सामना करना पड़ा है। इमरती देवी को उनके समधी सुरेश राजे ने 1825 वोटों से हराया है।

## वर्ग पहेली 6395



**बायें से दायें:-**

१. वह पात्र जिसमें शवदाह के पश्चात मृतक की हड्डियों को रखा जाता है
४. अव्यवस्था, गोलमाल, घपला
६. पढ़ा-लिखा साक्षर
७. बुद्धिमान
८. बंदीगृह
१०. सौदे आदि में मध्यस्थता करने वाला
११० प्रज्वलित होना, जोर से जल उठना, क्रुद्ध होना, चौंकना
१३. जीत, फतह
१४. हरगिज
१५. बंधुत्व
१७. ऊंट के नाक में डाली जाने वाली रस्सी
१९. कमल
२१. उपवन
२२. कामयाबी
२४. सूर्यकिरण

**ऊपर से नीचे:-**

१. जिसके पास कुछ न हो, अतिनिर्धन, वह वस्तु जिसका कोई मूल्य न हो
२. असह्य, असक्त कर देने वाला (उपमा)
३. चंद्रमा के समान सुंदर मुख वाली
४. बीता हुआ समय
५. उपद्रव, दंगा (उर्दू)
९. टाईम कीपर
११ हित, कल्याण, अच्छाई
१२. भैंस का नर बच्चा
१३. जंगल, वन
१४. दया, अनुकम्पा
१५. किस्मतवर
१६. चापलूस
१८. सिर्फ, मात्र
१९. चंद्रमा, चंद्रमा का धब्बा
२०. चिपकने का गुण
२३. करतल ध्वनि

### वर्ग पहेली-6394



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1748 – नमकों पर शोध करने वाले फ्रांस के रसायन शास्त्री बर्टले का जन्म।
1791 – दुनिया का पहला रविवार का अखबार द ऑब्जर्वर लंदन में प्रकाशित हुआ।
1796 – बाजीराव द्वितीय पेशवा नियुक्त हुए।
1829 – वायसराय लार्ड विलियम बेंटिक ने सती प्रथा समाप्त की।
1833 – आर्थर तप्पान द्वारा फिलाडेल्फिया में अमेरिकी एंटी-स्लेवरी सोसाइटी गठित की गयी।
1859 – मेकटेब-ए मुल्कियाय स्कूल ओटोमन साम्राज्य में स्थापित किया गया।
1860 – गोवा में मारगाव के निवासी अगस्टिनो लॉरेंसो ने पेरिस विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि ली। वह विदेशी विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि पाने वाले पहले भारतीय थे।
1881 – लॉस एंजिल्स टाइम्स का पहला संस्करण प्रकाशित।
1910 – हिन्दी सिनेमा के अभिनेता मोतीलाल का जन्म।
1919 – पूर्व प्रधानमंत्री इन्द्र कुमार गुजराल का जन्म।
1952 – इंग्लैंड में कोहरे की घनी परत छाने के कारण हजारों लोगों की मौत।
1959 – भारत और नेपाल के बीच गंडक सिंचाई एवं विद्युत परियोजना पर हस्ताक्षर किया गया।
1963 – अभिनेता जावेद जाफरी का जन्म।
1967 – देश के पहले रॉकेट 'रोहिणी आरएच 75' का थुम्बा से प्रक्षेपण किया गया।
1996 – अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह के लिए एक और अंतरिक्ष यान %मार्स पाथफाउंडर% प्रक्षेपित किया।

**बयान** — अमेरिका ने हमास पर युद्धविराम उल्लंघन का आरोप लगाया

## कमला हैरिस चाहती हैं सीओपी28 में अरब नेताओं से युद्ध पर चर्चा

**वाशिंगटन,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका ने विस्तारित युद्धविराम के उल्लंघन के लिए सीधे तौर पर हमास को दोषी ठहराया है, जबकि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने दुबई में जलवायु पर चल रहे शिखर सम्मेलन में गाजा के हालात पर चर्चा करने की मांग की थी कि अरब के नेताओं और अन्य देशों के प्रमुखों के के साथ इस बात पर चर्चा की जाए कि युद्ध का कैसे अंत किया जाए।मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि हमास द्वारा सप्ताह भर की लड़ाई पर विराम लगाने के बाद इजरायली सैन्य बलों ने कथित तौर पर हवाई हमलों के साथ गाजा पट्टी पर बमबारी फिर से शुरु कर दी।

इजरायल ने आरोप लगाया कि हमास द्वारा इजरायल की ओर रॉकेट दागकर संघर्ष विराम का उल्लंघन करने के बाद उसने लड़ाई फिर से शुरू कर दी।

हमास के अधिकारियों ने इजरायलियों को दोषी ठहराते हुए कहा कि उन्होंने बुजुर्ग बंधकों को रिहा करने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया और साथ ही इजरायली हवाई हमलों में कथित तौर पर मारे गए तीन बंधकों के शवों पर भी दावा किया। सप्ताहभर चले युद्धविराम में 100 से अधिक बंधकों, दो अमेरिकियों सहित सभी महिलाओं और बच्चों को हमास की कैद से मुक्त कराया गया। एक महिला सहित सात अमेरिकी लापता हैं। बदले में इजरायल में कैद 240 से अधिक फ़िलिस्तीनियों को रिहा कर दिया गया। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा कि हमास उन बंधकों की सूची देने में विफल रहा, जिन्हें आतंकवादी संगठन रिहा करेगा। इजरायल और हमास ने इस बारे में परस्पर विरोधी बातें कहीं।



**दुबई में जलवायु पर चल रहा शिखर सम्मेलन**

रणनीतिक संचार के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा, यह हमास के कारण है कि यह ठहराव समाप्त हुआ। यूएसए टुडे ने किर्बी के हवाले से कहा, वे असमर्थ थे और बंधकों की एक सूची तैयार करने में विफल रहे, जो युद्धविराम को बढ़ाने में मदद कर सकता था।

राष्ट्रपति जो बाइडेन राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के साथ बंधकों की रिहाई को लेकर वार्ता और युद्ध खत ?म करने के प्रयासों में लगे हुए हैं। अमेरिका विराम लगाने और अधिक बंधकों को रिहा कराने के लिए एक और बड़ा प्रयास कर रहा था। मिस्र के साथ एक अन्य अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थ कतर ने कहा कि वह युद्धविराम को नवीनीकृत करने के लिए काम कर रहा है और नए सिरे से लड़ाई पर गहरा खेद व्यक्त किया है।

कमला हैरिस, जो जलवायु शिखर सम्मेलन के लिए दुबई में हैं, दो सप्ताह तक चलने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अरब नेताओं और अन्य देशों के प्रमुखों के साथ युद्ध पर चर्चा करना चाहती हैं।

### दुनिया को जानें

## पाकिस्तान में इस वर्ष पोलियो का छठा मामला सामने आया

**इस्लामाबाद,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में चालू वर्ष के दौरान पोलियो का छठा मामला सामने आया है जबकि 20 और नमूनों की जांच सकारात्मक प्राप्त हुई है। यह जानकारी समाचारपत्र डॉन ने रविवार को दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) में पोलियो उन्मूलन की क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने अधिसूचित किया कि ओरकजई जिले में नौ महीने के बच्चे में पोलियो वायरस का पता चला। संघीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नदीम जान ने कहा, मैं बहुत दुखी हूं कि इस वायरस ने एक और बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया है जिससे जीवन जीने और अपनी क्षमता पर खरा उतरने का अवसर उसके लिए कठिन हो गया है। यह हमें याद दिलाता है कि जब तक हम इस वायरस को खत्म नहीं कर देते, तब तक यह बीमारी न केवल हमारे बच्चों के लिए बल्कि पूरी दुनिया के बच्चों के लिए लगातार खतरा बनी रहेगी। मंत्री ने एक बयान में पूरे देश के माता-पिता और अभिभावकों से बच्चों के लिए जोखिम को समझने और पोलियो वैक्सीन को कभी मना नहीं कहने का आग्रह किया, जो आजीवन विकलांगता को रोकने और जीवन बचाने में मदद कर सकता है।

# खेल जगत

## तमिलनाडु के गिरीश ने पुरुषों के 6-रेड में जीत हासिल की

**चेन्नई,** 3 दिसंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के गिरीश ने रविवार को यहां नेहरू इंडोर स्टेडियम में 90वीं राष्ट्रीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैंपियनशिप के पुरुषों के 6-रेड स्नूकर क्वालीफाइंग में महाराष्ट्र के सुमेर मागो को 4-2 से हराया। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थानीय स्टार गिरीश ने क्वालीफाइंग मैच में मागो को 44-41, 21-37, 51-12, 35-55, 42-01, 41-16 से हराया। अन्यत्र, मौजूदा तमिलनाडु 15-रेड स्नूकर चैंपियन पार्थिबा राजेंद्रन ने पुडुचेरी के पूरन कुन को 4-0 से हराया, जबकि उनके राज्य साथी सैयद सिकंदर ने दिल्ली के विष्णु प्रकाश को 4-3 से हराया। हरियाणा की दिव्या शर्मा ने महाराष्ट्र के अभिषेक बजाज पर 4-1 (41-25,44-16, 21-49, 75(75)-0, 39-19) की जीत में चौथे फ्रेम में 75 का अधिकतम ब्रेक दर्ज किया।



# रिंकू सिंह में मोहम्मद अली जैसा निडर रवैया है : श्रीसंत



**विशाखापत्तनम,** 3 दिसंबर (एजेंसियां)। रिंकू सिंह के आक्रामक और निडर दृष्टिकोण की गूंज के बीच, भारत के पूर्व क्रिकेटर एस श्रीसंत का मानना है कि खेल के प्रति 26 वर्षीय खिलाड़ी का रवैया 20वीं सदी के प्रतिष्ठित खेल व्यक्तित्व मुहम्मद अली की याद दिलाता है। आईएएनएस से बात करते हुए, पूर्व दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने आईसीसी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार पर विचार किया, उन्होंने अपने असाधारण क्षेत्ररक्षण से भारतीय टीम को मात देने के लिए ऑस्ट्रेलिया को श्रेय दिया, जबकि उन्होंने अपनी उम्मीदें भारतीय युवा कंधों पर केंद्रित कीं। टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम तैयार हो रही है।

मैं ईमानदार रहूँगा। ऑस्ट्रेलिया ने हमें पछाड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया ने ऑस्ट्रेलियाई तरीके से खेला। लक्ष्य जो 280 से 290 होना चाहिए था, ऑस्ट्रेलियाई क्षेत्ररक्षकों ने इसे 240 तक रोक दिया। यह वार्नर, लाबुशेन, स्मिथ थे जिन्होंने उन 40 से 50 रनों को बचाया। श्रीसंत ने कहा, खेल का पूरा परिदृश्य बदल गया।

आत्मविश्वास और निडर दृष्टिकोण वाले उभरते सितारे रिंकू ने श्रीसंत का ध्यान खींचा और 40 वर्षीय खिलाड़ी ने युवा बल्लेबाज में मोहम्मद अली की झलक देखी और सभी प्रारूपों में उनके लगातार प्रदर्शन और अपने दिल की बात कहने की उनकी क्षमता की सराहना की। श्रीसंत ने उनके लचीलेपन और रवैये पर प्रकाश डालते हुए कहा, मुझे रिंकू सिंह का आत्मविश्वास पसंद है। वह जिस भी टीम के साथ खेलते हैं, उसके लिए लगातार ऐसा कर रहे हैं, चाहे वह क्लब क्रिकेट हो, चाहे वह टीम क्रिकेट हो, चाहे वह फ्रेंचाइजी हो। वह परवाह नहीं करते, बहकते नहीं लेकिन वह अपने दिल की बात कहते हैं और वह हैं मोहम्मद अली मेरे लिए।

श्रीसंत, जो एम एस धोनी के नेतृत्व में 2007 टी 20 विश्व कप विजेता टीम के प्रमुख सदस्य थे, ने भी अपने करियर के महत्वपूर्ण क्षणों पर विचार किया, उन बाधाओं और लचीलेपन के बारे में बताया जिसने अंततः क्रिकेट के मैदान में उनकी वापसी का मार्ग प्रशस्त किया। श्रीसंत ने कहा, जैसे कि विश्व कप जीतना मेरे करियर में एक मील का पत्थर है। लेकिन मैं और मेरा परिवार जिस दौर से गुजरे उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। इसलिए जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो 39 साल की उम्र में केरल के लिए वापसी करना आसान नहीं था। और साबित करने और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला गेंदबाज होने के बाद भी इसे बंद करना एक बहुत ही व्यक्तिगत कॉल जैसा था।

श्रीसंत का सफर किसी रोलरकोस्टर राइड जैसा था. 2013 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने और जनवरी 2022 में केरल का प्रतिनिधित्व करते हुए घरेलू मैचों से संन्यास की घोषणा करने के बाद, अनुभवी क्रिकेटर को कई व्यक्तिगत और व्यावसायिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हालाँकि, 39 साल की उम्र में केरल के लिए उनकी वापसी, जहाँ वे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में उभरे, ने उनके अटूट दृढ़ संकल्प को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। अब, लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) में गुजरात जायंट्स की जर्सी पहनकर और स्टुअर्ट बिन्नी के साथ अमेरिकन प्रीमियर लीग (एपीएल) टी20 के दूसरे संस्करण के लिए तैयारी करते हुए, श्रीसंत ने भारत के बाहर फ्रेंचाइजी क्रिकेट द्वारा दिए गए अवसरों की सराहना की। एलएलसी उनके लिए अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक मंच रहा है, जिसमें महान सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने वर्ल्ड जायंट्स के खिलाफ मैच में प्लेयर ऑफ द मैच ट्रॉफी प्रदान करते हुए उनके लचीलेपन को स्वीकार किया था, एक ऐसा क्षण जिसे वह संभावित बायोपिक के अंतिम दृश्य के रूप में देखते हैं। श्रीसंत ने कहा, मैं अपनी फिटनेस में सुधार कर सकता हूं। कोलकाता में वर्ल्ड जायंट्स के खिलाफ मैच में वीरू भाई ने मुझे ट्रॉफी दी और कहा कि यह तुम्हारे लचीलेपन के लिए है। इसलिए यह अभी भी मेरे घर में रखी हुई है, अगर मैं कभी बायोपिक बनाता हूं, तो मुझे लगता है कि फिल्म मेरे हाथ में लीजेंड्स लीग कप के साथ खत्म हो जाएगी।

क्रिकेट के मैदान से बाहर, श्रीसंत सेवानिवृत्ति के बाद काम की पेशकश करने, उन्हें व्यस्त रखने और उनके परिवार के लिए आजीविका के साधन के रूप में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय फिल्म उद्योग को स्वीकार करते हैं।

### रिंकू सिंह जिस स्थान को निशाना बना रहे हैं, उसके लिए कई चुनौतियां हैं : आशीष नेहरा

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा का मानना है कि मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह की अगले साल होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की संभावनाएं उज्ज्वल दिख रही हैं, हालांकि साथ ही प्लेइंग इलेवन में जगह के लिए फिनिशर के सामने कई चुनौतियां भी हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही टी20 श्रृंखला में, रिंकू पारी के अंत में अपनी तेज फिनिशिंग के माध्यम से भारतीय टीम में फिनिशर के रूप में पूर्णकालिक पद के लिए अपना दावा मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने विशाखापत्तनम में 14 गेंदों पर नाबाद 22 रन बनाकर 209 रन के लक्ष्य का अंत किया। तिरुवनंतपुरम में उन्होंने फिर से नौ गेंदों पर नाबाद 31 रन बनाए और रायपुर में 29 गेंदों पर 46 रन की आकर्षक पारी खेली। सिर की स्थिर स्थिति और अंदर से शांति के साथ, रिंकू एक फिनिशर के रूप में अपने कौशल का प्रदर्शन करने में सफल रहे हैं, यह भूमिका वह आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए और घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए अच्छी तरह से निभाते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि रिंकू सिंह भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल होने के दावेदार हैं।

## पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में डेविड वॉर्नर को जगह, लांस मॉरिस नया चेहरा



**मेलबर्न,** 3 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के ख़िलाफ़ पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान हो गया है। टेस्ट मैचों में ख़राब फ़ॉर्म से जूझ रहे सलामी बल्लेबाज़ डेविड वॉर्नर को 14-सदस्यीय दल में जगह मिली है, जबकि ऑलराउंडर मिचेल मार्श और कैमरन ग्रीन दोनों को भी टीम में शामिल किया गया है। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के तेज़ गेंदबाज़ लांस मॉरिस टीम में नया चेहरा हैं। एशेज सीरीज़ के दौरान पिंडली की चोट से बाहर हुए ऑफ़ स्पिनर नाथन लियोन की टीम में वापसी हुई है। वह टॉड मर्फ़ी की जगह लेंगे। ग्रीन टीम में अतिरिक्त बल्लेबाज़ और मॉरिस व स्कॉट बोलैंड टीम में अतिरिक्त गेंदबाज़ के तौर पर शामिल हैं।

वनडे विश्व कप के दौरान जॉश इंग्लिस से अपनी जगह गंवा चुके एलेक्स कैरी टेस्ट मैचों में विकेटकीपर के रूप में बने हुए हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह ही साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते हुए विक्टोरिया के ख़िलाफ़ 81 रनों की पारी खेली थी। वहीं टीम के नए नाम तेज़ गेंदबाज़ मॉरिस भी चोट से उबर रहे हैं। उन्होंने इस साल सिर्फ़ दो मार्श कप मैच और तीन शेफ़ील्ड शील्ड मैच खेले हैं। हालांकि मेडिकल टीम नें उन्हें अब पूरी तरह से फ़िट घोषित किया है।

वॉर्नर इस सीरीज़ के तीसरे मैच से टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहना चाहते हैं, जो कि उनके घरेलू मैदान सिडनी में होना है। पिछले दो सालों में उनका टेस्ट औसत 30 से भी कम है। हालांकि चयनकर्ताओं का मानना है कि फ़िलहाल वह देश के सर्वश्रेष्ठ दो उपलब्ध सलामी बल्लेबाज़ों में से एक हैं। मार्कस हैरिस, मैट रेनशॉ और कैमरन बैनक्रॉफ़्ट उनकी जगह लेने के प्रबल दावेदार नाम हैं। हालांकि वे अभी पाकिस्तान के ख़िलाफ़ प्रधानमंत्री एकादश टीम में खेलते हुए दिखेंगे, जो इसी बुधवार से शुरू हो रहा है। 14 सदस्यीय टेस्ट दल में ग्रीन ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं, जो अभ्यास मैच में भी खेलेंगे । उन्होंने हाल ही में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिए क्वींसलैंड के ख़िलाफ़ 96 रनों की पारी खेली थी। ऑस्ट्रेलियाई कोच एंड्र्यू मैक्डोनाल्ड्स ने संकेत दिए हैं कि वॉर्नर के संन्यास लेने के बाद मार्श और ग्रीन टेस्ट एकादश में एक साथ भी खेल सकते हैं। हालांकि इसके लिए बल्लेबाज़ी क्रम को थोड़ा ऊपर-नीचे करना होगा। पाकिस्तान के ख़िलाफ़ पहला टेस्ट 14 दिसंबर से पर्थ में शुरू हो रहा है।

**ऑस्ट्रेलियाई दल :** पैट कमिंस (कप्तान), डेविड वॉर्नर, उस्मान ख़्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, कैमरन ग्रीन, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर) नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड, जॉश हेज़लवुड, मिचेल स्टार्क, लांस मॉरिस

## अभिनव चौधरी ने पुरुषों की रैपिड-फायर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली/भोपाल,** 3 दिसंबर (एजेंसियां) राजस्थान के अभिनव चौधरी ने भोपाल में चल रही 66वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) रविवार को एमपी राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में पिस्टल स्पर्धा में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) का खिताब जीता।

अभिनव ने फाइनल में 30 का स्कोर बनाकर उत्तर प्रदेश के अंकुर गोयल को पछाड़ दिया, जिन्होंने 26 हिट अपने नाम किए। दिल्ली के अर्पित गोयल 21 के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अभिनव ने इससे पहले क्वालीफिकेशन में 584 के स्कोर के साथ शीर्ष छह निशानेबाजों के फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया था, जो अग्रणी स्कोर भी था। जूनियर पुरुष आरएफपी में, विजयवीर सिद्धू ने फाइनल में 28 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता, और हरियाणा के पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता अनीश भनवाला से बेहतर प्रदर्शन किया, जिनके पास 25 थे। पंजाब ने इस स्पर्धा में स्वर्ण और कांस्य जीता जब राजकंवर सिंह संधू ने 20 का स्कोर करके कांस्य पदक जीता।

हालाँकि, अनीश (578) ने पुरुष आरएफपी में समीर (578) और आदर्श सिंह (571) के साथ मिलकर 1727 के संयुक्त प्रयास से टीम स्पर्धा जीती। विजयवीर ने राजकंवर और जुड़वां भाई उदयवीर के साथ जूनियर टीम का स्वर्ण जीता।

## एक कप्तान के तौर पर पैट कमिंस मेरी उम्मीदों से कहीं आगे निकले : इयान चैपल



सिडनी, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा कि तेज गेंदबाज पैट कमिंस एक कप्तान के रूप में उनकी उम्मीदों से आगे निकल गए हैं। उन्होंने कहा कि वह न केवल टेस्ट क्रिकेट में, बल्कि 50 ओवर के प्रारूप में भी सफल साबित हुए हैं। यह कमिंस के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष रहा है, जहां उनके नेतृत्व में, ऑस्ट्रेलिया ने एशेज बरकरार रखी और इंग्लैंड में अपनी पहली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप गदा जीती और भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप खिताब जीतकर और अधिक गौरव बढ़ाया, जिसमें पहले दो मैच हारने के बाद लगातार आठ मैच जीते।

कमिंस हमेशा एक अच्छे कप्तान बनने वाले थे। तेज गेंदबाजी कप्तान होने की कठिनाइयों को एक पल के लिए नजरअंदाज करते हुए, वह आसानी से ऑस्ट्रेलियाई टीम में सबसे प्रेरणादायक खिलाड़ी थे, और क्रिकेट के सामान्य ज्ञान से संपन्न खिलाड़ी थे। चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के लिए अपने कॉलम में लिखा, कमिंस ने न केवल खुद को एक योग्य टेस्ट कप्तान साबित किया है, उनका नेतृत्व अब विस्तारित हो गया है और वह 50 ओवर के क्रिकेट में भी सफल हैं। मैंने सोचा था कि वह एक अच्छा कप्तान होगा लेकिन वह मेरी उम्मीदों से कहीं आगे निकल गया। उन्होंने यह भी महसूस किया कि अगर प्रशंसक कमिंस के खेल खेलने के तरीके से प्रेरित नहीं हैं तो वे गलत खेल में हैं। कोई भी क्रिकेटर जो कमिंस से प्रेरित नहीं है वह गलत खेल में है। इसके अलावा, कमिंस बड़े दिल वाले एक उत्कृष्ट तेज गेंदबाज हैं और जब जरूरत होती है तब विकेट लेने की उनकी कला बहुत प्रशंसनीय है। इसे खत्म करने के लिए, वह एक ऐसा गेंदबाज है जो नियमित रूप से विपक्षी टीम के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों को परेशान करता है।

ये गुण उन्हें एक प्रेरक कप्तान बनने के योग्य बनाते हैं। बाकी यह ऑस्ट्रेलिया टीम का नेतृत्व करने और यह देखने का मामला है कि वह क्या काम कर सकता है। एक कप्तान के रूप में सुधार करने का एकमात्र तरीका काम करना है, गलत अनुमान लगाना और किसी भी असफलता से तुरंत सीखना है।

चैपल का यह भी मानना है कि कमिंस ने तब तक कप्तान रहने का अधिकार हासिल करने के लिए काफी कुछ किया है, जब तक वह रहना चाहते हैं। विभिन्न देशों और प्रारूपों में और विभिन्न परिस्थितियों में एक कप्तान के रूप में अच्छा प्रदर्शन करके, कमिंस खुद को उस श्रेणी में रख रहे हैं। उस तिकड़ी में से केवल इमरान - शानदार उपस्थिति वाले उत्कृष्ट नेता - तेजी से बढ़ते सीमित ओवरों के क्रिकेट के युग में खेले।

मैं कमिंस को मार्क वॉ और अनिल कुंबले के समान श्रेणी में रखूंगा - भयंकर प्रतिस्पर्धी जो अपने कार्यों से अपने इरादे स्पष्ट रूप से व्यक्त

## वॉर्नर अभी भी पहला टेस्ट जीतने वाले हमारे सर्वश्रेष्ठ 11 खिलाड़ियों में हैं : जॉर्ज बेली

**पर्थ,** 3 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ 14 दिसंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए डेविड वार्नर के चयन पर तीखा हमला करने के बाद, मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज के समर्थन में सामने आए और कहा कि वह उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने के लिए अभी भी सबसे अच्छा विकल्प है। इस साल की शुरुआत में, वार्नर ने सिडनी में अपने घरेलू मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट में अपने टेस्ट करियर को समाप्त करने की इच्छा व्यक्त की थी। हालाँकि वार्नर सफेद गेंद वाले क्रिकेट में असाधारण फॉर्म में हैं, उन्होंने 2020 की शुरुआत से केवल 31.79 की औसत से रन बनाए हैं और इस साल पांच एशेज टेस्ट में 28.50 की औसत से केवल 285 रन बनाए हैं।

बेली ने संवाददाताओं से कहा, आखिरकार, हम अभी भी सोचते हैं कि वह पहला टेस्ट जीतने वाले हमारे सर्वश्रेष्ठ 11 खिलाड़ियों में से एक है। मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट, जिस तरह से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक निर्धारित करता है, उसके संदर्भ में, प्रत्येक टेस्ट महत्वपूर्ण है। प्रत्येक मैच के लिए अंक लाइन पर हैं । तो हमारा ध्यान उन 11 को चुनने पर है जो हमें लगता है कि यह काम कर सकते हैं और जाहिर तौर पर इसमें प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका होती है और यह वास्तव में पूरी टीम को कैसे तैयार करता है और हमें लगता है कि डेविड इसके लिए सही व्यक्ति हैं। वार्नर के बारे में आगे बात करते हुए, बेली ने कहा, स्पष्ट रूप से डेव श्रृंखला के माध्यम से सिडनी में समाप्त करना चाहेंगे, और हम इसका पूरा सम्मान करते हैं। हम इस तथ्य को लेकर काफी सुसंगत रहे हैं कि किसी भी खिलाड़ी के साथ, यह इस बात पर निर्भर करता है कि वे एक व्यक्ति के रूप में कैसा प्रदर्शन करते हैं, और वह प्रदर्शन वास्तव में टीम के कार्य में कैसे फिट बैठता है, और यह नहीं बदलेगा।

हमें घरेलू टेस्ट श्रृंखला होने और टेस्ट दर टेस्ट टीम का चयन करने में सक्षम होने का फायदा मिलता है। और यह डेव के लिए विशिष्ट नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि सभी खिलाड़ी, यह प्रदर्शन के बारे में है और यह टीम में कैसे फिट बैठता है जो किसी भी टेस्ट में टीम का स्वरूप तय करेगा। बेली ने यह भी बताया कि ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में वार्नर की जगह लेना एक लंबी यात्रा हो सकती है, जैसा कि 2007 से 2011 तक शेन वार्न के प्रतिस्थापन की खोज करते समय हुआ था।

विपक्षी को दबाव में रखने की क्षमता बहुत खास है, और इसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। जब भी आपके पास कोई ऐसा व्यक्ति हो जो इतनी लंबी उम्र का हो और किसी भूमिका में इतना प्रभावशाली हो, (यह महत्वपूर्ण है) कि जो भी हो उसकी अपेक्षाओं पर काबू पाया जाए वहां प्रतिस्थापन होने जा रहा है।

## फातिमा, शवाल ने पाकिस्तान को न्यूजीलैंड पर ऐतिहासिक महिला टी20 जीत दिलाई

**डुनेडिन,** 3 दिसंबर (एजेंसियां)। तेज गेंदबाज फातिमा सना के शानदार 3-18 और शवाल जुल्फिकार के 41 रनों की बदौलत पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का पहला मैच सात विकेट से जीत लिया। इस परिणाम का मतलब यह भी है कि पाकिस्तान को न्यूजीलैंड पर पहली महिला टी20 जीत मिली है।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम फातिमा की बेहतरीन गेंदबाजी के कारण 127/6 पर सिमट गई। फातिमा, जो चोट के कारण बांग्लादेश दौरे से चूक गईं, ने बादल छाए रहने की स्थिति का फायदा उठाते हुए 3-18 का शानदार स्पैल डाला, जिसमें बर्नडाइन बेजुइडेनहाउट, केट एंडरसन और सूजी बेट्स के विकेट शामिल थे । कप्तान निदा डार, डायना बेग और आलिया रियाज ने नियमित अंतराल पर एक-एक विकेट लेकर न्यूजीलैंड की पारी को फिर से बनाने के काम को नुकसान पहुंचाया। मैडी ग्रीन सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं, उन्होंने 28 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से नाबाद 43 रन बनाए और न्यूजीलैंड को 120 के पार पहुंचाया। 128 रनों का पीछा करते हुए, पाकिस्तान की शवाल और मुनीबा अली की सलामी जोड़ी ने 40 रनों की अच्छी साझेदारी की,लेकिन मुनीबा बाद में 24 गेंदों में 23 रन बनाकर सोफी डिवाइन का शिकार बन गईं। निदा ने खुद को इस क्रम में आगे बढ़ाया और युवा शवाल के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी की।

## सार संक्षेप

### मोहन बागान सुपर जाइंट ने आईएसएल में हैदराबाद एफसी को 2-0 से हराया

**भुवनेश्वर।** मोहन बागान सुपर जाइंट ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में दूसरे हाफ में किए गए दो गोलों की बदौलत हैदराबाद एफसी को 2-0 से हरा दिया। मेरिनर्स को इस हफ्ते की शुरुआत में घरेलू मैदान पर ओडिशा एफसी के खिलाफ 5-2 से हार का सामना करना पड़ा। हैमिल ने 85वें मिनट में स्कोरिंग की शुरुआत की, और राय ने 96वें मिनट में गोल कर मेरिनर्स की जीत पक्की कर दी, इस टूर्नामेंट में मोहन बागान सुपर जायंट की पांचवीं जीत है। हैदराबाद एफसी अपना अगला मुकाबला 10 दिसंबर को गुवाहाटी में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से खेलेगी, जबकि मोहन बागान सुपर जाइंट छह दिसंबर को साल्ट लेक स्टेडियम में ओडिशा एफसी से भिड़ेगी। हैदराबाद एफसी के थांगबोई सिंग्नल ने कहा, मोहन बागान के बारे में बोलते हुए, मुझे लगता है कि यह सितारों की टीम है, लेकिन मैंने ओडिशा एफसी के खिलाफ उनका मैच देखा और मुझे लगता है कि यह उनके साथ खेलने का अच्छा समय है। उनके पास बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, शुरुआत में भी और बेंच पर भी।

### केंद्रीय अनुबंध पाने के लिए विंडीज वनडे, फ्रेंचाइजी क्रिकेट की तलाश में इंग्लैंड के विल जैक

लंदन। केंद्रीय अनुबंध तय करते समय इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा नजरअंदाज किए गए इंग्लैंड के युवा ऑलराउंडर विल जैक नॉर्थ साउंड में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला को स्थायी रूप से टीम में जगह बनाने और अगले साल केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल होने के अवसर के रूप में देख रहे हैं। । इसके अलावा, विल जैक्स अगले साल के आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में जगह पक्की करने के लिए अपने भविष्य के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाना चाह रहे हैं। 25 वर्षीय ऑलराउंडर ने अपने शुरुआती करियर में तीन प्रारूपों में प्रदर्शन किया है और उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में सलामी बल्लेबाज की भूमिका सौंपी गई है।

# बेल्जियम से हारकर भारत जूनियर महिला विश्व कप से बाहर




**सैंटियागो,** 3 दिसंबर (एजेंसियां)। एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप के चौथे दिन ने कुछ टीमों के भाग्य का फैसला कर दिया है क्योंकि भारत और दक्षिण अफ्रीका प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं, जबकि पूल ए और सी की चार अन्य टीमें - नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम और जर्मनी - ने शीर्ष 8 में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। बेल्जियम ने पूल सी में तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए रोमांचक मुकाबले में भारत पर 3-2 से जीत हासिल की, जबकि जर्मनी ने पूल सी में दूसरा स्थान हासिल करने के लिए कनाडा पर बड़ी जीत दर्ज की।

पूल ए में, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड्स, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली थी, ने यह सुनिश्चित किया कि वे दक्षिण अफ्रीका और चिली को बड़े अंतर से हराकर उच्च स्थान पर रहें। इन चारों टीमों ने क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है जबकि अपने-अपने पूल में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को 9वें से 16वें स्थान के लिए वर्गीकरण मैच खेलना होगा। शनिवार रात दिन के पहले मैच में भारत और बेल्जियम के बीच कांटे की टक्कर हुई। पांचवें मिनट में नोआ श्रेउर्स ने फील्ड गोल करके बेल्जियम के लिए खाता खोला। इसके बाद यह बराबरी का मुकाबला था और दोनों टीमें गोल करने के मौके बनाने की कोशिश कर रही थीं। फ्रांस डी मोट ने बेल्जियम के लिए एक और गोल कर अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया, लेकिन तब इस प्रतियोगिता में भारत की स्टार खिलाड़ी अन्नू थीं, जिन्होंने पांच मिनट के भीतर दो गोल करके भारत को खेल में वापस ला दिया। हालाँकि, 52वें मिनट में एस्ट्रिड बोनामी के विजयी गोल ने पूल सी में शीर्ष पर रहने की भारत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। दिन के दूसरे मैच में जर्मनी ने कनाडा को 8-0 से हरा दिया, यह गोल का उत्सव था। लौरा प्लुथ और कप्तान लिली स्टॉफेल्स्मा दोनों ने हैट्रिक बनाई, जबकि कैटरीना हैड और जोआना बोहरिंगर ने एक-एक गोल किया। जर्मनी ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा और 14 पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए और कई बार प्रतिद्वंद्वी सर्कल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ, जर्मनी पूल सी में बेल्जियम के नीचे दूसरे स्थान पर रहा, जबकि कनाडा तीन में से शून्य जीत के साथ सबसे नीचे रहा।

ऑस्ट्रेलिया ने पूल चरण में दो जीत और एक हार के साथ विश्व कप के अपने आखिरी लीग मैच में दक्षिण अफ्रीका को एकतरफा मुकाबले में 4-0 से हराया। वह मकायला जोन्स थीं जिन्होंने चौथे मिनट में तेज फिनिश के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए स्कोरिंग की शुरुआत की। ऑस्ट्रेलिया को 11 पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन वह केवल एक को ही गोल में बदल सका, जिसका श्रेय दक्षिण अफ्रीकी गोलकीपर मोर्गन डी जैगर को जाता है। तीन मैचों में तीन हार के साथ दक्षिण अफ्रीका पूल ए में सबसे निचले स्थान पर रहा।

यह नीदरलैंड बनाम चिली के बीच एक समान मैच था क्योंकि महिला हॉकी में दुनिया की सबसे खतरनाक टीमों में से एक, नीदरलैंड ने मेजबान टीम को 7-0 से हराया था। वे शुरू से ही लय में थे और पहले दस मिनट में तीन गोल दागे।

नीदरलैंड पूल ए में शीर्ष पर रहा, और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जबकि दक्षिण अफ्रीका और चिली 9वें-16वें स्थान के क्वालीफिकेशन मैचों में खेलेंगे।

### सुडोकू 6395 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 3 | 7 | 1 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 | 3 |

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 3.28 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.97प्रतिशत |
| एलटी | 2.52 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.56 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.44 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| विप्रो | 1.34 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.27 प्रतिशत |
| मारुति | 0.37 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.29 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.22 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## उड़ानों में बार-बार देरी के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने की इंडिगो की आलोचना

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने रविवार को इंडिगो उड़ानों में बार-बार देरी पर निराशा व्यक्त की। पिछले सप्ताह इंडिगो की तीन उड़ानों में सवारी कर चुके तिवारी ने रविवार को चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या 6ई2159 की डेढ़ घंटे से अधिक की देरी का जिक्र किया।

तिवारी को हाल ही में दिल्ली से चंडीगढ़ जाने वाली इंडिगो की 6ई1855 उड़ान में भी ढाई घंटे से अधिक की देरी का सामना करना पड़ा था। तिवारी ने एक्स पर लिखा, 'इंडिगो की यह तीसरी उड़ान है जो मैं इस सप्ताह ले रहा हूं जो 90 मिनट से अधिक की देरी से चल रही है। इस बार यह चंडीगढ़ से दिल्ली के लिए 6ई2159 है। इससे पहले एक अवसर पर दिल्ली से चंडीगढ़ के लिए इंडिगो की 6ई1855 उड़ान में ढाई घंटे से अधिक की देरी हुई थी।'

उन्होंने कहा, 'इंडिगो से यात्रा करने का एकमात्र कारण यह था कि वह समय पर आती थी। अन्यथा उसकी सेवाओं के बारे में न कहना ही बेहतर है।' कॉमेडियन कपिल शर्मा ने भी 29 नवंबर को एक




सोशल मीडिया पोस्ट में इंडिगो उड़ान 6ई5149 की महत्वपूर्ण देरी पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'प्रिय इंडिगो6ई, पहले आपने हमें बस में 50 मिनट तक इंतजार कराया और अब आपकी टीम कह रही है कि पायलट ट्रैफिक में फंस गया है, क्या? सच में? उन्होंने आगे कहा, 'हमें रात आठ बजे तक उड़ान भरनी थी, और 9:20 बज चुके हैं; फिर भी, कॉकपिट में कोई पायलट नहीं है। क्या आपको लगता है कि ये 180 यात्री फिर से इंडिगो से उड़ान भरेंगे? कभी नहीं।'

## देशभर के गांवों में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन और होमस्टे के लिए मुकाबला

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। पर्यटन मंत्रालय देशभर के गांवों के बीच सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम व सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होमस्टे प्रतियोगिता शुरू की गई है। गांवों के बीच यह प्रतियोगिता ग्रामीण पर्यटन के प्रचार और विकास को बल प्रदान करने के लिए है। भारत में ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति द्वारा ग्रामीण होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने व्यापक राष्ट्रीय रणनीति और रोडमैप शुरू किया है। पर्यटन मंत्रालय के मुताबिक उन्होंने भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान के सहयोग से राष्ट्रीय कार्यनीतियों के कार्यान्वयन की शुरुआत की है। पर्यटन मंत्रालय का कहना है कि ग्रामीण पर्यटन और ग्रामीण होमस्टे को प्रोत्साहन देने के लिए विशिष्ट पहलों में से एक राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम और राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होमस्टे प्रतियोगिता का आयोजन करना है।

सहयोग को बढ़ावा देने और ग्रामीण पर्यटन की संवृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने हेतु,




मंत्रालय ने इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से सरकारों, उद्योग हितधारकों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और स्थानीय समुदायों को सक्रिय रूप से कार्यबद्ध किया है। पर्यटन मंत्रालय के मुताबिक यह बहु-हितधारक पद्धति ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को बल प्रदान करने के प्रयासों में तालमेल बनाती है। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य ग्रामीण पर्यटन में उत्कृष्ट योगदान की पहचान करने और उन्हें पुरस्कृत करने के लिए ग्रामों और ग्रामीण होमस्टे के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को विकसित करना है, जिससे समुदायों और व्यक्तियों को सतत विकास लक्ष्यों में सक्रिय योगदान के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

पर्यटन मंत्रालय का कहना है कि इन प्रतियोगिताओं से न केवल अन्वेषित क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, तथापि सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने, सांस्कृतिक प्रामाणिकता को संरक्षित करने और पर्यटन क्षेत्र में दीर्घकालिक और उत्तरदायी अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए एक तरंगित प्रभाव भी पैदा होगा। पर्यटन मंत्रालय ने प्रभावी कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसी, ग्रामीण पर्यटन और ग्रामीण होमस्टे (सीएनए आरटी और आरएच) की स्थापना भी की है। यह ग्रामीण स्तर पर प्रतियोगिताओं के प्रचार-प्रसार हेतु मास्टर ट्रेनर तैयार करने के लिए राज्यों के लिए क्षमता निर्माण सत्र आयोजित कर रहा है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 597.94 अरब डॉलर पर

मुंबई, 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 24 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 597.94 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.08 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 595.4 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 24 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.14 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 528.53 अरब डॉलर हो गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 29.6 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 46.34 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 8.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.23 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.4 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.85 अरब डॉलर हो गई।

## माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला को चकमा देकर ओपनएआई ने सैम ऑल्टमैन को निकाला था, रिपोर्ट में खुलासा

सैन फ्रांसिस्को, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। सैम ऑल्टमैन को ओपनएआई से बाहर करने के मामले में ताजा जानकारी सामने आई है, एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कंपनी के पुराने बोर्ड ने ऑल्टमैन को सीईओ पद से हटाने के लिए शुरुआत में वोटिंग करने के बाद जानबूझकर माइक्रोसॉफ्ट को बाहर रखा था। द न्यू यॉर्कर ने बताया कि ऑल्टमैन को बाहर करने के फैसले से अध्यक्ष और सीईओ सत्या नडेला सहित माइक्रोसॉफ्ट के अधिकारी हैरान थे। माइक्रोसॉफ्ट में कई लोगों ने ओपनएआई बोर्ड के निर्णय को 'मूर्खतापूर्ण' बताया और दावा किया कि यह चैटजीपीटची डेवलपर को नष्ट कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'ऑल्टमैन की बर्खास्तगी पर नडेला ने ओपनएआई बोर्ड के सदस्य एडम डी 'एंजेलो को फोन किया और उन पर विवरण के लिए दबाव डाला।' डी 'एंजेलो ने उन्हें बताया कि ऑल्टमैन बोर्ड के साथ अपने कम्युनिकेशन में स्पष्ट नहीं थे। रिपोर्ट में कहा गया, 'नडेला ने निराशा में फोन रख दिया। माइक्रोसॉफ्ट के पास ओपनएआई की प्रॉफिट आर्म का लगभग आधा हिस्सा है, निश्चित रूप से इस तरह के फैसले पर उनसे परामर्श किया जाना चाहिए था।' नडेला के साथ वीडियो कॉल पर, माइक्रोसॉफ्ट के अधिकारियों ने ऑल्टमैन के निष्कासन पर संभावित प्रतिक्रियाओं की रूपरेखा तैयार करना शुरू किया। रिपोर्ट में कहा गया है, 'प्लान ए में यह देखना था कि क्या स्टार्टअप का बोर्ड अपने फैसले को पलट सकता है, या कम से कम अपने जल्दबाजी भरे कदम की व्याख्या कर सकता है।' योजना बी में ऑल्टमैन को सीईओ के रूप में फिर से नियुक्त करने और बोर्ड के सदस्यों को हटाकर ओपनएआई के प्रशासन को फिर से कॉन्फ़िगर करने में मदद करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के महत्वपूर्ण लीवरेज का उपयोग करना था। प्लान सी में ऑल्टमैन और उनके सबसे प्रतिभाशाली सहकर्मियों को काम पर रखना था, जो अनिवार्य रूप से माइक्रोसॉफ्ट के भीतर ओपनएआई का पुनर्निर्माण कर रहे थे। नडेला ने कंपनी को एक नए कार्यक्षेत्र के साथ अपने एडवांस एआई ड्रीम्स को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए थोड़े समय के लिए ऑल्टमैन को नियुक्त किया। हालांकि, ऑल्टमैन सीईओ के रूप में ओपनएआई में लौट आए, माइक्रोसॉफ्ट को कंपनी के बोर्ड पर एक नॉन-वोटिंग ऑब्जर्वर सीट मिल गई। ओपनएआई के नए बोर्ड में अध्यक्ष ब्रेट टेलर, लैरी समर्स और एडम डी%एंजेलो शामिल हैं। माइक्रोसॉफ्ट ओपनएआई में एक प्रमुख निवेशक है, जिसकी इस लाभकारी

## सार संक्षेप

### चीन अंतराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला संवर्धन एक्सपो में 150 अरब युआन के समझौते होने का अनुमान

बीजिंग, 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। पहला चीन अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला संवर्धन एक्सपो 2 दिसंबर को पेइचिंग में संपन्न हुआ। पहले चीन अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला संवर्धन एक्सपो ने अपस्ट्रीम-मिड-स्ट्रीम-डाउनस्ट्रीम संबंधों को बढ़ाने, बड़े-मझौले और लघु उद्यमों के एकीकरण, उद्योग, शिक्षा व अनुसंधान के बीच सहयोग और चीनी-विदेशी उद्यमों के बीच आदान-प्रदान के अपेक्षित लक्ष्य हासिल किए। अपूर्ण आंकड़ों के अनुसार, इस बार के एक्सपो में 200 से अधिक सहयोग समझौतों और आशय के समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें 150 अरब युआन से अधिक की राशि शामिल है। बताया जाता है कि चीन अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला संवर्धन एक्सपो पूरी दुनिया में अपनी तरह की पहली ऐसी प्रदर्शनी है, जो आपूर्ति श्रृंखला विषय पर एक राष्ट्रीय प्रदर्शनी है। इसका विषय 'दुनिया को जोड़ें और मिलकर भविष्य बनाएं' है। लगभग 1 लाख तीस हज़ार आगंतुकों के साथ कुल 515 चीनी और विदेशी कंपनियों व संस्थानों ने इस बार के एक्सपो में भाग लिया।

### विज्ञापनदाता बना रहे दूरी, एलन मस्क के नेतृत्व में एक्स पर मंडरा रहा दिवालियापन का खतरा

लंदन, 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। एलन मस्क ने ट्विटर (जिसे अब एक्स कहा जाता है) को खरीदने के लिए लगभग 13 बिलियन डॉलर का ऋण लिया था और सोशल मीडिया कंपनी को हर साल ब्याज भुगतान में लगभग 1.2 बिलियन डॉलर का भुगतान करना पड़ता है। बीबीसी ने रविवार को बताया कि चूंकि बड़े विज्ञापनदाताओं ने प्लेटफॉर्म छोड़ दिया और एक्स अपने ऋण पर ब्याज का भुगतान नहीं कर सकता या कर्मचारियों को भुगतान नहीं कर सकता, तो यह वास्तव में दिवालिया हो सकता है। लेकिन, यह एक चरम परिदृश्य होगा जिससे मस्क निश्चित रूप से बचना चाहेंगे। हालांकि, जिस कंपनी को उन्होंने 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था, उसके लिए दिवालियापन अकल्पनीय लग सकता है, लेकिन यह संभव है। डिज़्नी और एप्पल अब एक्स पर विज्ञापन नहीं दे रहे हैं।
खुदरा दिग्गज वॉलमार्ट ने पुष्टि की है कि वह एक्स पर विज्ञापन नहीं दे रहा है। रिपोर्ट में वॉलमार्ट के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है, 'हम एक्स पर विज्ञापन नहीं कर रहे हैं, क्योंकि हमने अपने ग्राहकों तक बेहतर पहुंच के लिए अन्य प्लेटफॉर्म ढूंढ लिए हैं।' पिछले महीने मस्क द्वारा यहूदी विरोधी पोस्ट का समर्थन करने के बाद वॉलमार्ट के जाने से एक्स छोड़ने वाली कंपनियों की सूची में इजाफा हुआ। एप्पल, डिज्नी, आईबीएम, कॉमकास्ट और वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी उन कंपनियों में से हैं जो अब एक्स पर विज्ञापन नहीं दे रही हैं। पिछले साल, एक्स का लगभग 90 प्रतिशत राजस्व विज्ञापन से आया था।
मस्क ने चेतावनी दी है कि बड़े विज्ञापनदाताओं का नुकसान एक्स के अंत का कारण बनेगा। यदि कंपनी विफल हो जाती है, तो यह विज्ञापनदाताओं के बहिष्कार के कारण विफल हो जाएगी और यही कंपनी को दिवालिया बना देगी।

## आरबीआई के मौद्रिक नीति निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मजबूत रुख के बीच स्थानीय स्तर पर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मजबूत आंकड़ों की बदौलत बीते सप्ताह करीब ढाई प्रतिशत की तेजी में रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह रिजर्व बैंक (आरबीआई) की होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा के निर्णय के साथ भारत, अमेरिका और चीन के सेवा पीएमआई आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1511.15 अंक अर्थात 2.3 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 67481.19 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 473.2 अंक यानी 2.4 प्रतिशत उछलकर पहली बार 20267.90 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जबरदस्त लिवाली हुई। इससे मिडकैप 976.37 अंक अर्थात 2.9 प्रतिशत की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 34586.76 अंक और स्मॉलकैप 758.67 अंक मजबूत होकर पहली बार 40 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर पर के पार 40565.96 अंक हो गया।

विश्लेषकों के अनुसार, महंगाई में कमी आने से यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के दर वृद्धि चक्र को समाप्त करने की उम्मीद में वैश्विक



बाजारों में तेजी का रुख देखा गया। घरेलू बाजार को वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में जीडीपी के मजबूत आंकड़ों और विनिर्माण गतिविधि में उल्लेखनीय उछाल से पर्याप्त बढ़ावा मिला। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार ने अपनी जीवंतता बनाए रखी, जिसे टाटा टेक्नोलॉजी की शानदार लिस्टिंग ने उजागर किया। इससे जोखिम भरी संपत्तियों में निवेशकों का विश्वास बढ़ा। पिछले सपताह मिडकैप और स्मॉलकैप ने लचीला रुख दिखाया। निवेशक सरकारी खर्च और बढ़ी हुई खपत के बारे में आशावान बने हुए हैं। मुद्रास्फीति में कमी से चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद बढ़ी है। ओपेक प्लस के आपूर्ति में कटौती करने के बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रही। साथ ही बाजार की तेजी बनाए रखने में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल ने भी सकारात्मक योगदान दिया। इससे मौजूदा केंद्र सरकार के प्रति निवेशकों की भावनाएं मजबूत रही।

बाजार सलाह देने वाली कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर कहा कि अगले सप्ताह निवेशकों की नजर अमेरिका, भारत और चीन में जारी होने वाले सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़ों पर रहेगी। साथ ही अगले सप्ताह 06 से 08 दिसंबर को आरबीआई की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक होने वाली है। इसमें नीतिगत दरों को यथावत रखने की संभावना है। इससे विकास परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव हो सकता है। इसके अलावा नवंबर में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की वापसी बाजार में सकारात्मक गति जारी रहने का संकेत देती है। एफआईआई ने इस वर्ष पिछले लगातार तीन महीने अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में जबरदस्त बिकवाली के बाद नवंबर में 5,795.05 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की है। एफआईआई अगस्त में 20,620.65 करोड़ रुपये, सितंबर में 26,692.16 करोड़ रुपये और अक्टूबर में 29,056.61 करोड़ रुपये के बिकवाल रहे।

## टेलीग्राम ने मैसेजिंग को बढ़ावा देने के लिए 11 नए फीचर्स की घोषणा की

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम ने अपने 800 मिलियन से ज्यादा मंथली एक्टिव यूजर्स के लिए कम्युनिकेशन को सरल बनाने के लिए 11 नए फीचर्स शुरू किए हैं। अब यूजर्स के पास किसी चैनल से जुड़ने पर समान पब्लिक चैनलों की लिस्ट तक एक्सेस होगा। कंपनी ने एक अपडेट में कहा कि यह फीचर सब्सक्राइबर बेस में समानता के आधार पर ऑटोमैटिक सलेक्शन द्वारा संचालित होती है, जिससे यूजर्स के लिए उनकी रुचि के अनुरूप कंटेंट ढूंढना आसान हो जाता है। यूजर्स किसी चैनल की प्रोफाइल से समान चैनल तक भी पहुंच सकते हैं।

टेलीग्राम ने कहा, 'यूजर्स के पास अब केवल दो टैप से फ्रेंड्स और फेवरेट चैनलों की स्टोरीज की रीच बढ़ाने का पावर है। टेक्स्ट, ऑडियो या वीडियो कमेंट्स जैसे अतिरिक्त कंटेंट जोड़ने का ऑप्शन स्टोरी कहने के एक्सपीरियंस को बढ़ाता है। प्राइवेसी प्रोटेक्शन सुनिश्चित करते हुए रीपोस्टिंग 'एव्रीवन' को दिखाई देने वाली स्टोरीज तक ही सीमित है।' कोई स्टोरी पोस्ट करते समय, अब आप कमेंट्री के लिए या केवल फेस बनाने के लिए एक वीडियो मैसेज जोड़ सकते हैं। इन मैसेज का साइज बदला जा सकता है, स्क्रीन के चारों ओर ले जाया जा सकता है, और टाइम एक्सिस के साथ रखा जा सकता है, जिससे यूजर्स को खुद




को व्यक्त करने के लिए असीमित क्रिएटिव संभावनाएं मिलती हैं।

टेलीग्राम प्रीमियम यूजर्स के पास अब 'प्रोफाइल कलर्स' जैसे और भी अधिक कस्टमाइजेशन ऑप्शन तक पहुंच है जो यूजर्स को अपने प्रोफ़ाइल के लिए लोगो के साथ यूनिक कलर कॉम्बिनेशन सेट करने की अनुमति देता है। जबकि कोई भी इंडिविजुअल चैट के लिए कस्टम वॉलपेपर सेट कर सकता है, प्रीमियम यूजर्स अब बातचीत के दोनों पक्षों में अपने पर्सनलाइजेशन का विस्तार कर सकते हैं। टेलीग्राम ने कहा, 'वॉइस-टू-टेक्स्ट फीचर, जो पहले केवल प्रीमियम यूजर्स के लिए थी, अब सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध है।

## खाद्य तेलों में घटबढ़, दालें सस्ती

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के कमजोर रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मांग बरकरार रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में घटबढ़ रही जबकि उठाव सुस्त रहने होने से दाल-दलहन के भाव गिर गए वहीं मीठे में तेजी रही। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसम्बर वायदा सप्ताहांत पर 47 रिंगिट गिरकर



3733 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह दिसम्बर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.51 सेंट की गिरावट के साथ 52.26 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सरसों तेल 74 रुपए, मूंगफली तेल 36 रुपए और वनस्पति तेल 134 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया वहीं सूरजमुखी तेल 220 रुपए, सोया रिफाइंड 146 रुपए और पाम ऑयल के भाव 133 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गए। सप्ताहांत पर सरसों तेल 13113 रुपए प्रति क्विंटल मूंगफली तेल 19890 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12454 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11281 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8266 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 9866 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

## आईआईटी दिल्ली के छात्रों को हांगकांग, जापान, यूके और यूएस से नौकरी के प्रस्ताव मिले

**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। आईआईटी दिल्ली में कैंपस प्लेसमेंट में 660 अधिक जॉब प्रोफाइल की पेशकश हुई है। जॉब ऑफर करने वाली कंपनियों में माइक्रोसॉफ्ट, गोल्डमैन सैक्स और टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स शामिल हैं। कई छात्रों को हांगकांग, जापान, नीदरलैंड, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका से अंतरराष्ट्रीय नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं।

नेशनल और मल्टी नेशनल कंपनियों से आईआईटी दिल्ली के इन छात्रों को लाखों रुपए प्रतिमाह के पैकेज ऑफर हुए हैं। हालांकि, अपनी पॉलिसी के तहत आईआईटी दिल्ली ने छात्रों को मिलने वाले हाई पैकेज का खुलासा न करने का निर्णय लिया है। शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए आईआईटी दिल्ली में प्लेसमेंट सीज़न 1 दिसंबर, 2023 से शुरू हो गया है। यह प्लेसमेंट सीजन मई 2024 तक चलेगा। आईआईटी दिल्ली के मुताबिक प्लेसमेंट सीज़न एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में कार्य



करता है, जहां आईआईटी दिल्ली के सबसे प्रतिभाशाली दिमाग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ जुड़ते हैं। इस वर्ष का प्लेसमेंट सीज़न नौकरी देने वाली कंपनियों की सुविधा के आधार पर फिजिकल और वर्चुअल दोनों तरीकों से आयोजित किया जा रहा है।

आईआईटी दिल्ली के मुताबिक इस सीजन में अब तक छात्रों को कई क्षेत्रों में 660 अधिक जॉब प्रोफाइल की पेशकश हुई है। जॉब प्रोफाइल ऑफर करने वाली कंपनियों में करीब 360 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हैं। इन कंपनियों ने छात्रों को काम पर रखने के लिए आईआईटी दिल्ली में पंजीकरण कराया है। 1 दिसंबर के अंत तक आईआईटी दिल्ली के छात्रों को लगभग 480 पूर्णकालिक नौकरी के प्रस्ताव (प्री-प्लेसमेंट ऑफर सहित) प्राप्त हुए। कई छात्रों को एक से अधिक नौकरी के प्रस्ताव भी मिले हैं।

प्लेसमेंट सीज़न के बारे में बोलते हुए, आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर आर. अयोथिरामन ने कहा, 'आईआईटी दिल्ली में कैरियर सर्विसेज कार्यालय हमारी सेवाओं का लाभ उठाने वाले छात्रों के प्लेसमेंट को अधिकतम करने के लिए काम कर रहा है। हमारे छात्र समूह की विभिन्न आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमारे पास विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों का एक स्वस्थ मिश्रण और लाइनअप है। छात्रों की संख्या के मामले में पहले दिन कैंपस में शीर्ष भर्तीकर्ताओं में माइक्रोसॉफ्ट, गोल्डमैन सैक्स और टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स शामिल हैं। लगभग 25 छात्रों को हांगकांग, जापान, नीदरलैंड, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका के भौगोलिक क्षेत्रों से अंतरराष्ट्रीय नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं।'

आईआईटी दिल्ली की डॉ. अनिश्या ने कहा, 'आईआईटी दिल्ली का प्रतिभा पूल उन संगठनों के विकास में योगदान करने के लिए उत्सुक है, जिनसे वे जुड़ते हैं। हम उन सभी भर्तीकर्ताओं का स्वागत करने के लिए तत्पर हैं जो हमारे प्रतिभा पूल की क्षमता पर विश्वास करते हैं।'

# डौण्डीलोहारा में अनिला भेड़िया, बालोद में संगीता सिन्हा व गुंडरदेही में कुंवर सिंह निषाद फिर बने विधायक

**बालोद,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के तहत बालोद जिले के विधानसभा क्षेत्र बालोद, गुंडरदेही व डौण्डीलोहारा तीनों सीट में इस बार भी कांग्रेस ने विजय हासिल की है। इनमें पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने रिकॉर्ड बनाया है। पूरे बालोद जिले में लगातार तीसरी बार अब तक कोई भी विधायक नहीं बने थे। लेकिन अनिला भेड़िया ने तीसरी बार शानदार जीत दर्ज की है। वही बालोद और गुंडरदेही में कांग्रेस की फिर से जीत हुई है लेकिन इस बार जीत का अंतर पिछले बार की तुलना में कम रहा। तीनों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की जीत के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल तो रहा लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार से उनके चेहरे में वह खुशी नजर नहीं आई। दूसरी तरफ हार के बाद भाजपाइयों ने यह सोचकर संतुष्टि जाहिर की कि राज्य में उनकी सरकार बनने जा रही है।

रविवार को बालोद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती सुबह 8 बजे प्रारंभ हुई। तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे। लगभग 9 बजे प्रथम राउंड का परिणाम सामने आया। तीनों ही विधानसभा क्षेत्र में प्रथम राउंड में ही कांग्रेस ने भाजपा से बढ़त बना ली थी। यह बढ़त अंत तक बनी रही। हालांकि बीच में बढ़त में कुछ कमी जरूर आई, लेकिन अंतत: कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत हुई। लगभग 2 बजे तीनों विधानसभा क्षेत्र के आधे से ज्यादा मतों की गिनती हो गई थी। तब तक काफी बढ़त कांग्रेस



■ तीनों ही प्रत्याशियों की शुरू से बनी रही बढ़त

प्रत्याशियों ने बना ली थी। डौण्डीलोहारा में तो अनिला भेड़िया ने 20,000 से ज्यादा मतों की बढ़त बना ली थी। वही बालोद में लगभग 12,000 की बढ़त और गुंडरदेही में 6000 मतों की बढ़त बन गई थी। इसके बाद कांग्रेसियों में खुशी छा गई और मतगणना स्थल के बाहर पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई। तीनों ही केंद्र में कांग्रेस प्रत्याशियों की शुरू से बढ़त होने के कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश नजर आ रहा था पाकुरभाट स्थित मतगणना केंद्र में सुबह से ही सभी प्रत्याशी पहुंच गए थे। गुंडरदेही क्षेत्र के दोनों प्रत्याशी कुंवर सिंह निषाद और वीरेंद्र साहू, बालोद के प्रत्याशी राकेश यादव, संगीता सिन्हा, डौण्डीलोहारा के प्रत्याशी देवलाल ठाकुर,अनिला भेड़िया शुरू से ही मतगणना स्थल पर पहुंच गए थे। सभी प्रत्याशी अपने अपने अभिकर्ताओं से पल-पल की जानकारी ले रहे थे। शुरू में पिछड़ने के बाद भी भाजपा के प्रत्याशियों को अंत में गड्ढों को पाट देने की बड़ी उम्मीद थी लेकिन वे असफल रहे।

इस बार के चुनाव में हाई प्रोफाइल सीट बताई जा रही बालोद विधानसभा सीट में सामाजिक फैक्टर काम नहीं आया। इस क्षेत्र में माना जा रहा था कि साहू समाज ने मीना साहू को भरपूर समर्थन दिया है। उनकी जीत की उम्मीद भी जताई जा रही थी लेकिन उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा। वे तीसरे स्थान पर रही। गुरुर क्षेत्र में जरूर उन्हें कुछ ज्यादा मत मिले लेकिन हार से नहीं बच पाई। मतगणना स्थल के बाहर कांग्रेस समर्थकों में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत की खबर के बाद जमकर जोश नजर आया। कुछ देर के लिए भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में नारेबाजी करते हुए एक दूसरे के पास पहुंच गए थे, पुलिस की सक्रियता व नेताओं की मध्यस्थता के बाद मामला शांत हुआ और कोई अप्रिय स्थिति नहीं बनी। मतगणना स्थल के बाहर कांग्रेस और भाजपा के पंडाल में काफी संख्या में कार्यकर्ता देर शाम तक मौजूद रहे। बीच-बीच में आतिशबाजी भी चलती रही। लगभग 4 बजे पहला परिणाम डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र का आया। डौंडीलोहारा विस में कांग्रेस को 10, 2762 को भाजपा 67, 183 मिले। डौंडीलोहारा विधानसभा में 20 राउंड की गिनती के बाद कांग्रेस से अनिला भेड़िया 35,579 वोट से जीत दर्ज की। वही कुंवर सिंह निषाद ने 14901 वोटो से जीत दर्ज की। संगीता सिन्हा ने 20 हजार से अधिक वोटो से जीत दर्ज की।

# बेमेतरा से दीपेश साहु, नवागढ़ से दयाल बघेल, साज़ा से ईश्वर साहू की जीत

**बेमेतरा,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले के तीनों विधानसभा में इस बार भारी उलट फेर हो गया,भाजपा जोरदार 2013 की तरह वापसी करते हुए तीनो विधानसभा नवागढ़, साज़ा, बेमेतरा में अपना कब्जा जमा लिया। गद्दावर मंत्री रविंद्र चौबे, रुद्र गुरु,विधायक आशीष को हार मिली। बीजेपी की प्रत्याशी चुनाव में विजय प्राप्त किए। इसमें नवागढ़ विधान सभा से पूर्व मंत्री दयाल दास बघेल विजय हुए उन्होंने वर्तमान मंत्री गुरु रुद्र कुमार गुरु को पराजित किया वही साज़ा विधानसभा क्षेत्र में पूरे प्रदेश की जहां सब की निगाहें लगी हुई थी वहां पर सारे समीकरण से हटकर भाजपा के ईश्वर साहू ने कद्दावर नेता एवं छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे को पराजित किया ,इसी तरह बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के दीपेश साहू विजय रहे इसके साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और डीजे बजा कर अपनी खुशी इज़हार किया शुरुआत में



■ 2013 की तरह भाजपा ने वापस लहराया परचम

जैसे-जैसे लोगों को जानकारी होती है वैसे-वैसे कृषि उपज मंडी के दोनों गेट की तरफ दोनों पार्टी के कांग्रेस में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एकत्रित हुए थे लेकिन जैसे-जैसे राउंड में अलाउंस होता गया वैसी वैसी बीजेपी के कार्यकर्ता उत्साहित होकर जिंदाबाद के नारा लगाने लग गए इसके साथ ही कई जगह आतिशबाजी भी होने लगा

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय में स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में रविवार को बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र नवागढ़ साज़ा एवं बेमेतरा के लिए हुए मतदान का स्ट्रांग बनाया गया था ,जिसे निर्धारित समय पर विभिन्न राजनीतिक दलों के अभिकर्ताओं की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला गया। इसके बाद जैसे-जैसे ईवीएम मशीन की गिनती शुरू हुई वैसे-वैसे स्थिति स्पष्ट होने लग गया

**शुरुआत से ही नवागढ़, साज़ा, बेमेतरा में कांग्रेस प्रत्याशी पिछड़ने लगे**

निर्धारित समय पर तीनों विधानसभा में हुए मतदान की गिनती ईवीएम मशीन से शुरू हुई और तीनों विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी बढ़त नहीं ले पाए पहले राउंड में जहां आशीष छाबड़ा ने लगभग 1 हजार 1 वोट की बढ़त लिए जरूर लेकिन उसके बाद से जो पीछे होते चले गए वह आखिरी राउंड तक पीछे ही रह गए जबकि साजा विधानसभा क्षेत्र में तथा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी लगातार अपनी बढ़त बनाए रखें जो अंत तक जारी रहा।

# मोदी की गारंटी पर जताया भरोसा, भूपेश के भरोसे को मतदाताओ ने नाकारा

**राजिम,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। राजिम विधानसभा में भूपेश के भरोसे की सरकार को मतदाताओं ने ठुकरा दिया वही मोदी की गारंटी पर जनता ने भरोसा जताते हुए बीजेपी प्रत्याशी रोहित साहू को 11911 वोटो से विजय दिलायी। इस विधानसभा में रोहित साहू को 96423 मत प्राप्त हुए वहीं अमितेश शुक्ला को 84 हजार 512 में प्राप्त हुए एक बार की देखा जाए तो रोहित साहू 12000 की जगह 70000 वोटो से विजयी हुए हैं क्योंकि अमितेश शुक्ल 2018 के चुनाव में 58132 में से विजयी हुए थे उसी गड्ढे को पाट कर रोहित साहू 11911 वोट से विजयी हुए है. रोहित के विजय का समाचार आते ही पूरे विधानसभा क्षेत्र में फटाके फूटे, मिठाईयां बंटी. श्रीसाहू के राजिम पहुंचते ही बधाई देने वालों का तांता लग गया, वैसे तो एक्जिट पोल को देखकर समर्थकों ने फोन पर बधाई देना प्रारंभ कर दिया था. विजयी प्रमाण पत्र लेकर राजिम पहुंचते ही वे समर्थकों के साथ सर्वप्रथम पं. सुंदरलाल शर्मा चौक पहुंचे और पं. सुंदरलाल शर्मा को माला पहनाया. इसी बीच समर्थकों ने उन्हें घेर लिया उन्होंने समर्थकों सहित विधानसभा के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह मेरी नहीं बल्कि आप सभी की जीत है. और इसी बीच समर्थकों ने श्रीसाहू को मालाओं से लाद दिया और उनका मुंह मीठा कराया.



■ अमितेश को हराकर 12 हजार वोटो से रोहित हुये विजयी, विधानसभा क्षेत्र में खुशी का माहौल, गांव-गांव में फूटे फटाके, बंटी मिठाईयां
■ रोहित को बधाई देनें वालों का लगा तांता

# नवापारा-राजिम को जिला नहीं बनाना, कुंभ का आयोजन बंद करना और विधान सभा मे नया चेहरा नही देना कांग्रेस को पड़ा भारी

**राजिम,** 3 दिसंबर (देशबन्धु) रविवार को विधानसभा चुनाव परिणाम सुबह के बाद से दोपहर 12 बजे तक स्थितियां साफ होती गई। अंचल में यह चर्चा है कि कांग्रेस ने नवापारा राजिम को जिला नहीं बनाना, कुंभ का आयोजन बंद करना और विधानसभा में नये चेहरे की मांग को ठुकरा देना कांग्रेस पर भारी पड़ गया. राजिम और अभनपुर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के आगे रहने की खबर सुनकर लोग पटाखे फोड़ तथा मिठाई खिलाकर खुशियां मनाएं। अपरान्ह 2 बजे तक अभनपुर विधानसभा की स्थिति साफहो गई तथा राजिम विधानसभा से रोहित साहू का जीतना लगभग तय हो गया। आपस में चर्चा करते रहे और लोगों ने कहा कि कांग्रेस की कर्ज माफी का जादू नहीं चला। वैसे भी दोनों विधानसभा क्षेत्र नदी के दो पाट पर है। मंडी मार्केट से लेकर लगभग अधिकांश कार्यों के लिए समानताएं देखी जाती है। सुबह से लोग टीवी के सामने समाचार चैनल पर चिपके रहे। इसके अलावा मोबाइल पर भी लाइव प्रसारण देखते रहे। फोन करके भी एक दूसरे से जानकारियां एकत्रित करते रहे। लोगों से बात करने पर यह बात उभर कर सामने आई कि राजिम जिला की मांग चरम पर थी लेकिन दोनों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के कद्दावर विधायक होने के बाद भी उन्होंने ध्यान नहीं दिया और तो और जनता मांग करती रही और दोनों विधायक इधर-उधर का बात कर टालते रहे जिनका खामियाजा दोनों को भुगतना पड़ रहा है। जनता ही सर्वोपरि है यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो उन्हें बाहर का रास्ता दिखा देते हैं। वैसे भी यह धर्मनगरी है हर दृष्टिकोण से जिला बनने के काबिलियत रखते हैं बावजूद इसके जिला के लिए दोनों विधायकों ने रत्ती भर प्रयास नहीं किया। पिछले दो मांघी पुन्नी मेला में मुख्यमंत्री के भाषण से पहले जनता दोनों विधायक की ओर निहारत रहे कि राजिम जिला की मांग जोर शोर से उठाएंगे परंतु इन्होंने इधर-उधर की बात करके समय का महत्व नहीं समझा और एक ने भी राजिम जिला की बात नही की। जनता बहुत रुष्ट हुए परंतु इन दोनों को जनता की फिक्र नहीं बल्कि अपने आका को खुश करने की पड़ी थी जिसका नतीजा देखी जा रही है। राजिम विधायक ने तो अप्रैल में हुए सर्वदलीय बैठक में क्लियर कर दिए थे कि मुख्यमंत्री जब कभी भी आएगा मैं पूरी ईमानदारी से राजिम जिला की मांग रखूंगा। इस दौरान मुख्यमंत्री एक कार्यक्रम में राजिम आए रात्रि विश्राम भी किया परंतु उन्होंने जिले की मांग नहीं रखी जिससे जनता अपने आप को छला महसूस किया। बताना जरूरी है कि राजिम नवापारा दोनों क्षेत्र को मिलाकर एक बड़ी आबादी कवर करती है। राजिम नवापारा को जिले बनाने की मांग को स्वीकारते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने कहा था कि जब कभी भी नए जिला बनाया जाएगा उसमें इनका नाम होगा। इस बात का भरोसा संत कवि पवन दीवान को दिया गया था। भरोसा को पूर्ण करने की पुरजोर प्रयास जनता ने भूपेश बघेल से किया लेकिन भूपेश ने भरोसा को ही दरकिनार कर दिया जिसका मलाल यहां के लोगों को था। सन् 2018 में भूपेश की सरकार बनते ही राजिम कुंभ को हटाकर माघी पुन्नी मेला कर दिया। इसका समर्थन राजिम के विधायक ने भी किया लेकिन जनता को बहुत खला। लाखों लोगों की आस्था पर सरकार ने चोट किया। कुंभ मेला के जरिए राजिम और छत्तीसगढ़ का नाम देश-विदेश में तेजी के साथ फैल रहा था जिस पर विराम लग गया। भाजपा के जीतने के बाद आज लोगों ने अपनी भड़ास जमकर निकालते हुए कुछ लोगों ने कहा कि अवैध रेत उत्खनन तेजी के साथ हो रहा है नदी का छाती चीरा जा रहा है। शासन प्रशासन और सरकार मौन है। एक आदमी ने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब का कांग्रेसीकरण हुआ है। गौठान समिति में टोटल कांग्रेस के लोग ही हैं। जितने मुंह उतनी बात हो रही थी लेकिन यहां के लोगों को तो राजिम जिला बनाना है।



# छत्तीसगढ़ में भाजपा ने एग्जिट पोल को किया गलत साबित

**रायपुर,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना समेत 4 राज्यों के वोटों की गिनती में भाजपा को बड़ी बढ़त मिली है। राजस्थान और मध्य प्रदेश में भाजपा रुझानों में बहुमत हासिल कर चुकी है। वहीं छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस के मुकाबले भाजपा काफी आगे चल रही है। इस तरह एग्जिट पोल्स को भी भाजपा की सफलता ने गलत साबित किया है। किसी भी एग्जिट पोल ने छत्तीसगढ़ में भाजपा को बढ़त नहीं दिखाई थी।

■ प्रदेश में खिला कमल, बदलेगी सरकार, भाजपाइयों में जश्न का माहौल

रायपुर जिला में कांग्रेस की करारी हार, भाजपा ने सभी 7 सीटों में किया कांग्रेस का सूपड़ा साफ, रायपुर उत्तर, दक्षिण, पश्चिम, ग्रामीण, धरसींवा, अभनपुर, आरंग में भाजपा की जीत।

रायपुर के सेजबहार भाजपाइयों में खुशी का माहौल, बैंड बाजा बजाकर और पटाखा फोड़कर कर रहे खुशी का इजहार। इसके साथ ही प्रदेश भाजपा कार्यालय में जय जय मोदी और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए जा रहे है।

छत्तीसगढ़ में मतगणना जारी है। शुरुआती तौर पर जो रुझान आया वह टक ?कर वाला था लेकि ?न समय के साथ बीजेपी बढ़त बनाती गई और कांग्रेस की जीत की उम् ?मीद खत ?म होती गई। छत ?तीसगढ़ में कांग्रेस हार तो रही है पर जनता इतनी परेशान हो गई है कि? सरकार के कई मंत्री भी पीछे चल रहे हैं। छत्तीसगढ़ में विधानसभा की 90 सीटें हैं और यहां मतदान दो चरणों में सात और 17 नवंबर को मतदान हुआ था।

# हार के बाद अभनपुर कांग्रेस प्रत्याशी ने ईव्हीएम से छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**रायपुर,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार मिल सकती है, वहीँ भाजपा बहुमत के साथ सरकार बना सकती है। कुछ देर में ही इस परिणाम सामने आ जायेंगे। रायपुर के सातों सीटों पर भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज कर ली है। वहीं एक और बड़ी खबर सामने आ रही है कि रायपुर के अभनपुर कांग्रेस प्रत्याशी धनेंद्र साहू ने हार के बाद ईवीएम पर सवाल उठाए है। उन्होंने जिस तरीके के नतीजे आए है, वह बिलकुल भी विश्वशनीय नहीं है। इस बार हमारी कांग्रेस की सरकार ने किसानों,बेरोजगारों महिलाओं, मजदूरों समेत सभी वर्ग के हित में काम किया है। उन्होंने कहा कि अवश्य ही ईवीएम मशीन में छेड़खानी की गई है, उन्होंने इसकी आशंका जताई है। इससे संदेह नहीं किया जा सकता इसमें गड़बड़ी नहीं की गई हो।



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव मतगणना के अब तक जो रुझान आए हैं वो चौकाने वाले हैं. सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस पीछे चल रही है. 90 विधानसभा सीटों में बीजेपी बढ़त बनाई हुई है. जिसमें भाजपा 54, कांग्रेस 35 और अन्य 1को जीत मिली।

**कड़ी टक्कर के बीच मंत्री कवासी लखमा को 1930 वोटो से मिली जीत**

कांग्रेस के जीत का खाता धरमजायगढ़ से खुला है. कांग्रेस प्रत्याशी लालजीत सिंह राठिया 10 हजार वोटों से जीत दर्ज की. वहीं अब कोंटा विधानसभा में कड़ी टक्कर के बीच मंत्री कवासी लखमा ने जीत दर्ज कर ली है. पूरे 17 राउंड की गिनती में कवासी लखमा को 1930 वोट से जीत मिली। कवासी लखमा (कांग्रेस) 32613, देवेंद्र तेलाम (जोगी कांग्रेस) 1383, मड़कमी मासा (बहुजन समाज) 1067, सोयम मुक्का (भाजपा) 30683, चनाराम मरकाम (आदिदल) 2849, जगदीश नाग (आजाद)1794, मनीष कुंजाम (निर्दलीय) 28748, बीड़ा सोढ़ी (निर्दलीय) 1444, नोटा 3675, कुल 104256

चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' का असर

# 144 ट्रेनें कैंसिल, तमिलनाडु में एसडीआरएफ के 100 जवान तैनात

**रायपुर,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 3 राज्यों में साइक्लोन अलर्ट जारी किया है। तमिलनाडु, ओड़िसा, पुडुचेरी में 4 और 5 दिसंबर को तूफ़ान का असर देखा जाएगा। यहाँ तटीय इलाकों में भारी बारिश की संभावना है जबकि आंध्रप्रदेश के कुछ इलाकों में हल्के से मध्यम वर्षा की भविष्यवाणी की गई है।



के अनुसार बंगाल की खाड़ी पर कम दबाव का क्षेत्र 2 दिसंबर को डीप डिप्रेशन में बदल गया अगले 12 घंटों में यह तूफान में बदल जाएगा द्य अलर्ट को देखते हुए तमिलनाडु में एसडीआरएफ के 100 जवान तैनात किए गए।

तूफान के चलते सेंट्रल रेलवे ने 3 से 7 दिसंबर के बीच चलने वाली 144 ट्रेन को रद्द किया है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, तमिलनाडु, बेंगलुरु, हैदराबाद, नई दिल्ली, हावड़ा, लखनऊ, विशाखापत्तनम, तिरुपति, पुडुचेरी सहित अन्य रूट पर चलने वाली ट्रेनों को कैंसिल किया गया है। रद्द की गई ट्रेनों में विजयवाड़ा जनशताब्दी (ट्रेन नंबर 12077 और 12078), निजामुद्दीन चेन्नई दुरंतो (ट्रेन नंबर 12269 और 12270), गया चेन्नई एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 12389 और 12390) और बरौनी कोयंबटूर स्पेशल (ट्रेन संख्या 3357 और 3358) शामिल हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, 5 दिसंबर की सुबह तूफान आंध्र प्रदेश के नेल्लोर और मछलीपट्टनम तट के बीच लैंडफॉल करेगा। उस समय तूफान की स्पीड 80-90 किमी प्रति घंटे होगी। यह 100 किमी प्रति घंटे तक भी पहुंच सकती है।

# भाजपा की जीत अभूतपूर्व: पंडित शास्त्री

**नवापारा राजिम,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रान्त में भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व जीत सनातन धर्म की विजय है, यह कहना है ज्योतिष भूषण पण्डित ब्रह्मदत्त शास्त्री का, उन्होंने कहा कि जीत हार का विश्लेषण तो राजनीति के अध्येतागण करेंगे किन्तु पूर्ववर्ती सरकार ने आते ही हमारे अंचल के राजिम कुम्भ को बन्द करने की घोषणा कर दी थी, जिसे भाजपा की धर्मप्राण सरकार के धर्मस्व मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने भागीरथी प्रयास करके देश और दुनिया में राजिम के नाम को प्रतिष्ठा दिलाई थी, देश भर से साधु सन्त आते थे, जिनके दर्शन से यह तीर्थ क्षेत्र और अंचल के लोग धन्य हो जाते थे, राजिम कुम्भ को बन्द करने से न केवल यहां के लोग और यहां आने वाले साधु सन्त दुखी हुए, नाराज हुए और यही नाराजगी एक बड़ा कारण बनी, शास्त्रीजी ने कहा राजिम कुम्भ का बन्द हो जाना ठीक ऐसा था जैसे राष्ट्रपति को पार्षद बना दिया जाय, अब फिर से महानदी महतारी को निर्मल, अविरल और शुद्ध करने के प्रयास किए जाएंगे, महानदी रीवर फ्रंट बनें, इसकी एक मात्र मांग हमने भाजपा के प्रत्याशी और अब नवनिर्वाचित विधायक इंद्रकुमार जी से की थी, पण्डित परिषद की ओर से



हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए शुभ आशीष देते हैं.

भूपेश के भरोसे की सरकार को मतदाताओ ने ठुकराया कर मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया. उक्त बातें भाजपा नेता राधेश्याम बंजारे एवं पार्षद ओमप्रकाश आडिल ने कहा श्रीबंजारे एवं आडिल ने संयुक्त रूप से कहा कि छत्तीसगढ़ में भरोसे की सरकार को जनता ने बुरी तरह से ठुकरा दिया वही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने मातृशक्ति और युवा शक्ति की बड़ी योगदान रही पिछले चुनाव में कांग्रेस महिलाओं से वादा किया था शराबबंदी 500 महीना गैस सिलेंडर में छूट महिला समूह की कर्ज माफी युवाओं को सरकारी नौकरी बेरोजगारी भत्ता जैसे अनेकों घोषणाओं को पूरा नहीं किया. बुनियादी सुविधा से लोगों को वंचित रखा, भ्रष्टाचार घोटाला का बोलबाला रहा.

किसान एवं समाजसेवी नारायणलाल साहू ने कहा कि अचल मे जैसा कि पूर्वानुमान था कि राजिम विधानसभा में कांग्रेस विधायक के प्रति घोर नाराजगी व्याप्त है वह सत्य साबित हुई और उसका परिणाम हे कि उनका प्रतिद्वंदी और भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू की शानदार विजय राजिम विधानसभा से हुई इस चुनाव के दरम्यान कांग्रेस पत्याशी द्वारा एक निजी टीवी चौनल को दिए अपने साक्षात्कार में कहा था कि क्षेत्र में अब कुछ खास काम बाकी नही रह गया है मोटा-मोटा सभी काम हो चुके है। जिसे यू-ट्यूब पर जाकर अब भी देखा जा सकता है। मतलब की राजिम विधानसभा में मतदाताओं और जनता को वो सभी बुनियादी सुविधाये उपलब्ध है जो कि ग्रामीण जनता के जीवन को सरल और आसान बनाती है। जबकि सच ये है कि राजिम, गरियाबंद, छुरा और फिंगेश्वर जैसे नगरीय निकाय में समस्याओं का अंबार है।

NECC

| 04.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.35 | 83 | 145 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 175 |

डिलीवरी 550 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

## छत्तीसगढ़ का विकास जारी रहे

छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिये 7 एवं 17 नवम्बर को हुए मतदान के रविवार को जो परिणाम घोषित हुए हैं और यहां की जनता ने एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को चुना है, उससे साफ है कि अब विकास की जिम्मेदारी इस दल पर है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि अगर मतदाताओं ने 5 साल के बाद फिर भाजपा को सत्ता सौंपने की इच्छा जताई है तो इसका अर्थ यह नहीं है कि कांग्रेस की सरकार ने जो काम अपने पिछले कार्यकाल यानी 2018 से 2023 के दौरान लागू किये हैं, वे बिलकुल ही बेकार रहे हैं। जनता का जीवन स्तर और ऊपर उठाने के लिये कांग्रेस जो नीतियां एवं कार्यक्रम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जरिये लेकर आयी, सम्भव है कि अगली सरकार अपने तरीके से, उन नीतियों एवं कार्यक्रमों के जरिये जारी रहेंगी क्योंकि जनता की भलाई हर सरकार की सर्वोच्च वरीयता होती है।

उल्लेखनीय है कि 2003 से 15 वर्षों तक डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में सरकार चलाई थी। इसलिये उसके पास पर्याप्त प्रशासकीय अनुभव भी है। उस वक्त रमन सिंह ने शहर केन्द्रित और उद्योग आधारित विकास नीति अपनाई थी। दूसरी तरफ निवर्तमान भूपेश बघेल सरकार ने राज्य के लिये ग्राम केन्द्रित और कृषि आधारित विकास का मार्ग चुना था। पिछली सरकार द्वारा अनेक ऐसी योजनाएं लाई गईं जिनके चलते गांवों में खुशहाली आई है। किसानों की कर्ज माफी से लाखों किसानों को फायदा पहुंचा था। इस बार भी यह वादा किया गया था कि पहले के मुकाबले धान का जो सर्वाधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य छग में मिल रहा है वह मिलता रहेगा। अगर कांग्रेस फिर से सरकार बनाती तो 3200 रुपये प्रति चिंटल एमएसपी मिलता। अब यह भाजपा की नयी सरकार का दायित्व होगा कि वह किसानों को उसके द्वारा घोषित धान की अच्छी कीमत (3100 रु. प्र. चिं.) दे।

ऐसे समय में जब भाजपा सत्ता में पांच वर्षों के बाद लौट आई है तो वह नये लोकहित कार्यक्रम बनाये, उन्हें लागू करे ताकि नागरिकों के जीवन स्तर में सतत सुधार हो और राज्य तरक्की करे। चुनाव आते-जाते रहेंगे, दल जीतते-हारते रहेंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि लोक हित के अच्छे कार्यक्रम चाहे जिस रूप में हों, चलते रहें। पिछली तीन सरकारों (अजीत जोगी, रमन सिंह व बघेल) ने अपने-अपने स्तर और समझ के अनुसार जनता के लिये कार्यक्रम चलाये जिनका असर भी हुआ है। किसी का कम किसी का अधिक हो सकता है। आशा है कि नयी सरकार बगैर किसी पूर्वाग्रह के और पूरी निष्पक्षता के साथ काम करेगी। जो भी वादे उसने अपने चुनावी घोषणापत्र में किये हैं, उन्हें वे यथासम्भव और यथाशीघ्र लागू करे। ये कार्यक्रम जनता के लिये हितकारी हों।

उल्टा पुल्टा

**पिंटू-** मम्मी आप तो कहती थीं कि परी उड़ती है फिर अपनी मौसी उड़ती क्यों नहीं?
**मम्मी-** उसको परी किसने कहा?
**पिंटू -** डैडी ही उन्हें परी कहकर बुला रहे थे।
**मम्मी-** तो फिर बेटा आज तेरी मौसी भी उड़ेगी और साथ में तुम्हारे पापा भी...






# जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र से किरण देव, चित्रकोट विधानसभा से विनायक गोयल और बस्तर विधानसभा सीट से लखेश्वर बघेल विधायक निर्वाचित

**जगदलपुर,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिला के तीन विधानसभा सीटों में से जगदलपुर से किरण देव और चित्रकोट से विनायक गोयल भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय हुए हैं वहीं केवल बस्तर विधानसभा क्षेत्र से ही कांग्रेस के प्रत्याशी लखेश्वर बघेल जीते हैं। सुबह 8:00 बजे से मत गणना प्रारंभ हुई। 1 से 14 टेबलों पर ईवीएम मशीन के मतों की गणना प्रारंभ हुई। जगदलपुर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी किरण देव प्रथम चक्र से ही निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जतिन जायसवाल से बढ़त बनाना शुरू किया जो मतगणना के 18 चक्र तक जारी रहा। किरण देव को कल 90336 वोट मिले जतिन जायसवाल को 60502 वोट मिले इस तरह से कुल 29834 वोटो से किरण देव विजय हुए। इन दो प्रमुख दलों के अलावा जगदलपुर विधानसभा से अन्य राजनीतिक दलों एवं निर्दलीय 9 प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में थे। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र भवानी को 2638 वोट मिले। इसी तरह जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रत्याशी नाम ने चांद को 1489 बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी संपत्ति कश्यप को 1265 राष्ट्रीय जनसभा पार्टी का प्रत्याशी वीरेंद्र विद्या को 237 आम आदमी जनता पार्टी की प्रत्याशी सरिता सिंह को 569 सर्वाधिक दल के प्रत्याशी डॉक्टर सुरेंद्र चालकी को, 578 निर्दलीय प्रत्याशी अब्दुल कय्यूम को 463 निर्दलीय विपिन कुमार को 671 और निर्दलीय सुभाष कुमार बघेल को 1301 वोट प्राप्त हुए। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के कुल 2 लाख 6226 मतदाताओं में से 1 लाख 60049 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 2836 मतदाताओं ने नोटा को चुना वहीं 113 मत अस्वीकृत किए गए।



**कांग्रेस के प्रत्याशी लखेश्वर बघेल ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मनीराम कश्यप को 6,434 मतों से किया पराजित:** बस्तर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के मनीराम कश्यप को पराजित कर तीसरी बार बस्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बने। लखेश्वर बघेल को कुल 68401 वोट मिले और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी मनीराम कश्यप को 61967 वोट प्राप्त हुए, इस तरह से कुल 6434 वोटों से लखेश्वर बघेल विजय हुए। पहले से ही यह अनुमान लगाया जा रहा था कि इस सीट पर लखेश्वर बघेल को पराजित करना काफी कठिन कार्य है, उनके सामने मनीराम कश्यप कमजोर प्रत्याशी हैं, लेकिन जिस तरह से मनीराम कश्यप ने लखेश्वर बघेल को टक्कर दिया उसकी भी काफी तारीफ हो रही है। पिछले चुनाव में लखेश्वर बघेल ने लगभग 35000 वोटो से जीत हासिल की थी जो वर्तमान में केवल 6434 वोटो से ही मनीराम कश्यप को हरा पाए। बस्तर विधानसभा क्षेत्र से प्रमुख राजनीतिक दल के अलावा अन्य पांच उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में थे। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी जगमोहन बघेल को 2551 अबाउट मिले, इसी तरह बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रामधन बघेल को 1751 जनता कांग्रेस के प्रत्याशी सुसाइड कश्यप को 1933, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी फूल कुमार बघेल को 772 हमर राज पार्टी के प्रत्याशी लखेश्वर कश्यप को 1379 और सर्वाधिक दल के प्रत्याशी शिवराम नाथ को 1250 मत मिले। बस्तर विधानसभा क्षेत्र में कल 167919 मतदाताओं में से 140004 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। 2738 मतदाताओं ने नोटा को चुना और 70 मत स्वीकृत किए गए। इसी तरह चित्रकोट विधानसभा में वर्तमान सांसद और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विनय गोयल के साथ था। इस प्रतिष्ठापूर्ण सीट से भारतीय जनता पार्टी के विनायक गोयल ने 8370 वोटो से दीपक बैज को पराजित कर कर दिया और चित्रकोट विधानसभा के विधायक निर्वाचित हुए। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विनायक गोयल को 63954 वोट मिले वहीं दीपक बैज को 5584 वोट ही मिले। इस प्रतिष्ठापूर्ण सीट पर विनय गोयल ने राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद दीपक बैज को पराजित कर अपने चुनाव संचालन की निपुणता का प्रदर्शन किया। यह चुनाव परिणाम एक तरह से पुरे बस्तर संभाग में अप्रत्याशित रहा। यह चर्चा का विषय बना रहा है कि भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष ने राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को पराजित कर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कोन्टा विधानसभा से लगातार छटवीं बार कवासी लखमा ने मारी बाजी

**सुकमा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव में भाजपा की जीत के बीच छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के तहत विधानसभा क्षेत्र 90- कोंटा से कवासी लखमा लगातार छटवीं बार अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब रहे। एक ओर जहां कांग्रेस सरकार के तकरीबन 9 मंत्री अपनी कुर्सी बचाने में सक्षम नही रहे वहीं कवासी लखमा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी सोयम मुका को 1981 मतों से हराकर अपनी कुर्सी बचाने में सक्षम रहे, जिसको लेकर उनके कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और सुकमा नगर में विजयी जुलूस निकाला गया। बता दें कि रविवार को हुए मतगणना में विधानसभा क्षेत्र 90- कोंटा से इंडियन नेशनल कांग्रेस के कवासी लखमा को 32776 मत प्राप्त हुए। वहीं क्रमशः भारतीय जनता पार्टी से सोयम मुक्का को 30795, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से मनीष कुंजाम को 29040, बहुजन समाज पार्टी से मडकमी मासा को 1078, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से देवेंद्र तेलाम को 1392, सर्व आदि दल से चनाराम मरकाम को 2881, आजाद जनता पार्टी से जगदीश नाग को 1812 एवम निर्दलीय बीड़ा सोड़ी को 1455 मत प्राप्त हुए। इस तरह इंडियन नेशनल कांग्रेस के कवासी लखमा 1981 मतों से विजयी हुए।



**तीन प्रत्याशियों में कांटे की टक्कर के मध्य 18 राउंड के मतगणना उपरांत आया परिणाम**

### पिछले विधानसभा की तुलना में भाजपा को अधिक मतों की मिली बढ़त

बता दें कि 2018 की तुलना में कांग्रेस को इस चुनाव में महज 801 मतों की बढ़त मिली है। जबकि भाजपा और सीपीआई के वोट बैंक में इजाफा हुआ है। भाजपा को 2018 विधानसभा की तुलना में 5571 और सीपीआई को 2018 विधानसभा की तुलना में 4491 मतों की बढ़त मिली है। वहीं 5 साल कैबिनेट मंत्री रहने के बाद कवासी लखमा को मामूली सी बढ़त सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी और जनता के प्रति नेताओं का व्यवहार वोटिंग प्रतिशत में गिरावट का बड़ा कारण बना।

# महिला के साथ अनाचार और हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले के बारसूर थाना अंतर्गत जोड़ातरई में एक महिला की अनाचार के बाद हत्या के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी गौरव राय के निर्देशन, एडिशनल एसपीराम कुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी कमल जीत पाटले के पर्यवेक्षण में थाना बारसूर जिला दंतेवाड़ा के अपराध क्रमांक 22/2023 धारा- 376, 302, 34 भादवि. के अज्ञात आरोपियो की पतासाजी कर गिरफ्तारी हेतु थाना बारसूर एवं थाना गीदम से टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुये पाये गये भौतिक साक्ष्य एवं साइबर डिटेल के आधार पर प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार किये गए।



**बारसूर और गीदम पुलिस को मिली सफलता साइबर सेल ने भी निभाई महत्वपूर्ण भूमिका**

गिरफ्त में आए आरोपियों में शिवराम मुरिया नागफनी जंगलपारा और दयालू लेखामी नागफनी जंगलपारा शामिल हैं।। इन्होंने पूछताछ करने पर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# विस कोण्डागांव व केशकाल में जीते बीजेपी प्रत्याशी लता व नीलकंठ



**कोण्डागांव,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले के दोनों विधान सभा क्षेत्रों में विकास का नारा देकर चुनाव मैदान में उतरी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याषियों को हार का सामना करना पड़ा और वहीं कोण्डागांव विधान सभा से भाजपा प्रत्याषी लता उसेंडी एवं केशकाल विधान सभा से भाजपा प्रत्याषी नीलकंठ टेकाम जीत हासिल करने में सफल रहे। और इस तरह कोण्डागांव जिले के दोनों विधान सभाओं में भाजपा का परचम लहराया।

कोण्डागांव विधान सभा में जहां पुर्व मंत्र रही भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी ने पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री को मात दी, वहीं केशकाल विधान सभा में भाजपा प्रत्याशी पुर्व कलेक्टर नीलकंठ टेकाम ने कांग्रेस प्रत्याशी व विधान सभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम को पराजित किया। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी लता उसेंडी व कांग्रेस प्रत्याशी मोहन मरकाम के बीच हुए मुकाबले में 18572 मतों से भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी ने जीत हासिल किया, तो वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पूर्व आईएएस कलेक्टर नीलकंठ टेकाम ने कांग्रेस प्रत्याशी संतराम नेताम को 5560 मतों से पराजित किया।

कांग्रेस सरकार में पीसीसी चीफ व मंत्री रहे मोहन मरकाम एवं विधान सभा उपाध्यक्ष रहे संतराम नेताम को हराकर कोण्डागांव एवं केशकाल विधान सभा क्षेत्र में भाजपा का परचम लहराने वाले दोनों प्रत्याषियों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलुस निकाला और जमकर आतिषबाजी किया।

# दंतेवाड़ा में भाजपा राज, कांग्रेस की करारी हार

- चैतराम अटामी की छविन्द्र पर रिकार्ड 16 हजार 342 मतों से जीत
- हर राउंड की गिनती में कांग्रेस को पछाड़ कर आगे बढ़ी भाजपा
- सातवें चक्र के बाद मिल गई थी निर्णायक बढ़त
- भाजपा में जश्न का माहौल, जमकर आतिशबाजी



**दंतेवाड़ा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा सीट पर भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भाजपा के उम्मीदवार चैतराम अटामी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के छविन्द्र कर्मा को 16 हजार 342 मतों से पराजित किया। 20 चक्रों में लगभग 10 घंटे चली मतगणना में हर चक्र में कांग्रेस को पराजय का मुंह देखना पड़ा। परिणाम आते ही भाजपाईयों में जश्न का माहौल था और जमकर आतिशबाजी हुई। भाजपाई दंतेवाड़ा के साथ ही प्रदेश में भी सत्ता वापसी पर जमकर खुश दिखे।

दंतेवाड़ा में जैसे की उम्मीद थी, भाजपा और कांग्रेस में ही सीधा मुकाबला रहा। आम आदमी और सीपीआई को ज्यादा मत नहीं मिले। चैतराम अटामी को कुल 56 हजार 920 और छविन्द्र कर्मा को 40 हजार 578 मत प्राप्त हुए। इस तरह से श्री अटामी ने 16 हजार 342 मतों से जीत दर्ज की। यह दंतेवाड़ा के इतिहास में किसी पार्टी के उम्मीदवार द्वारा अब तक की रिकार्ड जीत है। चैतराम अटामी की जीत पहले ही राउंड से तय हो गयी थी। पहले ही राउंड में श्री अटामी 946 मतों से आगे हो गए। इसके बाद दूसरे राउंड में 2 हजार 296, तीसरे में 1 हजार 925, चौथे में 3 हजार 376, पांचवे में 4 हजार 609, छठवें में 5 हजार 990, सातवें में 7 हजार 957, आठवें राउंड में 9 हजार 937, नौवें राउंड में 11 हजार 387, दसवें राउंड में 12 हजार 567, ग्यारहवें राउंड में 13 हजार 652, बारहवें चक्र में 13 हजार 565, तेरहवें चक्र में 13 हजार 495, चौदहवें चक्र में 14 हजार 638, पंद्रहवें में 14 हजार 366, सोलहवें चक्र में 13 हजार 825, सत्रहवें चक्र में 15 हजार 256, अठारहवें चक्र में 15 हजार 957, उन्नीसवें चक्र में 16 हजार 202 और बीसवें तथा अंतिम चक्र में भाजपा की यह बढ़त 16 हजार 227 मतों की रही।

डाक मतपत्र के हिसाब से चैतराम को 290 और छविन्द्र को 175 मत मिले। छविन्द्र ने दो-तीन चक्र में ही मामूली बढ़त बनायी, लेकिन हर चक्र में भाजपा उसे पछाड़ते हुए आगे निकल गयी। इस जीत के बाद भाजपाईयों में जश्न का माहौल रहा। मतगणना स्थल के बाहर सड़क पर सैकड़ों की संख्या में भाजपाई शाम तक डटे रहे। हर चक्र के परिणाम और बढ़त की घोषणा होते ही पटाखे भी छूटते रहे। 20 चक्र की मतगणना खत्म होते ही पूरा माहौल जय श्रीराम के नारों से गूंजता रहा।

भाजपा की ओर से उम्मीदवार चैतराम अटामी पूरी मतगणना तक डटे रहे, जबकि सीपीआई के भीमसेन मंडावी, बसपा के केशव नेताम व अन्य उम्मीदवार कुछ देर तक ही रहे। कांग्रेस की ओर से छविन्द्र कर्मा भी मतगणना स्थल पर पहुंचे, लेकिन पूरे समय तक उनके अभिकर्ता जिम्मेदारी संभालते रहे।

भाजपा की इस जीत पर वरिष्ठ नेता विजय तिवारी, पूर्व महामंत्री रामबाबू सिंह गौतम, नंदलाल मुड़ामी, रामू नेताम, दीपक बाजपेई, जय दयाल नागेश, पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अभिलाष तिवारी, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, कुणाल ठाकुर, राहुल आसरानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और जनता को धन्यवाद दिया कि उन्होंने भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया।

बसपा के केशव नेताम को 5 हजार 316, आम आदमी पार्टी के बल्लू भवानी को 7 हजार 96, सीपीआई के भीमसेन मंडावी को 9 हजार 107, जोगी कांग्रेस के बेला तेलाम को 2 हजार 109, निर्दलीय अमूलकर नाग को कुल 3 हजार 393 वोट मिले, जबकि नोटा को 8 हजार 438 वोट मिले। ये अंतिम आंकड़े हैं। मतगणना सुबह 8 बजे प्रारंभ हुई जो शाम 6 बजे तक जारी रही।

# पहले एडीबी ने बनाया टेढ़ा नाली अब पीएचई डाल रहा है नाली के ऊपर पाइप

**मगरलोड,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ धमतरी जिला के ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड में करोड़ों रुपया का सड़क निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा एडीबी के सहयोग किया जा रहा है लेकिन यहां एडीबी के उच्च अधिकारियों द्वारा गलत तरीके से नाली निर्माण में टेढ़ा-मेढ़ा करने के कारण व्यापारी संघ एवं आम जनताओ के द्वारा धरना प्रदर्शन चक्का जाम भी किया पर लोक निर्माण विभाग एडीबी के उच्च अधिकारियों द्वारा जानताओ व व्यापारियों की आवाज को अनदेखी कर मनमर्जी से टेढ़ा-मेढ़ा नाली निर्माण कर सड़क को भी टेढ़ा मेढ़ा करने में आतुर हैं कुछ लोगों को आपसी बातचीत कर फायदा पहुंचाने का काम कर लिया गया है जिसके कारण मुख्य चौक पर नाली को जानबूझकर टेढ़ा बनाया गया अब कई लोग नाली के ऊपर बकायदा चबूतरा व सीढ़ी बनाकर बेखौफ होकर आम रास्ता को जाम करने बेताब हैं जबकि एडीबी द्वारा लगभग एक मीटर और नाली निर्माण के समय छोड़ दिया गया उसके बाद भी आज अधिकांश जगहों पर नाली के ऊपर पूरी तरह सीढी निर्माण किया जा रहा है जिससे अधिकारियों की मिलीभगत होने का संदेह लगता है वही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उच्च अधिकारियों की अनदेखी की वजह से पाइपलाइन कनेक्शन को नाली को ऊपरी हिस्सा में डाल डाल जा रहा है जो पूरी तरह से कुछ व्यापारियों के साथ मिलीभगत होने का संदेह ठेकेदार व अधिकारियों को जाता है

नाली के ऊपर पाइप लाइन जाने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है तो कुछ घरों की आने जाने का रास्ता भी बाधित हो रहा है जिसकी जानकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अधिकारी धमतरी आर के शुक्ला को दी गई तो उन्होंने पत्रकार को नेतागिरी करने की बात कह कर पल्ला झाड़ दी जबकि शहर के व्यापारियों एवं आम जनता में इस कार्य से काफी नाराजगी व आक्रोश



पनप रहा है आज तक किसी भी शहर महानगर गली मोहल्ले में नाली के ऊपर पाइप लाइन बिछाने का कार्य नहीं देखा गया है वहीं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की अनुविभागीय अधिकारी कुरूद पी एस गजेंद्र जो पिछले 7 सालों से अंगद की तरह पैर जमा कर एसडीओ की कुर्सी पर जमे हुए है पीएचई विभाग के काम को पूर्ण गति प्रदान करने में चाहे वह जल जीवन मिशन का काम हो चाहे मगरलोड में पाइप लाइन विस्तार

- पत्रकार को धमतरी का ईईआर के शुक्ला कहता है नेतागिरी कर रहे हो
- सड़क, नाली निर्माण पाइपलाइन शिफ्टिंग पूर्ण नहीं होने से व्यापारियों आम जनता में भारी आक्रोश
- राज्यपाल एवं प्रदेश के मुख्य सचिव से शिकायत करने की तैयारी

का काम हो और केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना घर-घर जल प्रदान करने की जो गांव में तीव्र गति से होनी चाहिए वह आज तक पूर्ण नहीं हुआ है कई गांव में आज तक जल जीवन मिशन के तहत घरों में नल कनेक्शन नहीं लगा है और न ही शुद्ध पेयजल प्रदान की जा रही है लेकिन ठेकेदारों का आवभगत होकर अधूरी कार्य होने के बाद भी मूल्यांकन कार्य लगातार हो रहा है मगरलोड पाइपलाइन विस्तार कार्य में भारी भ्रष्टाचार होने की संभावना है क्योंकि यहां पाइप जो है ऊपरी सतह पर डाली जा रही है जिससे आम जनता में आक्रोश पनप रहा है इस संबंध में ठेकेदार मगरलोड पाइपलाइन बिछाया जा रहा है वह भी दबंगई कर नगर के पार्षद सभापति के साथ पाइपलाइन कार्य को मनमर्जी से काम करने की बात कही

इसकी शिकायत अब नगर पंचायत मगरलोड की सभापति पार्षद वार्ड क्रमांक 10 श्रीमती वीणा सिन्हा आम जनता के साथ प्रदेश के महामहिम राज्यपाल प्रदेश के मुख्य सचिवअमिताभ जैन,लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव से मिलकर उच्च अधिकारियों को जानकारी देंगे आखिरी इस तरह के कामों पर काम क्यों नहीं लग रहा है और सही कार्य करने उच्च अधिकारी निर्देशित क्यों नहीं कर रहे हैं।

क्या कारण है कि कुछ लोगों को व्यक्तिगत जगह का फायदा दिलाने के नाम पर एडीबी की व पीएचई की उच्च अधिकारियों व ठेकेदार लगे हुए हैं जिससे आज तक सड़क नाली पाइप लाइन विस्तार का काम टेढ़ा-मेढ़ा होने के बाद भी काम अधूरा है जिससे व्यापारियों एवं आम जनताओ में लगातार आक्रोश पनप रहा है

**ईई पीएचई आर के शुक्ला** - आप नेतागिरी कर रहे हैं इस संबंध में आप एसडीओ से बात करो।

एसडीओ लोक निर्माण विभाग **एडीबी एल एन एस राठौर** - पाइपलाइन नाली के ऊपर नहीं लगाया जाएगा साइड में अगर जगह है तो तोड़कर पाइप को नीचे डाला जाएगा।

# गुजरात के डांग में डायन प्रताड़ना के 145 मामले

## जादू टोने का अस्तित्व नहीं, कोई नारी डायन नहीं: डॉ. मिश्र



**रायपुर,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ.दिनेश मिश्र ने कहा गुजरात के डांग जिले से पिछले 10 वर्षों में 145 महिलाओं को जादू टोना करने,डायन के शक में प्रताड़ित करने की जानकारी सामने आई है 21वी सदी में प्रकार की घटनाएं अत्यंत शर्मनाक हैं। डॉ दिनेश मिश्र ने कहा जानकारी मिली है कि डायन के संदेह में प्रताडित महिलाओं की उम्र 30से , 70वर्ष की है , इनमे से 60प्रतिशत महिलाएं विधवा हैं. सामाजिक प्रताडना के कारण हत्या, आत्महत्या, बहिष्कार का सामना करना पड़ा .उन बेबस महिलाओं को उनके परिजनों परिजनो से भी सहयोग नहीं मिला बल्कि उन्हें उपेक्षा व तिरस्कार सहना पड़ा. इनमें से कुछ महिलाओं ने पुलिस में शिकायत भी की है. जादू टोने से बीमार करने, दुर्भाग्य, अपशकुन जैसे गैर तार्किक बातों को आधार बना कर प्रताड़ित ये महिलाएं बिना किसी दोष के कलंक झेलने को मजबूर हैं.अंधविश्वास के कारण ऐसी घटनाएं अक्सर देश भर से सामने आती हैं. डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा यह 145मामले तो सिर्फ सिर्फ सूरत डांग के ही हैं.यदि पूरे गुजरात राज्य की घटनाओं की जानकारी ली जाएगी तो ऐसे मामलों की संख्या हजारों में निकलेगी .इस मामले पर आर टी आई लगा कर पूरे प्रदेष के मामलों की जानकारी जुटाई जा रही है और जनजागरण अभियान चलाया जायेगा डॉ दिनेश मिश्र ने कहा गुजरात सरकार को डायन प्रताड़ना के विरोध में एक सक्षम कानून बनाना चाहिए. ताकि मामलों की वास्तविक जानकारी भी हो , दोषियों को सजा मिले तथा प्रताड़ितों को न्याय भी मिल सके।

# शासकीय महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में सेमिनार आयोजित



**सहसपुर लोहारा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बीकॉम भाग 3 के कुल 17 छात्र छात्राओं ने पीं पीं टी के माध्यम से विभिन्न विषयों जैसे आयकर रिटर्न दाखिला करना,भारत में जीएसटी का इतिहास और जीएसटी का प्रभाव, आयकर के संबंध में दी जाने वाली कटौती, अनुपात विश्लेषण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सेमिनार प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक सुश्री काजल साहू द्वारा किया गया इस मौके पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ.(श्रीमती) के एस परिहार, श्री मोना बर्मन,अंजू महोबिया, दीपक पटेल विवेक चौहान, मोहम्मद आरिफ एवं बीकॉम के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव बालिका टीम ने जीती मैच



**राजनांदगांव,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। पिछली विजेता दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम ने सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के पहले लीग मैच में जीत दर्ज की।

वाराणसी में बालिकाओं के लिए 2 से 4 दिसंबर 2023 तक आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के अपने पहले लीग मैच में सेंट एडमंड्स स्कूल जयपुर को 42-31अंको से परास्त किया।

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने उक्त संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम पिछली बार की स्वर्ण पदक विजेता है।

वाराणसी में आयोजित बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में देश और विदेश की टीमें भाग ले रही है।

डीपीएस खेलों इंडिया एकेडमी, भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव एवं सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल एकेड्मी के खिलाड़ियों से सज्जीत दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम की और से श्रेया घोष, श्वेता सिंह, करिष्मा मीणा, सानिया प्रधान, राजवीर मालाधरे, सोफी सिका, काम्या झा, नेहा मंडावी, प्रसिद्धी सोनकर, रमोली नेताम, अदिती यादव, ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । टीम के कोच अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव, सहायक कोच गीता यादव और मेनेजर मोहन राव है। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की अंतरराष्ट्रीय कोच कालवा राधा राव इस समय सिनियर नेशनल में कोच के रूप में भाग ले रहीं है अत: वे इस प्रतियोगिता में टीम के साथ नहीं है।

# बासीन सोसाइटी में हुई 11876 धान क्विंटल जाम

## परिवहन की आ रही समस्या



**गुरूर,** 3 दिसंबर। गुरुर ब्लॉक के ग्राम बासीन सोसाइटी में 11876 क्विंटल धान जाम की स्थिति है। अब तक यहां 16156 चिंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जिसमें से मात्र 4280 चिंटल धान का परिवहन मिलर के माध्यम से हुआ है। संग्रहण केंद्रों में अभी धान का उठाव नहीं हुआ है। सोसाइटी से मिली जानकारी के मुताबिक 30 नवंबर की स्थिति में खरीदे गए धान की कुल राशि तीन अरब 55 करोड़ 67 लाख 558 रुपए है। वही बारदानों की स्थिति देखें तो शासन की ओर से 64667 बारदाने प्राप्त हुए थे। जिसमें से वर्तमान में 24275 बारदाने उपलब्ध हैं। सोसाइटी प्रबंधन ने जल्द से जल्द परिवहन की मांग की है। ताकि अनवरत खरीदी जारी रहे।

# शॉर्ट सर्किट के चलते खड़ी फसल में लगी आग

**खरोरा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। बीते दिनों पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 10 नेवरा निवासी तुलाराम कश्यप पिता स्व. नंदलाल कश्यप के मुक्तिधाम स्थित खेत में शॉर्ट सर्किट के कारण पक कर तैयार खड़ा धान में आग लगा गया था जिसमें आधा से ज्यादा खड़ी धान जल कर खाक हो गया। सही समय पर घटना की जानकारी होने पर भूमि स्वामी द्वारा मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया गया तब तक फसल आधा जल चुका था। आसपास के खेतों में भी धान खड़ी हुई है यदि आग पर काबू नहीं पाया होता तो कई एकड़ भूमि में लगी धान जलकर खाक हो जाता है इस घटना के चलते भूमि स्वामी सदमे में है इस खेत में पहले भी 1 साल पहले इस खेत में आग लग चुका है या शंका है कि वह साथ सर्किट के चलते आग लगी है खेत के बीचो-बीच बिजली तार कनेक्शन लगा हुआ है आग लगने की घटना 2 साल में दूसरी बार है।

# कलेक्टर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मतगणना की सभी तैयारियां के संबंध में दी जानकारी

**गरियाबंद,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत 03 दिसम्बर को मतगणना होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित पत्रकार-वार्ता में जिले में मतगणना की तैयारी के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में सफलतापूर्वक मतगणना सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-54 राजिम एवं 55 - बिन्द्रानवागढ़ के वोटों की गिनती के लिए कृषि उपज मंडी परिसर गरियाबंद में दो मतगणना हॉल बनाये गये है। दोनों हॉल में मतगणना के लिए सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। दोनों हॉल में ईवीएम मशीन के वोटों की गिनती के लिए 14-14 टेबल तथा डाक मतपत्र तथा ईटीपीबीएस की गणना के लिए 2-2 टेबल लगाये गये है। सबसे पहले सुबह 8 बजे डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस के वोटों की गिनती की जायेगी। तत्पश्चात ईवीएम मशीनों में दर्ज मतों की राउंडवार गणना की जायेगी। मतगणना के लिए विधानसभावार मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना हेतु अभ्यर्थी एवं निर्वाचन/गणना अभीकर्ता की परिस्थिति में विधानसभावार निर्मित स्ट्रांग रूम 03 दिसम्बर को सुबह 7 बजे खोला जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेस में उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत सहित जिले के प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



- कृषि उपज मण्डी परिसर में सुबह 8 बजे से होगी मतगणना
- दोनों विस क्षेत्रों के लिए बनाए गए अलग-अलग मतगणना हॉल

प्रेसवार्ता में कलेक्टर छिकारा ने बताया कि जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 4 लाख 54 हजार 860 मतदाता दर्ज है। इनमें से 3 लाख 86 हजार 728 मतदाताओं ने विधानसभा निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसी प्रकार डाक मतपत्र, होम वोटिंग और ईटीपीबीएस के माध्यम से 2 हजार 89 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार जिले में कुल 85.02 प्रतिशत मतदान हुआ। कलेक्टर ने बताया कि मतगणना कार्य में नियोजित अधिकारी-कर्मचारी पेन-कागज, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं मोबाईल आदि नहीं ले जा सकेंगे। मतगणना के दौरान अभ्यर्थियों को राउंडवार प्राप्त मतों की जानकारी देने के लिए मीडिया सेंटर बनाया गया है। मीडिया सेंटर में मोबाईल ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना हॉल में मोबाईल फोन नहीं ले जा सकेंगे। मतगणना हॉल में पत्रकारों को फोटो व वीडियो कैमरा ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना परिसर में बिना आईडी पास के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

# 30 छात्रों को 40वीं वा भातिसी पुलिस बल ने 15वीं जनजातीय युवा विनियम हेतु किया रवाना

**डोंगरगढ़,** 3 दिसंबर। सामरिक मुख्यालय, 40वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, डोंगरगढ़ के प्रागंण में अनन्त नारायण दत्ता, सेनानी के नेतृत्व में राजेन्द्र सिहं अधिकारी, उप सेनानी द्वारा 15वीं जनजातीय युवा विनियम कार्यक्रम-2023-24 के अर्न्तगत भारत सरकार द्वारा होने वाले 30 स्थानीय युवा जनजातीयों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त आयोजन नांगलोई (नई दिल्ली) दिनांक-04.12.2023 से 10.12.23 तक किया गया है जिसमें 40वीं वाहिनी के कार्यक्षेत्र में स्थित दूर-दराज के गाँवों से आदीवासी छात्रों का चयन किया गया, जिसमें 16 छात्रा एवं 14 छात्र तथा 40वीं वाहिनी भा0ति0सी0पु0 बल की ओर से बतौर अनुरक्षक दल 02 महिला व 01 जवान शामिल है। इस दौरान यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व कमान अधिकारी, 40वीं वाहिनी भा0ति0सी0पु0 बल द्वारा 40वीं वाहिनी के कार्यक्षेत्र से चयनित छात्रों को सम्बोधित किया गया एवं यात्रा के दौरान रहने, स्वास्थ्य एवं एक स्थान से दुसरे स्थान तक आवागमन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में पर महोदय द्वारा विस्तार से जानकारी देकर कार्यकम की सफलता के लिए शुभकामनायें दी गयी। साथ हीं उन्हें परामर्श दिया गया कि यह कार्यक्रम आदिवासी छात्रों के लिए देश के अन्य राज्यों के रीति रिवाजों, पहनावे, खान-पान, संस्कृति, वास्तुकला, शिल्प इत्यादि को जानने का एक सुनहरा अवसर है ताकि यहां के स्थानीय लोग भी देश के विभिन्न स्पर्द्धाओं में भागिदारी दे सकें। अन्त में महोदय द्वारा चयनित छात्रों के माता-पिता को भी इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं छात्रों को कार्यक्रम का दिल से आनंद उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



## निधन

### पवन साहू

**रायपुर,** 3 दिसंबर। कमल विहार डुंडा निवासी पवन साहू का 2 दिसम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 दिसम्बर को डुंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे कीर्तन साहू, चेतन साहू, खोमन साहू के पिता एवं हीरा साहू, नंदकुमार साहू, चंद्रकुमार साहू के भैया थे।



### संतोष चंद्राकर

**महासमुंद,** 3 दिसंबर। स्थानीय शंकर नगर वार्ड नंबर 1 निवासी संतोष चंद्राकर 65 वर्ष (गोंडपाली)वाले का निधन 2 दिसंबर को हो गया। वे प्राथमिक शाला गुरूडपारा पदस्थ शिक्षिका श्रीमती कुलेश्वरी चंद्राकर, अंजली चंद्राकर के पति व प्रकाश चंद्राकर (राजा) के पिता थे।

# वीआईपी रोड रिपेयरिंग शॉप में गैस सिलेंडर से धमाके से दहला शहर

**राजनंदगांव,** 3 दिसंबर। ग्रीन हाइट्स के सामने वीआईपी रोड में स्थित गैस रिपेयरिंग सेंटर में एक साथ अनेकों गैस सिलेंडर के भारी धमाके के साथ फट जाने से आग धधकने से सनसनी फ़ैल गई हैं। जिला नियंत्रण कक्ष पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना आज शाम 6=19 बजे की है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स और फायर ब्रिगेड घटनास्थल पहुंच कर बचाव कार्य में लग गई है, सनीखेज खबर के बाद लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट रही है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र से किरण...

दिया। बस्तर संभाग के विधानसभा चुनाव को लेकर जो अनुमान लगाया जा रहे थे और जो परिणाम सामने आया उसे लेकर लोगों ने अपने विचार कुछ इस तरह से व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि इस चुनाव में मतदाता मताधिकार का पूरे सोच समझ के साथ प्रयोग किया और विकास को महत्व दिया यही कारण है कि कुछ इस तरह के परिणाम बस्तर संभाग में देखने को मिले। पिछले चुनाव में जो 12 विधानसभा चुनाव में 12 के 12 सीट कांग्रेस के पास थी अब उनमें से आठ भारतीय जनता पार्टी ने जीत लिया हैं और केवल चार सीटों पर ही कांग्रेस को जीत मिली है।

### महिला के साथ अनाचार...

घटना की बात स्वीकार की। इन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक राजेश चण्ड थाना प्रभारी थाना बारसूर, निरीक्षक धनंजय सिन्हा थाना प्रभारी थाना गीदम, उप निरीक्षक सुभाष पवार साइबर सेल दंतेवाड़ा एवं थाना स्टॉफ बारसूर, गीदम, एवं साइबर सेल दंतेवाड़ा की सराहनीय भूमिका रही।

# खेरथा स्कूल में आनंद मेला का आयोजन



**देवरी बंगला, बालोद,** 3 दिसंबर।- दि.1-12-2023 शुक्र वार को शा. उ. मा. शाला खेरथा बाजार के प्रांगण मे आनंद मेला का आयोजन बड़े धूम धाम से किया गया द्य इस आयोजन मे संस्था के सभी छात्र छात्राएं बड़े उत्साह से भाग लिए द्य शाला स्तरीय एवं संकुल स्तरीय इस आनंद मेला मे शा. उ. मा. शाला खेरथा बाजार, शा. पूर्व मा. शाला खेरथा बाजार, शा. प्राथमिक शाला खेरथा बाजार, शा. प्राथमिक शाला रामनगर खेरथा बाजार, शा. प्राथमिक शाला सिरपुर, शा. प्राथमिक शाला बड़े पारा आतरगांव, शा. प्राथमिक शाला खेरथा बाजार छोटे पारा आतरगांव के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए द्य संस्था प्रभारी पी. एस. सो री सर ( व्याख्याता), वाई. एल. सिन्हा ( प्र. पा.), समिति सदस्य गण एवं संस्था के समस्त शिक्षक स्टाफ के द्वारा विधिवत चाचा नेहरू जी एवं मा सरस्वती फोटो प्रतिमा के समक्ष दीप प्रजवलिट एवं पूजन कर आनंद मेला का शुभारंभ किया गया द्य इस आयोजन मे सभी संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ, सभी शाला के समिति सदस्य गण, पालक गण, ग्रामीण जन, महा विद्यालय के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या मे उपस्थित होकर आनंद मेला खूब आनंद लिया द्य संकुल समनव्यक श्री डी. लोन्हारे के निर्देशन मे संकुल स्तरीय आनंद मेला का आयोजन किया गया द्य जो अच्छा सराहा नीय रहा द्य आनंद मेला का निरीक्षण गंगबाइर सर, धरम गुडी सर एवं देवांगन सर के द्वारा किया गया द्य अन्त मे संस्था प्रमुख के द्वारा इस सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद, बधाई, शुभ कामना प्रेषित की गई।

# विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरूकता गोष्ठी एवं रैली का आयोजन



**डोंगरगांव,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। हायर सेकेंडरी स्कूल कुमरदा में रा से यो एवं रेडक्रास द्वारा 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स जागरूकता गोष्ठी एवं रैली का आयोजन किया गया। रा से यो कार्यक्रम अधिकारी बसंत कुमार यादव ने बताया कि इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुमरदा के डॉक्टर विजय मेश्राम, जीवरखन साहू सुपरवाइजर एवं जनकल्याण सामाजिक संस्था राजनांदगांव से लिंक वर्कर आशा राजपूत,एवं पूर्णिमा तारम द्वारा एड्स कारण ,निवारण एव बचाव इस विषय पर महती उपयोग की जानकारी प्रदान किया गया। व्याख्याता वीरेंद्र कुमार वैष्णव ने एड्स जागरूकता के गीत प्रस्तुत किए।इस अवसर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मिलाप दास साहू, व्याख्याता टी आर पिसदा, मनोज शर्मा, अखिल पटेल, मितवेष डोंगरे,रामकलिंद भूआर्य,कुमन ठाकुर,भारती यादव,विमलेश्वी रामटेके , पी टी आई सुरेश तिवारी समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला राजनांदगांव में आनंद मेला आयोजित

**राजनांदगांव,** 3 दिसंबर। राजनांदगांव संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, में 30.11.2023 दिन-गुरूवार को संस्कार सिटी कॉलेज एवं स्कूल के छात्रों के द्वारा साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी एवं संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के सभी प्रशिक्षणार्थियों ने मिलकर बाल मेला में विभिन्न खाने पीने के स्टाल व झूले आदि लगाय ।कार्यक्रम की जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर गुरप्रीत कौर छाबड़ा जी के द्वारा दी गई।



# विकासखण्ड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता संपन्न



**भाटापारा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन स्थानीय शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविधालय के खेल मैदान में आयोजित किया गया। खेल का शुभारंभ शासकीय गजानंद महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती डॉ पूर्णिमा साहू अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आनंद मिंज प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव के आतिथ्य में हुआ। आयोजन के क्रीड़ा प्रभारी शरद पंसारी ने बताया कि इस आयोजन में भाटापारा विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायत, शहर के स्कूल एवं अन्य संस्थाओं के खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम खिलेश्वरी वर्मा लेवाई द्वितीय प्रीति यादव 400 मीटर में प्रथम दुर्गा ध्रुव द्वितीय सिद्धि साहू तरंगा, तवा फेंक में प्रथम सरोजनी सागर लेवाई,

**ग्राम लेवई ओवर ऑल चैंपियन**

द्वितीय रागिनी साहू तारेंगा, बैडमिंटन में प्रथम अनुष्का साहू, द्वितीय साक्षी बघेल, तृतीय फलक सभी मार्डन इंग्लिश मीडियम स्कूल भाटापारा, खो-खो में प्रथम ग्राम लेवाई द्वितीय ग्राम कोदवा, रस्सा कसी में प्रथम पंचम दीवान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा, द्वितीय मयूर शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा रही इसी प्रकार 18 से 35 आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम किरण ध्रुव लेवाई, द्वितीय गायत्री साहू तरेंगा, 400 मीटर प्रथम लक्ष्मी साहू लेवाई, द्वितीय गायत्री साहू तरेंगा, तवा फेंक प्रथम हीना यादव तरेंगा, द्वितीय मोतीम साहू तरेंगा बैडमिंटन प्रथम श्रुति बंजारे भाटापारा, द्वितीय नेहा पाल, भाटापारा, खो- खो प्रथम लेवाई द्वितीय कोदवा की टीम रही। इस तरह से ग्राम लेवई की टीम ओवर ऑल चैंपियन रही।

सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं ट्राफी प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के सफल सम्पादन में आलोक गुप्ता, योगेश कटैलिया, सोनचंद ध्रुव, फिरोज टंडन, चंद्रकांत बागड़े, परिचय मिश्रा, उमाप्रसाद राठौर, अखिलेश यादव, निर्मल जांगड़े, शिब्बू मानिकपुरी, सुमन साहा, श्रीमती इंद्राणी साहू, श्रीमती महेश्वरी पंसारी, वर्षा मिरी, रमा टंडन, आकाश आनंद, राहुल साहू, लोकेश ध्रुव, खिलेशवर वर्मा, सागर वर्मा के साथ साथ शहर थाना, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका परिषद के साथ साथ शासकीय गजानंद महाविघालय समस्त स्टाफ का सहयोग प्राप्त हुआ।

# शीतला माता मंदिर में चोरी



**पिथौरा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर के शीतला मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया।शीतला समाज के अध्यक्ष प्रेम सिन्हा के अनुसार चोरों ने माता का छत्र मुकुट सहित कोई 10 हजार कीमत का सामान एवम नगद पार कर दिया।इसके पूर्व 16 नवम्बर को थाना परिसर स्थित थानेश्वर महादेव में भी चोरों ने ताला तोड़कर दानपेटी से 15 हजार से अधिक की चढ़ोत्तरी पर हाथ साफ किया था।

शुक्रवार की रात नगर के पुरानी बस्ती पारा में स्थित पुरातन शीतला मंदिर में चोरों ने धावा बोला।मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि चोर मंदिर के पीछे से अंदर घुसे।पहले मंदिर के अंदर चेंनल गेट में लगे ताले को एक छड़ से तोड़ा एवम इसके बाद गर्भ गृह के मजबूत दरवाजे में लगे ताले को भी उसी छड़ से तोड़ कर माता की मूर्ती के ऊपर लगे चांदी के छत्र, मुकुट, नथ एवम कांसे का एक घण्टा, आरती की 2 थाली, त्रिशूल, लोटा एक तलवार सहित चढ़ावे के रुपये करीब 1000 ले भागे।

**पुलिस के सामने चुनौती बनी चोरियां:** नगर एवम क्षेत्र में लगातार एक के बाद एक हो रही चोरियां पुलिस के लिए चुनौती बन गयी है।पुलिस अब तक एक भी चोरी पकड़ना तो दूर आरोपी का सुराग तक नही लगा पाई है।पुलिसिया निष्क्रियता से क्षेत्र वासियों में अपने जानमाल को लेकर चिंता बढ़ गयी है।क्षेत्रवासियों ने पुलिस अधीक्षक से क्षेत्र में हस्त बढ़ाने की मांग की है। ज्ञात हो कि विगत 16 नवम्बर को भी पिथौरा थाना परिसर में स्थित थानेश्वर महादेव में भी चोरों ने दानपेटी पर हाथसाफ करते हुए कोई 15 हजार से अधिक की चोरी कर ली थी।

**मौके पर पहुची पुलिस:** आम तौर पर चोरी की रपट लिखने में अनदेखी करने वाली पुलिस इस घटना की सूचना के तत्काल बाद दल बल के साथ घटनास्थल शीतला मंदिर पहुची। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चोर की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

# पुंसवन संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न



**राजिम,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में परम् पूज्य गुरुदेव एवं परम् वंदनीया माताजी के सूक्ष्म उपस्थिति व संरक्षण में आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी कार्यक्रम के अंतर्गत गायत्री शक्तिपीठ राजिम में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ 19 गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार संपन्न हुआ।इस अवसर पर चन्द्रलेखा गुप्ता मुख्य प्रबंध ट्रस्टी ने पुंसवन संस्कार के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि गर्भवती माताओं को खानपान के साथ ही अपने व्यवहार को भी संयमित रखना चाहिए. जिसका सीधा प्रभाव गर्भस्थ शिशु पर पड़ता है. यज्ञ कार्यक्रम कार्यक्रम का संचालन चन्द्रलेखा गुप्ता, शेखर यादव ने किया. वहीं आभार व्यक्त करते हुए सक्रिय कार्यकर्ता संतोष साहू ने कहा कि सभी गर्भवती माताएं पुंसवन संस्कार जरूर करावें ताकि आने वाले पीढ़ी सँस्कारित हो. इस अवसर पर माँ भगवती महिला मंडल की बहन ट्रस्टी दीपा साहू, सरिता यदु, सीतू ध्रुव, अंजली घाटगे, निर्मला साहू, महेश्वरी साहू, रूखमणी सेन गायत्री साहू, सीता साहू उपस्थित थे. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता आरती नगारची, अन्नपूर्णा जोशी, ममता नवरंगे, कुसुम धरमगुड़ी, कौशिल्या शर्मा, मोहनी साहू, नीरा साहू, पदमनी साहू का सराहनीय योगदान रहा.

# राम मंदिर, अयोध्या से आया बाबा भूतेश्वरनाथ के नगरी में पीले चावल का कलश

**गरियाबंद,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में रामलला की स्थापना की तिथि नजदीक आ रही है। मंदिर निर्माण अपने अंतिम चरण में है।22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस शुभ अवसर में देश भर में राम भक्तों को अयोध्या का आने का आमंत्रण देने पीले चावल भेजे जा रहे हैं। शनिवार को पीले चावल से भरा एक कलश भूतेश्वरनाथ भगवान महादेव की नगरी गरियाबंद भी पहुंचा। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष शिशु पाल राजपूत इस लेकर आए। यहां हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारियों ने तिरंगा चौक में कलश का स्वागत किया।



विहिप अध्यक्ष शिशुपाल राजपूत ने बताया कि अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए गरियाबंद वासियों को आमंत्रण देने कलश यात्रा पहुंची है। श्रीरामलला की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के न्यौता देने गरियाबंद पहुँचा अक्षत कलश घर घर जाकर आमंत्रण देगा। ज़िला अध्यक्ष शिशु पाल राजपूत ने बताया कि अयोध्या में श्री रामजी के विशाल मंदिर का भव्य शुभारंभ के लिए 22 जनवरी का दिन निश्चित किया गया है। श्री राम मंदिर के शुभारंभ के अवसर पर जो भी पूजा में शामिल होकर मंदिर के भव्य शुभारंभ का साक्षी बनेंगे उनको छत्तीसगढ़ के चावल से बने भोजन प्रसाद स्वरूप प्राप्त होंगे। कलश में पीले चावल हैं, यह पीले चावल घर घर बांटे जाएंगे और अयोध्या के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

**रामलला के दर्शन के लिए गरियाबंद वासियों को मिला आमंत्रण**

मालूम हो की हिंदू धर्म कि मान्यता के अनुसार शुभ कार्य के निमंत्रण देने से पहले उनके घर पर पीले चावल दिए जाते हैं। सत्य प्रकाश मानिकपुरी ने बताया कि हिंदू मान्यता के अनुसार जब भी कोई शुभ कार्य होता है तो उसका निमंत्रण देने से पहले उनके घर पर पीले चावल दिए जाते हैं। इसके बाद निमंत्रण स्वीकार किया जाता है। अक्षत कलश आमंत्रण के स्वागत के लिए नगर के वरिष्ठ सत्य प्रकाश मानिकपुरी, रिखी राम यादव, परस देवांगन, प्रकाश निर्मलकर, आशीष शर्मा, प्रकाश सोनी, भानु प्रकाश राजपूत, दिलीप यादव, नवीन सिन्हा, टीकम माण्डले आदि उपस्थित रहे।

# महुआ, उपर 3300, नीचे 2500, संकट में संग्राहक और कारोबारी

**भाटापारा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। सघन जांच और तगड़ी कार्रवाई जारी रही तो महुआ में भाव टूटने की आशंका बन रही है। डिस्टलरियों की खरीदी तो है लेकिन बेहद सीमित है। रही बात पशु आहार उद्योगों की, तो मांग निकलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं महुआ कारोबारी।

नई फसल में फिलहाल तीन माह का लंबा वक्त है लेकिन बाजार जैसा चल रहा है, उसे देखते हुए कारोबारी बेहतरी की संभावना वाला नहीं मान रहे हैं क्योंकि कड़ी जांच और कार्रवाई चल रही है। इसलिए भाव स्थिर बने हुए हैं। यह नई फसल की आवक शुरू होने के बाद भी बने रहने की आशंका है।

**सांसत में कारोबार**

महुआ संग्राहक और अंतरप्रांतीय कारोबार। यह दोनों संकट का सामना कर रहे हैं क्योंकि प्रदेश में कड़ी जांच चल रही है। इसलिए संग्राहक अपने पास भंडारित उपज, बाजार



तक ला नहीं पा रहे हैं। दूसरी तरफ डिस्टलरियां इसलिए परेशान हैं क्योंकि उत्पादन के अनुपात में उत्पादित सामग्री का उठाव धीमा है। इसलिए परिस्थितियों पर नजर रखी जा रही है। ऐसे में महुआ की कीमत स्थिर है।

**रिकॉर्ड भंडारण**

अच्छी मांग की आस में महुआ के थोक कारोबारियों ने बीते बरस खूब खरीदी की थी। छिटपुट मांग के बीच लगभग 20 हजार टन का बंपर स्टॉक, प्रदेश में अच्छे दिन की प्रतीक्षा कर रहा है लेकिन स्थितियां फिलहाल प्रतिकूल बनती नजर आ रहीं हैं। ऐसे में गुणवत्ता पर भी दुष्प्रभाव देखने में आ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो कीमत और नीचे जा सकती है।

**नीचे 2500, ऊपर 3300**

कमजोर लिवाली के बाद इस समय गुणवत्ता युक्त महुआ 3300 रुपए क्विंटल और औसत दर्जे के महुआ में भाव 2500 रुपए क्विंटल बोले जा रहें हैं। तेजी की संभावना नजर नहीं आ रही है जबकि मंदी की आशंका लगातार व्यक्त की जा रही है।

**कारोबारी माहौल शांत**

महुआ में कारोबारी माहौल बेहद शांत है। उठाव सीमित है। ऐसे में भाव नीचे जाने की आशंका है।

**- सुभाष अग्रवाल**
**एसपी इंडस्ट्रीज, रायपुर**

# हथबंद में लाखों का जुआ खेल रहे 10 जुआड़ियों से पुलिस ने 122000 नगद जप्त किया

**सिमगा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। हथबंद थाना प्रभारी अजय झा से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हथबंद में गए शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना के समीप जुआ का बड़ा चल रहा है जिसमें लाखों का दांव लगाया जा रहा है। जिस पर थाना प्रभारी अजय झा सउनि जगदेव कुमार साहू, पीआर. 119 अश्वनी वर्मा, रक्षक 592 प्रदीप शर्मा, 757 कमल बर्मन, 809 प्रशांत धर दीवान, 887 नंदकिशोर वर्मा की टीम द्वारा घेराबंदी कर छापामार कार्यवाही किया गया। जिसमें

जुआ खेल रहे सभी 10 आरोपियों को सार्वजनिक जुआ अधिनियम 13 जुआ अधिनियम एवं 4, 5 छ.ग. जुआ अधिनियम 2000 अधिनियम के तहत गिरफतार कर कार्यवाही करते हुए रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस कार्मेंयवाही आरोपियों से 52 पत्ती ताश एवं ?1,22,000 नगद जप्त किया गया है। पकड़े गए जुआड़ीयों में टेकराम विश्वकर्मा



पिता परषोत्तम विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष साकिन ब्राम्हण पारा हथबंद, कृष्णा चतुरे पिता उमाशंकर उम्र 22 वर्ष साकिन सतनामी पारा हथबंद। राजेन्द्र बघेल पिता प्रेमलाल बघेल उम्र 32 वर्ष साकिन हथबंद। राजा साहू पिता देवलाल उम्र 22 वर्ष साकिन धोधा।भुषण पिता लालू राम वर्मा उम्र 52 वर्ष साकिन हथबंद। अशोक दुबे पिता श्याम लाल दुबे उम्र 54 वर्ष साकिन हथबंद।नीतेश पिता लालमन प्रसाद पाठक उम्र 38 साल साकिन हथबंद। छत्रपाल बघेल पिता दिलीप सिंह उम्र 47 वर्ष साकिन हथबंद। जितेन्द्र पिता रोहित तुरकाने उम्र 21 वर्ष साकिन धोधा। संदीप साहू पिता भरत साहू उम्र 20 साल साकिन धोधा थाना हथबंद शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि एक माह पूर्व हथबंद पुलिस द्वारा सिमगा नगर के एक बड़े जुआ अड्डे पर छापामार कार्यवाही किया गया था जंहा से लाखों रुपए जप्त किया गया था। जिले के हथबंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत भी कुछ समय से जुआ एवं अवैध शराब की बिक्री बदस्तूर जारी है। सिमगा के कुछ बड़े शराब कोचिया खुलेआम शराब तस्करी कार्य कर रहे है। आनन फानन में अब जाकर हथबंद के जुआ अड्डे पर छापेमार कार्यवाही संदेह के दायरे में है। बताया जाता है कि जुआ अड्डा का संचालन महज 500 मीटर की दूरी पर हो रहा था। जिससे कि क्षेत्र में जुआरियों के हौसले बुलंद है।

# ललित ठाकुर के सुरमयी गायन से सजा नाट्य झांकी प्रदर्शन

**भाटापारा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। भगवान राम के आदर्शमय जीवन एवं प्रेरणादायी प्रसंगों मे विभिन्न स्थलों की महिमा है क्योकि ये स्थल साक्षी हैं उन आयामों के जिनका निर्माण भगवान द्वारा किया गया और समाज को महान संदेश एवं प्रेरणा दिया गया है, ऐसे ही स्थलों मे एक स्थल का नाम आता है और वह है श्रृंगवेरपुर धाम जहां भगवान के संघर्षमय जीवन की रुपरेखा बनी और नवपथ की ओर अग्रसर होनें का मार्ग प्रशस्त हुआ।



**श्रृंगवेरपुर की धरा में भाटापारा द्वारा भव्य पैगाम, राम केंवट प्रसंग का मनोहारी नाट्यमय आयाम**

**राम केंवट की अप्रतिम प्रेम अभिव्यक्ति:** प्रयाग से लगभग 35किलोमीटर की दूरी पर स्थिति श्रृंगवेरपुर कालांतर मे निषादराज की राजधानी थी, भगवान को चौदह वर्ष के वनवास की प्राप्ति के बाद भगवान वन की ओर गमन किये जहां गंगा नदी पार करने के लिए केंवट से हुए संवाद और उसके बाद दोनों के बीच प्रेम की विराट अभिव्यक्ति समाज के लिए एक आदर्श बन गयी, भगवान वहां रात्रि विश्राम भी किये एवं माना जाता है कि वहीं उन्होने बरगद वृक्ष के दूध से अपने जटा का निर्माण किया, उसके बाद वनवासी वेश धारण कर गंगा पार कर आगे पथ की ओर गमन किये, ये तमाम दृष्टांत उक्त स्थल की महिमा को भव्यता प्रदान करती है, एवं सभी को आस्था एवं श्रद्धा के बिन्दु से जोड़ती है, तथा यहां पंहुचकर जनमानस अतीत के समृद्ध स्मृतियों का दर्शन प्राप्त करतें है।

**रामायण मेला समिति की अभिनव पहल:** उपरोक्त स्थल की महत्ता एवं भव्यता को जनमानस के बीच अभिव्यक्त करने का महती कार्य विगत तीन दशकों से निरंतर जारी है जिसके तहत रामायण मेला आयोजन समिति के माध्यम से प्रतिवर्ष देवउठनी एकादशी से कार्तिक पूर्णिमा तक भव्य राष्ट्रीय रामायण मेला का आयोजन किया जाता है, जिसमें अध्यक्ष बालकृष्ण पाण्डेय, महामंत्री उमेश चन्द्र द्विवेदी अमित द्विवेदी सियाराम सरोज आदि पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों की कुशल नेतृत्व मे इस विराट आयोजन का संपादन किया जाता है, जिसके तहत देशभर से विविध व्यक्तियों एवं संस्थाओं का समागम होता है एवं विभिन्न माध्यमों से उनके द्वारा भगवान राम के जीवन आदर्शों की भव्यता प्रस्तुत की जाती है।

**ललित ठाकुर टीम द्वारा राम केंवट प्रसंग:** राष्ट्रीय रामायण मेला का 34वां सोपान इस वर्ष 23नवंबर से 27नवंबर तक आयोजित था, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ललित सिंह ठाकुर की दुर्गा माला मंच द्वारा राम केंवट प्रसंग की मनोरम नाट्टय झांकी प्रस्तुत की गयी जिसमें राम की भूमिका मे मुकेश शर्मा माता जानकी की भूमिका मे सरिता रानी शर्मा लक्ष्मण रवि वैष्णव केंवट की भूमिका योगीनाथ वैष्णव एवं उनकी पत्नी की भूमिका कमला वैष्णव द्वारा प्रस्तुति दी गयी, ललित सिंह ठाकुर के सुरमयी गायन और उनकी टीम घनश्याम नेताम बाबूलाल यादव बंशीलाल साहू आदि के मनोहारी वादन से राम केंवट प्रसंग की नाट्टय झांकी सजी हुई नजर आयी, तथा विशाल जनसमूह नाट्टय झांकी का उमंग उत्साह एवं मन्त्रमुग्ध भाव के साथ आनंद लेते हुए नजर आये।

# स्वयंसेवकों द्वारा नवाडीह में एड्स जागरूकता शपथ एवं रैली का किया गया आयोजन

**राजिम,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम के रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में स्वयं सेवको ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम एल वर्मा के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉक्टर समीक्षा चंद्राकर, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी तामेश्वर मारकंडे के नेतृत्व में गोदग्राम नवाडीह में एड्स जागरूकता रैली एवं एड्स जागरूकता शपथ का आयोजन किए।



रैली के माध्यम से स्वयं सेवको ने लोगो को एड्स से बचने के उपायो के बारे मे लोगो को जागरूक किया साथ ही एड्स रोगियों के साथ सौहाद्रपूर्ण व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया। एड्स जागरूकता रैली की शुरुवात महाविद्यालय प्रांगण से हुई तथा नारा लगाते हुए सभी स्वयं सेवक गोदग्राम नवाडीह पहुंचे। गोद ग्राम नवाडीह के मुख्य चौक पर स्वयं सेवको ने मानव श्रृंखला बनाकर के द्वारा एचआईवी एड्स के लिए लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से रेड रिबन क्लब के संकेत चिन्ह का निर्माण किए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वयं सेवक हुमन देवांगन, कमलनारायण, निखिल, वैभव, पोषण, टिकेश्वर भारती, लाला साहू, रामचरण, खुशबू, कविता साहू, स्वाती सोनवानी, संतोषी, खेमीन, कला, रानू, प्रिया, लिशा ध्रुव, कुणाल, कामिनी, ज्योति, नीलम, केशर, लक्ष्मी निषाद, लक्ष्मी पटेल एवं विभा साहू के साथ बड़ी संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित थे।

# भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खरोरा में अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस पर विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन



**खरोरा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। अंतर्राष्टीय एड्स दिवस के पर भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खरोरा में विचार गोष्ठी का आयोजन, साथ ही पोस्टर मेकिंग, मानव श्रृंखला, निबंध, नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया, जिसमे तारणी सेन, वंदना12वी ,वर्मा, भूमिका देवांगन 12वी अ योगिता भारती 9वी ,खुशबू यादव 11वी ,शिवांगी निषाद प्रभारी हेल्थ केयर के विचार प्रभावी रहे।एड्स जागरूकता पर नुक्कड नाटक ने एड्स के सभी पहलुओं जैसे एड्स क्या है, एड्स के लक्षण क्या है, एड्स होने की संभावना व उनके रोकथाम को रेखांकित करते हुए बेहतरीन व ज्ञानवर्धक प्रस्तुति नवमीं द के छात्राओं ने किया।कार्यक्रम का संयोजन रजनी त्रिपाठी व रीता रानी वर्मा ने किया। अवसर पर प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, पी देवांगन, शाहिना परवीन, डोमार सिंह यादव, महेंद्र साहू, श्वेता शर्मा, तान्या भट्टाचार्य, संगीता नायक, रीता रानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, चमेली खरे, जयंती साहू, सुनीता सिंह, नेहा राठौड़, अलका मिंज, मोंगरा साहू, नीतू यादव, योगेंद्र त्रिपाठी, बृजेश्वरी महिलांगे, जगदेव बंजारे, गीतांजलि पान, शिवांगी निषाद, अमर बरमन सहित विज्ञान संकाय, हेल्थ केअर, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट गाइड, रेडक्रॉस के छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

# गैस सिलेण्डर की ईकेवाईसी प्रारंभ




**नवापारा राजिम,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। शासन के नए निर्देश पर इन दोनों गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं की भीड़ केवाईसी करने में लगी हुई है सभी गैस उपभोक्ताओं को केवाईसी करना अनिवार्य है इसके लिए आधार कार्ड लेकर जाना होगा ई केवाईसी होने के बाद ही उपभोक्ताओं के खाते में सब्सिडी की राशि आएगी. आज विनय एचपी गैस के संचालक लक्की चौधरी ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए आज श्वेतांबर जैन भवन में शिविर लगाया गया था. जिसमें सैकड़ों लोगों ने ईकेवायसी करवाया.

## संपादकीय

### छत्तीसगढ़ का विकास जारी रहे

*छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिये 7 एवं 17 नवम्बर को हुए मतदान के रविवार को जो परिणाम घोषित हुए हैं और यहां की जनता ने एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को चुना है, उससे साफ है कि अब विकास की जिम्मेदारी इस दल पर है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि अगर मतदाताओं ने 5 साल के बाद फिर भाजपा को सत्ता सौंपने की इच्छा जताई है तो इसका अर्थ यह नहीं है कि कांग्रेस की सरकार ने जो काम अपने पिछले कार्यकाल यानी 2018 से 2023 के दौरान लागू किये हैं, वे बिलकुल ही बेकार रहे हैं। जनता का जीवन स्तर और ऊपर उठाने के लिये कांग्रेस जो नीतियां एवं कार्यक्रम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जरिये लेकर आयी, सम्भव है कि अगली सरकार अपने तरीके से, उन नीतियों एवं कार्यक्रमों के जरिये जारी रहेंगी क्योंकि जनता की भलाई हर सरकार की सर्वोच्च वरीयता होती है।*

*उल्लेखनीय है कि 2003 से 15 वर्षों तक डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में सरकार चलाई थी। इसलिये उसके पास पर्याप्त प्रशासकीय अनुभव भी है। उस वक्त रमन सिंह ने शहर केन्द्रित और उद्योग आधारित विकास नीति अपनाई थी। दूसरी तरफ निवर्तमान भूपेश बघेल सरकार ने राज्य के लिये ग्राम केन्द्रित और कृषि आधारित विकास का मार्ग चुना था। पिछली सरकार द्वारा अनेक ऐसी योजनाएं लाई गईं जिनके चलते गांवों में खुशहाली आई है। किसानों की कर्ज माफी से लाखों किसानों को फायदा पहुंचा था। इस बार भी यह वादा किया गया था कि पहले के मुकाबले धान का जो सर्वाधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य छग में मिल रहा है वह मिलता रहेगा। अगर कांग्रेस फिर से सरकार बनाती तो 3200 रुपये प्रति चिंटल एमएसपी मिलता। अब यह भाजपा की नयी सरकार का दायित्व होगा कि वह किसानों को उसके द्वारा घोषित धान की अच्छी कीमत (3100 रु. प्र. चिं.) दे।*

*ऐसे समय में जब भाजपा सत्ता में पांच वर्षों के बाद लौट आई है तो वह नये लोकहित कार्यक्रम बनाये, उन्हें लागू करे ताकि नागरिकों के जीवन स्तर में सतत सुधार हो और राज्य तरक्की करे। चुनाव आते-जाते रहेंगे, दल जीतते-हारते रहेंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि लोक हित के अच्छे कार्यक्रम चाहे जिस रूप में हों, चलते रहें। पिछली तीन सरकारों (अजीत जोगी, रमन सिंह व बघेल) ने अपने-अपने स्तर और समझ के अनुसार जनता के लिये कार्यक्रम चलाये जिनका असर भी हुआ है। किसी का कम किसी का अधिक हो सकता है। आशा है कि नयी सरकार बगैर किसी पूर्वाग्रह के और पूरी निष्पक्षता के साथ काम करेगी। जो भी वादे उसने अपने चुनावी घोषणापत्र में किये हैं, उन्हें वे यथासम्भव और यथाशीघ्र लागू करे। ये कार्यक्रम जनता के लिये हितकारी हों।*

## उल्टा पुल्टा

निर्मल की 2 करोड़ की लॉटरी निकली,
**लॉटरीवाला** - आपको टैक्स काटकर 1.75 करोड़ मिलेंगे,
**निर्मल** - ये गलत बात है, मुझे पूरे 2 करोड़ दो, नहीं तो मेरे टिकट के 100 रुपये वापस करो...

# भाजपा कार्यालय में मनाया गया जश्न

## जमकर की आतिशबाजी, ढोल-नगाड़ों के साथ में झूमे कार्यकर्ता





**रायपुर**, 3 दिसंबर (देशबन्धु)। पांच वर्ष के वनवास के बाद प्रदेश में एक बार फिर आज भाजपा काबिज हो गई है। भाजपा ने 54 सीटों पर जीत दर्ज करके कांग्रेस को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इस जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया।

भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर जैसे ही 45 सीटों पर बढ़त का आंकड़ा दिखाई दिया इसके बाद भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ता एवं नेता जमा होना शुरु हो गए। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। जैसे-जैसे अंतर बढ़ता गया वैसे-वैसे भाजपा कार्यकर्ताओं का मजमा और बढ़ने लगा। कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते हुए जमकर पटाखे फोड़े और एक-दूसरे से गले मिलकर जीत की बधाई दी। वहीं कार्यालय में आम लोगों को भी भाजपा ने अपनी खुशी में शामिल करते हुए मिठाइयां खिलाकर जश्न में शामिल किया। वहीं सड़कों पर भाजपा के युवा कार्यकर्ता भाजपा का झंडा लिए मोदी जिंदाबाद और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाते नजर आये। भाजपा के पचपेड़ी नाका स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भी जमकर जश्न मनाया गया।

वहीं रजबंधा मैदान स्थित भाजपा कार्यालय में खूब फटाखे फोड़े गये तथा कार्यकर्ताओं की भीड़ जमा हो गई। टिकरापारा स्थित बृजमोहन अग्रवाल के तत्पर कार्यालय में खुशी का माहौल रहा और सुबह से वहां फटाखे फोड़े जा रहे थे। बृजमोहन अग्रवाल भाजपा के एक ऐसे चेहरे है जो लगातार 8वीं बार विधानसभा चुनाव जीत रहे है। यह अपने आप में यह एक रिकार्ड है। बीजेपी दफ्तर में खुशी का माहौल है. चुनाव आयोग के मुताबिक अब तक बीजेपी 54 सीटों पर जीत दर्ज की। रायपुर जिले की सभी 7 सीटे भाजपा के खाते में आई। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का बड़ा बयान सामने आया है। प्रदेश में भाजपा की जीत पर उन्होंने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है, भूपेश बघेल की बातों पर भरोसा नहीं किया। निश्चित रूप से भाजपा के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर जनता ने विश्वास जताते हुए भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया।

## मतगणना से पहले प्रत्याशी पहुंचे भगवान की शरण



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के दो चरणों में हुए मतदान का आज मतगणना हुई। जिसमें भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज की है। लेकिन मतगणना शुरू होने से पहले कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशी भगवान के शरण में नजर आए। कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने मतगणना से पहले पूजा की, निवास में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। पूजा-पाठ के बाद मतगणना स्थल के लिए रवना हुए। उत्तर विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी जगन्नाथ मंदिर पहुंचे। जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना कर बीजेपी की सरकार और उत्तर में खुद की जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। मतगणना से पहले भगवान की शरण में भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने पूजा अर्चना किया और जीत का आशीर्वाद लिया। मतगणना स्थल जाने से पहले बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने पूजा की। देवी देवताओं का पूजन अर्चना कर साव मतगणना स्थल रवाना हुए। लेकिन मतगणना के बाद कुछ के चेहरे जहां निराश हुएं वहीं कुछ के चेहरों में चमक आई।

## प्रचंड मतों से जीते मूणत

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया



भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूण एक बार फिर रायपुर पश्चिम विधानसभा से चुनाव जीत गए हैं। रविवार को राजेश मूणत के चुनाव जीतने की घोषणा होते रायपुर पश्चिम विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जीत का जश्न मनाया। रुझाव स्पष्ट होते ही राजेश मूणत सेजबहार स्थित मतगणना स्थल पहुंचे और भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ जीत की खुशियां मनाई। अपनी जीत का प्रमाण पत्र लेने के बाद मूणत चौबे कॉलोनी स्थित अपने आवास पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और परिवार के सदस्यों ने उनका ढोल नगाड़े बजाकर और पटाखे फोड़कर स्वागत किया। राजेश मूणत ने अपनी जीत का श्रेय रायपुर पश्चिम विधानसभा की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओ को देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के कुशासन का अंत हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के पूर्व और मध्य जो भी वादे जनता से किये हैं, उन्हें पूरी ईमानदारी के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने अपनी जीत के लिए रायपुर पश्चिन विधानसभा की जनता का आभार जताया।

## मतगणना ड्यूटी में तैनात सीएएफ जवानों को तेज रफ्तार पिकअप ने मारी ठोकर

### तीन जवान घायल



**रायपुर/जशपुर**, 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा के 90 सीटों पर मतगणना जारी है. इसी बीच ड्यूटी में तैनात सीएएफ जवानों को तेज रफ्तार पिकअप ने ठोकर मार दिया है. जिससे तीन जवान घायल हो गए है. तेज रफ्तार पिकअप स्टॉपर को टक्कर मारते हुए निकली जिससे एक जवान का पैर टूट गया है।

बता दें कि मामला जशपुर जिले का है. जहां प्रयास रेजीडेंशियल स्कूल के सामने नेशनल हाइवे पर ये हादसा हुआ है. पुलिस ने लोदाम के पास से पिकअप को बरामद कर लिया है. लेकिन उसमें चालक नहीं था वो फरार हो गया है।

# मुख्यमंत्री को लेकर भाजपा में फिलहाल संशय

## रमनसिंह, अरूण साव, विष्णुदेव साय, रेणुकासिंह या ओपी चौधरी हो सकते है चेहरा, फैसला हाईकमान करेगा

**रायपुर**, 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। पांच साल के बनवास के बाद भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर सत्ता में आने मौका छत्तीसगढ़ की जनता ने दिया है। भाजपा ने प्रदेश में शानदार प्रदर्शन करते हुए 54 सीटों पर कब्जा कर लिया है। इस जीत में मोदी की गारंअी, भूपेश के भरोसे पर हावी रही। मोदी की महतारी वंदना योजना, बोनस के साथ समर्थन मूल्य में धान खरीदी, गैस सिलेंडर में सबसिडी सहित अन्य गारंटियों ने जनता को प्रभावित किया, जिसका असर भाजपा को परिणाम में नजर आया। लेकिन अब प्रदेश के मुखिया को लेकर प्रदेश में पेंच नजर आ रहा है। जिसका फैसला विधायकों से चर्चा के बाद हाईकमान करेगा। फिलहाल पार्टी संशय में है कि प्रदेश की कमान किसे सौंपी जाए।



भाजपा के पास लगभग आधा दर्जन ऐसे विधायक है जिनके नामों पर विचार किया जा सकता हैज उनमें सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव, महिला नेत्री एवं सांसद रेणुका सिंह, आदिवासी नेता विष्णुदेव साय, और प्रशासनिक दिग्गज पूर्व आईएएस ओपी चौधरी का नाम प्रमुख है।

रमन सिंह को देखे तो उन्हें 15 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहने का एवं राज्य सरकार को चलाने का लंबा अनुभव है। जिसकी पार्टी में अच्छी पकड़ है और इतने लंबे कार्यकाल में वे निर्विवाद रहे हैं। वहीं प्रदेश में पिछड़ा वर्ग से मुख्यमंत्री और आदिवासी मुख्यमंत्री की मांग भी समय समय पर उठती रहती है जिसके लिए ओबीसी वर्ग के अरूण साव आते हैं जो कानून विद के साथ सांसद एवं विधायक भी रह चुके हैं वही वर्तमान में प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभालते हुए भाजपा की जीत में अहम भूमिका भी निभाई है। आदिवासी मुख्यमंत्री के लिए सांसद विष्णुदेव साय भाजपा हाईकमान की पसंद हो सकते हैं जिन्हें लंबी राजनीति के साथ पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष रहने का भी अनुीाव है। प्रदेश में महिला मुख्यमंत्री का चेहरा देखे तो उसके लिए सांसद एवं आदिवासी नेता रेणुका सिंह बेहतर विकल्प हो सकती है। रेणुका सिंह तेजतर्राद नेता के साथ ही कुशल वक्ता भी है वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला नीति को देखते हुए उन्हें प्रदेश की कमान सौंपी जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी।

भाजपा के पास ओपी चौधरी के रूप में पूर्व आईएएस भी है। जिन्हें अच्छा प्रशासनिक अनुभव भी गत विधानसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इस चुनाव में रायगढ़ से 64443 वोटों से जीत दर्ज की है उनहों कांग्रेस के शक्राजीत नायक को करारी मात दी। सुलझे हुए पूर्व आईएएस श्री चौधरी भी भाजपा हाईकमान के पसंदीदा हो सकते हैं।

भाजपा विधायकों से चर्चा के बाद प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव एवं वरिष्ठ भाजपा विधायकों की पसंद नामसंद को ध्यान में रखते हुए भाजपा हाईकमान जल्द फैसला लेगी ताकि प्रदेश में नई सरकार का गठन कर रूके विकास कार्य्रों को शुरू करने के साथ ही मोदी का गारंटियों को पूरा किया जा सके। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी हर किसी को खुश रखने की पूरी कोशिश करेगी।

## ओपी चौधरी को दिल्ली बुलावा, कल होंगे रवाना



**अमित शाह का आया फोन**

क्या ओपी चौधरी मुख्यमंत्री बनेंगे ? भले ही इस सवाल को लेकर ओपी चौधरी ने खुद को जूनियर कार्यकर्ता कहकर पल्ला झाड़ लिया हो, लेकिन ये पक्का है कि ओपी चौधरी को कुछ अहम पद जरूर मिलने वाला है। खबर है कि ओपी चौधरी को दिल्ली बुलावा आया है। जानकारी के मुताबिक ओपी चौधरी को अमित शाह के कार्यालय से फोन आया था, उन्हें दिल्ली कल ही बुलाया गया है। दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व के बुलावे के बाद आज ही ओपी चौधरी देर रात रायपुर पहुंचेंगे और फिर सुबह दिल्ली के लिए रवाना होंगे। हालांकि खबरें ये भी आ रही है कि ओपी चौधरी के अलावे कुछ और नेताओं को भी दिल्ली बुलाया गया है। दिल्ली में उन सभी नेताओं की भाजपा शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात होगी। ओपी चौधरी ने अपनी जीत को लेकर जनता का आभार जताया।

# रायपुर जिले में सातों सीट पर खिला कमल

**रायपुर**, 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। रायपुर जिले में सातों सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस के महंत रामसुंदर दास को मात दी। पश्चिम विधानसभा में भाजपा के पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कांग्रेस के विकास उपाध्याय को हराया। धरसीवां में भाजपा प्रत्याशी छत ?तीसगढ़ी हीरो अनुज शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा को हराकर पहली बार विधायक बने। अभनपुर सीट से भाजपा के इंद्रकुमार साहू ने 15 हजार वोट से जीत हासिल की है

रायपुर दक्षिण का किला भेद करने में कांग्रेस पार्टी एक बार फिर नाकाम हो गई है। रायपुर दक्षिण में चल रही गुरु व शिष्य की प्रतिष्ठा की लड़ाई में शिष्य ने आखिरकार बाजी मार ली। गुरु माने जा रहे कांग्रेस प्रत्याशी महंत रामसुंदर दास का आशीर्वाद भजिया प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को फला।





पश्चिम विधानसभा में भाजपा के पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने 10 साल पहले जो विकास कार्य कराए थे, उन विकास कार्यों के आगे पिछले पांच सालों में कांग्रेस के विधायक विकास उपाध्याय के कराए गए विकास कार्य फीके पड़ गए। इलाके की जनता ने मूणत के विकास कार्यों को याद करते हुए उन्हें प्रचंड बहुमत से जीत दिलाई। पिछले विधानसभा चुनाव में 2018 में राजेश मूणत को विकास उपाध्याय ने ही हराया था।

भाजपा द्वारा धरसीवां में नए चेहरे पर दांव लगाना सही साबित हुआ है और भाजपा प्रत्याशी अनुज शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा को हराकर पहली बार विधायक बने। भाजपा के अनुज शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा को 44343 वोटों से हराया। अनुज शर्मा को 107283 वोट मिले हैं।

रायपुर उत्तर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा 23054 वोटों से अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस के प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा को शिकस्त दी।

रायपुर ग्रामीण से भाजपा के मोतीलाल साहू ने कांग्रेस के पंकज शर्मा को हरा दिया है। भाजपा के मोतीलाल साहू ने 35 हजार वोटों से अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस के प्रत्याशी पंकज शर्मा को मात दी। मोतीलाल साहू को 113032 वोट मिले हैं।

## सबसे पहला नतीजा लूण्ड्रा से आया

सबसे पहला नतीजा लूण्ड्रा से प्रमोद कुमार मिंज का आया, दूसरा अभनपुर से। अभनपुर सीट से भाजपा के इंद्रकुमार साहू 15 हजार वोट से जीत हासिल की। इंद्रकुमार ने पांच बार के विधायक और कांग्रेस के प्रत्याशी धनेंद्र साहू को शिकस्त दी। आरंग से भाजपा के खुशवंत सिंह ने जीत दर्ज की है। भाजपा के खुशवंत सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस के प्रत्याशी शिवकुमार डहरिया को 16 हजार वोटों से हराया।

**पाटन से जीते भूपेश**

पाटन से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव जीत गए हैं।उन्होंने अपने भतीजे भाजपा प्रत्याशी सांसद विजय बघेल को 19543 मतों से हराया है।भूपेश बघेल को 94847 और विजय बघेल को 75304 वोट मिले हैं।

# आधी आबादी को भायी 'महतारी वंदन योजना', बाकी को 'मोदी की गारंटी' ने लुभाया

**रायपुर**, 3 दिसंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी तमाम शंकाओं-आशंकाओं को दरकिनार करते हुए छत्तीसगढ़ में सरकार बनाती नजर आ रही है. महज छह महीने पहले कांग्रेस से कोसों दूर नजर आ रही भाजपा ने आखिर इन महीनों में ऐसा क्या किया, जिससे सत्ता की दौड़ में फर्राटा फरते हुए कांग्रेस से आगे निकल गई. इसके पीछे बड़ी वजह प्रदेश की आधी आबादी को प्रभावित करने वाली 'महतारी वंदन योजना' को बताया जा रहा है, इसके बाद 'मोदी की गारंटी' आती है.

भाजपा ने एक तरह से महतारी वंदन योजना के जरिए छत्तीसगढ़ में ऐसा चुनावी तुरुप का पत्ता फेंका था, जिसका तोड़ कांग्रेस निकाल नहीं पाई. महिला सशक्तिकरण के नाम पर इस योजना के जरिए भाजपा ने विवाहित महिलाओं को प्रति माह हजार रुपए देने का वायदा किया. यही नहीं पार्टी ने एक कदम आगे जाते हुए चुनाव के बीच में ही कार्यकर्ता घर-घर जाकर महिलाओं से फार्म भी भरवाने लगे. भाजपा ने अपने इस योजना के जरिए कांग्रेस को मानों नींद से जगा दिया, लेकिन जब तक कोई प्रतिक्रिया करते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी. जानकारों का मानना है कि इस योजना ने प्रदेश की आधी आबादी को बहुत हद तक प्रभावित किया, इसके साथ 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा कर पूरी कोर-कसर दूर कर दी.

**महतारी वंदन योजना का फार्म भरवाती महिलाएं.**




**भाजपा की जीत की बड़ी वजह**

भाजपा केवल महतारी वंदन योजना तक ही नहीं रुकी. इसके बाद भाजपा 'मोदी की गारंटी' लेकर आ गई. इसमें छत्तीसगढ़ की जनता से 20 वादे किए गए हैं. महिलाओं के बाद किसानों की बारी थी, जिसमें उनसे वादा किया गया है कि कृषि उन्नति योजना के तहत 3,100 रुपए प्रति चिंटल की दर से किसानों से धान की खरीद की जाएगी. कांग्रेस ने 20 चिंटल प्रति एकड़ धान की खरीद का वादा किया था, तो बीजेपी ने 21 चिंटल प्रति एकड़ धान की खरीद का वादा किया. इसके साथ ही पूरा भुगतान एकमुश्त हर पंचायत में काउंटर के जरिए करने का वादा किया. यही नहीं भाजपा ने पिछले कार्यकाल की बड़ी गलती को दूर करते हुए शेष रह गए दो साल के बोनस को देने का वादा कर किसानों के मन में मलाल को दूर कर दिया.

इसके बाद अन्य वर्गों को छूते हुए पक्के आवास से वंचित लोगों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास देने का वादा करते हुए पहली कैबिनेट की बैठक में राशि आवंटन का वादा किया. इसके अलावा समाज के अलग-अलग वर्ग की जरुरतों को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग वायदे किया, इसमें दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना, आयुष्मान भारत स्वस्थ छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ पीएससी में पारदर्शिता, छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना, स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर), इनोवेशन हब, बीपीएल बालिकाओं के जन्म पर रानी दुर्गावती योजना के तहत 1.50 लाख रुपए का आश्वासन प्रमाण पत्र, कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को मासिक ट्रेवल अलावेंस, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति जैसे वायदे किए हैं.ज्ज

# किसानों को भी न्याय देने में नाकाम साबित रही राजधानी की पुलिसिंग

## पुलिस के लॉ एंड ऑर्डर के चलते कांग्रेस को भुगतना पड़ा परिणाम

**रायपुर**, 3 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा, जिले की 7 विधानसभा सीटों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा ,इसका एक मुख्य कारण रायपुर पुलिसिंग रही।

जहां एक ओर दिनदहाड़े लूट, हत्या,सामूहिक बलात्कार जैसे अपराध लगातार राजधानी में पनप रहे थे, वही दूसरी ओर पुलिस झूठे मामले दर्ज कर भारतीय जानता पार्टी के नेताओ और उनके परिवार के खिलाफ लगातार टारगेट बनाते हुए प्रताड़ित कर रही थी। इतना ही नहीं लगातार किसानों के साथ हो रहे अन्याय पर भी रायपुर पुलिस न्याय दिलाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई। वही भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे राजधानी रायपुर के उच्च अधिकारी अपराध को रोकने में कामयाब नही हो पाए।



जनता ने इसी पुलिसिंग और अपराधियों के खौफ के चलते कांग्रेस की सरकार को नकारते हुए एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को चुना है जिससे उनका विश्वास है की छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी अब चाकुपुर नही बल्कि राम जी के ननिहाल के नाम से जानी जायेगी। बता दे की भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने रायपुर एसएसपी को भी चुनाव के पूर्व जिले से हटाने के लिए चुनाव आयोग से शिकायत की थी।

छत्तीसगढ़ में रुझानों में भाजपा की सरकार बनती दिख रही है। सभी 90 सीटों पर आये रुझानों में भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। भाजपा जहां 55 सीटों पर बढ़त बना ली है, वहीं कांग्रेस 31 सीटों पर आगे चल रही है।

भूपेश सरकार ने शराबबंदी का आश्वासन महिलाओं को दिया था। मगर घोषणापत्र के इस अहम बिंदु पर अमल नहीं हुआ। उपर से भाजपा ने महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 12 हजार रुपए देने का ऐलान कर बड़ा दांव चल दिया।

कांग्रेस बीजेपी के इस गेम को समझती तब तक काफी विलंब हो गया था। भाजपा ने घोषणापत्र के साथ ही इस योजना का फार्म भी भरवाना चालू कर दिया। कांग्रेस जब तक महिलाओं को 15 हजार देने का ऐलान करती तब तब भाजपा महिलाओं के वोट बैंक में सेंध लगा चुकी थी ।पीएससी घोटाले ने भी कांग्रेस को काफी नुकसान किया। सीएम भूपेश बघेल युवाओं से भेंट मुलाकात करते रहे। मगर उधर, पीएससी के भाई-भतीजावाद ने उनके प्रयासों पर पानी फेर दिया। सरकार के रणनीतिकारों ने युवाओं का गुस्सा भांपने की कोशिश नहीं की। वरना, सरकार लगातार पीएससी का बचाव नहीं करती।

# जनता का निर्णय शिरोधार्य है, सरकार कर्मचारियों की उपेक्षा का खामियाजा का शिकार हुई : झा

**रायपुर**, 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के मतगणना के बाद जनता का निर्णय सामने आ गया है आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार झा ने कहा है कि जनता का आदेश शिरोधार्य है जो सरकार कर्मचारियों से वादा खिलाफी करती है तथा शासकीय कर्मचारियों की अपेक्षा करती है।उस सरकार को हमेशा खामियाजा भुगतना पड़ता है। कर्मचारियों के आंदोलन को कुचलने, अनियमित कर्मचारीयों, संविदा कर्मचारियों, स्वास्थ्य कर्मचारियों के सेवा समाप्ति जैसे निर्णय सरकार को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी भी 55 विधानसभा में दमखम के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर प्रतिष्ठापूर्ण सीटों पर जीत हार का कारण बनी है।

## शास. पूमा शाला छड़िया में हुआ सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम

**खरोरा**, 3 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया,संकुल केंद्र पचरी, विकासखंड तिल्दा नेवरा,जिला रायपुर में सुरक्षित शनिवार के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमेंआज का थीम नशीले पदार्थों का सेवन एवं इसके हानिकारक परिणाम पर जानकारियां साझा की गई।छात्रा भारती,दिया वर्मा ,हिना, लिली ,तान्या, हिमेश महिलांग ,शुभम कोसले, चेतना ,राशि, साजिका, शिवम, गजेंद्र ,निखिल दास ,निखिल यादव आदि विद्यार्थियों के साथ प्रधान पाठक एस के देवांगन ने कहा नशा किसी भी इंसान को पहले जैसे( नॉर्मल) रूप में नहीं रहने देता।इसलिए अक्सर वहीं लोग नशा करते हैं जिन्हें अपना पहले जैसा नॉर्मल रूप पसंद नहीं।

# गुटबाजी, भितरघात और बागी बने कांग्रेस की हार के कारण

**रायपुर**, 3 दिसंबर। विधानसभा चुनाव में गुटबाजी, 22 विधायको की टिकट काटने, भितरघात और बागी प्रत्याशी कांग्रेस की हार के बड़े कारण है। प्रदेश कांग्रेस में कथित गुटबाजी और अंतर्कलह देखने को मिली।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उप मुख्यमंत्री टीएस सिंदेव के बीच टकराव देखने को मिलती रही है। वहीं, तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम और प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा के बीच विवाद की वजह से कांग्रेस को कहीं न कहीं संगठनात्मक रूप से नुकसान उठाना पड़ा।

कांग्रेस ने मौजूदा 22 विधायकों का टिकट काटा था। इसके बाद बागियों के सुर शुरू हो गए थे। 12 सीटों पर कांग्रेस के बागियों ने समीकरण को बिगाड़ दिया। वहीं 25 से अधिक सीटों पर भितरघात करने वाले करीब 50 नेताओं पर निष्कासन, निलंबन व अन्य कार्रवाई की है।कांग्रेस ने पिछले चुनाव में शराबबंदी का वादा किया था, इसके लिए महिलाओं ने कांग्रेस को समर्थन दिया था मगर शराबबंदी नहीं होने से इस बार महिलाएं नाराज थीं। इसके अलावा भाजपा के महतारी वंदन योजना के बाद कांग्रेस ने गृह लक्ष्मी योजना की घोषणा करके 15 हजार रुपये सालाना देने की घोषणा की थी। कांग्रेस की ये घोषणा महिलाओं की प्राथमिकता में पहले नहीं थी।

**अति आत्मविश्वास व लचर संगठन**

कांग्रेस की हार के सबसे बड़े कारणों में एक पार्टी का अति आत्म विश्वास रहा। इसके अलावा कांग्रेस सेवा दल, महिला कांग्रेस, सर्वोदय, यूथ कांग्रेस जैसे संगठन पार्टी के लिए समन्वय से काम नहीं कर पाए। पार्टी ने चुनाव के तीन महीने पहले सांसद दीपक बैज को कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाया। संगठन और सरकार के बीच में समन्वय करने के लिए उनके पास समय कम रहा। राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें तो वरिष्ठ नेताओं का विश्वास जीतने और कार्यकर्ताओं की योग्यता पहचानने के लिए भी उन्हें समय नहीं मिल पाया। कांग्रेस के भीतरी संगठनों में ही अपने नेतृत्व के प्रति विश्वास की कमी नजर आती है, जिसका लाभ सीधे तौर पर भाजपा को मिला है। विधानसभा चुनाव 2023 के लिए भाजपा की जीत का सबसे बड़ा कारण मोदी की गारंटी 2023 को माना जा रहा है। घोषणा पत्र में भाजपा ने रोजगार, महंगाई समेत कई मोर्चे पर खास वादे किए। जनता ने विश्वास जताया। वहीं राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार कांग्रेस की हार की बड़ी वजह अंतर्कलह और भितरघात रहा है।

**भाजपा की जीत का बड़ा कारण मोदी की गारंटी**

भाजपा की जीत के लिए मोदी की गारंटी प्रभावी रही है। विवाहित महिलाओं को 12000 रुपये सालाना देने की महतारी वंदन योजना की घोषणा ने महिलाओं को सबसे अधिक प्रभावित किया। भाजपा ने 60 लाख महिलाओं से इसका फार्म भी भरा लिए थे। इसके अलावा गरीब महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलिंडर देने की योजना प्रभावी रही। किसानों के लिए 21 चिंटल प्रति एकड़ धान खरीदी, 3,100 रुपये प्रति चिंटल धान की कीमत, एकमुश्त भुगतान और दो वर्ष का बकाया बोनस समेत 20 गारंटियां प्रभावी रहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ वर्ष की कार्यकाल की उपलब्धियां भी जनता तक पहुंचाई।

# जनादेश शिरोधार्य, जनता के हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा : कांग्रेस



**रायपुर**, 3 दिसंबर (देशबन्धु)। चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जनादेश का सम्मान है। चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आये। हम अपनी बात को जनता तक ले जाने में सफल नहीं हो पाए। भाजपा के झूठ के सामने हमारा सच दब गया। चुनाव परिणाम से हम निराश है लेकिन हताश नहीं है। हम जनसरोकारों को लेकर अपना संघर्ष जारी रखेंगे। छत्तीसगढ़ की जनता के हित की लड़ाई वंचित वर्ग के लोगों को उनका हक मिले, कांग्रेस का यह शुरू से प्रयास रहा है और हम इन उद्देश्यों को लेकर विपक्ष में भी संघर्ष करेंगे। 2018 में जनता ने हमें सरकार चलाने का आदेश दिया था हमने पूरी ईमानदारी से 5 वर्षों तक जनता की सेवा किया, किसान, मजदूर, युवा, अनुसूचित जाति, जनजाति सभी के हितों में काम किया। हम अपेक्षा करते है कि भाजपा को जनता ने जो जनादेश दिया है उसके अनुरूप सरकार चलायेगी। किसानों, मजदूरों, महिलाओं से किये गये वायदों को भाजपा निभायेगी। चुनाव में सफलता के लिये भाजपा को बधाई।

# बस्तर से लेकर सरगुजा तक मोदी-अमित शाह व योगी की चली आंधी

**रायपुर**, 3 दिसंबर (देशबन्धु)। बस्तर, सरगुजा, दुर्ग व रायपुर संभाग में स्टार प्रचारकों ने प्रचार की एक अलग रणनीति अपनाई थी। प्रधानमंत्री ने शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी मोर्चा संभाला। हर सभा में भाजपा के घोषणा-पत्र, मोदी की गारंटी पर आवाज बुलंद की।

रायपुर (राज्य ब्यूरो)। विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और योगी आदित्यनाथ की आंधी में कांग्रेस का पत्ता साफ हो गया। भाजपा के स्टार प्रचारकों ने वह कमाल कर दिखाया, जिसकी कल्पना कांग्रेस ने कभी भी नहीं की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने जुलाई महीने से ही राजधानी के साइंस कालेज मैदान पर चुनावी सभा का आगाज कर दिया था। भाजपा के स्टार प्रचारकों ने जहां सभाएं ली, वहां प्रत्याशियों ने बड़ी जीत दर्ज की है।

**राहुल-प्रियंका को जनता ने नकारा**

प्रधानमंत्री ने रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, मुंगेली, कांकेर, भटगांव, सरगुजा ने बड़ी सभाएं ली, वहीं अमित शाह ने जांजगीर विधानसभा के चांपा में, कोरबा, सरायपाली, जशपुर,जशपुर, बगीचा, कुनकुरी, पत्थलगांव, राजनांदगांव व कोंडागांव में कांग्रेस के विरुद्ध चुनावी बिगुल फूंका। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य केंद्रीय नेताओं ने भी चुनावी सभाओं में भाजपा के घोषणा-पत्र और मोदी की गारंटी को जमकर भुनाया। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ में भी उत्तरप्रदेश की तर्ज पर भ्रष्टाचारियों के ऊपर बुलडोजर चलाने का एलान किया था। योगी कर्वधा, भानुप्रतापपुर, सुकमा, बस्तर, राजनांदगांव की सभा में शामिल हुए।

**कमजोर जनाधार वाले सीटों पर भी पलटी बाजी**

भाजपा के स्टार प्रचारकों ने वहां सबसे ज्यादा फोकस किया, जहां भाजपा को ज्यादा मजबूत की आवश्यकता थी। बस्तर, सरगुजा, दुर्ग व रायपुर संभाग में स्टार प्रचारकों ने प्रचार की एक अलग रणनीति अपनाई थी। प्रधानमंत्री ने शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी मोर्चा संभाला। हर सभा में भाजपा के घोषणा-पत्र, मोदी की गारंटी पर आवाज बुलंद की गई है,वहीं कांग्रेस के घोटाले को उजागर किया गया।

**कांग्रेस की तिकड़ी पर नहीं रहा लोगों का भरोसा**

प्रदेश में कांग्रेस की तिकड़ी काम नहीं आई। सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां ताबड़तोड़ सभाएं ली। राहुल गांधी ने सरगुजा, अंबिकापुर, जगदलपुर, खरसिया, राजनांदगांव, कोंडागांव में सभाएं ली। वहीं प्रियंका गांधी ने बालोद, खैरागढ़ विधानसभा, बिलासपुर, कांकेर में सभा को संबोधित किया था। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सक्ती जिले के चंद्रपुर विधानसभा में सहित कोरबा, महासमुंद, राजनांदगांव,कोरिया के बैकुंठपुर विधानसभा में चुनावी सभा में भाजपा पर हमले किए थे। बावजूद इसके यहां कांग्रेस को पटखनी खानी पड़ी।

# महिला के साथ अनाचार व हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा**, 3 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले के बारसूर थाना अंतर्गत जोड़ातरई में एक महिला की अनाचार के बाद हत्या के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया है।



**बारसूर और गीदम पुलिस को मिली सफलता**

एसपी गौरव राय के निर्देशन, एडिशनल एसपीराम कुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी कमल जीत पाटले के पर्यवेक्षण में थाना बारसूर जिला दंतेवाड़ा के अपराध क्रमांक 22/2023 धारा-376, 302, 34 भादवि. के अज्ञात आरोपियो की पतासाजी कर गिरफ्तारी हेतु थाना बारसूर एवं थाना गीदम से टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुये पाये गये भौतिक साक्ष्य एवं साइबर डिटेल के आधार पर प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार किये गए। गिरफ्त में आए आरोपियों में शिवराम मुरिया नागफनी जंगलपारा और दयालू लेखामी नागफनी जंगलपारा शामिल हैं।। इन्होंने पूछताछ करने पर घटना की बात स्वीकार की। इन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक राजेश चण्ड थाना प्रभारी थाना बारसूर, निरीक्षक धनंजय सिन्हा थाना प्रभारी थाना गीदम, उप निरीक्षक सुभाष पवार साइबर सेल दंतेवाड़ा एवं थाना स्टॉफ बारसूर, गीदम, एवं साइबर सेल दंतेवाड़ा की सराहनीय भूमिका रही।

# पुराने विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

**रायपुर**, 3 दिसंबर। धरसीवां इलाके के ग्राम चरौदा में पुरानी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट को गई। हेमंत सागवसी और नीलकंठ सागवानी ने गाली गलौज कर धारदार हिासये से धनंजय मानिकपुरी को मार कर घायल कर दिया। धनंजय मानिकपुरी ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले हेमंत से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसका बदला लेने की नियत से हेमंत और उसके साथी नीलकंठ ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे हसिए से मारकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों को आता देख हेमंत और उसके साथी वहां से भाग गए। घायत का नजदीक के अस्पताल में इलाज कराया गया। पुलिस ने धनंजय की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर आसपास के लोगों से पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

# भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

## कांग्रेस के कीचड़ में जनता ने कमल खिला दिया : मंडल अध्यक्ष द्विवेदी झा

**डौण्डी**, 3 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर डोंडी नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई देकर आतिश बाजी करके ढोल नगाड़े की धुन के साथ बाजार पारा से भाजपा चुनाव कार्यालय तक रैली निकाली वरिष्ठ भाजपा नेता छगन यादव हिंसाराम साहू दिनेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के रणनीति के चलते छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा को अपेक्षा से ज्यादा परिणाम मिला है। अब प्रदेश में हमारे पार्टी की सरकार बनेगी और केंद और राज्य के साथ मिलकर डबल इंजन की सरकार होने पर छत्तीसगढ़ तेज गति से विकास की ओर अग्रसर करेगा। वही डौण्डी व दल्लीराजहरा मंडल अध्यक्ष मनीष झा व राकेश द्विवेदी ने अपने मोबाईल से देशबन्धु से बात करते हुए कहा की प्रदेश की जनता कांग्रेस के झूठेवादे व भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा को प्रदेश में जनादेश दिया है। और इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी की को जाता है।



भाजापा ने जो वादा किया है उसे पुरा भी करेगी यह मोदी जी की गारंटी है। साथ ही उन्होने कहा की प्रदेश में भाजपा की प्रच्चड बहुमत में प्रदेश के समस्त नेताओं के साथ कार्यकर्ताओं को भी जाता है। उन्होने यह भी कहा की कांग्रेस के किचड़ में जनता ने कमल खिला दिया।रैली में राजेंद्र पिंटू जैन रजनी जायसवाल राधिका भारद्वाज पूनमचंद जैन शिवम दुबे विशाल जैन रेखा चौहान शिवराम रंनघाटी लक्ष्मण चक्रधारी पतीराम नरेटी दुलसिंग कोठारी सहित भारतीय जनता युवा मोर्चा के अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

# पुण्यतिथि पर ललित सुरजन को किया याद



**महासमुंद**, 3 दिसंबर (देशबंधु)। भारतीय सांस्कृतिक निधि इन्टैक महासमुन्द अध्याय छग प्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन,जनवादी लेखक संघ,कला परंपरा विरादरी एवं छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति द्वारा स्थानीय देशबन्धु कार्यालय में स्व.ललित सुरजन की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इन्टैक के संयोजक दाऊलाल चन्द्राकर ने स्व.ललित सुरजन जी की पत्रकारिता,सृजनशीलता व उनके कर्मठ व्यक्तित्व का सविस्तार उल्लेख करते हुए कहा कि श्री सुरजन आकर्षक व्यक्तित्व के धनी थे। छत्तीसगढ़ जनादेश के संपादक के पी साहू ने कहा कि वे प्रखर पत्रकार के साथ ही काफी मिलनसार थे। हर किसी को भी अपना बना लेने की उनमें अद्भुत क्षमता थी। डॉ रामगोपाल यादव ने कहा कि श्री सुरजन जी का महासमुन्द की धरा से विशेष लगाव रहा। बन्धु राजेश्वर खरे ने संचालन व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पत्रकार बाबूलाल साहू,सालिक राम कन्नौजे,देवीचंद राठी,प्रमोद कन्नौजे,टेकराम सेन चमक,उत्तम दुबे ,पोषण कन्नौजे,मोहन कन्नौजे ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। अंत में दो मिनट का मौन धारण के साथ ही श्रद्धांजलि सभा समापन हुआ।

## निधन

### पवन साहू

**रायपुर**, 3 दिसंबर। कमल विहार डुंडा निवासी पवन साहू का 2 दिसम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 दिसम्बर को डुंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे कीर्तन साहू, चेतन साहू, खोमन साहू के पिता एवं हीरा साहू, नंदकुमार साहू, चंद्रकुमार साहू के भैया थे।



### संतोष चंद्राकर

**महासमुंद**, 3 दिसंबर। स्थानीय शंकर नगर वार्ड नंबर 1 निवासी संतोष चंद्राकर 65 वर्ष (गोंडपाली)वाले का निधन 2 दिसंबर को हो गया। वे प्राथमिक शाला गुरूडपारा पदस्थ शिक्षिका श्रीमती कुलेश्वरी चंद्राकर, अंजली चंद्राकर के पति व प्रकाश चंद्राकर (राजा) के पिता थे।

# पेंशनरों का दावा, कांग्रेस को सत्ता से हटाने में हमारी भूमिका

**रायपुर,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस सरकार को सत्ता से हटाने में बुजुर्ग पेंशनरों की भूमिका महत्वपूर्ण कही जा रही है, प्रदेश में एक पेंशनर दस परिवार के नारे ने भी काम किया। जिसके तहत पेंशनरों ने ईमानदारी से प्रदेश में अपने परिचित दस परिवार से सम्पर्क कर उन्हें पेंशनरों के हित में कांग्रेस के खिलाफमतदान के लिए प्रेरित किया और मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 को विलोपित करने और कर्मचारियों तथा पेंशनरों का डीए.डीआर एरियर का मामला भूपेश सरकार के लिए वाटरलू साबित हुआ। हाल ही में विधानसभा चुनाव के ठीक पहले केन्द्र सरकार द्वारा जुलाई 23 से एरियर सहित 40 प्रतिशत डीए डीआर का आदेश मतदान तिथी 17 नवम्बर तक कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए नहीं होना भी कांग्रेस पार्टी को ले डूबा। जारी विज्ञप्ति में वरिष्ठ कर्मचारी नेता छत्तीसगढ़ राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने आगे बताया है कि भूपेश सरकार द्वारा पेंशनरों ओर कर्मचारियों को लगातार 5 वर्षो तक डीए डीआर समय पर न देना और लाखो रुपए एरियर राशि को हजम कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। इसके कारण कर्मचारियों पेंशनरों का घोर असंतोष इस चुनाव परिणाम में स्पष्ट दिखाई दिया है। बुजुर्ग पेंशनरों के सभी संगठनों ने एक जुट होकर भूपेश सरकार की उपेक्षा से छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन का गठन कर फेडरेशन के बैनर तले मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49;6 को विलोपित करने तथा डीआर एरियर की मांग को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन किया। हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ भी किए। गत 10 अगस्त 23 को मंत्रालय का 2 घण्टे तक घेराव भी किया। इस घेराव में लाचार बीमार व्हील चेयर वैशाखी के सहारे प्रदेश भर से बुजुर्ग पेंशनर हजारों संख्या में जंगी प्रदर्शन किया। परंतु भूपेश सरकार का दिल नहीं पसीजा और डीए का एरियर राशि हजम करते रहे। धारा 49 को विलोपित करने में रूचि नहीं दिखाई। जारी विज्ञप्ति में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ और पेंशनर्स फेडरेशन से जुड़े प्रगतिशील पेंशनर कल्याण सघ के प्रांताध्यक्ष आर पी शर्मा, पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष डा डी पी मनहर, पेशनर्स एसोशिएशन के प्राताध्यक्ष यशवत देवान, भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के कार्यकारी प्राताध्यक्ष जे पी मिश्रा तथा द्रोपदी यादव, जे पी मिश्रा, पूरनसिंह पटेल, अनिल गोल्हानी बी एस दसमेर वी के वर्मा, आर एन ताटी, दिनेश उपाध्याय, आर जी बोहरे, सी एम पांडेय, राकेश पी आर जैनए महेश पोद्दार, ओ पी भट्टए बसत गुप्ता, पिताम्बर पारकर, हेमत टांकसाले, नागेश कापेवार, प्रवीण त्रिवेदी, डॉ पी धृतलहर, एव नामदेव, के एल आर राजपूतए विनोद जैन, जे पी भारतीय, गायत्री गोस्वामी, अनूप डे, सी एल चंद्रवंशी, आई सी श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार सिह, रामचद्र नामदेव, शरद अग्रवाल, डी एस पी वैश्य, बी डी उपाध्यायए बी एल यादव, नरसिंग राम, आर के नारद, प्रदीप सोनी, सुरेश शर्मा, एस के चिलमवार, लोचन पांडेय, सुरेश मिश्रा, एस के एस श्रीवास्तव, आलोक पाडेय, तीरथ यादव, रमेशचन्द्र नन्दे, जगदीश सिंह, उर्मिला शुक्ला, कुंती राणा, वन्दना दत्ता, परसराम यदु, अनूप योगी ओ डी उपाध्याय, बी एल गजपाल, एन के भटनागर, डी के त्रिपाठीए एम आर शास्त्रीए मीता मुखजी आदि ने छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ होनेवाली भाजपा सरकार से जुलाई 23 से केन्द्र के समान पेंशनरों और कर्मचारियों को डीए डीआर एरियर सहित आदेश करने तथा धारा 49 को विलोपित करने हेतु जरूरी कार्यवाही करने की माग किया है।

**अब भाजपा धारा 49–6 विलोपित कराएं**

# चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने टिकरापारा थाना कबाड़ दुकान में हुई चोरी के मामले को सुलझा लिया है पुलिस ने दो आरोपी पकड़ा है जिससे चोरी का सामान बरामद कर लिया गया हैं। बताया गया कि प्रार्थी देवदत्त गुप्ता ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सिद्धार्थ चौंक टिकरापारा में रहता है तथा सतनाम चौंक में ओम साईनाथ ट्रेडर्स के नाम से कबाड़ी की दुकान का संचालन करता है। 26 अगस्त को रात्रि करीबन 9.30 बजे अपने कबाड़ी की दुकान को बंद कर शटर में ताला लगाकर अपने घर चला गया था। दूसरे को प्रात: करीबन 7.30 बजे दुकान का ताला खोलकर अंदर गया तो देखा कि उसके दुकान के पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था दुकान का सामान बिखरा पड़ा था। जिस पर प्रार्थी द्वारा दुकान में रखे समानों की जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि दुकान में रखें तांबा, पीतल का पुराना कबाड़ सामान, गल्ले में रखे एक नग चांदी का ब्रेसलेट एवं नगदी रकम नही था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के दुकान के पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में 457, 380,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी तथा आस.पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में संलिप्त अज्ञात आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी साथ ही प्रकरण में अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाये गये थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी बिट्टू धुर्वे एवं वंश उइके उर्फमोनू को पकड़कर घटना के संबधं में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया।

# कांग्रेस को लगी कोरोना योद्धा की आह स्वास्थ्य कर्मचारियों ने पलटी सत्ता

**रायपुर,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के मतगणना के बाद जनता का निर्णय सामने आ गया है आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार झा ने कहा है कि जनता का आदेश शिरोधार्य है जो सरकार कर्मचारियों से वादा खिलाफी करती है तथा शासकीय कर्मचारियों की अपेक्षा करती है। उस सरकार को हमेशा खामियाजा भुगतना पड़ता है। कर्मचारियों के आंदोलन को कुचलनेए अनियमित कर्मचारीयों संविदा कर्मचारियों स्वास्थ्य कर्मचारियों के सेवा समाप्ति जैसे निर्णय सरकार को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी भी 55 विधानसभा में दमखम के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर प्रतिष्ठापूर्ण सीटों पर जीत हार का कारण बनी है। छत्तीसगढ़ नर्सिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ रीना राजपूत ने नतीजों को लेकर कहा कि स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सत्ता को पलटा है। एक वाट्एप पोस्ट में रीना ने अपने बयान में कहा कि पूरे 5 वर्षों तक घोषणा पत्र में किये वादे पूरे करने की गुहार लगाया आवेदन निवेदनए भेंट मुलाकात अधिवेशन और सम्मेलन कर वादे याद दिलाने के बाद अन्य तरीकों से सरकार तक अपनी बात रखी लेकिन लेकिन सत्ता के नशे में चूर भूपेश बघेल की सरकार द्वारा 5000 हड़ताली कर्मचारियों को बर्खास्त और निलंबित कर दमनात्मक कार्यवाही की गई, किये गए वादे पूरे नही किये, साथ ही षडयंत्र पूर्वक हड़ताल स्थल में अपने प्रतिनिधी भेजे वादे किये और हड़ताल तुड़वाया फिर स्वास्थ्य कर्मियों की बहाली रोकी, वेतन रोका जिससे स्वास्थ्य कर्मचारियों ;कोरोना योद्धाओं में रोष व्याप्त था। जिसकी परिणति छत्तीसगढ़ कांग्रेस को भुगतना पड़ा। वहीं संयुक्त सविदाए अनियमित कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रवि गडपाले ने आज के नतीजों के बाद एक बयान में 25 नवंबर को अपने अनुमान का हवाला देते हुए कहा कि हमने पहले ही बता दिया था कि सरकार भाजपा की बन रही है। और सारे एक्जिट पोल गलत साबित हुए।

# चुनावी रण में 9 मंत्रियों को मिली करारी शिकस्त

**रायपुर,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के 9 मंत्री अपने निकट प्रतिद्वंदी से चुनाव हार गए हैं.। इनमें अंबिकापुर से उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव साजा से रविन्द्र चौबे, कवर्धा से मोहम्मद अकबर, आरंग से शिवकुमार डहरिया, कोंडागांव से मोहन मरकाम, सीतापुर से अमरजीत भगत, नवागढ़ से रुद्र गुरु और कोरबा से जय सिंह अग्रवाल चुनाव हार गए हैं।

**टीएस सिंहदेव ( अंबिकापुर )**



अंबिकापुर विधानसभा सीट पर 2008 से कांग्रेस का दबदबा बरकरार रहा है। लेकिन इस बार यहां कांग्रेस का जादू नहीं चला। उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव यहां से हार गए हैं। भाजपा ने यहां से राजेश अग्रवाल को सिंहदेव के खिलाफ खड़ा किया था। 2018 चुनाव की बात की जाए तो अंबिकापुर में कांग्रेस के टीएस सिंहदेव ने तीसरी बार 100439 वोटों से जीत दर्ज की थी। टीएस देव ने अनुराग सिंह देव को 39624 वोट से हराया था।

**रविंद्र चौबे ( साजा )**



साजा विधानसभा बेमेतरा जिले की महत्वपूर्ण सीट है। ये प्रदेश के शिक्षा मंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता रविंद्र चौबे की सीट है। वे यहां से लगातार चुनाव लड़ते रहे हैं। लेकिन इस बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2018 में रवीन्द्र चैबे ने भाजपा उम्मीदवार लाभचंद बाफना को हराया था। 2018 में यहां कुल 79.8 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस चुनाव में रवीन्द्र चौबे ने लाभचंद बाफना को 31535 वोटों से हराया था। जो कुल वोट का 17.6 प्रतिशत था। इस बार भाजपा ने यहां से इश्वर साहू को उम्मीदवार बनाया है। बीते महीनों ये सीट बिरनपुर घटना को लेकर चर्चा में थी.

**मोहम्मद अकबर ( कवर्धा )**



कबीरधाम जिले का जिला मुख्यालय होने की वजह से कवर्धा सीट काफी चर्चित सीट है 2018 में कांग्रेस उम्मीदवार मोहम्मद अकबर ने भाजपा के अशोक साहू को हराया था। पिछले चुनाव में यहां 82.2त्न वोटिंग हुई थी। जिसमें मोहम्मद अकबर ने अशोक साहू को 24.7त्न वोटों के मार्जिन ( 59284 वोटों से ) से हराया था। लेकिन इस बार मोहम्मद अकबर यहां से हार गए हैं।

**शिव कुमार डहरिया ( आरंग )**



प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया यहां से वर्तमान विधायक हैं। लेकिन अब वे यहां से चुनाव हार चुके हैं। आरंग विधानसभा सीट से साल 2018 में शिवकुमार डहरिया ने बीजेपी उम्मीदवार संजय ढीढी को हराया था। पिछले चुनाव में यहां 76.1 प्रतिशत मतदान हुआ था. 2018 में डहरिया ने संजय ढीढी को 25077 वोटों से हराया था। भाजपा ने यहां गुरु खुशवंत सिंह को उम्मीदवार बनाया है. जो कि सतनामी समाज के गुरु हैं। शिव डहरिया भी इसी समाज से आते हैं, इस लिहाज से यहां का मुकाबला भी देखने लायक था।

**जयसिंह अग्रवाल ( कोरबा )**



कोरबा सीट अनारक्षित सीट है।. यह कोरबा का जिला मुख्यालय भी है। प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल यहां से वर्तमान विधायक हैं। जो कि ये चुनाव हार चुके हैं. 2018 में कांग्रेस उम्मीदवार जयसिंह अग्रवाल ने बीजेपी उम्मीदवार विकास महतो को हराया था। यहां 71.1 प्रतिशत मतदान हुआ था. जयसिंह अग्रवाल ने विकास महतो को 11806 वोटों से से हराया था। इस बार भाजपा ने यहां से लखन देवांगन को मौका दिया था।

**गुरु रुद्र कुमार ( नवागढ़ )**



नवागढ़ सीट बेमेतरा जिले में आती है। जो कि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। वर्तमान में कांग्रेस के गुरुदयाल बंजारे यहां से विधायक हैं। लेकिन इस बार पार्टी ने यहां से प्रदेश के पीएचई मंत्री गुरु रुद्र कुमार को टिकट दी थी। जो कि पार्टी के लिए गलत फैसला साबित हुआ और वे यहां से चुनाव हार गए। रुद्र गुरु सतनामी समाज के गुरु हैं और समाज का बड़ा चेहरा हैं। 2018 में कांग्रेस के गुरुदयाल सिंह बंजारे ने बीजेपी उम्मीदवार पूर्व मंत्री दयालदास बघेल को हराया था। 2018 में यहां 72.2 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। गुरुदयाल सिंह बंजारे ने दयालदास बघेल को 33200 वोटों से हराया था।

**अमरजीत भगत ( सीतापुर )**



सरगुजा की सीतापुर विधानसभा सीट खास सीटों मे से एक है। यह सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत सीतापुर से इस बार चुनाव हार गये हैं। 2018 में अमरजीत भगत ने भाजपा प्रत्याशी प्रोफेसर गोपाल राम को हराया था। पिछले चुनाव में यहां 78.5 प्रतिशत वोटिंग हुई थी. अमरजीत भगत ने प्रोफेसर गोपाल राम को 36137 वोटों से हराया था। इस बार अमरजीत भगत के खिलाफ भाजपा ने राम कुमार टोप्पो को उम्मीदवार बनाया था।

**मोहन मरकाम ( कोंडागांव )**



कोण्डागांव सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। प्रदेश के आदिम जाति कल्याण मंत्री मोहन मरकाम यहां से वर्तमान विधायक हैं। ये भी यहां से चुनाव हार गए हैं. 2018 में मोहन मरकाम ने बीजेपी की लता उसेंडी को हराया था।

यहां 80.7 प्रतिशत मतदान हुआ था.। मोहन मरकाम ने लता उसेंडी को 1796 वोटों से हराया था। इस बार भाजपा ने यहां से फिर से लता उसेंडी पर भरोसा जताया था।

# छत्तीसगढ़ की डिस्टलरी कुम्हारी का एक माह के लिए लाइसेंस सस्पेंड

**रायपुर,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। नकली होलोग्राम का खुलासा होने पर कुम्हारी स्थित छत्तीसगढ़ डिस्टलरी का लाइसेंस एक महीने के लिए लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है। बस्तर में अक्टूबर महीने में पकड़े गए एक ट्रक अवैध शराब के बाद मामले का खुलासा हुआ था। इसके बाद डिस्टलरी संचालक से जवाब मांगा गया था। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर आबकारी आयुक्त महादेव कांवरे ने यह कार्रवाई की है। यह नकली होलोग्राम आबकारी निगम के पूर्व एमडी एपी त्रिपाठी के परिजनों की फर्म तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराती थी।

आबकारी आयुक्त ने एक अधिकृत विग्यप्ति में बताया कि बस्तर में उड़ीसा राज्य की सीमा में स्थित धनपूंजी जांच चौकी में पुलिस विभाग के द्वारा बीते 2 अक्टूबर को ग्राम धनपूंजी नगरनार जिला बस्तर में एक ट्रक क्रमांक क्क 32 रुह 3549 को जांच के लिए रोक कर तलाशी लेने पर आटा की बोरियों में छुपाकर 890 पेटी गोवा स्पेशल व्हिस्की छत्तीसगढ़ राज्य को विक्रय हेतु लेबल की अवैध रूप से परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन में कुल 890 पेटी गोवा स्पेशल व्हिस्की के संबंध में वाहन चालक एवं अन्य 02 व्यक्ति जो वाहन में सफर कर रहे थे के द्वारा विधिवत दस्तावेज उपलब्ध न कराये जाने पर मदिरा को अवैध मानते हुए छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 ;2द्ध के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं वाहन सहित 890 पेटी गोवा स्पेशल व्हिस्की को जप्त कर वाहन में सवार सभी 03 व्यक्ति के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत् गैर जमानती प्रकरण दर्ज किया गया। जप्त मदिरा की जांच करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि सभी 890 पेटी मदिरा कुल 42,720 नग पाव में चस्पा की गई होलोग्राम का नम्बर एक समान ही था

# जनादेश स्वीकार्य, कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया : सैलजा



**रायपुर,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने विधानसभा चुनाव के परिणामों को लेकर कहा छत्तीसगढ़ की जनता का जनादेश स्वीकार्य है। कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया।

उन्होंने आगे कहा कि हम गरीब, वंचित वर्ग की लड़ाई लड़ते रहेंगे। हम उम्मीद करते हैं कि बीजेपी सरकार लोगों के उम्मीदों पर खरा उतरे। उन्होंने कहा कि हम मजबूत विपक्ष के रूप में काम करेंगे. हम सरकार के अच्छे कामों का सहयोग करेंगे।

चुनाव के परिणामों को लेकर सैलजा ने कहा कि कहां क्या कमी रह गई है, उसकी समीक्षा हम करेंगे. साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि इसके बाद हम लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएंगे।

# युवती से मारपीट, सड़क दुघर्टना में युवक की मौत

**रायपुर,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। मंदिर हसौद इलाके में एक युवती से मारपीट हो गई। शराबी युवक ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट की। पुलिस के मुताबिक कुमारी प्रियंका गायकवाड़ ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अंदाज कालोनी मंदिर हसौद में परिवार के साथ रहती है। जहां शनिवार की शाम को श्रवण सिंदूर नाम के शख्स शराब के नशे में घर के पास आकर गाली गलौज कर रहा था। जिसे मना करने पर श्रवण सिंदूर तू कौन होती हैए मना करने वाली कहकर युवती के साथ बहस करने लगा। और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट की। पुलिस ने युवती की शिकायत पर श्रवण कुमार के खिलाफ294, 506, 323 का अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है। इधर कल देर शाम ग्राम नकटा के पटवारी कार्यालय के पास दुर्घटना हो गई। अज्ञात वाहन चालक ने राह चलते युवक को ठोकर मार दी। गंभीर चोट लगने की वजह से ग्राम नकट निवासी कोमल पटेल की मौके पर मौत हो गई। इसकी रिपोर्ट राकेश चर्तुवेदी ने थाना में दर्ज कराई। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं अज्ञात आरोपी के खिलाफ304 ए का अपराध दर्ज किया है

# छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 23 साल बाद मरवाही में खिला कमल



**मरवाही विधानसभा क्षेत्र की जनता ने भाजपा के प्रणव मरपच्ची को दिया जनादेश**

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 03 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 23 साल बाद मरवाही विधानसभा क्षेत्र में एक बार फिर कमल खिला है। मरवाही की जनता ने यहां भाजपा प्रत्याशी प्रणव मरपच्ची को जनादेश दिया है। आज हुई मतगणना में मरवाही विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रणव मरपच्ची 11102 मतों से जीत दर्ज की है। प्रणव मरपच्ची मतगणना के पहले राऊंड से 18 वे राऊंड तक आगे रहे।

राजनीतिक पंडितों के विश्लेषण एवं तमाम पूर्वानुमान को पीछे छोड़ते हुए प्रदेश में जहां बीजेपी ने जीत हासिल की है तो मरवाही में 23 साल बाद भाजपा ने सभी अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए प्रणव मरपच्ची ने जीत दर्ज की है।

## जीत का श्रेय मरवाही की जनता को : प्रणव मरपच्ची

अपनी जीत के बाद अपनी जीत के बाद भाजपा से विजय प्रत्याशी प्रणव मरपच्ची ने अपनी जीत का श्रेय मरवाही की जनता को दिया है। उन्हें विधानसभा क्षेत्र के जनता को बधाई देते हुए कहा है कि मैं एक फौजी हूं। फौजी के अनुशासन के अनुसार मरवाही में सुशासन का निर्माण होगा। यहां विकास की अनेक संभावनाएं हैं उन संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में काम किया जाएगा। भाजपा अपने मोटो पर काम कर रही थी। हमने छत्तीसगढ़ बनाया है, हम ही सवारेंगे।

**पहले राउंड से ही आगे रहे मरपच्ची**

मरवाही विधानसभा चुनाव में पहले राउंड से 15वे राउंड तक भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रणव कुमार मरपच्ची से कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर के के ध्रुव पीछे थे। लेकिन 15 में राउंड के बाद गुलाब राज ने बढ़त बनाई और दूसरे स्थान पर 37742 वोट पाकर रहे जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर के के ध्रुव 36580 वोट पाकर तीसरे स्थान पर चले गए।

**दोपहर 12:00 बजे ही डॉक्टर के के ध्रुव मतगणना स्थल छोड़कर चले गए**

प्रथम राउंड के मतगणना के बाद से ही जैसे–जैसे मतों का अंतर बढ़ने लगा वैसे–वैसे कांग्रेसियों की बेचैनी बढ़ने लगी थी और जब यह निश्चित हो गया कि मरवाही से कांग्रेस या चुनाव हार रही है डॉक्टर के के ध्रुव सहित उनके समर्थक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मतगणना स्थल छोड़कर जाने लगे।

**आजादी के बाद मरवाही में तीसरी बार बना है भाजपा का विधायक**

यहां पर उल्लेखनीय है कि मरवाही विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का विधायक आजादी के बाद तीसरी बार बना है। वर्ष 1990 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए डॉक्टर भंवर सिंह पोर्ते मरवाही से भाजपा के विधायक चुने गए थे जिन्हें अभिभाजित मध्य प्रदेश की सुंदरलाल पटवा सरकार ने पशुधन एवं डेयरी विकास मंत्री बनाकर कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया था। उसके बाद वर्ष 1998 में हुए विधानसभा चुनाव में रामदयाल उइके मरवाही विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए थे जो छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद बने कांग्रेसी मुख्यमंत्री अजीत जोगी के लिए अपनी सीट छोड़ दी थी। अब वर्ष 1998 के बाद सीधे वर्ष 2023 में एक बार फिर मरवाही की जनता ने भाजपा के प्रणव मरपच्ची को जनादेश देकर मरवाही में कमल खिलाया है।

# दिसंबर में चरम पर रहेगी ठंड लेकिन शीतलहर नहीं



**रायपुर,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी जिले के लिए दिसम्बर वर्ष का अधिकतम ठंडा तथा शुष्क महीना है। आकाश सामान्यत: बादल रहित होने की वजह से दिन अपेक्षाकृत गर्म किन्तु आरामदायक होते है। पश्चिमी विक्षोभों अर्थात कम दबाव का क्षेत्र जो देश के उत्तरी प्रांतों में पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ते है तथा जिनसे उत्तरी भाग शीतकालीन वर्षा से प्रभावित होता है आने वाली शुष्क ठण्डी हवाएं देश के मध्यवर्ती एंव उत्तरीय भाग में शीतलहर की स्थिति पैदा करती है। कभी. कभी बंगाल की खाड़ी में बनने वाली चक्रवाती तूफान की वजह से उत्तर से ठण्डी हवाएं देश के मध्यभाग में आ जाती है। बहुत ही कम अवसरों पर रायपुर शीतलहर से प्रभावित हुआ है। इस माह का सामान्य औसत अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस तथा औसत न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस होता है। इस माह की औसत वर्षा 6.9 मि.मी है तथा वर्षा के दिनों की औसत संख्या 0.3 है। इस माह में सापेक्ष आर्दता 68.47 तक होती है। सतही हवाएं सामान्यत: शांत से आती है जिनकी औसत गति लगभग 2.5 किमी प्रति घंटा होती है।

## कल टकराएगा तूफान

एक गहरा अवदाब दक्षिण.पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है जो पश्चिम.उत्तर.पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह पुडुचेरी से पूर्व दक्षिण.पूर्व में 440 किलोमीटर दूरए चेन्नई से पूर्व.दक्षिण.पूर्व की ओर 450 किलोमीटर दूरए नेल्लौर से दक्षिण.पूर्व की ओर 580 किलोमीटर दूरए बापतला से दक्षिण.पूर्व में 670 किलोमीटर दूर मछलीपट्टनम से दक्षिण.पूर्व की ओर 670 किलोमीटर दूर स्थित है। इसके पश्चिम.उत्तर. पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर चक्रवाती तूफान के रूप में दक्षिण.पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर अगले 24 घंटे में बनने की संभावना है।

# विधानसभा में नव निर्वाचित विधायकों का कक्ष क्रंमाक–4 में होगा स्वागत



**रायपुर,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य की षष्ठम विधान सभा के नव.निर्वाचित विधायकों के लिए विधानसभा भवन में 4 से 8 दिसम्बर तक स्वागत.कक्ष की व्यवस्था की गयी है। इसमें नव निर्वाचित सदस्यों के औपचारिक स्वागत के साथ ही उन्हें विधान सभा संबंधी कायों हेतु आवश्यक समस्त प्रपत्रों की पूर्ति एवं विधान सभा भवन स्थित समस्त शाखाओं द्वारा सम्पादित कार्यों तथा सदस्यों को सुविधाओं की सम्पूर्ण जानकारी दी जाऐगी। नव.निर्वाचित विधायकों को निर्वाचन प्रमाण.पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। उनकी सुविधा के लिए उक्त समस्त प्रपत्र विधान सभा की वेबसाईट में भी उपलब्ध रहेंगे जिन्हें कर अपेक्षित जानकारी की पूर्ति कर सकेंगे।

**उल्टा पुल्टा**

निर्मल की 2 करोड़ की लॉटरी निकली,
**लॉटरीवाला** - आपको टैक्स काटकर 1.75 करोड़ मिलेंगे,
**निर्मल** - ये गलत बात है, मुझे पूरे 2 करोड़ दो, नहीं तो मेरे टिकट के 100 रुपये वापस करो...

## संपादकीय

### छत्तीसगढ़ का विकास जारी रहे

*छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिये 7 एवं 17 नवम्बर को हुए मतदान के रविवार को जो परिणाम घोषित हुए हैं और यहां की जनता ने एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को चुना है, उससे साफ है कि अब विकास की जिम्मेदारी इस दल पर है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि अगर मतदाताओं ने 5 साल के बाद फिर भाजपा को सत्ता सौंपने की इच्छा जताई है तो इसका अर्थ यह नहीं है कि कांग्रेस की सरकार ने जो काम अपने पिछले कार्यकाल यानी 2018 से 2023 के दौरान लागू किये हैं, वे बिलकुल ही बेकार रहे हैं। जनता का जीवन स्तर और ऊपर उठाने के लिये कांग्रेस जो नीतियां एवं कार्यक्रम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जरिये लेकर आयी, सम्भव है कि अगली सरकार अपने तरीके से, उन नीतियों एवं कार्यक्रमों के जरिये जारी रहेंगी क्योंकि जनता की भलाई हर सरकार की सर्वोच्च वरीयता होती है।*

*उल्लेखनीय है कि 2003 से 15 वर्षों तक डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में सरकार चलाई थी। इसलिये उसके पास पर्याप्त प्रशासकीय अनुभव भी है। उस वक्त रमन सिंह ने शहर केन्द्रित और उद्योग आधारित विकास नीति अपनाई थी। दूसरी तरफ निवर्तमान भूपेश बघेल सरकार ने राज्य के लिये ग्राम केन्द्रित और कृषि आधारित विकास का मार्ग चुना था। पिछली सरकार द्वारा अनेक ऐसी योजनाएं लाई गईं जिनके चलते गांवों में खुशहाली आई है। किसानों की कर्ज माफी से लाखों किसानों को फायदा पहुंचा था। इस बार भी यह वादा किया गया था कि पहले के मुकाबले धान का जो सर्वाधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य छग में मिल रहा है वह मिलता रहेगा। अगर कांग्रेस फिर से सरकार बनाती तो 3200 रुपये प्रति चिंटल एमएसपी मिलता। अब यह भाजपा की नयी सरकार का दायित्व होगा कि वह किसानों को उसके द्वारा घोषित धान की अच्छी कीमत (3100 रु. प्र. चिं.) दे।*

*ऐसे समय में जब भाजपा सत्ता में पांच वर्षों के बाद लौट आई है तो वह नये लोकहित कार्यक्रम बनाये, उन्हें लागू करे ताकि नागरिकों के जीवन स्तर में सतत सुधार हो और राज्य तरक्की करे। चुनाव आते-जाते रहेंगे, दल जीतते-हारते रहेंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि लोक हित के अच्छे कार्यक्रम चाहे जिस रूप में हों, चलते रहें। पिछली तीन सरकारों (अजीत जोगी, रमन सिंह व बघेल) ने अपने-अपने स्तर और समझ के अनुसार जनता के लिये कार्यक्रम चलाये जिनका असर भी हुआ है। किसी का कम किसी का अधिक हो सकता है। आशा है कि नयी सरकार बगैर किसी पूर्वाग्रह के और पूरी निष्पक्षता के साथ काम करेगी। जो भी वादे उसने अपने चुनावी घोषणापत्र में किये हैं, उन्हें वे यथासम्भव और यथाशीघ्र लागू करे। ये कार्यक्रम जनता के लिये हितकारी हों।*

## भ्रष्टाचार कुशासन की वजह जनता ने भूपेश की बातो पर भरोसा नहीं किया : रमन

**राजनांदगांव,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। राजनांदगांव विधानसभा को सबसे महत्वपूर्ण सीट के रूप मे समूचे प्रदेश मे ही नही बल्कि राष्ट्रीय मीडिया की टकटकी निगाहे भी लगातार अपनी नजरों मे रखा हुआ था। इस सीट की महत्ता इसी बात से लगाई जा सकती है की प्रदेश मे पंद्रह वर्षों तक जिसने अपना शासन चलाया उस डॉक्टर रमन सिंह को भाजपा ने पुन: राजनांदगांव विस का उम्मीदवार बनाया और वही कांग्रेस ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बाल सखा के रूप मे अपनी पहचान रखने वाले खनिज विकास निगम के अध्यक्ष रहे गिरीश देवांगन को राजनांदगांव से उम्मीदवार बनाया प्रचार और मैनेजमेंट की चर्चा के बीच यह बात जनचर्चा के रूप मे शहर मे रही की अगर वाकई गिरीश देवांगन का मैनेजमेंट कमजोर होता तो शायद जमानत भी नही बचा पाते चुनाव के दरमियान गिरीश देवांगन को भाजपा कमजोर आंक तो जरूर रही थी पर अंधाधुन प्रचार और मैनेजमेंट को देख कर भाजपा मे भी गिरीश का झटका महुसुस होना शुरू हो गया था। राजनांदगांव की जनता के बीच भाजपा प्रत्याशी डॉ रमन सिंह पहचान को लेकर गहरी पैठ बना चुके थे। संस्कारधानी का प्यार दुलार और आशीर्वाद मिलने की वजह से विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से डॉ रमन सिंह ने जो लीड ली है उसका भान शायद ही रमन सिंह को रहा होगा। वही कांग्रेस के गिरीश देवांगन को 57 हजार 415, भारतीय जनता पार्टी के डॉ. रमन सिंह को 1 लाख 2 हजार 499, वोट मिले और 45084 वोटो से डॉक्टर रमन सिंह ने भारी वोटो से अपने प्रतिद्वंदी गिरीश देवांगन को हराने कामयाब हुए। डॉक्टर रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ प्रदेश मे पूर्ण बहुमत और जीत का श्रेय प्रदेश की जनता और भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं और देश मे मोदी सरकार की जन हितैषी योजनाओं और भूपेश के कुशासन को बताया उन्होंने कहा कि जनता को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास,भूपेश की बातो पर भरोसा नहीं किया जनता ने रिजेक्ट किया है भ्रष्टाचार को,अहंकार को झूठे वादों को शराब घोटाले कोयला घोटाले को, महादेव ऐप,रिजेक्ट रुझानों के बीच छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा, च्जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है, भूपेश बघेल की बातों पर भरोसा नहीं किया। डॉक्टर रमन सिंह के जितने पर अनेक लोगो ने बधाई दी है।



### भूपेश बघेल के साथ सिंह आया पर गढ़ गेला की स्थिति

# कांग्रेस के गढ़ दुर्ग जिले में भाजपा का कमल खिला, 6 में से 4 में भाजपा जीती

**गजेन्द्र यादव, ललित चंद्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, रिकेश सेन भाजपा से तो भूपेश बघेल, देवेन्द्र यादव कांग्रेस से जीते**

**दुर्ग,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में दुर्ग जिले के चुनाव परिणाम एकदम अप्रत्याशित रहे। सारे एक्जिट पोल, अटकलों, व अनुमानों को नकारते हुए जिले के मतदाताओं ने कांग्रेस के दिग्गज नेता गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को दुर्ग ग्रामीण से, विधायक दुर्ग शहर अरूण वोरा, महापौर निर्मल कोसरे अहिवारा से तथा मुकेश चंद्राकर वैशाली नगर से मोदी लहर में बह गये। इस झंझावती तूफान में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन से तथा भिलाई नगर से देवेन्द्र यादव अपनी नैया बचाकर पार ले गये। श्री बघेल के साथ मगर आया सिंह आया पर गढ़ गेला जैसी स्थिति हो गई। इस भाजपा लहर के बाद भी भाजपा के दिग्गज नेता प्रेमप्रकाश पाण्डेय भिलाई नगर और सांसद विजय बघेल पाटन को पराजय का सामना करना पड़ा। श्री पाण्डेय का यह दुर्भाग्य कहा जायेगा कि इस चुनाव में उन्हें लगातार दूसरी बार काफी कम मतों से पराजय का सामना करना पड़ा। इस जिले से भाजपा के नये नवेले प्रत्याशी ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण, गजेन्द्र यादव दुर्ग शहर, रिकेश सेन वैशाली नगर से निर्वाचित हुए है। अहिवारा से भाजपा के ही डोमन लाल कोर्सेवाड़ा दस वर्ष दो विधानसभा के बाद फिर से एक बार विधायक बनें है।

भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी : जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में आज भाजपा कार्यालय में भाजपा की जीत के उपलक्ष्य में जोर शोर से जश्न मनाया। बाजे गाजे के साथ आतिशबाजी की गई। मिठाईयां बांटी गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**पाटन : भूपेश बघेल 18 वें राउण्ड तक 19 हजार से आगे**

पाटन विधानसभा सीट छत्तीसगढ़ में सबसे हाईप्रोफाईल सीट मानी जाती है जहां से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विरूद्ध उन्हीं के भतीजे विजय बघेल भाजपा से प्रत्याशी थे। यहीं से छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस सुप्रिमो अमित जोगी भी मैदान में थे हालांकि वे कोई करिश्मा नहीं दिखा पाये और 18 वें राउण्ड तक सिर्फ 4 हजार 706 मतों में ही सिमटकर रह गये। इधर चाचा भतीजे की जंग की चर्चा पूरे प्रदेश व देश में थी और आखिरकार एक बार फिर जीत की बाजी चाचा भूपेश बघेल के हाथ ही लगी । 18 वें राउण्ड की गणना में वे सांसद दुर्ग विजय बघेल से 19 हजार 543 मतों से आगे चल रहे है और अब उनकी जीत सुनिश्चित हो चुकी है। कांग्रेस के भूपेश बघेल को अब तक कुल 94 हजार 847 तथा भाजपा के विजय बघेल को 75 हजार 304 वोट मिले है।

**अहिवारा : कोर्सेवाड़ा 19 राउण्ड तक 25 हजार से आगे**

अहिवारा सु. क्षेत्र से 19 राउण्ड की गिनती तक भाजपा प्रत्याशी डोमनलाल कोर्सेवाड़ा 25 हजार मतों से कांग्रेस के प्रत्याशी महापौर भिलाई-3 चरौदा निर्मल कोसरे पर 25 हजार 273 मतों से बढ़त बनाये हुए है। श्री कोसरे पहली बार विधानसभा का चुनाल लड़ रहे थे। गुरूजी के नाम से लोकप्रिय श्री कोर्सेवाड़ा की अहिवारा सीट को भाजपा शुरू से ही अपनी जीत पुख्ता सीट मान रही थी।

**वैशाली नगर : 16 वें राउण्ड तक रिकेश सेन 36 हजार से आगे**

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र से 16 वें राउण्ड की गणना के बाद भाजपा के रिकेश सेन ने पर्याप्त से अधिक 36 हजार 134 मतों की बढ़त बना ली है। रिकेश सेन भाजपा को 89 हजार 536 तथा मुकेश चंद्राकर को 53 हजार 402 मत मिले। अभी मतगणना जारी है। यहां से बतौर निर्दलीय मैदान में उतरी संगीता शाह को मात्र 1 हजार 112 मत मिले है। वैशाली नगर क्षेत्र भाजपा की परम्परागत गढ़ माना जाता है। यहां से कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर पहली बार चुनाव लड़ रहे थे। वे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी रिश्तेदार माने जाते है। भाजपा के रिकेश सेन लंबे समय से नगर निगम भिलाई में पार्षद रहते हुए जमीनी कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान कायम की है। यहां पर कांग्रेस व भाजपा के बीच सीधी टक्कर थी।





**भिलाई नगर : 11 वें राउण्ड में देवेन्द्र यादव आगे**

भिलाई नगर छत्तीसगढ़ की एक महत्वपूर्ण सीट मानी जाती है। यहां से भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेमप्रकाश पाण्डेय कद्दावर नेताओं में है। वे मध्यप्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ की विधानसभा में मंत्री व विधानसभा अध्यक्ष रह चुके है। उनके विरूद्ध कांग्रेस के देवेन्द्र यादव दूसरी बार चुनाव लड़ रहे है और लगातार श्री पाण्डेय को चुनाव में मात देते आ रहे है। इस बार भी 11 वें राउण्ड के अंत तक कांग्रेस के देवेन्द्र यादव भाजपा के प्रेमप्रकाश पाण्डेय से 2 हजार 376 मतों से आगे है। देवेन्द्र यादव को 49 हजार 5 सौ वोट मिले है तथा प्रेमप्रकाश पाण्डेय को 47 हजार 276 वोट मिले है। भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में 12 राउण्ड में मतगणना होनी है।

**दुर्ग शहर : गजेन्द्र यादव 13 वें राउण्ड तक 42 हजार से आगे**

दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के गजेन्द्र यादव ने कांग्रेस प्रत्याशी विधायक अरूण वोरा को 42 हजार 60 मतों से करारी मात देकर बढ़त बनाई है। उल्लेखनीय है कि दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र को लेकर पूरे प्रदेश में सबकी निगाहें टिकी हुई थी। वोरा परिवार न सिर्फ दुर्ग बल्कि पूरे देश प्रदेश की राजनीति में एक बड़ा दबदबा था। अरूण वोरा के पिताजी स्व. मोतीलाल वोरा ने इसे सन् 72 से लगातार चुनाव जीतकर दुर्ग को कांग्रेस का गढ़ बनाया था। अरूण वोरा का यह सांतवा चुनाव था। जिसमें 3 बार जीते थे। इस चुनाव में उन्हें फिर एक बार करारी हार झेलनी पड़ी है।

नवनिर्वाचित विधायक गजेन्द्र यादव राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ परिवार के स्वयं सेवक है। स्काउट गाईड से जुड़े है। वे संघ के कद्दावर बिसराराम यादव के सुपुत्र है। उन्हें भाजपा के साथ संघ की एकता व अनुशासन का लाभ भी मिला है।

इस चुनाव में गजेन्द्र यादव भाजपा को 13 वें राउण्ड तक 82 हजार 339 व अरूण वोरा कांग्रेस को 40 हजार 279 वोट मिले है। एक बार अरूण वोरा को यादव प्रत्याशी से हार का सामना करना पड़ा। इसके पूर्व स्व.हेमचंद यादव ने वोरा के गढ़ में सेंध लगाई थी।

**दुर्ग ग्रामीण : भाजपा के ललित चंद्राकर 15 हजार से आगे**

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र जो इस चुनाव में कांग्रेस की सबसे सुरक्षित सीट मानी जा रही थी। उस सीट में कांग्रेस के कद्दावर नेता गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पराजय की खबर से लोगों को चौंका दिया है। यहां पर श्री साहू के प्रतिस्पर्धी ललित चंद्राकर 15 हजार 92 मतों से 15 वें राउण्ड तक बढ़त बनाये हुए है। भाजपा के युवा प्रत्याशी ललित चंद्राकर को अब तक 78 हजार 576 और ताम्रध्वज साहू कांग्रेस को 63 हजार 484 मत मिले है।

ताम्रध्वज साहू छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक बड़ा नाम है। उन्हें मुख्यमंत्री का दावेदार माना जाता था। उन्होंने पंच सरपंच से राजनीति शुरू कर पाठ्य पुस्तक के उपाध्यक्ष, सांसद, मंत्री, गृहमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय सेल के अध्यक्ष भी रह चुके थे। इधर ललित चंद्राकर पहली बार विधानसभा पहुंच रहे है। वे जिला भाजपा के महामंत्री सहित संगठन में लंबे समय से सक्रिय है।

## प्रथम चक्र की घोषणा के साथ गूंजने लगा जय श्रीराम के नारे

**शाम तक पूरा माहौल भाजपा के जश्न में भगवामय**



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में दुर्ग जिले की 6 सीटों में से भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर सभी जगह भाजपा प्रत्याशी अपना बढ़त बनाये रहे। तीसरे चक्र में मुख्यमंत्री व पाटन से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने अपनी बढ़त बनानी शुरू कर । जिले से भूपेश बघेल के अलावा कांग्रेस के भिलाई नगर प्रत्याशी देवेन्द्र यादव की भी बढ़त भाजपा के प्रेमप्रकाश पाण्डेय पर लगातार बनी रही। इस तरह पहले ही राउण्ड की घोषणा से उत्साहित भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में उत्साह बना रहा और देखते ही देखते डीमार्ट के सामने का पूरा मैदान भाजपा कार्यकर्ताओं से भर गया। भाजपा का झंडा लहराया जाने लगा और जय जय श्रीराम के भरे लगाये जाने लगे। इस बीच कांग्रेस के जो लोग वहां पहुंचे थे वे धीरे से खिसक गये और पूरे माहौल में भाजपा हावी हो गई।

**शुरू से ही भाजपा के पक्ष में बना माहौल, अब तक बना रहा :** आज सुबह 8 बजे शंकराचार्य इंजीनियरिंग कालेज में जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना शुरू हुई। इस समय कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दलों के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में नजर आ रहे थे। सभी को अधीकृत पास के आधार पर प्रवेश दिया जा रहा था। प्रेस पास चुनिंदा लोगों के ही बनाये गये थे। अत: मीडिया के साथ ही दोनों दलों के कार्यकर्ता कालेज बिल्डिंग से लगे एक मैदान में एकत्रित हुए। जहां एक टेंट व कुर्सियां रखी गई थी। शुरू शुरू में कांग्रेस के लोग काफी आश्वस्त और उत्साहित थे। किंतु जैसे ही पहला राउण्ड सुबह साढ़े 9 से 10 बजे के बीच घोषित हुआ कांग्रेस प्रत्याशी गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के पिछड़ने की जानकारी मिली भाजपा के ललित चंद्राकर उत्साह से भर गये और जोर शोर से नारेबाजी करने लगे। उसके बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पाटन क्षेत्र का पहला राउण्ड घोषित हुआ उसमें भी कांग्हेस के लगभग 3 सौ से अधिक मतों से पिछड़ने की सूचना ने भाजपाइयों को उत्साह से भर दिया। दुर्ग शहर के विधायक कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा के पिछड़ जाने की खबर ने तो माहौल को और भी गरमा दिया। भाजपाइयों ने मोदी की गारंटी है और जयजय श्री राम के नारे लगाये जाने लगे।

आज मतगणना के प्रबंध में पूरे भवन एवं मैदान में भी भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। लोगों के मोबाईल व अन्य सामान गेट पर ही रखा लिये जा रहे थे। मेटल डिटेक्टर की जांच से ही लोगों को अंदर जाने दिया जा रहा था। आज के चुनाव परिणाम जानने के लिये जो भीड़ इकट्ठा हुई थी उनसे ज्यादातर लोगों की कांग्रेस के दुर्ग शहर प्रत्याशी अरूण वोरा का परिणाम जानने की उत्सुकता थी। यह पता लगाने पर कि श्री वोरा अब निर्णायक मतों से पीछे हो गये है कांग्रेसी घर लौटने लगे और भाजपा प्रत्याशियों की बढ़त की खबर फैलने ही बड़ी संख्या में ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

### मोदी की गारंटी पर जनता ने मुहर लगायी : सरोज पाण्डेय



राज्यसभा सांसद और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय ने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने को लेकर कहा है कि जनता ने एक स्वच्छ प्रशासन एवं जनता के हित में कार्य करके प्रदेश का विकास करने वाली सरकार को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है। चुनाव के परिणाम बताते है कि प्रदेश की जनता भाजपा की मुख्य राष्ट्रीय धारा से जुड़ चुकी है। उन्होंने चुनाव में जीत के लिये प्रदेश के मतदाताओं का आभार माना है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस शासनकाल के भ्रष्टाचार, लूट और वादाखिलाफी से उब चुकी थी जिसका परिणाम सामने है। डॉ. सरोज पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी होती है। जनता नेताओं के दावे, घोषणाओं व खैरात देने के वादों पर विश्वास नहीं करती। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र पर पूरी तरह अमल करेगी।

## पंडरिया से निर्वाचित भावना बोहरा व कवर्धा से विजय शर्मा को प्रदान किए प्रमाण पत्र

**कवर्धा**, 3 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत 07 नवंबर को हुए मतदान के बाद जिले के दोनों विधानसभा के मतगणना परिणाम रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा आज 03 दिसम्बर को घोषित किया गया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया की प्रत्याशी श्रीमती भावना बोहरा (भारतीय जनता पार्टी) और विधानसभा क्षेत्र 72 कवर्धा के प्रत्याशी विजय शर्मा (भारतीय जनता पार्टी) निर्वाचित हुए। मतगणना के पश्चात कृषि उपज मण्डी, बिलासपुर रोड, कवर्धा में दोनो निर्वाचित प्रत्यािषयों को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे मंच पर उपस्थित थे।



रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया के प्रत्याशी श्रीमती भावना बोहरा को कुल 1 लाख 20 हजार 847 मत मिले और उनके निकटम कांग्रेस प्रत्याशी नीलू चंद्रवंशी को 94 हजार 449 मत मिले। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र 72 कवर्धा के प्रत्याशी विजय शर्मा को 1 लाख 44 हजार 257 मत मिले और उनके निकटम कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर को 1 लाख 4 हजार 665 मत मिले।

विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया के रिटर्निंग अधिकारी संदीप ठाकुर ने बताया कि चमेली कुर्रे (आम आदमी पार्टी) को 1651 मत, चैतराम राज (बहुजन समाज पार्टी) को 6214 मत, भाई रवि चंद्रवंशी (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे.) को 4783 मत, कमल बांधे (अधिवक्ता) (राष्ट्रीय जनसभा पार्टी) को 502 मत, परदेषी राम जांगड़े (प्रबुद्ध रिपब्लिक पार्टी) को 276 मत, संदीप तिवारी राज (भारतीय सर्व हिताय समाज पार्टी) को 346 मत, अलिन्द कुमार साहू (निर्दलीय) को 337 मत, ओमकार साहू (निर्दलीय) को 451 मत, रेखा साहू (निर्दलीय) को 1001 मत, सच्चिदानंद कौशिक (निर्दलीय) को 2414 मत, सत्यप्रकाष बौद्ध (निर्दलीय) को 2053 मत और हरेन्द्र कुमार डाहिरे (निर्दलीय) को 1054 मत मिले। इस प्रकार डाले गए विधि मान्य मतों की कुल संख्या 02 लाख 36 हजार 378 मत, नोटा 2167 मत, प्रतिक्षेपित मतों की संख्या 202 निविदत्त मतो की कुल संख्या 8 मत है। विधानसभा क्षेत्र 72 कवर्धा के रिटर्निंग अधिकारी पी.सी. कोरी ने बताया कि अकबर भाई (बहुजन समाज पार्टी) को 1556 मत, खड्गराज सिंह (आम आदमी पार्टी) को 6334 मत, सुनील केषरवानी (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे.) को 2119 मत, परसादी लाल कुम्हरे (गोड़वाना गणतंत्र पार्टी) को 2200 मत, अजय पाली (निर्दलीय) को 319 मत, पुष्पलता जोशी (निर्दलीय) को 213 मत, प्रकाश लहरे (निर्दलीय) को 237 मत, बिंदेश्वरी चंद्रिका (निर्दलीय) को 407 मत, बृजलाल देवांगन (निर्दलीय) को 598 मत, रामजी मेरावी (निर्दलीय) को 784 मत, राम लोचन (निर्दलीय) को 1772 मत, लक्ष्मी सत्यवंशी को 905 मत, लाखन सिंह (निर्दलीय) को 1700 मत और शिवनाथ निषाद को 2056 मत मिले। इस प्रकार डाले गए विधि मान्य मतों की कुल संख्या 2 लाख 70 हजार 122 मत, नोटा 925 मत, प्रतिक्षेपित मतों की संख्या 463, निविदत्त मतो की कुल संख्या 23 मत है।

**आज 27वीं पुण्यतिथि**

**हमारे प्रेरणास्त्रोत पूज्य पिता की आज 4 दिसम्बर 2023 को पुण्यतिथि पर शत-शत नमन**



स्व. श्री के.के. शर्मा

शोकाकुल परिवार

बलविन्दर पाल-चंचल शर्मा, प्रवीण शर्मा-पुष्पा शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
बिना प्रभाकर-प्रमोद प्रभाकर (पुत्री-दामाद)
श्वेता शर्मा-अनिल शर्मा, ऋचा शर्मा-विशाल, अश्वनी प्रभाकर-पूजा प्रभाकर, रंजना शर्मा, रौशनी शर्मा, दिव्या, दर्षित, अनुष्का, अंशिका, दक्ष, बन्या एवं समस्त शर्मा परिवार सेक्टर-1 भिलाई

# भाजपा के रिकेश, डोमनलाल जीते

## कांग्रेस के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व भिलाई के देवेन्द्र जीतने में सफल



**भिलाईनगर,** 3 दिमस्बर (देशबन्धु)। दुर्ग जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर स्थिति लगभग साफ हो चुकी है। इसमें सबसे हाईप्रोपाइल सीट पाटन से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव जीत चुके है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने प्रतिद्वंद्वी सांसद और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय बघेल को को परास्त कर पाटन सीट पर लगातार दूसरी बार विधायक का चुनाव जीतने में सफल रहे है। भूपेश बघेल व विजय बघेल के बीच लगातार काटे की टक्कर रही। अंतिम समय में भूपेश बघेल अपनी सीट बचाने मे कामयाब रहे। सीएम भूपेश बघेल ने कुल 19 हजार पांच सौ 43 वोटों से जीत हासिल की है। भिलाई नगर में 12वें राउंड की काउंटिंग के बाद वर्तमान विधायक देवेन्द्र यादव को 54405 वोट मिले है। जबकि उनके विरोधी और भाजपा उम्मीदवार प्रेम प्रकाश पाण्डेय को यहां से 53141 वोट मिले है। यहां से देवेन्द्र यादव ने 1293 वोट से चुनाव जीत चुके है। वहीं, यहां रिकाउंटिंग की जा रही है। अब पुनः क्या स्थिति निर्मित होगीए इसे देखना होगा। जिले में स्थित प्रदेश की दूसरे सबसे महत्वपूर्ण सीट दुर्ग ग्रामीण से कांग्रेस प्रत्याशी और सूबे के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को हार का सामना करना पड़ा है। यहां उनके विरोधी ललित चन्द्राकर दुर्ग ग्रामीण से चुनाव जीतने में सफल हुए है। वही वैशाली नगर विधान सभा सीट पर रिकेश सेन ने ऐतिहासिक जीत हासिल कर वैशाली नगर भाजपा के परचम को



कायम रखा। अहिवारा से डोमन लाल कोर्सेवाडा ने भिलाई-चरोदा के महापौर व अहिवारा से कांग्रेस के प्रत्याशी निर्मल कोसरे को भारी मतों से परास्त कर चुनाव जीता। वैशाली नगररू आखिरी राउंड में मुकेश चंद्राकर को 57847 और रिकेश सेन को 97693 मत मिले। 39756 वोट से रिकेश सेन जीत गए हैं।अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा को 96717 मत मिले। निर्मल कोसरे को 71454 मत मिले। 25263 वोट से भाजपा चुनाव जीत गई। वही भिलाई विधानसभा सीट पर लगातार दूसरी बार चुनाव जीतकर देवेन्द्र यादव नें रिकार्ड कायम किया है। अब तक भिलाई से लगातार दो बार का विधायक बनने का रिकार्ड देवेन्द्र यादव ने अपने नाम कर लिया है।

## समस्त सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों का होगा अपग्रेड

**भिलाईनगर,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। भिलाई निगम क्षेत्र मे बनाए गए समस्त सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों को अपग्रेड किया जाएगा। शौचालयों को पहले से और बेहतर बनाने के लिए भिलाई निगम द्वारा क्लीन टायलेट कैम्पेन के थीम पर कार्य करेगी, ताकि शहर के अधिक से अधिक लोग सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करे। निगम क्षेत्र मे और सामुदायिक शौचालय निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए स्थल चयन कर जोन कार्यालय से प्रस्ताव मंगाया गया है। आयुक्त रोहित व्यास ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के पूर्व सभी आवश्यक तैयारी कर लेने के निर्देश जनस्वास्थ विभाग को दिए है तारतम्य मे अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, सड़क किनारे धूल मिट्टी तथा झिल्ली पन्नी की सफाई, नाली सफाई इत्यादि कार्य को योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। सार्वजनिक शौचालयों की निरंतर सफाई की जा रही है। ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण में भिलाई निगम को उत्कृष्ठ स्थान मिल सके। सर्वेक्षण की तैयारी और क्लीन टायलेट कैम्पेन को लेकर स्वास्थ्य विभाग की बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि कैम्पेन 25 दिसंबर तक चलेगा। जिन क्षेत्रों में सार्वजनिक शौचालय, सार्वजनिक यूरिनल की आवश्यकता है तो स्थल चयन कर निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार कर मांगा गया है। सार्वजनिक शौचालय में आवश्यक संधारण, मॉडल शौचालय में परिवर्तन करते हुए पीवीसी एवं एसीपी सीट से शौचालयों को आकर्षक बनाने अपग्रेड किया जाएगा। 2014 से पहले बने सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय एवं यूरिनल तथा पेट्रोल पंप में निर्मित शौचालय को तोड़कर नया शौचायल निर्माण किए जाने हेतु प्रस्ताव मांगा गया है।

## सेंट थॉमस में तीस घंटे के सर्टिफिकेट प्रोग्राम



**भिलाईनगर,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के पीजी अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 1 दिसंबर को इंट्रोडक्शन टू इकोनोमैट्रिक्स पर तीस घंटे का सर्टिफिकेट प्रोग्राम सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव डीएसडब्ल्यू हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग थे। प्रशासक फादर डॉ. जोशी वर्गीस, प्राचार्य डॉ.एम जी रोईमोन ने सभी को बधाई दी और कार्यक्रम की सराहना की। सत्र में प्रभारी प्राचार्य डॉ. जेम्स मैथ्यू, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. देबजानी मुखर्जी उपस्थित थे। प्रभारी डॉ.अपर्णा घोष ने मुख्य अतिथि और सत्र के प्रतिभागियों का स्वागत किया और सर्टिफिकेट प्रोग्राम की एक संक्षिप्त रिपोर्ट दी। डा. श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम विषय चयन के लिए विभाग के आयोजन समिति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इकोनोमैट्रिक्स का महत्व हम विज्ञान. अर्थशास्त्र और अन्य क्षेत्रों में भी देखते हैं। विभिन्न मॉड्यूल को डॉ. अपर्णा घोष, डॉ. किरण बाला दास, डॉ. प्रगति कृष्णन द्वारा सफलतापूर्वक पूरा किया गया के के मोदी विश्वविद्यालय दुर्ग से विक्रम द्वारा लिया गया है। के के मोदी विश्वविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय और सेंट थॉमस कॉलेज से कुल 60 छात्रों ने सर्टिफिक्रेट प्रोग्राम में पंजीकरण कराया है। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के बारे में अच्छी प्रतिक्रिया दी है और भविष्य में भी ऐसी शोध संबंधी गतिविधियों की उम्मीद है। सुश्री धृति वैष्णव बी.ए द्वितीय वर्ष ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम का संचालन डॉ किरण बाला दास और मिस अपर्णा दत्ता ने किया।

## जुनियर बालक हैंडबाल टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा कल

**भिलाईनगर,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजस्थान हैंडबाल संघ द्वारा 46वी जुनियर बालक 19 वर्ष से कम राष्ट्रीय हैंडबाल चैम्यिपनशिप का आयोजन शेर महावीर कारौली राजस्थान में 9 से 13 जनवरी तक हैंडबाल एसोसियेशन इंडिया के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। उक्त जुनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबाल चैम्पियनषिप में छत्तीसगढ़ राज्य जुनियर बालक वर्ग की 20 सदस्यीय 18 खिलाड़ी, 1 प्रशिक्षक एवं 1 प्रबंधक टीम भाग लेगी। उपरोक्त संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य के जुनियर बालक हैंडबाल टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन 5 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे से हैंडबाल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-4, में आयोजित किया जा रहा है। उक्त चयन स्पर्धा में भाग लेने हेतु बालक खिलाड़ियों की आयु 1 जनवरी 2004 या उसके बाद की होनी चाहिये। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की मूल प्रति एवं फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है साथ ही खिलाड़ियों को अपने-अपने स्कूल के प्राचार्य से एलिजीबिलिटी फॉर्म को सील एवं हस्ताक्षर कराकर लाना अनिवार्य है। चयन स्पर्धा पश्चात चयनित संभावित जुनियर बालक हैंडबाल खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हैंडबाल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-4 में किया जाना प्रस्तावित है। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले जुनियर बालक खिलाड़ी 5 दिसम्बर को दोपहर 1:30 बजे तक हैंडबाल कॉम्प्लेक्स सेक्टर-4 में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे।

## शंकराचार्य में 15 दिवसीय सर्टिफिकेट प्रोग्राम



**भिलाईनगर,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय में 15 दिवसीय सर्टिफिक्रेट ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन 1 से 15 दिसंबर तक विषय ग्रीन सिंथेसिस आफ नैनोपार्टिकल पर किया जा रहा है। सर्टिफिकेट ट्रेनिंग का आयोजन वानस्पतिक विज्ञान तथा रसायन विभाग के संयुक्त तत्वाधान से किया जा रहा है। यह आयोजन सुश्री वर्षा यादव विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान तथा श्रीमती पदमा रानी वर्मा विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के उद्घाटन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अर्चना झा, महाविद्यालय के डीन अकादमिक डॉ. जे दुर्गा प्रसाद राव तथा जंतु विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. सोनिया बजाज की विशेष उपस्थित रहीं। डॉ.अर्चना झा ने विभाग की ट्रेनिंग प्रोग्राम को लेकर पहल तथा विद्यार्थियों की रुचि की प्रशंसा की एवं यह ट्रेनिंग प्रोग्राम विद्यार्थियों के भविष्य के लिए किस तरह महत्वपूर्ण होगा उसको विस्तार पूर्वक समझाया। इस आयोजन के प्रथम दिवस में नैनोपार्टिकल क्या होता है। पादप से इनका संश्लेषण तथा इनका अलग करने विधि पर विशेष रूप से विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। नैनोपार्टिकल का हमारे जीवन में किस तरह लाभदायक उपयोग किया जा सकता है और भविष्य में उनकी उपयोग की संभावनाओं को विस्तार पूर्वक समझाया गया।समझाया।यह बायोमेडिकल और फार्मास्युटिकल अनुप्रयोगों के लिए चिकित्सीय नैनोसाइज्ड सामग्री विकसित करता है। नैनोकणों का जैविक संश्लेषण विभिन्न स्थूल सूक्ष्म जीवों जैसे पौधेए बैक्टीरियाए कवकए समुद्री शैवाल और सूक्ष्म शैवाल द्वारा किया जा रहा है। जैवसंश्लेषित नैनोमटेरियल कम प्रतिकूल प्रभाव के साथ विभिन्न स्थानिक बीमारियों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर रहे हैं। पौधे में प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक यौगिक जैसे एल्कलॉइड, फ्लेवोनोइड, सैपोनिन, स्टेरॉयड, टैनिन और अन्य पोषण संबंधी यौगिक होते हैं। ये प्राकृतिक उत्पाद पौधे के विभिन्न भागों जैसे पत्तियां, तना, जड़ें, अंकुर, फूल, छाल और बीज से प्राप्त होते हैं। जिनका नैनोपार्टिकल को बनाने में उपयोग किया जा रहा है।

## शंकराचार्य महाविद्यालय में एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान



**भिलाईनगर,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। शंकराचार्य जुनवानी में रेड रिबन क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान द्वारा विश्व एडस दिवस के उपलक्ष पर जागरूकता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. शिल्पा कुलकर्णी विभाग अध्यक्ष डीएलएड तथा सुश्री वर्षा यादव विभाग अध्यक्ष वनस्पति शास्त्र, श्रीमती उज्वला भोसले के नेतृत्व में किया गया। जिसका विषय लोगों में एचआईवी, एड्स संक्रमण के कारण और भारत में एचआईवी रोग रोकथाम के उपाय था। एड्स दिवस के इस कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के डीन अकादमिक डॉ. जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि विद्यार्थी के जागरूक होने से पूरा समाज जागरूक होता है। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमकुम वर्मा एवं मनीष खरे एवं अमरदीप नाग, द्वितीय स्थान पूजा श्रीवास, तृतीय स्थान तेजस्विनी सिंह, ममता साहू तथा सांत्वना पुरस्कार रिया राज, प्रसून पांडे, भावना साहू, कल्याणी जंघेल, खुशी जंघेल को दिया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एचआईवी तथा एड्स की जानकारी तथा रोकथाम के उपाय की जानकारी डा. शिल्पा कुलकर्णी के द्वारा दी गई। प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि हमें इस तरह के कार्यक्रम समय.समय पर करते रहना चाहिए उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सरहना तथा उनका उत्साह वर्धन किया।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ का दीवाली मिलन समारोह



**भिलाईनगर,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ दुर्ग संभाग का दीपावली मिलन समारोह सुपेला स्थित होटल अमित पार्क में किया गया। पत्रकार एवं साहित्यकार तथा छत्तीसगढी एवं भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता शमशीर सिवानी का जन्मदिन मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के दुर्ग संभाग अध्यक्ष छगन साहू ने की वही विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के दुर्ग जिला अध्यक्ष राफेल थॉमस, बालोद जिला अध्यक्ष विवेक वैष्णव, बेमेतरा जिला अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, बेमेतरा जिला महासचिव, आर तिवारी, दुर्ग जिला महासचिव दिनेश पुरवार उपस्थित थे। स्वागत भाषण वरिष्ठ पत्रकार ललित साहू ने दिया। अरविंद अवस्थी ने कहा कि पत्रकारों की एकता व संगठन की मजबूती के लिए इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए। जिससे संगठन की सक्रियता से पत्रकारों को आत्मबल मिलता है। पत्रकारों में संगठन के प्रति विश्वास और उम्मीद बढ़ती है। उन्होंने छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के द्वारा किए गए प्रदेश भर के पत्रकारों के लिए पत्रकार हित में किए गए कार्यों की जानकारी दी। जितेंद्र शुक्ला, बालोद जिला अध्यक्ष विवेक वैष्णव, दुर्ग जिला अध्यक्ष राफेल थॉमस, जिला महासचिव दिनेश पुरवार ने भी अपने विचार व्यक्त कर अपने अनुभव को साझा किया। अरविंद अवस्थी के माता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि सहित समस्त अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान गीत संगीत की प्रस्तुति देने वाले गायक कलाकार टी विशाल व संदीप के गायकी को सराहते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। वरिष्ठ पत्रकारों एवं विशेष सहयोग करने वाले पत्रकारों का सम्मान स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन संभाग अध्यक्ष छगन साहू ने किया व आभार प्रदर्शन जिला महासचिव दिनेश पुरवार ने किया। कार्यक्रम में ललित साहू, शमशेर खान, डॉक्टर पीलेश्वर साहू, शमशीर सिवानी, हरप्रीत भाटिया, हेमलता निषाद, लोकेश साहू, आशीष तिवारी, वीणा दुबे, सोनम साहू, खेमचंद देवांगन, अश्विनी जांगड़े ऐश्वर्या, राजा स्वर्णकार, शैलेंद्र कुमार निर्मलकर, मुकेश ताम्रकार, निकेत ताम्रकार, अभिषेक शावल, हर्ष सोनी, कल्याणी साहू,उमेश बंजार, हेमंत उम्, कृष्णकांत साहू, सुनील पांडे, भूपेंद्र सिंह, पवन साहु, हेमलता निषाद, योगेंद्र साहू, सुधीर सोनी, सोनल साहु, घनश्याम सहित तमाम पत्रकार इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित थे। .

## मैत्री विद्या निकेतन में 35वां क्रीड़ा दिवस का आयोजन

**भिलाईनगर,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिसाली में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव एवम पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भूपेंद्र कुलदीप रजिस्टार हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग तथा विशिष्ट अतिथि डॉ.आर. के. श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो एसोसिएशन थे। विद्यालय की प्रबंधक एवम प्राचार्या डॉ. सजीता थंबी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल के माध्यम से स्वास्थ्य वर्धन ही नहीं करते बल्कि वे सामूहिक कार्य के साथ साझा और सहयोग की भावना सीखते हैं। हार जीत की भावना से परे खेल भावना का विकास होता है। स्काउट गाइड एडिसिप्लिन कैप्टंस और खिलाड़ियों ने शानदार परेड करते हुए क्रीड़ाध्वज को सलामी दी। मुख्य अथिति ने विद्यार्थियों को अनुचित साधनों का प्रयोग न करते हुए खेल भावना के साथ अनुशासित खेल खेलने की शपथ दिलाई। पीटी प्रदर्शन में प्राथमिक एवम माध्यमिक के 1007 विद्यार्थियों ने विभिन्न मधुर गानो के साथ योग करते हुए खेल



अभ्यास के लिए मनमोहक प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अनेक सुंदर आकृतियों का निर्माण करते हुए स्वास्थ ही संपत्ति है, का संदेश दिया। खेल प्रतिस्पर्धाओं में प्राथमिक और माध्यमिक कक्षा में 50 मीटर, बुक बैलेंस, जर्मनड्रील और त्रिटंगड़ी रेस बालक वर्ग में 100 मीटर रस्सी कूद बालिका वर्ग 100 मीटर सीधी दौड़ बालक और बालिका वर्ग, 400 मीटर रिलेरेस बालक और बालिका वर्ग तथा अंतर सादनीय रस्सा खींच बालक और बालिका वर्ग में कराया गया। मुख्य अतिथि भूपेंद्र कुलदीप ने अपने भाषण में विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परीक्षा से पहले खेलों का आयोजन उनमें जोश और उत्साह क्षमता बढ़ाने में मदद करता है तथा बच्चों में सृजनात्मक क्षमता को मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने बच्चों को तनाव से दूर रहने के लिए नूतन वर्ष में नूतन सकारात्मक संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। जिससे एक अच्छे समाज और दुनिया का निर्माण किया जा सके। विशिष्ट अतिथि श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा में पढ़ाई के साथ खेल का भी बराबर का महत्व है। खेल के माध्यम स भी विद्यार्थी अपने करियर का चुनाव कर सकते हैं। विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। परेड में गांधी सदन को प्रथम और नेहरू सदन को द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर चलवै जयंती प्रदान की गई। अतिथियों को स्मृति चन्ह सप्रेम भेट देकर विदाई दी गई। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा श्रीमती राजन सुधाकरण, संस्थाके प्रबंधक एस. सजीव, वम.एस साजन, विद्यालय की प्रबंधक एव प्राचाया डॉ.सजीता थंबी, उपप्राचार्या डॉ.बीना सजीव. श्रीमती निशी साजन. डॉ. सुरेखा पाटिल तथा विद्यालय परिवार उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निशी साजन, श्रीलता धावला,रीमा राजीव, बिंदु रामदास ने किया। खेल प्रतिस्पर्धाओं का समापन क्रीड़ा ध्वज के अवरोहण के साथ किया गया। अतिथियों को आभार उप प्राचार्या डॉ. बीना सजीव ने किया।

## एसबीएस हॉस्पिटल ने लगाए स्वास्थ्य शिविर



**भिलाईनगर,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन, एसबीएस हॉस्पिटल, वयम मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं कलर्स चिल्ड्रन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में यूनियन कार्यालय खुर्सीपार में निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे शिशु रोग, शुगर, बीपी, सामान्य जांच एवं दंत रोग सम्बंधित उपचार हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दवा व परामर्श दिये गए । शिविर में मुख्य रूप से एसोसिएशन के संरक्षक अचलजीत भाटिया, गनी खान, अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव लल्लू सिंह, कोषाध्यक्ष जोगाराव, उपाध्यक्ष उमेश सिंह, रुद्रा दादा, सुनील सोनी, सुधीर सिंह, मुन्ना सिंह, सचिव बलजिंदर सिंह, दिलीप खटवानी, महेंद्र सिंह अमित सिंह, संदीप सिंह, शाहनवाज कुरैशी, सदस्य निर्मल सिंह, मोनी सिंह, चिंटू, आंनद सिंह, सोम सिंह, संतोष सिंह, रमन राव, सुधीर सिंह व समस्त सदस्य व पदाधिकारी व आम नागरिकगण उपस्थित रहें। इस अवसर पर इन्द्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि यूनियन के संरक्षक स्व. वीरा सिंह ने हमेशा लोगों की मदद की। उनकी इसी भावना को ध्यान में रखकर इस शिविर के माध्यम से लोगों की मदद करने का प्रयास किया गया है। ताकि जरुरत मंदों को निःशुल्क ईलाज हो सके।

## संयंत्र कर्मी सड़क दुर्घटना में घायल

**भिलाईनगर,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मी राजेश कुमार राठौर आज सड़क दुर्घटना में घायल हो गये है। जिन्हें इलाज के लिये भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय भर्ती किया गया है। रिसाली स्थित आवास से वह ड्यूटी जा रहे थे, तभी बोरिया गेट के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गए। वहां से गुजर रहे सीटू के नेताओं ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर सेक्टर-9 हॉस्पिटल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि बोरिया गेट से इस्पात भवन मार्ग पर हादसा हुआ है। सिर और सीने में गंभीर चोट लगी है। हादसे के वक्त भी वह बेहोशी की हालत में थे। गंभीर रुप से घायल होने की वजह से चिकित्सकों ने आइसीयू में रखा हुआ है। हादसे की खबर परिवार को दे दी गई। बेटा परिवार के लोग सेक्टर.9 हॉस्पिटल पहुंचे। बीएसपी के अधिकारी भी अस्पताल पहुंच रहे हैं। हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## आवासीय क्षेत्र में मोबाइल टावर को हटवाने सौंपा ज्ञापन



**भिलाईनगर,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। मैत्रीविहार भिलाई के निवासियों ने सुपेला पुलिस को ज्ञापन सौपकर दिनेश हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के पीछे में स्थित मैत्रीविहार सुपेला में मोबाइल टावर स्थापित किया जा रहा हैं। मोबाइल टावर स्थापित होने से हमारे क्षेत्र में रेडिएशन का खतरा बढ़ सकता हैं। जिससे कॉलोनी वासियों पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। ज्ञापन सौपने वालों ने बताया कि कॉलोनी में बहुत से बच्चे एवं बुजुर्ग अपने परिवार के साथ निवासरत हैं। इसके अलावा कॉलोनी के पास ही एक निजी पब्लिक स्कूल संचालित हैं। जहां बहुत सारे बच्चे पढ़ने आते हैं जिन पर भी रेडिएशन का असर पड़ सकता है और बच्चों को नुकसान पहुँच सकता हैं। बच्चों एवं कॉलोनी में निवासरत लोगों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द उचित कार्यवाही कर उक्त मोबाइल टावर को कॉलोनी या कॉलोनी के आस-पास स्थापित करने ना दिया जाये एवं स्थापना का कार्य अविलंब बंद कराया जाय।

# विस चुनाव में संगीता सिन्हा को फिर से पहनाया जीत का ताज



## जिलेभर में जश्न का माहौल

**गुरुर,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव का परिणाम आते ही कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल नजर आ रहा है। संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 से कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी संगीता सिन्हा पर क्षेत्रवासियों ने एक बार फिर से भरोसा कर विजय का ताज पहनाया है।

17 नवंबर को हुए मतदान के बाद 3 दिसंबर को पाकुरभाट के लाइवलीहुड कॉलेज में मतगणना की गई, जहां देर शाम कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी संगीता सिन्हा को जीत के लगभग 14 हजार वोट से अधिक मिलने की जानकारी पर कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित क्षेत्रभर में जश्न का माहौल है। जगह-जगह आतिशबाजी की जा रही है, मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया जा रहा है। इस क्षेत्र से भाजपा से राकेश यादव सहित कुल 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जिन्हें हार का सामना करना पड़ा।

2023 के विधानसभा चुनाव में विजय श्री हासिल करने वाली संगीता सिन्हा इसके पहले भी कांग्रेस के शासन में विधायक रह चुकी है, क्षेत्र में मिलनसार, नेतृत्व क्षमता एवं उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों के चलते कांग्रेस पार्टी ने भरोसा कर टिकट दिया था, इसी के परिणाम स्वरुप क्षेत्रवासियों ने भी उन्हें मत देकर फिर से अपना विधायक बनाया। 3 दिसंबर को वोटो की गिनती होने के बाद शुरुआती दौर में कांग्रेस प्रत्याशी संगीता सिन्हा को निराशाजनक परिणाम देखने को मिल रहा था, ऐसे में उनके कार्यकर्ताओं मे भी उदासी छा गया था लेकिन तीसरे राउंड की गिनती के बाद लगातार बढ़त ने जीत के प्रति सभी को अस्वास्त किया। विधायक संगीता सिन्हा को पुनः जीत हासिल होने के बाद सोशल मीडिया में लगातार बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है।

# संस्कारधानी की जनता ने भांजे को दी विदाई : लोहिया

**राजनांदगांव,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के सीनियर मीडिया प्रभारी अशोक लोहिया ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर रमन सिंह ने अपने पिछले तीन चुनाव के विजय के रिकॉर्ड को खुद तोड़ते हुए आज बड़ी बंपर जीत हासिल की है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2008 में भाजपा प्रत्याशी डॉ रमन सिंह ने राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी उदय मुदलियार को 32389 वोटों से पराजित किया था, वही 2013 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अलका मुदलियार को 35866 वोटो से पछाड़कर जीत हासिल की थी। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में डॉ रमन सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी करुणा शुक्ला को 16933 वोटो से हराया था। इस बार उन्होंने अपने सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए ऐतिहासिक जीत की बढ़त बनाते हुए कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन को समाचार लिखे जाने तक लगभग 45 हजार के अधिक वोटो से पीछे कर दिया है। श्री लोहिया ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी जिन्होंने संस्कारधानी के भाचा होने का वास्ता देते हुए आम जनता से वोट मांगा था, उस भांजे को संस्कारधानी नगरी की जनता ने आज विदाई दे दी। चुनाव की पूर्व रात्रि में श्रमिक बहुल क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा बांटे गए पैसे से वोट खरीदने का ख्वाब भी मतदाताओं ने चूर चूर कर दिया और यह सिद्ध कर दिया की संस्कारधानी नगरी की जनता बिकने वाली नहीं है। श्री लोहिया ने भाजपा की जीत पर कहा कि पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की जीत कार्यकर्ताओं की अटूट मेहनत एवं लगन का परिणाम है तथा मोदी जी की गारंटी पर मतदाताओं ने मुहर लगाकर प्रदेश में भाजपा को सत्ता सौंपी है। अब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने से विकास की अविरल गंगा बहेगी। श्री लोहिया ने कहा कि पिछले पांच वर्षो में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया था, विकास के नाम पर कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं हुए। जिससे आम जनता त्रस्त हो गई थी। चुनाव परिणाम से स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस के अधिकतर मंत्री चुनाव हार गए है। श्री लोहिया ने आगे कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र च्च मोदी जी की गारंटी च्च आने के बाद कांग्रेस ने अपनी विभिन्न सभाओं के माध्यम से की गई घोषणाओं को बदलते हुए भाजपा के संकल्प पत्र की कापी की, जिसे आम जनता खासकर किसानों ने ठुकरा दिया एवं मोदी जी की गारंटी पर अपनी मुहर लगाकर प्रदेश में भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता की चाबी सौंपी है। अब भाजपा के संकल्प पत्र में किए गए वादे शीघ्र पूरे होंगे, जिससे प्रदेश का प्रत्येक नागरिक खुशहाल होगा। श्री लोहिया ने राजनांदगांव विधानसभा की जनता एवं सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।



- पिछले तीन चुनाव के विजय के रिकॉर्ड को खुद डॉ. रमन ने तोड़ा
- कार्यकर्ताओं की मेहनत व मोदी की गारंटी पर मतदाताओं ने लगाई मुहर

# डोंगरगांव व खुज्जी में साहू विधायकों ने जीत की लगाई हैट्रिक



**डोंगरगांव,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के नतीजे 3 दिसंबर को परिणाम आने के बाद डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में दलेश्वर साहू और खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में भोलाराम साहू ने कांग्रेस पार्टी से ऐतिहासिक जीत के साथ लगातार तीसरी बार विधायक बनने के साथ-साथ जीत की हैट्रिक लगाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फटाखे फोड़कर मिठाई बाटकर जीत का उत्सव मनाया गया। डोंगरगांव और खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के विधायको ने पहले राउंड से ही बढ़त बनाई थी हर वर्ग के लोगो ने टीवी चैनल के सामने एक एक रुझान पर नजर रखी थी।

# एबीसी पब्लिक स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव व आनंद मेला



**खरोरा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। सारागांव स्थित एबीसी पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक क्रीडा उत्सव 2023 का आयोजन किया गया था। यह प्रतियोगिता 3 दिन चली। आज 02.दिसंबर को आनंद मेला का आयोजन किया गया था जिसमे आए पालकों ने भारत देश के विभिन्न राज्यों के व्यंजन का लुफ्त उठाया। आज के कार्यक्रम में शामिल हुए विशेष अतिथियों ने स्कूल के विद्यार्थियों के मेहनत की प्रसंशा किए। ज्ञात हो कि आनंद मेला के उपरांत विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका टीम पहुंची क्वार्टर फाइनल में

**राजनांदगांव,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। राजनांदगांव वाराणसी में बालिकाओं के लिए 2 से 4 दिसंबर 2023 तक आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के चार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका टीम ने प्रि चार्टर फाइनल में सेंट फेडलिस स्कूल अलीगढ को 49-21 अंको से परास्त किया।



दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम ने अपने पहले लीग मैच में सेंट एडमंड्स स्कूल जयपुर को 42-31अंको से परास्त किया। दुसरे मैच में दिल्ली प्रायवेट स्कूल रियाद को, तिसरे लीग मैच में युनाइटेड इंडियन स्कूल कूवैत को एवं चतुर्थ लीग मैच में चिरेक इंटरनेशनल स्कूल हैदराबाद को 38-08 अंको से परास्त कर प्रि चार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। उक्ताशय की जानकारी देते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम पिछली बार की स्वर्ण पदक विजेता है।

वाराणसी में आयोजित बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में देश और विदेश की 40 टीमें भाग ले रही है। डी पी एस खेलों इंडिया एकेडमी, भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव एवं सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल एकेड्मी के खिलाड़ियों से सज्जीत दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम की और से श्रेया घोष, श्वेता सिंह, करिष्मा मीणा, सानिया प्रधान, राजवीर मालाधरे, सोफी सिका, काम्या झा, नेहा मंडावी, प्रसिद्धी सोनकर, रमोली नेताम, अदिती यादव, ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टीम के कोच अंतरराष्टीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव, सहायक कोच गीता यादव और मेनेजर मोहन राव है। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की अंतरराष्ट्रीय कोच कालवा राधा राव इस समय सिनियर नेशनल में कोच के रूप में भाग ले रहीं है अत: वे इस प्रतियोगिता में टीम के साथ नहीं है।

# कांग्रेस प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल की 14271 मतों से हुई जीत

## कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर जोर-शोर किया स्वागत

**डोंगरगढ़,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 74 कांग्रेस प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा जीत दर्ज करने के बाद नगर पहुंचने पर भव्य आतिशबाजी करके फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष संजीव गोमास्ता ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, रामजी तराने हरीश भंडारी जितेंद्र सिंह भाटिया रजत देशपांडे सामसाय टांडेकर, अर्जुन वर्मा गौतम वर्मा दीपेन टांडेकर उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार प्रदेश की भांति विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 डोंगरगढ़ में हुए चुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल को 89145 मत, भारतीय जनता पार्टी के विनोद खांडेकर 74778 मत, बहुजन समाज पार्टी के बहादुर कुरें को 2032, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) लोकनाथ भारती को 593, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के नारायण जगने 1423, आजाद जनता पार्टी के रामसाय राठौर को 379, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के विक्की कुमार चेलक 547, निर्दलीय प्रत्याशी नितिन कुमार भाण्डेकर को 899, निर्दलीय विनायक धमगाये 869, निर्दलीय हेम कुमार सतनामी 466 मत प्राप्त हुए। कांग्रेस प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल ने 14271 मतो से जीत हासिल की। चुनाव में इस बार 209775 मतदाताओं में से 172810 मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग किया। वही नोटा में कुल 1679, प्रतिक्षेपित मतो की संख्या 73 और निविदत्त मतों की संख्या 3 बताई गई है। लंबे समय के बाद क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी से महिला विधायक बनने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्रवासियों में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।



# कोन्टा विधानसभा से लगातार छटवीं बार कवासी लखमा ने मारी बाजी

## तीन प्रत्याशियों में कांटे की टक्कर के मध्य 18 राउंड के मतगणना उपरांत आया परिणाम

**सुकमा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव में भाजपा की जीत के बीच छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के तहत विधानसभा क्षेत्र 90- कोंटा से कवासी लखमा लगातार छटवीं बार अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब रहे। एक ओर जहां कांग्रेस सरकार के तकरीबन 9 मंत्री अपनी कुर्सी बचाने में सक्षम नही रहे वहीं कवासी लखमा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी सोयम मुका को 1981 मतों से हराकर अपनी कुर्सी बचाने में सक्षम रहे, जिसको लेकर उनके कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और सुकमा नगर में विजयी जुलूस निकाला गया। बता दें कि रविवार को हुए मतगणना में विधानसभा क्षेत्र 90-कोंटा से इंडियन नेशनल कांग्रेस के कवासी लखमा को 32776 मत प्राप्त हुए। वहीं क्रमशः भारतीय जनता पार्टी से सोयम मुक्का को 30795, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से मनीष कुंजाम को 29040, बहुजन समाज पार्टी से मडकमी मासा को 1078,जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से देवेंद्र तेलाम को 1392, सर्व आदि दल से चनाराम मरकाम को 2881, आजाद जनता पार्टी से जगदीश नाग को 1812 एवम निर्दलीय बीड़ा सोड़ी को 1455 मत प्राप्त हुए। इस तरह इंडियन नेशनल कांग्रेस के कवासी लखमा 1981 मतों से विजयी हुए।



**पिछले विधानसभा की तुलना में भाजपा को अधिक मतों की मिली बढ़त**

बता दें कि 2018 की तुलना में कांग्रेस को इस चुनाव में महज 801 मतों की बढ़त मिली है। जबकि भाजपा और सीपीआई के वोट बैंक में इजाफा हुआ है। भाजपा को 2018 विधानसभा की तुलना में 5571 और सीपीआई को 2018 विधानसभा की तुलना में 4491 मतों की बढ़त मिली है। वहीं 5 साल कैबिनेट मंत्री रहने के बाद कवासी लखमा को मामूली सी बढ़त सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी और जनता के प्रति नेताओं का व्यवहार वोटिंग प्रतिशत में गिरावट का बड़ा कारण बना।

# खैरागढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा ने मारी बाजी

**खैरागढ़,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73 में कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा वर्मा ने अपने विरोधी भाजपा प्रत्याशी विक्रांत सिंह को विधानसभा चुनाव में हरा चुकी है. विधानसभा के जनता जनार्दन ने एक बार फिर से यशोदा के ऊपर भरोसा कर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी यशोदा वर्मा की जीत हुई है. खैरागढ़ का यह सीट हाई प्रोफाइल सीट माना जा रहा था भाजपा के प्रत्याशी विक्रांत सिंह ने विधानसभा चुनाव में काफ़ी जी तोड़ मेहनत किया था. मतगणना प्रारंभ होने के बाद से शुरूवाती दौर में भाजपा के विक्रांत ने बढ़त बनाया हुआ था फिर कुछ समय के बाद कांग्रेस के यशोदा वर्मा ने धीरे धीरे कर अपने पक्ष में वोट को तब्दील कर ली मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर उपचुनाव में यशोदा वर्मा को भाजपा के प्रत्याशी कोमल जघेल को 20000 वोटो से हार चुकी है. वही आम चुनाव में यशोदा ने 21 वे राउंड के गिनती तक कुल यशोदा को 86946 वोट मिले है. तो वही भाजपा प्रत्याशी विक्रांत सिंह को 81525 वोट प्राप्त हुआ है. वही कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा वर्मा ने 5421 वोट से अभी आगे चल रही है. कुछ मतदान केंद्रों का गिनती बाकी है. ईवीएम मशीन में तकनीकी खराबी के कारण जीत हार का अंतर हो सकता है. खबर लिखे जाने तक कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा वर्मा अभी 5421 वोटो से वर्तमान में आगे चल रही है. जीत हार में और भी परिवर्तन होने की संभावना बढ़ गई है. कांग्रेस के समर्थको ने यशोदा को जीत की बधाई व शुभकामनाएं दे रहे है.



**समर्थकों व जनता जनार्दन ने यशोदा को दी बधाई**

## निधन

### पवन साहू



**रायपुर,** 3 दिसंबर। कमल विहार डुंडा निवासी पवन साहू का 2 दिसम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 दिसम्बर को डुंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे कीर्तन साहू, चेतन साहू, खोमन साहू के पिता एवं हीरा साहू, नंदकुमार साहू, चंद्रकुमार साहू के भैया थे।

### संतोष चंद्राकर

**महासमुंद,** 3 दिसंबर। स्थानीय शंकर नगर वार्ड नंबर 1 निवासी संतोष चंद्राकर 65 वर्ष (गोंडपाली) वाले का निधन 2 दिसंबर को हो गया। वे प्राथमिक शाला गुरूडपारा पदस्थ शिक्षिका श्रीमती कुलेश्वरी चंद्राकर, अंजली चंद्राकर के पति व प्रकाश चंद्राकर (राजा) के पिता थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### प्रथम चक्र की घोषणा के साथ ...

भाजपाई इकट्ठे होने लगे। लगभग 5 विधानसभा क्षेत्रों दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, पाटन, अहिवारा, एवं वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव परिणामों की घोषणा एक एक घंटे के अंतराल में की जा रही थी मगर भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के परिणामों की घोषणा में समय लग रहा था। दोपहर लगभग 3 बजे तक इन सभी क्षेत्रों के 6 वें व 7 वें राउण्ड के परिणाम घोषित हो चुके थे और इन सभी पर भाजपा प्रत्याशियों ने अपनी निर्णायक बढ़त बना ली थी। दरअसल भूपेश बघेल को छोड़कर कांग्रेस का कोई भी प्रत्याशी पहले चक्र के पिछड़ने के बाद किसी भी चक्र में अपनी प्रतिस्पर्धी भाजपा प्रत्याशी को पछाड़ न सका। अहिवारा से कांग्रेस के निर्मल कोसरे ने जरूर मेकअप करने की कोशिश की मगर फिर भी पिछड़ गये।

निकलने लगे जुलूस : शाम 4 बजे के बाद से ही शहर में भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव की जीत पर फटाके फोड़ने शुरू हो गये। श्री यादव के विद्युत नगर निवास के मार्ग पर स्वागत द्वार सजाये जाने लगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा लेकर गली, मोहल्ले स्तर पर रैलियां निकालकर विजय पर्व मनाया। यह रात तक चलता रहा।

आज मतगणना स्थल पर भाजपा से अहिवारा के नटवर ताम्रकार, दुर्ग में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, कांतिलाल बोथरा, गौरीशंकर श्रीवास, व अनेक कार्यकर्ता हजारों की संख्या में भाजपा झंडा लिये अपना उत्साह नारेबाजी से प्रकट कर रहे थे।

कांग्रेस के कुशासन का करारा जवाब : प्रत्याशीगण प्रथम दृष्टया चर्चा में गजेन्द्र यादव दुर्ग शहर, ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण एवं डोमनलाल कोर्सेवाड़ा अहिवारा ने इसे आम जनता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया। श्री कोर्सेवाड़ा ने कहा कि यह कांग्रेस शासन के अत्याचार व भ्रष्टाचार को जनता का करारा जवाब है। गजेन्द्र यादव ने इसे परिवारवाद का तिलस्म टूटना बताया।

चप्पे चप्पे पर थी सुरक्षा व्यवस्था : छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के अंतर्गत आज सुबह साढ़े 8 बजे से मतगणना शुरू हुई। सबसे पहले डाकमतपत्रों की गिनती हुई। उसके बाद विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों पाटन, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई नगर, अहिवारा, वैशाली नगर क्षेत्रों की राउण्डवार मतगणना की गई। पूरे परिसर में पुलिस बल तैनात था। इस बार लोगों के लिये प्रवेश द्वार भी अलग अलग निर्धारित किये गये। मतगणना अभिकर्ता, अधिकारियों के लिये अलग गेट था तो आम जनता को शंकराचार्य कालेज के बाजू से एक मार्ग से चलकर डी मार्केट के सामने मैदान में ठहरने के साथ ही पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। इस मैदान में भी पुलिस व्यवस्था के लिहाज से दो अलग अलग टेंट लगाये गये थे। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही थी। यहां से शंकराचार्य जाने के लिये जो गेट बनाये गये थे वहां भी तीन मेटल डिटेक्टर वाले गेट बनाये गये थे। प्रत्येक गेट में तीन चार पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

# भाजपा की प्रचंड बहुमत से कार्यकर्ताओं में जश्न

## कांग्रेस के कीचड़ में जनता ने कमल खिला दिया : मंडल अध्यक्ष द्विवेदी झा

**डौण्डी,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर डोंडी नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई देकर आतिश बाजी करके ढोल नगाड़े की धुन के साथ बाजार पारा से भाजपा चुनाव कार्यालय तक रैली निकाली वरिष्ठ भाजपा नेता छगन यादव हिंसाराम साहू दिनेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के रणनीति के चलते छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा को अपेक्षा से ज्यादा परिणाम मिला है। अब प्रदेश में हमारे पार्टी की सरकार बनेगी और केंद और राज्य के साथ मिलकर डबल इंजन की सरकार होने पर छत्तीसगढ़ तेज गति से विकास की ओर अग्रसर करेगा। वही डौण्डी व दल्लीराजहरा मंडल अध्यक्ष मनीष झा व राकेश द्विवेदी ने अपने मोबाईल से देशबन्धु से बात करते हुए कहा की प्रदेश की जनता कांग्रेस के झूठेवादे व भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा को प्रदेश में जनादेश दिया है। और इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी की को जाता है। भाजापा ने जो वादा किया है उसे पुरा भी करेगी यह मोदी जी की गारंटी है। साथ ही उन्होने कहा की प्रदेश में भाजपा की प्रच्चड बहुमत में प्रदेश के समस्त नेताओं के साथ कार्यकर्ताओं को भी जाता है। उन्होने यह भी कहा की कांग्रेस के किचड़ में जनता ने कमल खिला दिया रैली में राजेंद्र पिंटू जैन रजनी जायसवाल राधिका भारद्वाज पूनमचंद जैन शिवम दुबे विशाल जैन रेखा चौहान शिवराम रंनघाटी लक्ष्मण चक्रधारी पतीराम नरेटी दुलसिंग कोठारी सहित भारतीय जनता युवा मोर्चा के अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।



# छात्रों को 40वीं वा भा ति सी पुलिस बल ने 15वीं जनजातीय युवा विनियम हेतु किया रवाना



**डोंगरगढ़,** 3 दिसंबर। सामरिक मुख्यालय, 40वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, डोगरगढ़ के प्रागंण में अनन्त नारायण दत्ता, सेनानी के नेतृत्व में राजेन्द्र सिहं अधिकारी, उप सेनानी द्वारा 15वीं जनजातीय युवा विनियम कार्यक्रम-2023-24 के अर्न्तगत भारत सरकार द्वारा होने वाले 30 स्थानीय युवा जनजातीयों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त आयोजन नांगलोई (नई दिल्ली) दिनांक-04.12.2023 से 10.12.23 तक किया गया है जिसमें 40वीं वाहिनी के कार्यक्षेत्र में स्थित दूर-दराज के गाँवों से आदीवासी छात्रों का चयन किया गया, जिसमें 16 छात्रा एवं 14 छात्र तथा 40वीं वाहिनी भा0ति0सी0पु0 बल की ओर से बतौर अनुरक्षक दल 02 महिला व 01 जवान शामिल है। इस दौरान यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व कमान अधिकारी, 40वीं वाहिनी भा0ति0सी0पु0 बल द्वारा 40वीं वाहिनी के कार्यक्षेत्र से चयनित छात्रों को सम्बोधित किया गया एवं यात्रा के दौरान रहने, स्वास्थ्य एवं एक स्थान से दुसरे स्थान तक आवागमन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में पर महोदय द्वारा विस्तार से जानकारी देकर कार्यकम की सफलता के लिए शुभकामनायें दी गयी।

उल्टा पुल्टा

पिंटू- मम्मी आप तो कहती थीं कि परी उड़ती है फिर अपनी मौसी उड़ती क्यों नहीं?
मम्मी- उसको परी किसने कहा?
पिंटू - डैडी ही उन्हें परी कहकर बुला रहे थे।
मम्मी- तो फिर बेटा आज तेरी मौसी भी उड़ेगी और साथ में तुम्हारे पापा भी...

# बलौदाबाजार में भाजपा से टंकराम वर्मा, भाटापारा में कांग्रेस से इन्द्र साव, कसडोल में कांग्रेस के संदीप साहू विजयी हुए

## कांग्रेस के दिग्गज नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी व भाजपा के कद्दावर नेता शिवरतन शर्मा हुए पराजित

**बलौदाबाजार,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के अंतर्गत तीन विधानसभा में जहां दो सीट पर कांग्रेस का कब्ज हुआ वहीं एक पर भाजपा ने जीत हासिल की। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के दिग्गज नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी को समाज सेवी भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने 14 हजार से अधिक मतो से हराकर विजयी हासिल किया है। वहीं भाटापारा विधानसभा में भाजपा के कद्दावर नेता शिवरतन शर्मा को कांग्रेस के इन्द्र साव ने 11 हजार से अधिक मतो से पराजीत किया है। जबकि कसडोल विधानसभा में भाजपा के धनीराम धीवर को 34 हजार से अधिक मतो से पराजीत कर कांग्रेस के संदीप साहू ने विजय प्राप्त किया है। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के मंडी परिसर स्थित मतगणना स्थल पर उक्त चुनाव परिणाम आते ही भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नारे बाजी करते हुए आतिशबाजी के साथ खुशियां मनाते रहें। उक्त तीनों विजयी प्रत्याशियों को मतगणना स्थल में निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

जिले के तीनों बलौदाबाजार, भाटापारा, कसडोल विधानसभा सीटों के उम्मीदवारों के भाग्य का पिटारा रविवार को खोला गया। जिसमे परिणाम प्राप्त रुझान के अनुसार ही रहा। जिले की तीन सीटों के चुनावों के नतीजे गिनती के बाद साफहो गये। भाटापारा से कांग्रेस के इंद्र साव, बलौदाबाजार से भाजपा के टंकराम वर्मा तो वही कसडोल से कांग्रेस के संदीप साहू विजयी रहे। अगले पांच सालों के लिये जनता-जनार्दन द्वारा ईव्हीएम में दिये गये वोटों की गिनती रविवार को जिला मुख्यालय के न्यू मंडी परिसर पर की गई। कड़ाके की ठंड के बीच प्रात: 8 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। मतगणना के दौरान बलौदाबाजार एवं भाठापारा विधानसभा सीट के प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों का परिणाम चक्र



अनुसार उतार चढाव होते रहा। कभी कभी कांग्रेस प्रत्याशी आगे तो किसी चक्र में भाजपा प्रत्याशी आगे रहे लेकिन अपने अपने प्रभावशील क्षेत्र में बढत बनाते हुए जीत हासिल करने में सफलता प्राप्त किया। जबकि कसडोल विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू ने प्रारंभ से ही सभी चक्र में बढत बनाये रहे। कसडोल से एक निर्दलीय शशक्त प्रत्याशी गोरेलाल साहू के परिणाम को लेकर सभी को उत्सुक्ता थी लेकिन उनके मेहनत के अनुसार उन्हे सफलता नही मिली। बिलाईगढ से मिली जानकारी के अनुसार बिलाईगढ विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी कविता प्राण लहरे ने जीत हासिल की है।

जीत के बाद हुई आतिशबाजी-देर शाम तक प्रत्याशियो के जीत के बाद उनके समर्थको ने मतगणना प्रांगण के कुछ दूरी पर ही जमकर आतिशबाजी की गई। तो कुछ समर्थक अपने अपने क्षेत्रों में आतिशबाजी करते रहे। वही दूसरी तरफ हार का सामना करने वाले प्रत्याशियो के समर्थको के चेहरें मुरझाये नजर आए। पूरे दिनभर आलम यह था कि कही खुशी तो कही गम नजर आया। कुलमिलाकर जीत हासिल करने वाले समर्थक उत्साह के साथ जश्न मना रहे थे। बलौदाबाजार में भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा के विजयी होने पर नगर सहित जिला भाजपा कार्यालय में जमकर आतिशबाजी की गयी। वहीं भाजपाईयों नें नगर में नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए खुशी जाहिर की।

लगातार हुई मॉनिटरिंग, मुस्तैद रहा प्रशासन-सुबह से ही मतगणना के दौरान जिले के कलेक्टर चंदन कुमार हर एक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुये मॉनिटरिंग करते रहे और जिले के जिम्मेदार अधिकारियो को सतत रूप से निर्देश देते रहे। वही अपनी प्रशासनिक व्यवस्था को काफी सुस्त दुरुस्त रखा। इसके साथ ही संवेनशील वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा अपने कुशल नेतृत्व क्षमता देते हुये पुलिसिंग व्यवस्था पर कोई कसर बाकी नही रखी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जहाँ पुलिस विभाग सतर्क रहा। वही प्रशानिक व्यवस्था ने भी पूरी कर्तव्यनिष्ठा को ईमानदारी से निर्वाहन किया। इन अधिकारियों की सजगता के कारण ही पूरी मतगणना देर शाम तक चलती रही। निश्चित तौर से अब चुनाव के बाद प्रशानिक अमला राहत की सांस लेगा।

## संपादकीय

### छत्तीसगढ़ का विकास जारी रहे

छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिये 7 एवं 17 नवम्बर को हुए मतदान के रविवार को जो परिणाम घोषित हुए हैं और यहां की जनता ने एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को चुना है, उससे साफ है कि अब विकास की जिम्मेदारी इस दल पर है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि अगर मतदाताओं ने 5 साल के बाद फिर भाजपा को सत्ता सौंपने की इच्छा जताई है तो इसका अर्थ यह नहीं है कि कांग्रेस की सरकार ने जो काम अपने पिछले कार्यकाल यानी 2018 से 2023 के दौरान लागू किये हैं, वे बिलकुल ही बेकार रहे हैं। जनता का जीवन स्तर और ऊपर उठाने के लिये कांग्रेस जो नीतियां एवं कार्यक्रम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जरिये लेकर आयी, सम्भव है कि अगली सरकार अपने तरीके से, उन नीतियों एवं कार्यक्रमों के जरिये जारी रहेंगी क्योंकि जनता की भलाई हर सरकार की सर्वोच्च वरीयता होती है।

उल्लेखनीय है कि 2003 से 15 वर्षों तक डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में सरकार चलाई थी। इसलिये उसके पास पर्याप्त प्रशासकीय अनुभव भी है। उस वक्त रमन सिंह ने शहर केन्द्रित और उद्योग आधारित विकास नीति अपनाई थी। दूसरी तरफ निवर्तमान भूपेश बघेल सरकार ने राज्य के लिये ग्राम केन्द्रित और कृषि आधारित विकास का मार्ग चुना था। पिछली सरकार द्वारा अनेक ऐसी योजनाएं लाई गईं जिनके चलते गांवों में खुशहाली आई है। किसानों की कर्ज माफी से लाखों किसानों को फायदा पहुंचा था। इस बार भी यह वादा किया गया था कि पहले के मुकाबले धान का जो सर्वाधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य छग में मिल रहा है वह मिलता रहेगा। अगर कांग्रेस फिर से सरकार बनाती तो 3200 रुपये प्रति चिंटल एमएसपी मिलता। अब यह भाजपा की नयी सरकार का दायित्व होगा कि वह किसानों को उसके द्वारा घोषित धान की अच्छी कीमत (3100 रु. प्र. चिं.) दे।

ऐसे समय में जब भाजपा सत्ता में पांच वर्षों के बाद लौट आई है तो वह नये लोकहित कार्यक्रम बनाये, उन्हें लागू करे ताकि नागरिकों के जीवन स्तर में सतत सुधार हो और राज्य तरक्की करे। चुनाव आते-जाते रहेंगे, दल जीतते-हारते रहेंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि लोक हित के अच्छे कार्यक्रम चाहे जिस रूप में हों, चलते रहें। पिछली तीन सरकारों (अजीत जोगी, रमन सिंह व बघेल) ने अपने-अपने स्तर और समझ के अनुसार जनता के लिये कार्यक्रम चलाये जिनका असर भी हुआ है। किसी का कम किसी का अधिक हो सकता है। आशा है कि नयी सरकार बगैर किसी पूर्वाग्रह के और पूरी निष्पक्षता के साथ काम करेगी। जो भी वादे उसने अपने चुनावी घोषणापत्र में किये हैं, उन्हें वे यथासम्भव और यथाशीघ्र लागू करे। ये कार्यक्रम जनता के लिये हितकारी हों।

# भाजपा के टंकराम वर्मा के विजयी होने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 के भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा के भारी मतों से विजय प्राप्ती पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई देते हुए जोशीला स्वागत किया गया है। भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा अपने निकटतम प्रतिबंध कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी को 14 हजार से अधिक मतों से हराकर विजय प्राप्त किया। अर्जुनी में विधायक टंकराम वर्मा की विजय होने पर आतिशबाजी के साथ हर्ष व्यक्त किया एवं आपस में दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनायी गयी। इस अवसर पर गंगा प्रसाद यदु, मिथिलेश सेन, टिकेश्वर प्रसाद सेन, डमरू धार वर्मा, विष्णु साहू, सचिन सेन, भैरव प्रसाद देवांगन, जवाहरलाल वर्मा, गुरु चरण वर्मा प्रमोद सांखला, रवि साहू भंवर सिंह साहू, चित्ररेखा साहू राजा रजक, संतोष वर्मा तिलक वर्मा मोहन वर्मा फूल सिंह साहू रोहित वर्मा नीलकंठ वर्मा सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



# पुण्यतिथि पर ललित सुरजन को किया याद

**महासमुंद,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। भारतीय सांस्कृतिक निधि इन्टैक महासमुन्द अध्याय छग प्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन, जनवादी लेखक संघ, कला परंपरा विरादरी एवं छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति द्वारा स्थानीय देशबन्धु कार्यालय में स्व.ललित सुरजन की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इन्टैक के संयोजक दाऊलाल चन्द्राकर ने स्व.ललित सुरजन जी की पत्रकारिता, सृजनशीलता व उनके कर्मठ व्यक्तित्व का सविस्तार उल्लेख करते हुए कहा कि श्री सुरजन आकर्षक व्यक्तित्व के धनी थे। छत्तीसगढ़ जनादेश के संपादक के पी साहू ने कहा कि वे प्रखर पत्रकार के साथ ही काफी मिलनसार थे। हर किसी को भी अपना बना लेने की उनमें अद्भुत क्षमता थी। डॉ रामगोपाल यादव ने कहा कि श्री सुरजन जी का महासमुन्द की धरा से विशेष लगाव रहा। बन्धु राजेश्वर खरे ने संचालन व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पत्रकार बाबूलाल साहू, सालिक राम कन्नौजे, देवीचंद राठी, प्रमोद कन्नौजे, टेकराम सेन चमक, उत्तम दुबे, पोषण कन्नौजे, मोहन कन्नौजे ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। अंत में दो मिनट का मौन धारण के साथ ही श्रद्धांजलि सभा समापन हुआ।



# आरोपी दामाद को आजीवन कारावास की मिली सजा

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। अपनी सास के घर घुसकर आलमारी से जेवर व पैसा निकालकर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। यह फैसला द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती पल्लवी तिवारी ने पारित किया। चंद्रप्रताप सिंह अपर विशेष लोक अभियोजक जांजगीर के अनुसार 26 जून 2021 को सूचक आगरदास मानिकपुरी द्वारा थाना बिर्रा में इस आशय का सूचना दिया कि ग्राम सिलादेही हसदेव नदी के पास एक अज्ञात महिला का शव नदी के रेत में गड़ा हुआ दिख रहा है। शव नग्न अवस्था में है तथा शव के सिर एवं कमर के नीचे चोट का निशान दिखाई दे रहा है। उक्त सूचना के आधार पर थाना बिर्रा द्वारा मर्ग सूचना पर पतासाजी की गई। शव की पहचान ग्राम मल्दा थाना कसडोल निवासी गणेशराम प्रजापति तथा रामनाथ प्रजापति द्वारा अपनी मां सुखमती कुम्हार के रूप में की गई।

विवेचना के दौरान कमलेश केंवट से पूछताछ किये जाने पर यह पाया कि मृतका सुखमति का दामाद आरोपी रामनारायण उससे बहुत परेशान था। बीते 17 जून 2021 को रात्रि के समय वह सुखमती के घर ग्राम मल्दा आया और उसने टंगिया से उसके सिर और कमर में मारा तथा आलमारी से पैसा और जेवर निकाल लिया। अधमरी हालत में मोटर सायकल से ले जाकर सिलादेही हसदेव नदी के रेत में गड़ा दिये। विवेचना उपरांत प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। विचारण उपरांत न्यायालय द्वारा आरोपी रामानारायण कुम्हार पिता बिसाहू कुम्हार उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम नगारीडीह थाना शिवरीनारायण को भादवि की धारा 302 के अपराध के लिए आजीवन कारावास तथा 5000 रूपये के अर्थदण्ड, धारा 397 के अपराध के लिए 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 4000 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है। इधर उक्त सजा से अब परिजनों को राहत मिला है।

# कसडोल में कांग्रेस सहित भाजपाइयों ने भी मनाई खुशियां

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव का नजीता आते ही नगर सहित क्षेत्र में आतिशबाजी शुरू हो गई। यहां भाजपा और कांग्रेस दोनों के ही कार्यकर्ताओं द्वारा फटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किए। कसडोल में जहां कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी हुए। वहीं प्रदेश में भाजपा सरकार बनने को लेकर भाजपाईयों ने खुशियां मनायी।

ज्ञात हो कि यहां एक ओर प्रदेश में जहां भाजपा ने 55 सीटो पर जीत हासिल कर सरकार बनायेगी। वही कसडोल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के संदीप साहू ने लगभग 33765 मतों से भाजपा के धनीराम धीवर को हरा कर यहां के विधायक सीट पर कब्जा कर लिया। उल्लेखनीय है कि कसडोल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टी के प्रत्याशी को लोग बाहरी मान रहे थे क्योंकि दोनो को ही लोग पहले से जानते नही थे अचानक ही रायपुर निवासी संदीप साहू को जहां कांग्रेस ने यहां से टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा था। वही पनगांव निवासी धनीराम धीवर को भाजपा ने टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा था। लेकिन भूपेश सरकार द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र में कर्ज माफी का यहां प्रभाव नजर आ रहा है। जिसके कारण कांग्रेस को यहां सीट मिल पाया है।



**कसडोल में कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू ने विजयी हासिल की**

फिलहाल इस पर तरह तरह की चर्चा हो रही और वाट्स एप, फेसबुक सहित सोसल मीडिया में लोग कई तरह की कमेंट्स कर रहे हैं। समाचार भेजे जाने तक कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू को 1,36,362 वोट एवम भाजपा प्रत्याशी धनीराम धीवर को 1,02,597 वोट मिला और संदीप साहू 33765 वोट से जीत दर्ज किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ में भाजपा सरकार बनने से भाजपाईयों ने खुशियां मनाते हुए आतिशबाजी किया। वहीं कसडोल विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं नें भी कांग्रेस प्रत्याशी की जीत पर जश्न मनाते हुए फ्टाके फोड़ें। इस तरह आज दोनों पार्टी ने खुशियां मनायी।

# संपत और योगेश्वर को दिया निर्वाचन का प्रमाण पत्र

**महासमुंद,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। बसना विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 40 अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी सम्पत अग्रवाल को रिटर्निंग ऑफिसर दुर्गेश वर्मा द्वारा सम्यक् रूप से निर्वाचित घोषित किया गया है। इस आशय का निर्वाचन प्रमाण पत्र सम्पत अग्रवाल को सौंपा गया। घोषित अंतिम नतीजे में बसना विधानसभा के अंतर्गत भाजपा प्रत्याशी संपत अग्रवाल को 1 लाख 8 हजार 871, कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र बहादूर सिंह को 72 हजार 78, अरविंद प्रधान निर्दलीय को 1271, डा. अनामिका पाल जनता कांग्रेस छग जे 1246, अजय रात्रे गोड़वाना गणतंत्र पार्टी 1193, प्रहलाद बरिहा निर्दलीय को 826, सुनील सोनवानी जनता कांग्रेस 493, जगदीश सिदार अमरराज पार्टी 320, रामेश्वर चौहान आजाद जनता पार्टी 310, सदानंद साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी 291 और नोटा को 1443 वोट मिले। महासमुंद विधानसभा के अंतर्गत 18 राउंड में गिनती होना था। अंतिम 18 वें राउंड के बाद अशवंत तुषार साहू 1708, योगेश्वर राजू सिन्हा 83 हजार 392, डा. रश्मि चंद्राकर 67 हजार 877 वोट प्राप्त किए है। इसी तरह संजय यादव 892, अशोक कश्यप 297, चंद्रप्रकाश ढीढी 847, चंचलवाणी 103, डेजीरानी नेताम 1037, पंकज साहू 268, भुनेश्वरी सतनामी 126, रंजीत चंद्राकर 214, रामशरण टंडन 195, किरणपवन धृतलहरे 610, गणेशराम ध्रुव 1049, गंगूराम ठाकुर 1165, जय कोसरिया 761, जागेश्वर जुगनू चंद्राकर 769, बृजलाल ठाकुर 336, योगेश कुमार ठाकुर 459, हमेंद्रकुमार जांगड़े 118 और नोटा को 375 वोट मिले है।



# भाजपा से योगेश्वर-संपत और कांग्रेस से द्वारिकाधीश, चातुरी ने लहराया जीत का परचम

**खल्लारी, बसना, सरायपाली में एक तरफा तो महासमुंद में रहा उतार-चढ़ाव का दौर**



**महासमुंद,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा के आम चुनाव में जिले के नतीजे में उलट-फेर हुआ और जिले के चार सीटों में दो भाजपा और दो कांग्रेस के पक्ष में गए। महासमुंद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी योगेश्वर राजू सिन्हा, खल्लारी से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव, बसना विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी संपत लाल अग्रवाल और सरायपाली विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। जैसे-जैसे ईवीएम से नतीजे बाहर आते रहे काउंटिंग हाल में बैठे कार्यकर्ताओं की धड़कने तेज होते रही। महासमुंद विधानसभा में जहां कांग्रेस प्रत्याशी डा. रश्मि चंद्राकर शुरूवाती दौर में भाजपा प्रत्याशी योगेश्वर राजू सिन्हा से आगे चल रही थी। छठवें राउंड तक रश्मि चंद्राकर करीब 9 हजार से अधिक मतों से आगे रही यह सिलसिला सातवें राउंड में भी रहा किंतु उसके बाद आठवें राउंड से लीड कम होते गई और योगेश्वर राजू सिन्हा ने दसवें राउंड से बढ़त लेना शुरू किया और अंतिम राउंड में करीब 15 हजार 5 सौ मतों से जीत दर्ज की है। वहीं खल्लारी से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव यहां से अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे। इस सीट से वे 2018 के चुनाव में पहली बार विधायक निर्वाचित हुए तथा इस बार भी उन्होंने जीत का परचम बरकरार रखा और लगातार सभी राउंड में बढ़त लेते रहे। बसना और सरायपाली विधानसभा का चुनाव का परिणाम चौकाने वाला रहा। पिछले विधानसभा में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में हार का सामना करने वाले संपत अग्रवाल ने इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी राजा देवेंद्र बहादूर सिंह की परांपरा गत सीट को हथियाने में कामयाब रहे। बसना से संपत अग्रवाल को 1 लाख 8 हजार 871 वोट मिले वही देवेंद्र बहादूर को 72 हजार 78 वोट मिले और 36 हजार से 793 मतों से संपत ने जीत दर्ज की। शिक्षिका की नौकरी छोड़कर राजनीति में कदम रखने वाली कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद ने लगातार बढ़त बनाए रखा और भाजपा प्रत्याशी सरला कोसरिया को करीब 38 हजार मतों से पटकनी दी है। चातुरी नंद ने 92 हजार 935 और सरला कोसरिया ने 54 हजार 200 मत प्राप्त किया। महासमुंद विधानसभा के अंतर्गत एक ईवीएम मशीन खराब होने के कारण उसका परिणाम को छोड़कर जैसे ही निर्णायक जीत योगेश्वर राजू सिन्हा ने प्राप्त की वैसे ही भाजपा के कार्यकर्ता जय घोष का नारा लगाते हुए काउंटिंग हाल से बाहर निकल गए।

### काउंटिंग के पहले ही मैदान छोड़े कार्यकर्ता

सरायपाली और बसना विधानसभा में जैसे-जैसे भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी को बढ़त मिल रही थी वैसे-वैसे उनके निकटतम प्रत्याशियों के कार्यकर्ताओं के हौसले पश्त होते गए और जब देखे कि बढ़त तो किसी भी रूप में पाटा नही जा सकता वे मैदान छोड़कर बाहर आ गए। यह नजारा बसना विधानसभा में संपत अग्रवाल को बढ़त मिलने पर देवेंद्र बहादूर के समर्थकों के साथ थी वही सरायपाली विधानसभा के मतगणना कक्ष में सरला कोसरिया के मतगणना अभिकर्ताओं में भी हताशा नजर आया।

### जीत का जश्न, जमकर फूटे फटाके



मतगणना केंद्र से जीत हासिल कर जैसे ही महासमुंद विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी योगेश्वर राजू सिन्हा और बसना विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी संपत अग्रवाल बाहर निकले वैसे ही कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मलाओं से लादकर कंधों पर उठा लिया और ढोल नगांड़े में जमकर थिरकने लगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह दुना हो गया था और वे जमकर आशितबाजी करते रहे। चौक-चौराहों पर भी खुब आतिशबाजी करते हुए भाजपा कार्यकर्ता छग में सरकार बनने की एक-दूसरे को बधाई देते रहे।

# चातुरी नंद को दिया निर्वाचन का प्रमाण पत्र



**महासमुंद,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। सरायपाली विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39 अंतर्गत इंडियन नेशनल कांग्रेस की अभ्यर्थी श्रीमती चातुरी नंद को रिटर्निंग ऑफिसर ओंकारेश्वर सिंह द्वारा सम्यक् रूप से निर्वाचित घोषित किया गया है। इस आशय का निर्वाचन प्रमाण पत्र श्री श्रीमती चातुरी नंद को सौंपा गया। अंतिम नतीजे के अनुसार किस्तम लाल नंद को 2 हजार 747, चातुरीनंद को 1 लाख 503, जयनारायण किशोर को 1694, भाजपा प्रत्याशी सरला कोसरिया को 58 हजार 615, बीरीतिया चौहान को 1293, ममता मधुकर 551, सरिता चौहान 587, अजीत डोलचंद चौहान को 1157 तथा नोटा को 1559 वोट मिले है।

# द्वारिकाधीश यादव को दिया निर्वाचन का प्रमाण पत्र



**महासमुंद,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 41 अंतर्गत इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी द्वारिकाधीश यादव को रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती सृष्टि चंद्राकर द्वारा सम्यक् रूप से निर्वाचित घोषित किया गया है। इस आशय का निर्वाचन प्रमाण पत्र द्वारिकाधीश यादव को सौंपा गया। अंतिम नतीजे के अनुसार भाजपा प्रत्याशी अलका चंद्राकर को 66 हजार 933, कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव 1 लाख 4 हजार 52 मत प्राप्त हुए। इसी तरह नीलम ध्रुव को 1435, रेखराम बाघ को 346, सुफल साहू को 471, गेंदलाल डडसेना को 192, नैन सिंह ठाकुर 160, प्रेमलाल मलिक 160, बुधियारिन साहू 151, याकुब खान पाशा को 185, ईश्वर मारकंडेय को 279, चंपालाल पटेल धरती पकड़ 368, शाखाराम बरिहा 333, सुखनंदन देशकर 539, संतोषदारचंद बंजारे 2187 व नोटा को 2095 मत मिले।

# पुण्यतिथि पर ललित सुरजन को किया याद



**महासमुंद,** 3 दिसंबर (देशबंधु)। भारतीय सांस्कृतिक निधि इन्टैक महासमुन्द अध्याय छग प्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन,जनवादी लेखक संघ,कला परंपरा विरादरी एवं छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति द्वारा स्थानीय देशबन्धु कार्यालय में स्व.ललित सुरजन की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इन्टैक के संयोजक दाऊलाल चन्द्राकर ने स्व.ललित सुरजन जी की पत्रकारिता,सृजनशीलता व उनके कर्मठ व्यक्तित्व का सविस्तार उल्लेख करते हुए कहा कि श्री सुरजन आकर्षक व्यक्तित्व के धनी थे। छत्तीसगढ़ जनादेश के संपादक के पी साहू ने कहा कि वे प्रखर पत्रकार के साथ ही काफी मिलनसार थे। हर किसी को भी अपना बना लेने की उनमें अद्भुत क्षमता थी। डॉ रामगोपाल यादव ने कहा कि श्री सुरजन जी का महासमुन्द की धरा से विशेष लगाव रहा। बन्धु राजेश्वर खरे ने संचालन व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पत्रकार बाबूलाल साहू,सालिक राम कन्नौजे,देवीचंद राठी,प्रमोद कन्नौजे,टेकराम सेन चमक,उत्तम दुबे ,पोषण कन्नौजे,मोहन कन्नौजे ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। अंत में दो मिनट का मौन धारण के साथ ही श्रद्धांजलि सभा समापन हुआ।

### शास. पूमा शाला छड़िया में हुआ सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम

**खरोरा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया,संकुल केंद्र पचरी, विकासखंड तिल्दा नेवरा,जिला रायपुर में सुरक्षित शनिवार के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।इसमेंआज का थीम नशीले पदार्थों का सेवन एवं इसके हानिकारक परिणाम पर जानकारियां साझा की गई।छात्रा भारती,दिया वर्मा ,हिना, लिली ,तान्या, हिमेश महिलांग ,शुभम कोसले, चेतना ,राशि, साजिका, शिवम, गजेंद् ,निखिल दास ,निखिल यादव आदि विद्यार्थियों के साथ प्रधान पाठक एस के देवांगन ने कहा नशा किसी भी इंसान को पहले जैसे( नॉर्मल) रूप में नहीं रहने देता।इसलिए अक्सर वहीं लोग नशा करते हैं जिन्हें अपना पहले जैसा नॉर्मल रूप पसंद नहीं। मैं यहां सिर्फ मादक पदार्थों का नशा करने के कारण बता रहा हूं।किसी इंसान का नशा करने के कई कारण हैं।कोई ऐसा इंसान जो अंतर्मुखी हो,शर्मिला हो,अलग थलग,चुपचाप सा रहता हो,जिसमें आत्महीनता बहुत हो,उदास हो वो नशे का सहारा ले सकता है।

# शासकीय प्राथमिक शाला पचरी में मनाया गया एड्स दिवस



**खरोरा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया,संकुल केंद्र पचरी, विकासखंड तिल्दा नेवरा में करितास इंडिया खुशहाल बचपन परियोजना और शासकीय प्राथमिक स्कूल पचरी के सहयोग से एड्स दिवस के अवसर पर स्कूल बच्चों के लिये मेहदी प्रतियोगिता आयोजित किया गया! जिसमे सभी ने मेहदी कला के माध्यम से लोगों तक एड्स जागरूकता के लिये संदेश दिया! संकुल समन्वयक कांत कुमार कनौजे ने बताया की एचआईवी/एड्स क्या होता है लोगों मे इसके प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है,करितास इंडिया खुशहाल बचपन परियोजना से जिला कार्यक्रम सहयोगी देवेंद्र कुमार कर्ष मे बताया की किसी भी सामान्य व्यक्ति को एचआईवी/एड्स होने के मुख्य कारण असुरक्षित यौन सम्बन्ध, असुरक्षित ब्लड डोनेट और असुरक्षित सिरिंज का उपयोग है, और आगे बताए गया की एड्स पीड़ित गर्भवती मां से बच्चे में होने वाले संक्रमण को बचाया जा सकता है! यदि समय रहते हुए उनका इलाज कर लिया जाएं इसलिए समुदाय मे एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता अवश्यक है! स्कूल शिक्षक/शिक्षिका स्विटी देवागन, हरीश प्रसाद साहू, सोभा नारंग, सविता कोसले तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के शिक्षक धीरेंद्र वर्मा और करितास इंडिया खुशहाल बचपन परियोजना से अकादमिक सलाहकार ऋतु साहू उपस्थित रहे. सभी ने अपने अपने अनुभव शेयर किया और बताया की एचआईवी/एड्स होने के सामान्य लक्षण क्या होता है! इनके रोकथाम क्या होना चाहिए!

# एबीसी पब्लिक स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव व आनंद मेला




**खरोरा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। सारागांव स्थित एबीसी पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक क्रीडा उत्सव 2023 का आयोजन किया गया था । यह प्रतियोगिता 3 दिन चली । आज 02.दिसंबर को आनंद मेला का आयोजन किया गया था जिसमे आए पालकों ने भारत देश के विभिन्न राज्यों के व्यंजन का लुफ्त उठाया। आज के कार्यक्रम में शामिल हुए विशेष अतिथियों ने स्कूल के विद्यार्थियों के मेहनत की प्रसंशा किए। ज्ञात हो कि आनंद मेला के उपरांत विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया।

# कनकी में एड्स दिवस मनाया गया

**खरोरा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी विकास खंड तिल्दा जिला रायपुर में 1 दिसंबर 2023 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया उपरोक्त कार्यक्रम का ध्येय वाक्य रहा च्च *समुदाय को नेतृत्व करने दोज्* जिसमें लगभग 450 छात्र छात्राएं सम्मिलित रहे इस कार्यक्रम में च्जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य, इको एवं युवा क्लब के सदस्य, एनसीसी कैडेट्स और स्काउट गाइड के कैडेट्स भी शामिल रहे उपरोक्त कार्यक्रम का संकलन विद्यालय की व्याख्याता श्री अशोक कुमार कोशले द्वारा किया गया । उपरोक्त कार्यक्रम में जिला एड्स नियंत्रण का समिति द्वारा प्राप्त चार्ट एवं डिजिटल सामग्री के माध्यम से छात्र-छात्राओं को एड्स क्या है?, एड्स कैसे फैलती है?, इसके रोकथाम के क्या उपाय हैं?, तथा किन माध्यमों से यह नहीं फैलते हैं इनके बारे में विस्तृत ढंग से छात्र-छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से चित्र एवं पिक्चर दिखलाकर समझाया गया, उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य सूची सीमा मेश्राम मैडम के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार से श्रीमती एस गुप्ता, श्री अगनु दास टंडन,श्री रामजी निषाद, श्री एल एल पटेल, श्रीमती सरला दीवान, श्रीमती वीणा ठाकुर, श्रीमती सविता उष्या, श्रीमती श्वेता त्रिपाठी, श्रीमती अंजुम मरकाम श्री पुष्कर प्रसाद साहू, श्रीमती विजयलक्ष्मी वर्मा श्री जितेंद्र कुमार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे, आज के समय पर लोगों में जो भ्रम होती है उन्हें दूर करने के लिए एड्स जैसी संक्रामक रोग के रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एड्स के संबंध में समुदाय में जागरूकता हेतु उपरोक्त विषय को संदर्भित करते हुए यह कार्यक्रम का संचालन किया गया *जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर, निबंध और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।* यह कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी परिसर में आयोजित किया गया है।



# बिंद्रानवागढ़ में 15 साल बाद जीती कांग्रेस, जनक हुए भावुक



**गरियाबंद,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले के बिंद्रानवागढ़ विधानसभा में कांग्रेस ने 15 बाद वापसी की। कड़ी मेहनत से भाजपा के गढ़ को फतह करने फतह करने के बाद कांग्रेस प्रयाशी जनक राम ध्रुव भावुक दिखे। दूसरी ओर 15 साल के बाद जीत को लेकर कांग्रेसियों में काफी उत्साह देखने को मिला। अपने जीत के बाद नवनिर्चावित विधायक जनक राम ध्रुव ने कहा कि कार्यकर्ताओ की मेहनत के बदौलत जीत मिली है। कार्यकर्ताओ ने अथक परिश्रम किया परिश्रम किया जिसका नतीजा जीत के रूप में मिला हैं। कांग्रेस प्रत्याशी जनक राम ने कहा की 10 साल लगातार मेहनत की, लोगो के बीच गया, उनकी समस्याओं के समाधान किया हर संभव प्रयास किया। जनता ने आशीर्वाद दिया है। सेवा का अवसर दिया है। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रमुख विनोद तिवारी, नीरज ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भाव सिंह साहू, अमित मिरी, अमृत पटेल, केशू सिन्हा, सोनू दीक्षित सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता बधाई दी और मतगणना केंद्र के बाहर जमाकर आतिशबाजी भी की।

### जुनियर बालक हैंडबाल टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा कल

**भिलाईनगर,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजस्थान हैंडबाल संघ द्वारा 46वी जुनियर बालक 19 वर्ष से कम राष्ट्रीय हैंडबाल चैम्पियनशिप का आयोजन शेर महावीर कारौली राजस्थान में 9 से 13 जनवरी तक हैंडबाल एसोसियेशन इंडिया के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। उक्त जुनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबाल चैम्पियनषिप में छत्तीसगढ़ राज्य जुनियर बालक वर्ग की 20 सदस्यीय 18 खिलाड़ी, 1 प्रशिक्षक एवं 1 प्रबंधक टीम भाग लेगी। उपरोक्त संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य के जुनियर बालक हैंडबाल टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन 5 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे से हैंडबाल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-4, में आयोजित किया जा रहा है। उक्त चयन स्पर्धा में भाग लेने हेतु बालक खिलाड़ियों की आयु 1 जनवरी 2004 या उसके बाद की होनी चाहिये।

# कोन्टा विधानसभा से लगातार छटवीं बार कवासी लखमा ने मारी बाजी

## तीन प्रत्याशियों में कांटे की टक्कर के मध्य 18 राउंड के मतगणना उपरांत आया परिणाम



**सुकमा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव में भाजपा की जीत के बीच छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के तहत विधानसभा क्षेत्र 90- कोंटा से कवासी लखमा लगातार छटवीं बार अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब रहे। एक ओर जहां कांग्रेस सरकार के तकरीबन 9 मंत्री अपनी कुर्सी बचाने में सक्षम नही रहे वहीं कवासी लखमा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी सोयम मुका को 1981 मतों से हराकर अपनी कुर्सी बचाने में सक्षम रहे, जिसको लेकर उनके कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और सुकमा नगर में विजयी जुलूस निकाला गया। बता दें कि रविवार को हुए मतगणना में विधानसभा क्षेत्र 90- कोंटा से इंडियन नेशनल कांग्रेस के कवासी लखमा को 32776 मत प्राप्त हुए। वहीं क्रमशः भारतीय जनता पार्टी से सोयम मुक्का को 30795, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से मनीष कुंजाम को 29040, बहुजन समाज पार्टी से मडकमी मासा को 1078,जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से देवेंद्र तेलाम को 1392, सर्व आदि दल से चनाराम मरकाम को 2881, आजाद जनता पार्टी से जगदीश नाग को 1812 एवम निर्दलीय बीड़ा सोड़ी को 1455 मत प्राप्त हुए। इस तरह इंडियन नेशनल कांग्रेस के कवासी लखमा 1981 मतों से विजयी हुए।

**पिछले विधानसभा की तुलना में भाजपा को अधिक मतों की मिली बढ़त**

बता दें कि 2018 की तुलना में कांग्रेस को इस चुनाव में महज 801 मतों की बढ़त मिली है। जबकि भाजपा और सीपीआई के वोट बैंक में इजाफा हुआ है। भाजपा को 2018 विधानसभा की तुलना में 5571 और सीपीआई को 2018 विधानसभा की तुलना में 4491 मतों की बढ़त मिली है। वहीं 5 साल कैबिनेट मंत्री रहने के बाद कवासी लखमा को मामूली सी बढ़त सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी और जनता के प्रति नेताओं का व्यवहार वोटिंग प्रतिशत में गिरावट का बड़ा कारण बना।

# महिला के साथ अनाचार और हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार



## बारसूर और गीदम पुलिस को मिली सफलता

**दंतेवाड़ा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले के बारसूर थाना अंतर्गत जोड़ातरई में एक महिला की अनाचार के बाद हत्या के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी गौरव राय के निर्देशन, एडिशनल एसपीराम कुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी कमल जीत पाटले के पर्यवेक्षण में थाना बारसूर जिला दंतेवाड़ा के अपराध क्रमांक 22/2023 धारा-376, 302, 34 भादवि. के अज्ञात आरोपियो की पतासाजी कर गिरफ्तारी हेतु थाना बारसूर एवं थाना गीदम से टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुये पाये गये भौतिक साक्ष्य एवं साइबर डिटेल के आधार पर प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार किये गए। गिरफ्त में आए आरोपियों में शिवराम मुरिया नागफनी जंगलपारा और दयालू लेखामी नागफनी जंगलपारा शामिल हैं।। इन्होंने पूछताछ करने पर घटना की बात स्वीकार की। इन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक राजेश चण्ड थाना प्रभारी थाना बारसूर, निरीक्षक धनंजय सिन्हा थाना प्रभारी थाना गीदम, उप निरीक्षक सुभाष पवार साइबर सेल दंतेवाड़ा एवं थाना स्टॉफ बारसूर, गीदम, एवं साइबर सेल दंतेवाड़ा की सराहनीय भूमिका रही।

## निधन

### पवन साहू

**रायपुर,** 3 दिसंबर। कमल विहार डुंडा निवासी पवन साहू का 2 दिसम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 दिसम्बर को डुंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे कीर्तन साहू, चेतन साहू, खोमन साहू के पिता एवं हीरा साहू, नंदकुमार साहू, चंद्रकुमार साहू के भैया थे।



### संतोष चंद्राकर

**महासमुंद,** 3 दिसंबर । स्थानीय शंकर नगर वार्ड नंबर 1 निवासी संतोष चंद्राकर 65 वर्ष (गोंडपाली)वाले का निधन 2 दिसंबर को हो गया। वे प्राथमिक शाला गुरूडपारा पदस्थ शिक्षिका श्रीमती कुलेश्वरी चंद्राकर, अंजली चंद्राकर के पति व प्रकाश चंद्राकर (राजा) के पिता थे।

### संयंत्र कर्मी सड़क दुर्घटना में घायल

**भिलाईनगर,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मी राजेश कुमार राठौर आज सड़क दुर्घटना में घायल हो गये है। जिन्हें इलाज के लिये भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय भर्ती किया गया है। रिसाली स्थित आवास से वह ड्यूटी जा रहे थे, तभी बोरिया गेट के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गए। वहां से गुजर रहे सीटू के नेताओं ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर सेक्टर-9 हॉस्पिटल भेजा गया है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### शादी का झांसा देकर शारीरिक ...

रहा। उक्त रिपोर्ट पर अपराध धारा का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। विवेचना दौरान आरोपी अर्जुन साहू पिता छकलाल साहू उम्र 25 साल साकिन सेमरिया थाना कसडोल को 2 दिसम्बर के 12:10 बजे विधिवत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय के द्वारा न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। सम्पुर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी व थाना स्टाफका विशेष योगदान रहा।

### मानिकचौरी सोसाइटी में 591...

कि धान बिकते ही कर्ज राशि कट रही है इसलिए किसान नतीजे का इंतजार कर रहे है। वही कुछ किसान नेताओ ने कहा है कि जो पुराने दर पर धन राशि कट रही हैं उसकी खानापूर्ति नई सरकार करेगी या नही । वही कुछ किसानों ने कहा कि धान की खरीदी जनवरी के अंतिम तक चलेगा अगर खरीदी पूर्ण नही हुई तो फरवरी माह में धान की खरीदी करनी पड़ेगी। वही किसानों ने कहा कि इतनी कड़ी मेहनत से पैदावार ली गई है इसलिए सरकार को किसानों का धान खरीदना ही पड़ेगा।

# दंतेवाड़ा में भाजपा राज, कांग्रेस की करारी हार

- चैतराम अटामी की छविन्द्र पर रिकार्ड 16 हजार 342 मतों से जीत
- हर राउंड की गिनती में कांग्रेस को पछाड़ कर आगे बढ़ी भाजपा
- सातवें चक्र के बाद मिल गई थी निर्णायक बढ़त
- भाजपा में जश्न का माहौल, जमकर आतिशबाजी





**दंतेवाड़ा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा सीट पर भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भाजपा के उम्मीदवार चैतराम अटामी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के छविन्द्र कर्मा को 16 हजार 342 मतों से पराजित किया। 20 चक्रों में लगभग 10 घंटे चली मतगणना में हर चक्र में कांग्रेस को पराजय का मुंह देखना पड़ा। परिणाम आते ही भाजपाईयों में जश्न का माहौल था और जमकर आतिशबाजी हुई। भाजपाई दंतेवाड़ा के साथ ही प्रदेश में भी सत्ता वापसी पर जमकर खुश दिखे।

दंतेवाड़ा में जैसे की उम्मीद थी, भाजपा और कांग्रेस में ही सीधा मुकाबला रहा। आम आदमी और सीपीआई को ज्यादा मत नहीं मिले। चैतराम अटामी को कुल 56 हजार 920 और छविन्द्र कर्मा को 40 हजार 578 मत प्राप्त हुए। इस तरह से श्री अटामी ने 16 हजार 342 मतों से जीत दर्ज की। यह दंतेवाड़ा के इतिहास में किसी पार्टी के उम्मीदवार द्वारा अब तक की रिकार्ड जीत है। चैतराम अटामी की जीत पहले ही राउंड से तय हो गयी थी। पहले ही राउंड में श्री अटामी 946 मतों से आगे हो गए। इसके बाद दूसरे राउंड में 2 हजार 296, तीसरे में 1 हजार 925, चौथे में 3 हजार 376, पांचवे में 4 हजार 609, छठवें में 5 हजार 990, सातवें में 7 हजार 957, आठवें राउंड में 9 हजार 937, नौवें राउंड में 11 हजार 387, दसवें राउंड में 12 हजार 567, ग्यारहवें राउंउ में 13 हजार 652, बारहवें चक्र में 13 हजार 565, तेरहवें चक्र में 13 हजार 495, चौदहवें चक्र में 14 हजार 638, पंद्रहवें में 14 हजार 366, सोलहवें चक्र में 13 हजार 825, सत्रहवें चक्र में 15 हजार 256, अठारहवें चक्र में 15 हजार 957, उन्नीसवें चक्र में 16 हजार 202 और बीसवें तथा अंतिम चक्र में भाजपा की यह बढ़त 16 हजार 227 मतों की रही।

डाक मतपत्र के हिसाब से चैतराम को 290 और छविन्द्र को 175 मत मिले। छविन्द्र ने दो-तीन चक्र में ही मामूली बढ़त बनायी, लेकिन हर चक्र में भाजपा उसे पछाड़ते हुए आगे निकल गयी। इस जीत के बाद भाजपाईयों में जश्न का माहौल रहा। मतगणना स्थल के बाहर सड़क पर सैकड़ों की संख्या में भाजपाई शाम तक डटे रहे। हर चक्र के परिणाम और बढ़त की घोषणा होते ही पटाखे भी छूटते रहे। 20 चक्र की मतगणना खत्म होते ही पूरा माहौल जय श्रीराम के नारों से गूंजता रहा। भाजपा की ओर से उम्मीदवार चैतराम अटामी पूरी मतगणना तक डटे रहे, जबकि सीपीआई के भीमसेन मंडावी, बसपा के केशव नेताम व अन्य उम्मीदवार कुछ देर तक ही रहे। कांग्रेस की ओर से छविन्द्र कर्मा भी मतगणना स्थल पर पहुंचे, लेकिन पूरे समय तक उनके अभिकर्ता जिम्मेदारी संभालते रहे।

भाजपा की इस जीत पर वरिष्ठ नेता विजय तिवारी, पूर्व महामंत्री रामबाबू सिंह गौतम, नंदलाल मुड़ामी, रामू नेताम, दीपक बाजपेई, जय दयाल नागेश, पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अभिलाष तिवारी, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, कुणाल ठाकुर, राहुल आसरानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और जनता को धन्यवाद दिया कि उन्होंने भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया।

बसपा के केशव नेताम को 5 हजार 316, आम आदमी पार्टी के बल्लू भवानी को 7 हजार 96, सीपीआई के भीमसेन मंडावी को 9 हजार 107, जोगी कांग्रेस के बेला तेलाम को 2 हजार 109, निर्दलीय अमूलकर नाग को कुल 3 हजार 393 वोट मिले, जबकि नोटा को 8 हजार 438 वोट मिले। ये अंतिम आंकड़े हैं। मतगणना सुबह 8 बजे प्रारंभ हुई जो शाम 6 बजे तक जारी रही।

# खल्लारी से कांग्रेस के द्वारिकाधीश लगातार दूसरी बार विधायक बने

## कांग्रेस के लक्ष्मीनारायण इंदूरिया के बाद इस क्षेत्र से द्वारिकाधीश यादव लगातार दूसरी बार विधायक बने




- इस बार भी कांग्रेस एवं भाजपा प्रत्याशी के बीच मुख्य मुकाबला था
- इस क्षेत्र से कुल 15 प्रत्याशियों ने चुनाव मैदान में उतरकर अपनी किस्मत आजमाई थी

**बागबाहरा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। अभी हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में खल्लारी क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव ने भारी बहुमत से जीत कर दिखा दिया है। इस क्षेत्र से लगातार दूसरी बार विधायक बनने का मौका कांग्रेस के प्रत्याशी रहे मौजूदा विधायक द्वारिकाधीश यादव को दूसरी बार मिला है। श्री यादव के चुनाव परिणाम घोषित होते ही बागबाहरा नगर समेत खल्लारी भीमखोज, कोमाखान, नर्रा खट्टी, पटपरपाली टेमरी, गांजर, मुनगासेर, रेवा मोंगरापाली, तेंदूकोना, भुरकोनी, बुंदेली, लिलेसर, परसदा क्षेत्र के गांवों में कांग्रेसजनों एवं आम मतदाताओं में हर्ष व्याप्त है। इस क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने श्री यादव के जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आतिशबाजी कर जमकर जश्न मनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव का परिणाम जानने आज रविवार 3 दिसंबर को आम मतदाता सुबह से लेकर देर शाम तक टीवी चैनलों में डटे रहे। इस दौरान प्रदेश के अपने-अपने क्षेत्र के नतीजों को जानने लोगों की निगाह टीवी एवं मोबाइल के माध्यम से बनी हुई थी। छत्तीसगढ़ में हुए चुनाव का परिणाम स्पष्ट हो गया है। इस बार छत्तीसगढ़ के मतदाताओं नेमुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार को नकारते हुए भारतीय जनता पार्टी के घोषणा-पत्र पर भरोसा जताते हुए कमल छाप को वोट देकर प्रचंड बहुमत से जिताया है। इस बार भाजपा के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। जो छत्तीसगढ़ के पिछले सत्तासीन कांग्रेस सरकार को हराकर भाजपा की सरकार बनने जा रही है। कार्यकर्ता गण एवं आम पब्लिक टीवी मोबाइल पर यह जानने के लिए उत्सुक रही कि कौन सा प्रत्याशी किस राउंड में किस पोलिंग बूथ में आगे चल रहा है। जो मतदाता जिस प्रत्याशी का समर्थन कर रहा था, उत्सुकता से नजर गड़ाए बैठा था। सबसे रोचक सीट खल्लारी विधानसभा जहां भाजपा महिला प्रत्याशी श्रीमती अलका चंद्राकर एवं वर्तमान कांग्रेस विधायक द्वारिकाधीश यादव के बीच सीधा कड़ा मुकाबला था। इस क्षेत्र में लगभग 15 उम्मीदवारों ने चुनाव मैदान में उतरकर अपनी किस्मत आजमाई थी। लेकिन इस क्षेत्र के प्रसिद्ध प्राचीन देवी खल्लारी देवी मां एवं चंडी देवी मां की कृपा से यहाँ के कांग्रेस प्रत्याशी को विजय होने का सेहरा द्वारिकाधीश यादव को इस क्षेत्र से लगातार दोबारा विधायक बनने का सौभाग्य मिला है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रदेश में इस बार बदल के रहिबो, अब नहीं सहिबो के नारे के साथ आगे बढ़े थे। जो चुनाव में कांग्रेस से कड़ी टक्कर लेने के लिए चुनौती बहुत बड़ी थी। क्योंकि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार भूपेश बघेल मुख्यमंत्री जिनके नारा था, अबकी बार 75 के पार। पर प्रदेश की जनता एवं आम मतदाताओं ने जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जताया। शाम 6 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी 55 सीटों एवं कांग्रेस 34 सीटों पर बढ़त बनाए हुए थे। वहीं निर्दलीय 1 सीट पर आगे चल रहा था। प्रदेश के जनता ने भूपेश सरकार पर भरोसा जताया था। लेकिन मतगणना के बाद सत्तासीन कांग्रेस सरकार को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के कारण उन्हें विपक्ष में बैठना पड़ रहा है। भूपेश सरकार ने प्रदेश में पांच साल में अपने वायदे से अधिक काम करके जनता को दिखा दिया था। तथा इस बार कर्ज माफी के अलावा कई अन्य जनहित से जुड़े मुद्दे को लेकर घोषणा पत्र में शामिल कर जारी किया गया था। जो कोई काम नहीं आया। इस बार के विधानसभा चुनाव का परिणाम लोगों के समझ में नहीं आ रहा है। यह सब वर्तमान में बदलते हुए समय चक्र का खेल है। समय चक्र ने अपने खेल में फंसे हुए खिलाड़ी को फंसाकर राजा-महाराजा से रंक एवं फकीर से राजा-महाराजा बनने का मौका दिला सकते हैं। यह तो सब समय का ही बलवान है। जैसे खल्लारी क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव को दूसरी बार निरंतर विधायक बनने का मौका मिला है। श्री यादव के जीत का खबर मिलते ही इस क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

# राजिम भाजपा में खुशी की लहर जगह-जगह रोहित का स्वागत



**गरियाबंद,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले के राजिम विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। जीत के बाद भाजपा में जबर्दस्त खुशी की लहर है। मतगणना के दौरान रोहित के बढ़त लेते ही भाजपाइयों ने मतगणना स्थल के बाहर जश्न मनाना शुरू कर दिया था। जीत के बाद भाजपाइयों ने रोहित साहू का जोशीला स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला अध्यक्ष राजेश साहू, महामंत्री अनिल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, अजय रोहरा, सागर मयाणी, राजू सोनकर, कमल सिन्हा, जिप सदस्य चंद्रशेखर साहू, मनीष हरित, राजू साहू, प्रतीक तिवारी, वीरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर अपने जीत को लेकर भाजपा विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया है। स्थानीय को चुना है। उन्होंने कहा कि राजिम सहित समूचे प्रदेश की जनता कांग्रेस के वादाखिलाफी और झुमलेबाजी से त्रस्त थी। विकास के पहिए थमे थे, जनता विकास चाहती है और विकास के लिए भाजपा को अवसर दिया है। रोहित ने कहा कि राजिम विधानसभा में उन्होंने हो संकल्प लिया है, उसे वे पहले पूरा करेंगे। इस अवसर पर आसिफ मेमन, सुरेंद्र सोनटेके, परस देवांगन, वंश सिन्हा, महेश यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# यह मेरी जीत नहीं, आम जनता की जीत है : संदीप साहू



**लवन,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। मतदाताओं द्वारा सुबह से ही मतगणना केंद्र के पास बैठे रहे जैसे ही शाम को कसडोल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू के 34586 वोट से जीत की जानकारी मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई लोग जगह-जगह पटाखे फोड़ मिठाइयां बांटते दिखे वही कार्यकर्ताओं द्वारा सुबह से ही अपने टीवी स्क्रीन के सामने डटे रहे बहुत से कार्यकर्ताओं ने मतगणना केंद्र के पास जाकर चुनाव परिणाम का इंतजार करते रहे मतदाताओं द्वारा चुनाव संपन्न होने के 16 दिन लंबे इंतजार के बाद आखिरकार 3 दिसंबर को लोगों को परिणाम की जानकारी प्राप्त हुई वही नवनिर्वाचित कसडोल विधायक संदीप साहू ने कहा कि यह मेरी जीत नहीं आम जनता की जीत है कसडोल विधानसभा क्षेत्र वासियों की जीत है जो मुझ जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता पर विस्वास कर विधायक के रूप में अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया इसके लिए मैं कसडोल विधानसभा क्षेत्र वासियों के लोगो प्रति सदैव ॠणी रहूंगा सभी के सुख-दुख में हमेशा आगे रहकर क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करूंगा।

# रंगोली बनाओ स्पर्धा में डाली अव्वल

**विश्व एड्स दिवस पर देव संस्कृति स्कूल में विविध आयोजन**

**महासमुंद,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने मां सरस्वती की छायाचित्रों पर पुष्पमाला गुलाल एवं द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। इसे 1988 के बाद 1 दिसंबर को हर साल मनाया जाता है इस दिन को खास दिवस के रूप में मनाने के पीछे सबसे बड़ा लक्ष्य है. एचआईवी संक्रमण के प्रसार के कारण होने वाली एड्स महामारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और बीमारी से मरने वालों की प्रति शोक व्यक्त करने के लिए समर्पित है। कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा 12वीं के बच्चों ने रंगोली के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया। इसमें प्रथम स्थान कु डाली साहू, द्वितीय स्थान कु हेमलता साहू तथा तृतीय स्थान कु काजल साहू को मिला। इन सभी बच्चों को संस्था की प्राचार्य की कर कमलो से पुरस्कृत किया गया। संस्था प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने अपनी उद्बोधन में कहां इसे 1988 के बाद 1 दिसंबर को हर साल मनाया जाता है। इस दिन को खास दिवस के रूप में मनाने के पीछे सबसे बड़ा लक्ष्य है. एचआईवी संक्रमण के प्रसार के कारण होने वाली एड्स महामारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और बीमारी से मरने वालों की प्रति शोक व्यक्त करने के लिए समर्पित है। एचआईवी एक वायरस है जो इम्यून सिस्टम को संक्रमित कर देते हैं जिसकी वजह से शरीर दूसरे इन्फेक्शन और अन्य बीमारियों से लड़ने में बेअसर हो जाता है। साथ ही एचआईवी एड्स के बारे में छात्र.छात्राओं को जागरुक करते हुए होने वाले कारण एवं इसकी बचाव के बारे में भी बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के समस्त स्टाफ सुश्री शशि प्रभा थिटे, नंद कुमार साहू, लोकेश कुमार चंद्राकर, अजय कुमार ताण्डी, कृष्ण कुमार साहू ,दिनेश प्रताप ठाकुर, जितेंद्र चक्रधारी, ॠषभ साहू, चौलेंद्र कुमार भोई, योगेंद्र देवांगन, दूषण लाल साहू, अनीता पिल्लई , चित्रलेखा साहू, जयश्री श्रीवास्तव, किरण विश्वकर्मा, बसंती यादव, संजू पारेश्वर, योगिता कन्नौजे, लक्ष्मी कामेश्वरी बाग, सुनीता साहू,योगिता महाकुर ,विद्या सिंहा , डिगेश्वरी चक्रधारी ,मीनाक्षी पांडे, गौरी साहू, गायत्री साहू, लक्ष्मी साहू , कु भारती साहू, जनक लाल साहू आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी संस्था के वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी हैं।

# महासमुंद जिले के चारों विधान सभा के निकले परिणाम में 2 कांग्रेस 2 भाजपा ने जीते



**समर्थकों ने जीत के जश्न में आतिशबाजी कर मिठाई खिलाई**

**पिथौरा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के 90 विधान सभा सीटों के दो चारणों में हुये चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद प्रदेश में 55 भाजपा 35 कांग्रेस ने सीट हासिल की भाजपा पूर्ण बहुत हासिल कर सरकार बनायेगी ।

महासमुंद जिले के चार विधानसभा सीटों में महासमुंद से योगेश्वर राजू सिन्हा भाजपा ने कांग्रेस के रश्मि चंद्राकर को हराकर जीत हासिल की ।बसना से भाजपा के संपत अग्रवाल ने कांग्रेस के राजा देवेंद्र बहादुर को हराकर जीत हासिल की , खल्लारी से द्वारिकाधीश यादव कांग्रेस ने भाजपा के अल्का चंद्राकर को हराकर जीत हासिल की है । सरायपाली से चातुरी नंद कांग्रेस ने भाजपा के सरला कोसरिया को हराकर जीत हासिल की ।

रविवार को प्रदेश के 90 विधान सीटों के चुनाव परिणामों की घोषणा में भाजपा ने कांग्रेस की छुट्टी कर दी ।घोषित चुनाव परिणाम में 55 सीटों में भाजपा और 35 सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है । परिणामों में भाजपा की पूर्ण बहुमत से जीत मिलने पर खुशी की लहर है वही कांग्रेस में सरकार के चले जाने से मायूसी छाई है । जो कांग्रेस के विधायक जीते है वे जीत का जश्न भी नही मना पा रहे हैं क्यों की कांग्रेस पार्टी में सरकार चले जाने का गम है । आज प्रात: से लोग अपने प्रदेश के चुनाव परिणामों को देखने अपने अपने घरों में टीवी से चिपके रहे । पार्टी समर्थक भी अपने अपने पार्टी के जीत का जश्न मनाने परिणामों पर नजर टिकाये हुये थे । परिणामों की घोषणा रुझान में प्रारम्भ से भाजपा के पक्ष में दिखने से भाजपा में खुशी की लहर व कांग्रेस के पीछे रहने की जानकारी मिलने से कांग्रेस में मायूसी देखी जा रही थी । संध्या के समय परिणाम साफ दिखने से भाजपाइयों में खुशी की लहर देखी गई ।भाजपाइयों ने चौक चौराहों में फटाखे फोड़कर मिठाई खिलाकर जीत की खुशी का इजहार किया ।

अब भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलने से भाजपा की सरकार बनना तय है पर मुख्य मंत्री कौन होगा इसकी चर्चा , चर्चा चौराहों पर है । संपत अग्रवाल की जीत पर आज देर शाम पिथौरा नगर में भव्य आतिशबाजी के साथ विजय जुलूस निकाला गया जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए चुनाव कार्यालय में समाप्त हुआ।

# विधानसभा प्रत्याशियों को मिले प्राप्त मतों के आंकड़े

**बलौदाबाजार,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार भाटापारा जिले के तीनों विधानसभा में भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों को प्राप्त मतो का विवरण समाचार भेजे जाने तक अंतिम आंकडे इस प्रकार है- बलौदाबाजार विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा को 108381 एवं कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी को 93635 मत प्राप्त हुआ। जबकि बसपा प्रत्याशी राजकुमार पात्रे को 9719 मत मिले। इसप्रकार भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा 14746 मतो से विजयी हुए। कसडोल विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू को 136362 एवं भाजपा प्रत्याशी धनीराम धीवर को 102597 मत प्राप्त हुआ। जबकि बसपा प्रत्याशी डा. डीडी बरतामसी को 6319 एवं निर्दलीय गोरेलाल साहू को 5395 मत प्राप्त हुआ। इस प्रकार कसडोल विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू 33765 मतो से जीत हासिल किया। इसीप्रकार भाटापारा विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी इन्द्र साव को 94066 एवं भाजपा प्रत्याशी शिवरतन शर्मा को 82750 मत प्राप्त हुआ। इस प्रकार भाटापारा से कांग्रेस प्रत्याशी इन्द्र साव 11316 मतो से विजयी हुए। जबकि बिलाईगढ विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी कविता प्राण लहरे को 81647 मत प्राप्त हुआ, भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल जांगडे को 63708 मत प्राप्त हुआ। जबकि बसपा प्रत्याशी श्याम टंडन ने 61920 मत प्राप्त किया। इस प्रकार कांग्रेस की कविता प्राण लहरे ने 17939 मतो से विजयी हुई।

# अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर



**महासमुंद,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। अन्तराट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर 3 दिसंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के तत्वधान में नयापारा दलदली रोड स्थित आषियाना वृद्धाश्रम महासमुंद में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें आषियाना वृद्धाश्रम के विषिष्टजन तथा घरौदा के दिव्यांगजन बच्चें विषेष रूप से उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल शराफ द्वारा नालसा एवं सालसा द्वारा चलाए जा रहे अभियानों पर चर्चा करते हुए विधिक जागरूकता विषय से अधारित जानकारी प्रदान की। इसके अलावा शासन द्वारा वृद्वजनों को दी जाने वाली योजलनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर आषियाना वृद्धाश्रम महासमुंद तथा घरौदा के अधीक्षक श्रीमती उषा साहू तथा उनके सहकर्मी स्टाफशामिल थे।

# मतगणना केंद्र के बाहर रहा मेले का माहौल

**रूझान के लिए मिडिया कर्मियों के फोन बजते रहे**



**महासमुंद,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। पिटियाझर स्थिति कृषि उपज मंडी परिसर को मतगणना केंद्र बनाया गया था। पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच परिसर क्षेत्र की ओर जाने वाली मार्ग को अवरूद्ध कर दिया गया था और केवल पास धारियों को ही प्रवेश की अनुमति थी। ठीक बाहर नतीजों का रूझान जानने परिसर के बाहर लोग सुबह से ही एकत्र होना शुरू हो गए थे। इससे मेले का माहौल हो गया था और चॉट, पकोड़े, चाय और पान दुकान वालों ने अस्थाई दुकान लगाकर दिन भर समान बेचते रहे। प्रत्येक राउंड का एनाउंस बाहर भी सुनाई दे रहा था इसलिए दिन भर लोग मतगणना केंद्र के बाहर रूझान की जानकारी लेने डटे रहे। भीतर के रूझानों को टटोलने में मिडिया कर्मियों का सहारा नगरवासी लेते रहे। मतगणना केंद्र में केवल मिडिया कर्मियों को ही मिडिया सेंटर तक मोबाईल एलाउ था इसके कारण लगातार मिडिया कर्मियों के फोन घनघनाते रहे। लोगों की सर्वाधिक रूचि महासमुंद विधानसभा को लेकर थी। आम तौर पर 8-9 राउंड तक कांग्रेस प्रत्याशी की बढ़त पे लोग ज्यादा रूचि ले रहे थे। आमतौर पर यह माना जाता है रूरलबेल्ट सिरपुर से लेकर तुमगांव तक कांग्रेस प्रत्याशी ने यदि खासा बढ़त नही बनाई तो परिणाम उसके विपरित रहते है इसलिए प्रत्येक राउंड में बढ़त की स्थिति की जानकारी मिडिया कर्मियों से लोग लेते रहे।

# शासकीय महाविद्यालय खरोरा में विश्व एड्स दिवस मनाया गया




**खरोरा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय, खरोरा में रेड रिबन क्लब और राष्टीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणापाणि की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि डॉक्टर देवधर मैडम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खरोरा के करकमलों से पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स एक गंभीर बीमारी है; जो एचआईवी वायरस के संक्रमण से होता है। सभी व्यक्ति सर्दी, खांसी, बुखार आदि छोटी-मोटी बीमारियों से पीड़ित होते हैं; जो हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता के कारण स्वत: ठीक हो जाते हैं। किंतु रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने पर हम छोटी-मोटी बीमारियों से भी लड़ने में समर्थ नहीं हो पाते। एचआईवी वायरस हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को धीरे-धीरे कम करता है। एड्स का संक्रमण मुख्यत: तीन कारणों से होता है- पहला मेन टू मेन, दूसरा ब्लड ट्रांसमिशन, तीसरा संक्रमित सुई के इस्तेमाल से। युवा पीढ़ी के व्यवहार में आए बदलाव भी एक बड़ा कारण है। युवा पीढ़ी को पुरानी आहारचर्या को अपनाना चाहिए। गर्भनिरोधक दवाओं के इस्तेमाल से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बीमारियों पर इंजेक्शन नहीं लगाना चाहिए। थूक, पसीने, भोजन से यह नहीं फैलता है। टोल फ्री नम्बर 1097 पर कॉल कर जानकारी ले सकते हैं। लोगों को जागरूक कर सकते हैं। एड्स दिवस पर जागरूकता हेतु महाविद्यालय में मानव श्रृंखला निर्माण, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम मोनिका देवांगन बी कॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय टोकेश कुमार, बी ए प्रथम वर्ष एवं रंगोली प्रतियोगिता में मोनिका देवांगन एवं रुपाली मण्डावी, बी कॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान माधुरी एवं हिना बी एस सी प्रथम वर्ष को पुरस्कृत किया गया।

# शिव महापुराण का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ



**खरोरा,** 3 दिसंबर (देशबन्धु)। खरोरा परीक्षेत्र के ग्राम केशला में शिव महापुराण का भव्य आयोजन कलश यात्रा द्वारा प्रारंभ हुआ समस्त शिव-परिवार व ग्राम वासियों द्वारा इस यज्ञ का आयोजन किया गया है जो 25 नवंबर से 31 दिसंबर तक होगी जिसमें प्रात: पार्थिव पूजन व अभिषेक किया गया। भक्तगण द्वारा 108 कलश के साथ संगीत मय जल यात्रा किया गया। सैकड़ों की संख्या में भक्तों वृंद उपस्थित रहे इस पावन महायज्ञ में 1 जोड़ा यजमान बने हुए हैं । कथावाचक आदरणीय पंडित चंदन प्रसाद शर्मा पथरी वाले द्वारा आठवें दिवस की कथा में शिव महापुराण का महात्म्य सभी को श्रवण कराएं। भगवान शिव आज के देव नहीं जब से सृष्टि का निर्माण हुआ और चारों युग के प्रधान देव भगवान शंकर जी रहे हैं आदिकाल में सभी संत गण व देव गण भी भगवान शंकर की साधना कर अपने मनोकामना को पूर्ण किए हैं शिव चारों युग के प्रधान देव हैं यह मृत्यु लोक भी इन्ही की कृपा से संचालित है उनके बिना एक पत्ता भी नहीं हिल सकता व्यास जी द्वारा पशुपति व्रत का भी पूर्ण विधि-विधान से हमें अवगत कराया इस महायज्ञ में प्रसाद व्यवस्था की गई थी।